स्वतंत्र रूपसे वेदना ऐसा नामकरण ही नामवेदना है। किसी पदार्थमें 'वेदना' ऐसी स्थापना करना स्थापनावेदना है। इसके सद्भावस्थापना और असद्भावस्थापना ऐसे दो भेद हैं। सद्भावस्थापना तदाकार पदार्थमें की जाती है और असद्भावस्थापना अतदाकार पदार्थमें की जाती है। जो पदार्थ वेदनासे लगभग मिलता-जुलता है उसमें 'वेदना' ऐसी स्थापना करना सद्भावस्थापनावेदना है, और जो पदार्थ वेदनासे मिलता-जुलता नहीं है उसमें 'वेदना' ऐसी स्थापना करना असद्भावस्थापनावेदना है। द्रव्यवेदनाका निर्देश सुगम है। फिर भी नोआगमद्रव्यवेदनाके तद्व्यतिरिक्तके भेदोंपर प्रकाश डालना आवश्यक है। इसके दो भेद हैं—कर्म और नोकर्म। बन्धसमयसे लेकर उदयके पूर्व तकके कर्मको कर्म-तद्व्यतिरिक्त-नोआगमद्रव्यवेदना इसलिये कहते हैं क्योंकि ये जीवोंके विविध अवस्थाओं व विविध प्रकारके परिणामोंके होनेमें तथा शरीर, वचन व मनके होनेमें भविष्यमें निमित्त कारण होंगे। इसलिये ये तद्व्यतिरिक्तके अवान्तर भेद रूपसे द्रव्यकर्म कहे जाते हैं। तथा नोकर्म इस दूसरे भेदसे इनके सहकारी कारण लिये जाते हैं। जो स्त्री, पुत्र, धनादि भविष्यमें कर्मके उदयमें सहायक होते हैं वे तद्व्यतिरिक्तके दूसरे भेद नोकर्म हैं। इनका स्पष्ट उल्लेख कर्मकाण्डमें किया है। भाववेदनामें दूसरे भेद नोआगमभाववेदनाका जो अजीवभाववेदना है उसके दो भेद हैं— औदयिक और पारिणामिक। सो इनमेंसे औदयिक भेद द्वारा पुद्गलविपाकी कर्मोंके उदयसे जो रूप-रसादि रूप परिणमन होता है वह लिया गया है और पारिणामिक भेद द्वारा शेष पुद्गलोंका रूप-रसादि रूप परिणमन लिया गया है, यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

इस प्रकार वेदनानिक्षेप अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

अब वेदन-नयविभाषणताका अधिकार है। कौन नय किन वेदनाओंको स्वीकार करता है ? ॥ १ ॥

'वेदन-नयविभाषणता' यह अधिकारका स्मरण करानेवाला वचन है। 'कौन नय स्वीकार करता है' यह पृच्छासूत्र नहीं है, किन्तु चालनासूत्र है। वह चालना जानकर करना चाहिये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णेगम-ववहार-संगहा सव्वाओ[1] ॥ २ ॥

इच्छंति त्ति पुव्वसुत्तादो अणुवट्टावेदव्वो, अण्णहा सुत्तट्ठाणुववत्तीदो । णामणिक्खेवो दव्वट्ठियणए कुदो संभवदि ? एक्कम्हि चेव दव्वम्हि वट्टमाणाणं णामाणं तब्भवसामण्णम्मि तीदाणागय-वट्टमाणपज्जाएसु संचरणं पडुच्च अत्तदव्ववववएसम्मि[3] अप्पहाणीकयपज्जायम्मि पउत्तिदंसणादो, जाइ-गुण-कम्मेसु वट्टमाणाणं सारिच्छसामण्णम्मि वत्तिविसेसाणुवुत्तीदो[4] लद्धदव्ववववएसम्मि अप्पहाणीकयवत्तिभावम्मि पउत्तिदंसणादो, सारिच्छसामण्णप्पयणामण विणा सद्दववहाराणुववत्तीदो च ।

कधं दव्वट्ठियणए ट्ठवणणामसंभवो ? पडिणिहिज्जमाणस्स पडिणिहिणा सह एयत्तज्झवसायादो सब्भावासब्भावट्ठवणभेएण सव्वत्थेसु अण्णयदंसणादो च । आगम-णोआगम-

---

नैगम, व्यवहार और संग्रह नय सब वेदनाओंको स्वीकार करते हैं ॥ २ ॥

स्वीकार करते हैं, इसकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति करानी चाहिये; क्योंकि, उक्त पदकी अनुवृत्ति किये विना सूत्रका अर्थ नहीं बन सकता है ।

शंका — नामनिक्षेप द्रव्यार्थिक नयमें कैसे सम्भव है ?

समाधान — चूंकि एक ही द्रव्यमें रहनेवाले नामों (संज्ञा शब्दों) की, जिसने अतीत, अनागत व वर्तमान पर्यायोंमें संचार करनेकी अपेक्षा 'द्रव्य' व्यपदेशको प्राप्त किया है और जो पर्यायकी प्रधानतासे रहित है ऐसे तद्भवसामान्यमें, प्रवृत्ति देखी जाती है; जाति, गुण व क्रियामें वर्तमान नामोंकी, जिसने व्यक्तिविशेषोंमें अनुवृत्ति होनेसे 'द्रव्य' व्यपदेशको प्राप्त किया है और जो व्यक्तिभावकी प्रधानतासे रहित है ऐसे सादृश्य-सामान्यमें, प्रवृत्ति देखी जाती है; तथा सादृश्य सामान्यात्मक नामके विना शब्दव्यवहार भी घटित नहीं होता है, अतः नामनिक्षेप द्रव्यार्थिक नयमें सम्भव है ।

शंका — द्रव्यार्थिक नयमें स्थापनानिक्षेप कैसे सम्भव है ?

समाधान — एक तो स्थापनामें प्रतिनिधीयमानकी प्रतिनिधिके साथ एकताका निश्चय होता है, और दूसरे सद्भावस्थापना व असद्भावस्थापनाके भेद रूपसे सब पदार्थोंमें अन्वय देखा जाता है; इसलिये द्रव्यार्थिक नयमें स्थापनानिक्षेप सम्भव है ।

---

१ णेगम-संगह-ववहारा सव्वे इच्छंति । जयध. (चू. सू.) १, पृ. २५९, २७७.

२ प्रतिषु ' चेव दव्वंतो वट्ट- ' इति पाठः । ३ प्रतिषु ' अत्थदव्व ' इति पाठः ।

४ काप्रतौ ' वत्तिविसेसाणुवलंभादो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दव्वाणं दव्वट्ठियणयविसयत्तं सुगमं। कधं भावो वट्टमाणकालपरिच्छिण्णो दव्वट्ठियणयविसयो ? ण, वट्टमाणकालेण वंजणपज्जायावट्ठाणमेत्तेणुवलक्खियदव्वस्स दव्वट्ठियणयविसयत्ताविरोहादो।

उजुसुदो[1] ट्ठवणं णेच्छदि[2] ॥ ३ ॥

कुदो ? पुरिससंकप्पवसेण अण्णत्थस्स अण्णत्थसरूवेण परिणामाणुवलंभादो। तब्भवसारिच्छसामण्णप्पयदव्वमिच्छंतो उजुसुदो कधं ण दव्वट्ठियो ? ण, घड-पड-त्थंभादिवंजणपज्जायपरिच्छिण्णसगपुव्वावरभावविरहियउजुवट्टविसयस्स दव्वट्ठियणयत्तविरोहादो।

सद्दणओ णामवेयणं भाववेयणं च[4] इच्छदि[5] ॥ ४ ॥

आगमद्रव्यनिक्षेप व नोआगमद्रव्यनिक्षेप ये द्रव्यार्थिकनयके विषय हैं, यह बात सुगम है।

शंका—वर्तमान कालसे परिच्छिन्न भावनिक्षेप द्रव्यार्थिकनयका विषय कैसे है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, व्यञ्जन पर्यायके अवस्थान मात्र वर्तमान कालसे उपलक्षित द्रव्य द्रव्यार्थिक नयका विषय है, ऐसा माननेमें कोई विरोध नहीं है।

ऋजुसूत्र नय स्थापनानिक्षेपको स्वीकार नहीं करता है ॥ ३ ॥

क्योंकि, पुरुषके संकल्प वश एक पदार्थका अन्य पदार्थ रूपसे परिणमन नहीं पाया जाता है।

शंका—तद्भवसामान्य व सादृश्यसामान्य रूप द्रव्यको स्वीकार करनेवाला ऋजुसूत्र नय द्रव्यार्थिक कैसे नहीं है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि ऋजुसूत्र नय घट, पट व स्तम्भादि स्वरूप व्यञ्जन पर्यायोंसे परिच्छिन्न ऐसे अपने पूर्वापर भावोंसे रहित वर्तमान मात्रको विषय करता है, अतः उसे द्रव्यार्थिक नय माननेमें विरोध आता है।

शब्दनय नामवेदना और भाववेदनाको स्वीकार करता है ॥ ४ ॥

---

१ प्रतिषु ' उजुसुदा ' इति पाठः। २ उजुसुदो ठवणवज्जे। जयध. (चू. सू.) १, पृ. २६२, २७७.
३ प्रतिषु ' -भावथिरहिय- ' इति पाठः। ४ प्रतिषु ' -वेयणं वेयणं च ' इति पाठः।
५ सद्दणयस्स णामं भावो च। जयध. (चू. सू.) १, पृ. २६४, २७९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किमिदि दव्वं णेच्छदि ? पज्जायंतरसंकंतिविरोहादो सद्दभेएण अत्थपढणवावदम्मि[1] वत्थुविसेसाणं णाम-भावं[2] मोत्तूण पहाणत्ताभावादो। एसा णयपरूवणा जदि वि जुगवं वोत्तुमसत्तीदो सुत्ते पच्छा परूविदा तो वि णिक्खेवट्ठपरूवणादो पुव्वं चेव परूविदव्वा, अण्णहा णिक्खेवट्ठपरूवणाणुववत्तीदो।

संपहि पयदवेयणापरूवणं कस्सामो — एदासु वेयणासु काए पयदं ? दव्वट्ठियणयं पडुच्च[3] णोआगमकम्मदव्ववेयणाए बंधोदय-संतसरूवाए पयदं। उजुसुदणयं पडुच्च उदयगदकम्मदव्ववेयणाए पयदं। सद्दणयं पडुच्च कम्मोदय-बंधजणिदभाववेयणाए ण पयदं, भावमहिकिच्च[4] एत्थ परूवणाभावादो। एवं वेयणणयविभासणदा त्ति समत्तमणियोगद्दारं।

शंका—शब्दनय द्रव्यनिक्षेपको स्वीकार क्यों नहीं करता ?

समाधान—एक तो शब्दनयकी अपेक्षा दूसरी पर्यायका संक्रमण माननेमें विरोध आता है। दूसरे, वह शब्दभेदसे अर्थके कथन करनेमें व्यापृत रहता है, अतः उसमें नाम और भावकी ही प्रधानता रहती है, पदार्थोंके भेदोंकी प्रधानता नहीं रहती; इसलिये शब्दनय द्रव्यनिक्षेपको स्वीकार नहीं करता।

एक साथ कहनेके लिये असमर्थ होनेसे यह नयप्ररूपणा यद्यपि सूत्रमें पीछे कही गई है तो भी निक्षेपार्थप्ररूपणासे पहले ही उसे कहना चाहिये, अन्यथा निक्षेपार्थकी प्ररूपणा नहीं बन सकती है।

अब प्रकृत वेदनाकी प्ररूपणा करते हैं—इन वेदनाओंमें कौनसी वेदना प्रकृत है ? द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा बन्ध, उदय और सत्त्व रूप नोआगमकर्मद्रव्यवेदना प्रकृत है। ऋजुसूत्रनयकी अपेक्षा उदयको प्राप्त कर्मद्रव्यवेदना प्रकृत है। शब्दनयकी अपेक्षा कर्मके उदय व बन्धसे उत्पन्न हुई भाववेदना यहां प्रकृत नहीं है, क्योंकि, यहां भावकी अपेक्षा प्ररूपणा नहीं की गई है।

इस प्रकार वेदन-नयविभाषणता नामक अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

---

१ प्रतिषु ' अत्थपदणवावदम्मि ' इति पाठः। २ प्रतिषु ' गुणभावं ' इति पाठः।

३ अतोऽग्रे अ-आप्रत्योः ' णोआगमदव्ववेयणासु काए पयदं दव्वट्ठियणयं पडुच्च ' इत्यधिक पाठः।

४ प्रतिषु ' वमहीकिच्च ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३

वेयणणामविहाणं

वेयणाणामविहाणे त्ति । णेगम-ववहाराणं णाणावरणीयवेयणा दंसणावरणीयवेणा वेयणीयवेयणा मोहणीयवेयणा आउववेयणा णाम-वेयणा गोदवेयणा अंतराइयवेयणा ॥ १ ॥

वेयणाणामविहाणं किमट्ठमागयं ? पयदवेयणाए विहाणपरूवणट्ठं तण्णामविहाण[1]-परूवणट्ठं च आगदं । तत्थ ताव णेगम-ववहाराण वेयणविहाणं उच्चदे । तं जहा— जा सा णोआगमदव्वकम्मवेयणा सा अट्ठविहा णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेयणीय-मोहणीय-आउअ-णाम-गोद-अंतराइयभेएण । कुदो ? अट्ठविहस्स दिस्समाणस्स अण्णाणादंसण-सुहदुक्खवेयण-मिच्छत्त-कसाय-भवधारण-सरीर-गोद-वीरियादिअंतराइयकज्जस्स अण्णहाणुववत्तीदो । ण च

अब वेदनानामविधानका अधिकार है । नैगम व व्यवहार नयकी अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना, दर्शनावरणीयवेदना, वेदनीयवेदना, मोहनीयवेदना, आयुवेदना, नामवेदना, गोत्रवेदना और अन्तरायवेदना, इस प्रकार वेदना आठ भेद रूप है ॥ १ ॥

शंका—इस सूत्रमें वेदनानामविधान, यह पद किसलिये आया है ?

समाधान—प्रकृत वेदनाके विधानका कथन करनेके लिये और उसके नामका निर्देश करनेके लिये 'वेदनानामविधान' पद आया है ।

उसमें पहले नैगम व व्यवहार नयकी अपेक्षा वेदनाका विधान करते हैं । वह इस प्रकार है— जो वह नोआगमद्रव्यकर्मवेदना कही है वह ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तरायके भेदसे आठ प्रकारकी है, क्योंकि, ऐसा नहीं माननेपर जो यह अज्ञान, अदर्शन, सुख-दुखवेदन, मिथ्यात्व व कषाय, भवधारण, शरीर व गोत्र रूप एवं वीर्यादिके अन्तराय रूप आठ प्रकारका कार्य दिखाई देता है वह नहीं बन सकता है । यदि कहा जाय कि यह जो आठ प्रकारका कार्य भेद दिखाई

---

१ प्रतिषु 'तण्णाममीहाण' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारणभेदेण विणा कज्जभेदो अत्थि, अण्णत्थ तहाणुवलंभादो। होदु कज्जभेदेण उदयगय-कम्मस्स अट्ठविहत्तं, तदो तस्सुप्पत्तीदो; ण बंध-संताणं, तक्कज्जाणुवलंभादो त्ति ? ण, उदयट्ठविहत्तेण उदयकारणसंतस्स संतकारणबंधस्स य अट्ठविहत्तसिद्धीदो। एवं वेयणाए विहाणं परूविदं।

संपहि तण्णामपरूवणं कस्सामो। तं जहा— णाणावरणीयवेयणा ज्ञानमावृणोतीति ज्ञानावरणीयं कर्मद्रव्यम्, ज्ञानावरणीयमेव वेदना ज्ञानावरणीयवेदना। एत्थ तप्पुरिससमासो ण कायव्वो, दव्वट्ठियणएसु भावस्स[1] पहाणत्ताभावादो। एदेसु णएसु पदाणं समासो वि जुज्जदे, विहत्तिलोवेण एगपदभावुवलंभादो एगत्थत्थित्तदंसणादो च[2]। वेयणासद्दो वि पादेक्कं पओत्तव्वो, अट्ठण्हं भिण्णवेयणाणं एक्कस्स वेयणासद्दस्स वाचयत्तविरोहादो।

देता है वह कारणभेदके बिना भी बन जायगा, सो ऐसा मानना भी ठीक नहीं है; क्योंकि, अन्यत्र ऐसा पाया नहीं जाता है। (अतः ज्ञानावरणीय आदि वेदना आठ प्रकारकी है, यही सिद्ध होता है।)

शंका—कार्यके भेदसे उदयगत कर्म आठ प्रकारका भले ही होओ, क्योंकि, उससे उसकी उत्पत्ति होती है। किन्तु बन्ध और सत्व आठ प्रकारके नहीं हो सकते, क्योंकि, उनका कार्य नहीं पाया जाता।

समाधान—नहीं, क्योंकि जब उदय आठ प्रकारका है तब उदयका कारण सत्व और सत्वका कारण बन्ध भी आठ प्रकारका सिद्ध होता है। इस प्रकार वेदनाके भेदोंकी प्ररूपणा की।

अब उसके नामोंकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— ज्ञानावरणीयवेदना, इसका निरुक्त्यर्थ है ज्ञानका जो आवरण करता है वह ज्ञानावरणीय कर्मद्रव्य है, और 'ज्ञानावरणीय रूप वेदना ही ज्ञानावरणीयवेदना' है। यहां तत्पुरुष समास नहीं करना चाहिये, क्योंकि, द्रव्यार्थिक नयोंमें भावकी प्रधानता नहीं पायी जाती। इन नयोंमें पदोंका समास भी योग्य है, क्योंकि, एक तो विभक्तिका लोप हो जानेसे एकपदत्व पाया जाता है और दूसरे उनका एकत्र अस्तित्व भी देखा जाता है। यहां वेदना शब्दका भी प्रत्येकके साथ प्रयोग करना चाहिये, क्योंकि, आठों वेदनायें भिन्न भिन्न हैं इसलिये उनका एक वेदना शब्द वाचक है, ऐसा माननेमें विरोध आता है।

---

१ आप्रतौ 'तप्पुरिससमासो कायव्वो ण दव्वट्ठियणए भावस्स' इति पाठः।

२ प्रतिषु 'एगत्थमत्थिदंसणादो चे' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संगहस्स अट्ठण्णं पि कम्माणं वेयणा ॥ २ ॥

एत्थ वेयणाए विहाणं पुव्वं व परूवेदव्वं, अविसेसादो। णामविहाणं उच्चदे। तं जहा— अट्ठण्णं पि कम्माणं वेयणा त्ति वत्तव्वं, अट्ठत्तम्मि णाणावरणादिसयलकम्मभेद-संभवादो एक्कादो वेयणासद्दादो सयलवेयणाविसेसाविणाभाविएगवेयणाजादीए उवलंभादो, अण्णहा संगहवयणाणुववत्तीदो।

उजुसुदस्स [णो] णाणावरणीयवेयणा णोदंसणावरणीयवेयणा णोमोहणीयवेयणा णोआउअवेयणा णोणामवेयणा णोगोदवेयणा णो-अंतराइयवेयणा वेयणीयं चेव वेयणा ॥ ३ ॥

उजुसुदस्स पज्जवट्ठियस्स कधं दव्वं विसओ ? ण, वंजणपज्जायमहिट्ठियस्स दव्वस्स

संग्रहनयकी अपेक्षा आठों ही कर्मोंकी एक वेदना होती है ॥ २ ॥

यहां वेदनाका विधान पूर्वके समान कहना चाहिये, क्योंकि, उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है। अब नामविधानका कथन करते हैं। वह इस प्रकार है। आठों ही कर्मोंकी वेदना, ऐसा कहना चाहिये; क्योंकि, आठ इस संख्यामें ज्ञानावरणादि कर्मोंके सब भेद सम्भव हैं। सूत्रमें जो एक 'वेदना' शब्द कहा है सो उससे वेदनाके सब भेदोंकी अविनाभाविनी एक वेदना जातिका ग्रहण होता है, क्योंकि, इनके विना संग्रह वचन नहीं होता।

विशेषार्थ—संग्रहनयका काम एक सामान्य धर्म द्वारा अवान्तर सब भेदोंका संग्रह करना है। प्रकृतमें नैगम और व्यवहार नयकी अपेक्षा वेदना आठ प्रकारकी बतलाई है, किन्तु संग्रहनय उन आठों ही कर्मोंकी एक वेदना जाति स्वीकार करता है; क्योंकि, संग्रह नयमें अभेदकी प्रधानता होती है। यही कारण है कि इस नयकी अपेक्षा आठों ही कर्मोंकी घटित एक वेदना कही है।

ऋजुसूत्रनयकी अपेक्षा [न] ज्ञानावरणीयवेदना है, न दर्शनावरणीय वेदना है, न मोहनीयवेदना है, न आयुवेदना है, न नामवेदना है, न गोत्रवेदना है और न अन्तराय-वेदना है, किन्तु एक वेदनीय ही वेदना है ॥ ३ ॥

शंका—ऋजुसूत्रनय चूंकि पर्यायार्थिक है अतः उसका द्रव्य विषय कैसे हो सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, व्यञ्जन पर्यायको प्राप्त द्रव्य उसका विषय है, ऐसा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तव्विसयत्ताविरोहादो । ण च उप्पाद-विणासलक्खणत्तं तव्विसयदव्वस्स विरुज्झदे, अप्पिद-पज्जायभावाभावलक्खण-उप्पाद-विणासवदिरित्तअवट्ठाणाणुवलंभादो । ण च पढमसमए उप्पण्णस्स बिदियादिसमएसु अवट्ठाणं, तत्थ पढम-बिदियादिसमयकप्पणाए कारणाभावादो । ण च उप्पादो चेव अवट्ठाणं, विरोहादो उप्पादलक्खणभाववदिरित्तअवट्ठाणलक्खणाणुवलंभादो च । तदो अवट्ठाणाभावादो उप्पाद-विणासलक्खणं दव्वमिदि सिद्धं ।

वेदणा णाम सुह-दुक्खाणि, लोगे तहा संववहारदंसणादो । ण च ताणि सुह-दुक्खाणि वेयणीयपोग्गलखंधं मोत्तूण अण्णकम्मदव्वेहिंतो उप्पज्जंति, फलाभावेण वेयणीयकम्माभाव-प्पसंगादो । तम्हा सव्वकम्माणं पडिसेहं काऊण पत्तोदयवेयणीयदव्वं चेव वेयणा त्ति उत्तं । अट्ठण्णं कम्माणमुदयगदपोग्गलक्खंधो वेदणा त्ति किमट्ठं एत्थ ण घेप्पदे ? ण, एदम्हि

माननेमें कोई विरोध नहीं आता । यदि कहा जाय कि ऋजुसूत्र नयके विषयभूत द्रव्यको उत्पाद विनाशलक्षण माननेमें विरोध आता है सो भी बात नहीं है, क्योंकि, विवक्षित पर्यायका सद्भाव ही उत्पाद है और विवक्षित पर्यायका अभाव ही व्यय है । इसके सिवा अवस्थान स्वतंत्र रूपसे नहीं पाया जाता । यदि कहा जाय कि प्रथम समयमें पर्याय उत्पन्न होती है और द्वितीयादि समयोंमें उसका अवस्थान होता है सो यह बात भी नहीं बनती, क्योंकि, उसमें प्रथम द्वितीयादि समयोंकी कल्पनाका कोई कारण नहीं है । यदि कहा जाय कि उत्पाद ही अवस्थान है सो भी बात नहीं है, क्योंकि, एक तो ऐसा माननेमें विरोध आता है, दूसरे उत्पाद स्वरूप भावको छोड़कर अवस्थानका और कोई लक्षण पाया नहीं जाता । इस कारण अवस्थानका अभाव होनेसे उत्पाद व विनाश स्वरूप द्रव्य है, यह सिद्ध हुआ ।

वेदनाका अर्थ सुख-दुख है, क्योंकि, लोकमें वैसा व्यवहार देखा जाता है । और वे सुख दुख वेदनीय रूप पुद्गलस्कन्धके सिवा अन्य कर्मद्रव्योंसे नहीं उत्पन्न होते हैं, क्योंकि, इस प्रकार फलका अभाव होनेसे वेदनीय कर्मके अभावका प्रसंग आता है । इस-लिये प्रकृतमें सब कर्मोंका प्रतिषेध करके उदयगत वेदनीय द्रव्यको ही 'वेदना' ऐसा कहा है ।

शंका—आठ कर्मोंका उदयगत पुद्गलस्कन्ध वेदना है, ऐसा यहां क्यों नहीं ग्रहण करते ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, वेदनाको स्वीकार करनेवाले ऋजुसूत्र नयके अभिप्रायमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहिप्पाए तदसंभवादो । ण च अण्णम्हि उजुसुदे अण्णस्स उजुसुदस्स संभवो,[1] भिण्णविसयाणं णयाणमेयविसयत्तविरोहादो ।

सद्दणयस्स वेयणा चेव वेयणा ॥ ४ ॥

वेयणीयदव्वकम्मोदयजणिदसुह-दुखाणि अट्ठकम्माणमुदयजणिदजीवपरिणामो वा वेदणा, ण दव्वं; सद्दणयविसए दव्वाभावादो । एवं वेयणणामविहाणमिदि समत्तमणियोगद्दारं ।

वैसा मानना सम्भव नहीं है। [अर्थात् जब कि वेदनाका अर्थ सुख-दुख है तो वह ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा उदयगत वेदनीयस्कन्ध ही हो सकता है, उदयगत अन्य कर्मस्कन्ध वेदना नहीं हो सकता।] और अन्य ऋजुसूत्रमें अन्य ऋजुसूत्र सम्भव नहीं है, क्योंकि, भिन्न भिन्न विषयोंवाले नयोंका एक विषय माननेमें विरोध आता है। [यही कारण है कि यहां ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा वेदना शब्द द्वारा आठ कर्मोंके उदयगत पुद्गलस्कन्ध नहीं ग्रहण किये गये हैं।]

विशेषार्थ—यहां ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा 'वेदना' का क्या अर्थ है, यह बतलाया गया है। सूत्रमें इस नयकी अपेक्षा केवल वेदनीय कर्मको ही वेदना कहा है जिससे ऋजुसूत्र नयका विषय विचारणीय हो गया है। ऋजुसूत्र पर्यायार्थिक नयका एक भेद है, अतः ऐसी शंका होना स्वाभाविक है कि ऋजुसूत्र नयका विषय द्रव्य कैसे हो सकता है। इस शंकाका जो समाधान किया गया है उसका भाव यह है कि एक तो व्यंजन पर्यायकी अपेक्षा ऋजुसूत्र नयका विषय द्रव्य बन जाता है। दूसरे, उत्पाद और व्ययसे द्रव्य सर्वथा स्वतंत्र पदार्थ नहीं है। इसलिये इस अपेक्षासे द्रव्यको ऋजुसूत्र नयका विषय माननेमें कोई बाधा नहीं आती। शेष कथन सुगम है।

शब्द नयकी अपेक्षा वेदना ही वेदना है ॥ ४ ॥

शब्द नयकी अपेक्षा वेदनीय द्रव्य कर्मके उदयसे उत्पन्न हुआ सुख-दुख अथवा आठ कर्मोंके उदयसे उत्पन्न हुआ जीवका परिणाम वेदना कहलाता है, द्रव्य नहीं; क्योंकि, शब्द नयका विषय द्रव्य नहीं है।

इस प्रकार वेदनानामविधान अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

---

१ आप्रतौ ' संभवो त्ति ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४

वेयणदव्वविहाणं

वेयणादव्वविहाणे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति— पदमीमांसा सामित्तमप्पाबहुए त्ति ॥ १ ॥

वेयणा च सा दव्वं तं वेयणादव्वं, तस्स विहाणं उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णादिपरूवणं; विधीयते अनेनेति व्युत्पत्तेः । तं वेयणदव्वविहाणं । तत्थ इमाणि पदमीमांसादितिण्णि अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । तत्थ पदं दुविहं— ववत्थापदं भेदपदमिदि । जस्स जम्हि अवट्ठाणं तस्स तं पदं, ट्ठाणमिदि वुत्तं होदि । जहा सिद्धिखेत्तं सिद्धाणं पदं । अत्थालावो[2] अत्थावगमस्स पदं । उत्तं च—

अत्थो पदेण गम्मइ पदमिह अट्ठरहियमणभिलप्पं ।
पदमत्थस्स णिमेणं अत्थालावो[2] पदं कुणई[3] ॥ १ ॥

अब वेदनाद्रव्यविधानका प्रकरण है । उसमें पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व, ये तीन अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं ॥ १ ॥

वेदना पदका द्रव्य पदके साथ कर्मधारय समास है—वेदना जो द्रव्य वह वेदना द्रव्य । इसके विधान अर्थात् भेद उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य आदि अनेक हैं जिनका इस अधिकारमें कथन किया गया है । विधान शब्दका व्युत्पत्यर्थ है ' विधीयते अनेन ' जिसके द्वारा विधान किया जाय । यह ' वेदनाद्रव्यविधान ' पदका अर्थ है । इसके ये पदमीमांसा आदि तीन अनुयोगद्वार जानने चाहिये ।

पद दो प्रकारका है— व्यवस्थापद और भेदपद । जिसका जिसमें अवस्थान है वह उसका पद अर्थात् स्थान कहलाता है, यह उक्त कथनका तात्पर्य है । जैसे सिद्धिक्षेत्र सिद्धोंका पद है । अर्थालाप अर्थपरिज्ञानका पद है । कहा भी है—

अर्थ पदसे जाना जाता है । यहां अर्थ रहित पद उच्चारणके अयोग्य है । पद अर्थका स्थान है । अतः अर्थोच्चारण पदको उत्पन्न करता है ॥ १ ॥

---

१ अप्रतौ ' णामेत्त ', आप्रतौ ' णमेत्त ', काप्रतौ ' नामेत्त ' इति पाठः ।

२ अप्रतौ ' अत्थालोवा ', आप्रतौ ' त्रुटितोऽत्र पाठः, स-काप्रत्योः ' अत्थालोवो ' इति पाठः ।

३ पदमत्थस्स निमेणं पदमिह अत्थरहियमणहिलप्पं । तम्हा आइरियाणं अत्थालावो पदं कुणई ॥ धवला. १, पु. ९१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भेदो विसेसो पुधत्तमिदि एयट्ठो । पद्यते गम्यते परिच्छिद्यते इति पदम्, भेदो चेव पदं भेदपदम् । एत्थ भेदपदेण उक्कस्सादिसरूवेण अहियारो । उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्ण-सादि-अणादि-धुव-अद्धुव-ओज-जुम्म-ओम-विसिट्ठ-णोमणोविसिट्ठपदभेदेण एत्थ तेरस पदाणि । एदेसिं पदाणं मीमांसा परिक्खा जत्थ कीरदि सा पदमीमांसा । उक्कस्सादिचदुण्णं पदाणं पाओग्गजीवपरूवणं जत्थ कीरदि तमणियोगद्दारं सामित्तं णाम । जत्थ एदेसिं चदुण्णं पदाणं थोवबहुत्तं वुच्चदि तमप्पाबहुगं णाम ।

एदं देसामासियसुत्तं, तेण संखा-गुणयार-ओज-ट्ठाण-जीवसमुदाहारा त्ति पंच अणियोगद्दाराणि अण्णाणि वत्तव्वाणि भवंति, अण्णहा संपुण्णपरूवणाभावादो । तेण पुव्विल्लेहि सह एत्थ अट्ठ अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । उत्तं च—

पदमीमांसा संखा गुणयारो चउत्थयं च सामित्तं ।
ओजो अप्पाबहुगं ठाणाणि य जीवसमुहारो ॥ २ ॥

इदि के वि आइरिया भणंति, तण्ण घडदे । कुदो ? ण ताव ओजअणियोगद्दारं

भेद, विशेष और पृथक्त्व, ये एकार्थक शब्द हैं । पद शब्दका निरुक्त्यर्थ है— 'पद्यते गम्यते परिच्छिद्यते' जो जाना जाय वह पद है, भेद रूप ही पद भेदपद कहलाता है । यहां उत्कृष्ट आदि रूप भेदपदका अधिकार है । उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य, अजघन्य, सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव, ओज, युग्म, ओम, विशिष्ट और नोओम-नोविशिष्ट पदके भेदसे यहां तेरह पद हैं । इन पदोंकी मीमांसा अर्थात् परीक्षा जिस अधिकारमें की जाती है वह पदमीमांसा अनुयोगद्वार है । उत्कृष्ट आदि चार पदोंके योग्य जीवोंकी प्ररूपणा जहां की जाती है उसका नाम स्वामित्व अनुयोगद्वार है । जहां इन चार पदोंका अल्पबहुत्व कहा जाता है वह अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है ।

यह देशामर्शक सूत्र है, इसलिये यहां संख्या, गुणकार, ओज, स्थान और जीवसमुदाहार, ये पांच अन्य अनुयोगद्वार और वक्तव्य हैं, क्योंकि, इनके बिना सम्पूर्ण प्ररूपणा नहीं हो सकती । इसलिये उन पूर्वोक्त तीन अनुयोगद्वारोंके साथ यहां आठ अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं । कहा भी है—

पदमीमांसा, संख्या, गुणकार, चौथा स्वामित्व, ओज, अल्पबहुत्व, स्थान और जीवसमुदाहार, ये आठ अनुयोगद्वार हैं ॥ २ ॥

ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं । परन्तु वह घटित नहीं होता । उसीको आगे स्पष्ट करते हैं— ओज अनुयोगद्वार तो पृथग्भूत है नहीं, क्योंकि, ओज और युग्म प्ररूपणाकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुधभूदमत्थि, ओज-जुम्मपरूवणाविणाभाविपदमीमांसाए तस्स पवेसादो[1]। ण संखाणिओगद्दारो वि अत्थि, उवसंहारपरूवणाविणाभाविसामित्तम्मि तस्स पवेसादो[1]। ण गुणगाराणिओगद्दारं पि अत्थि, तस्स गुणगाराविणाभाविअप्पाबहुगम्मि पवेसादो[1]। ण ट्ठाणाणियोगद्दारं पि अत्थि, तस्स ट्ठाणपरूवणाविणाभाविअजहण्ण-अणुक्कस्सदव्वसामित्तम्मि पवेसादो। ण जीवसमुदाहारो वि अत्थि, तस्स वि जीवाविणाभाविचउव्विहदव्वसामित्तम्मि पवेसादो। तम्हा पदमीमांसा-सामित्तमप्पाबहुअमिदि तिण्णि चेव अणियोगद्दाराणि भवंति।

पदमीमांसाए णाणावरणीयवेदणा दव्वदो किमुक्कस्सा किमणुक्कस्सा किं जहण्णा किमजहण्णा ? ॥ २ ॥

एदं पुच्छासुत्तं देसामासियं, तेण अण्णाओ णव पुच्छाओ कायव्वाओ; अण्णहा पुच्छा-सुत्तस्स असंपुण्णत्तप्पस्संगादो। ण च भूदबलिभडारओ महाकम्मपयडिपाहुडपारओ असंपुण्ण-सुत्तकारओ, कारणाभावादो। तम्हा णाणावरणीयवेयणा किमुक्कस्सा किमणुक्कस्सा किं

अविनाभाविनी पदमीमांसामें उसका अन्तर्भाव हो जाता है। संख्या अनुयोगद्वार भी पृथक् नहीं है, क्योंकि, उपसंहार प्ररूपणाके अविनाभावी स्वामित्वमें उसका अन्तर्भाव हो जाता है। गुणकार अनुयोगद्वार भी भिन्न नहीं है, क्योंकि, उसका गुणकारके अविनाभावी अल्पबहुत्वमें अन्तर्भाव हो जाता है। स्थान अनुयोगद्वार भी भिन्न नहीं है, क्योंकि, उसका स्थानप्ररूपणाके अविनाभावी अजघन्य-अनुत्कृष्ट-द्रव्यका कथन करनेवाले स्वामित्व-अनुयोगद्वारमें अन्तर्भाव हो जाता है। जीवसमुदाहार भी भिन्न नहीं है, क्योंकि, उसका भी जीवके अविनाभावी चार प्रकारके द्रव्यका कथन करनेवाले स्वामित्व अनुयोगद्वारमें अन्तर्भाव हो जाता है। इस कारण पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व, ये तीन ही अनुयोगद्वार हैं; यह सिद्ध होता है।

पदमीमांसाका प्रकरण है। ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्यसे क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है और क्या अजघन्य है ? ॥ २ ॥

यह पृच्छासूत्र देशामर्शक है, अतः यहां अन्य नौ प्रश्न और करने चाहिये; क्योंकि, इनके बिना पृच्छासूत्रकी अपूर्णताका प्रसंग आता है। यदि कहा जाय कि इस तरह तो महाकर्मप्रकृतिप्राभृतके पारगामी भूतबलि भट्टारक असम्पूर्ण सूत्रके कर्ता प्राप्त होते हैं सो बात नहीं है, क्योंकि, उसका कोई कारण नहीं है। इसलिये ज्ञानावरणीयवेदना क्या उत्कृष्ट है, क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है, क्या अजघन्य है, क्या सादि है, क्या अनादि

---

१ सप्रतौ ' पदेसादो ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णा किमजहण्णा किं सादिया किमणादिया किं धुवा किमद्धुवा किमोजा किं जुम्मा किमोमा किं विसिट्ठा किण्णोमणोविसिट्ठा त्ति तेरसपदविसयमेदं पुच्छासुत्तं दट्ठव्वं । णाणावरणीयवेयणाए विसेसाभावेण सामण्णरूवाए तेरस पुच्छाओ परूविदाओ । सामण्णं विसेसाविणाभावि त्ति कट्टु एदेणेव सुत्तेण सूचिदाओ तेरसपदपुच्छाओ वत्तइस्सामो । तं जहा—

उक्कस्सणाणावरणीयवेयणा किमणुक्कस्सा किं जहण्णा किमजहण्णा किं सादिया किमणादिया किं धुवा किमद्धुवा किमोजा किं जुम्मा किमोमा किं विसिट्ठा किण्णोमणोविसिट्ठा त्ति बारस पुच्छाओ उक्कस्सपदस्स हवंति । एवं सेसपदाणं पि बारस बारस पुच्छाओ पादेक्कं कायव्वाओ । एत्थ सव्वपुच्छासमासो एगूणसत्तरिसदमेत्तो ।१६९। तम्हा एत्थि देसामासियसुत्ते अण्णाणि तेरस सुत्ताणि पविट्ठाणि त्ति दट्ठव्वं ।

उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा जहण्णा वा अजहण्णा वा ॥३॥

एदं पि देसामासियसुत्तं, तेणेत्थ सेसणवपदाणि वत्तव्वाणि । देसामासियत्तादो चेव सेसतेरससुत्ताणमेत्थ अंतब्भावो वत्तव्वो । तत्थ ताव पढमसुत्तपरूवणा कीरदे । तं जहा— णाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, गुणिदकम्मंसियसत्तमपुढवीणेरइयम्मि भवट्ठिदिचरिम-

---

है, क्या ध्रुव है, क्या अध्रुव है, क्या ओज है, क्या युग्म है, क्या ओम है, क्या विशिष्ट है, और क्या नो-ओम-नोविशिष्ट है, इस प्रकार तेरह पदविषयक यह पृच्छासूत्र समझना चाहिये । इस प्रकार ज्ञानावरणीयवेदनाके विषयमें विशेषके विना सामान्य रूपसे प्ररूपणा करनेपर तेरह पृच्छायें कही गई हैं । किन्तु सामान्य विशेषका अविनाभावी होता है, ऐसा समझ करके इसी सूत्रसे सूचित होनेवाली अन्य तेरह पदपृच्छाओंको कहते हैं । वे इस प्रकार हैं—

उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना क्या अनुत्कृष्ट है, क्या जघन्य है, क्या अजघन्य है, क्या सादि है, क्या अनादि है, क्या ध्रुव है, क्या अध्रुव है, क्या ओज है, क्या युग्म है, क्या ओम है, क्या विशिष्ट है, और क्या नोओम-नोविशिष्ट है; इस प्रकार बारह पृच्छायें उत्कृष्ट पदविषयक होती हैं । इसी प्रकार शेष पदोंमेंसे भी प्रत्येक पदविषयक बारह बारह पृच्छायें करनी चाहिये । यहां सब पृच्छाओंका योग एक सौ उनत्तर होता है ।१६९। इसी कारण इस देशामर्शक सूत्रमें तेरह सूत्र और प्रविष्ट हैं, ऐसा यहां समझना चाहिये ।

उत्कृष्ट भी है, अनुत्कृष्ट भी है, जघन्य भी है और अजघन्य भी है ॥ ३ ॥

यह भी देशामर्शक सूत्र है, इसलिये यहां शेष नौ पद कहने चाहिये और देशामर्शक होनेसे ही शेष तेरह सूत्रोंका यहां अन्तर्भाव कहना चाहिये । उनमेंसे पहले प्रथम सूत्रकी प्ररूपणा की जाती है । वह इस प्रकार है— ज्ञानावरणीयवेदना स्यात् उत्कृष्ट है, क्योंकि, भवस्थितिके अन्तिम समयमें वर्तमान गुणितकर्मांशिक सप्तम-पृथिवीके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समए वट्टमाणम्मि उक्कस्सदव्वुवलंभादो । सिया अणुक्कस्सा, कम्मट्ठिदिचरिमसमयगुणिदकम्मंसियं मोत्तूण अण्णत्थ सव्वत्थाणुक्कस्सदव्वुवलंभादो । सिया जहण्णा, खविदकम्मंसियखीणकसायचरिमसमए जहण्णदव्वुवलंभादो । सिया अजहण्णा, सुद्धणयखविदकम्मंसियखीणकसायचरिमसमयं मोत्तूण अण्णत्थ अजहण्णदव्वुवलंभादो । सिया सादिया, उक्कस्सादिपदाणमेगसरूवेण अवट्ठाणाभावादो । कधं दव्वट्ठियणए उक्कस्सादिपदविसेसाणं संभवो ? ण, णइगमे णइगमे सामण्णविसेससंभवं पडि विरोहाभावादो । सिया अणादिया, जीवकम्माणं बंधसामण्णस्स आदित्तविरोहादो । सिया धुवा, अभविएसु अभवियसमाणभविएसु च णाणावरणसामण्णस्स वोच्छेदाभावादो । सिया अद्धुवा, केवलिम्हि णाणावरणवोच्छेदुवलंभादो चदुण्णं पदाणं सासदभावेण अवट्ठाणाभावादो वा । सिया जुम्मा । जुम्मं सममिदि एयट्ठो । तं दुविहं कद-बादरजुम्मभेएण । तत्थ जो रासी चदुहि अवहिरिज्जदि सो कदजुम्मो[3] ।

नारकीके उत्कृष्ट द्रव्य पाया जाता है । स्यात् अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, कर्मस्थितिके अन्तिम समयवर्ती गुणितकर्मांशिक नारकीको छोड़कर अन्यत्र सर्वत्र अनुत्कृष्ट द्रव्य पाया जाता है । स्यात् जघन्य है, क्योंकि, क्षपितकर्मांशिक जीवके क्षीणकषायके अन्तिम समयमें जघन्य द्रव्य पाया जाता है । स्यात् अजघन्य है, क्योंकि, शुद्ध नयकी अपेक्षा क्षपितकर्मांशिक जीवके क्षीणकषायके अन्तिम समयको छोड़कर अन्यत्र अजघन्य द्रव्य पाया जाता है । स्यात् सादि है, क्योंकि, उत्कृष्ट आदि पदोंका एक रूपसे अवस्थान नहीं रहता ।

शंका — द्रव्यार्थिक नयमें उत्कृष्ट आदि पदविशेष कैसे सम्भव हैं ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, अनेकको विषय करनेवाले नैगम नयमें सामान्य और विशेष दोनों सम्भव हैं, इसमें कोई विरोध नहीं आता ।

स्यात् अनादि है, क्योंकि, जीव और कर्मके बन्धसामान्यको सादि माननेमें विरोध आता है । स्यात् ध्रुव है, क्योंकि, अभव्यों और अभव्य समान भव्योंमें ज्ञानावरणसामान्यका विनाश नहीं होता । स्यात् अध्रुव है, क्योंकि, केवलीमें ज्ञानावरणका व्युच्छेद पाया जाता है, अथवा उक्त चार पदोंका शाश्वत रूपसे अवस्थान नहीं रहता । स्यात् युग्म है । युग्म और सम ये एकार्थवाचक शब्द हैं । वह कृतयुग्म और बादरयुग्मके भेदसे दो प्रकारका है । उनमेंसे जो राशि चारसे अवहृत होती है वह कृतयुग्म कहलाती है । जिस

---

१ प्रतिषु ' अदित्त ' इति पाठः । २ अप्रतौ ' समाणाभविएसु ' इति पाठः ।

३ चतुष्केण हियमाणश्चतुःशेषो हि यो भवेत् । अभावाद् भागशेषस्य संख्यातः कृतयुग्मकः ॥ १ ॥ × × × चतुष्केण हियमाणस्त्रिशेषस्त्र्योज उच्यते । द्विशेषो द्वापरयुग्मः कल्योजश्चैकशेषकः ॥ २ ॥ × × × तथा च भगवतीसूत्रे — गो० ! जे णं रासी चउक्कएणं अवहारेणं अवहीरमाणे अवहीरमाणे चउपज्जवसिए से णं कडजुम्मे, एवं तिपज्जवसिए तेओए, दुपज्जवसिए दावरजुम्मे, एगपज्जवसिए कलिओगे" इति । लो. प्र. १२, ७६.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो रासी चदुहि अवहिरिज्जमाणो दोरूवग्गो होदि सो बादरजुम्मं । जो एगग्गो[1] सो कलिओजो । जो तिगग्गो सो तेजोजो[2] । उत्तं च—

चोद्दस बादरजुम्मं सोलस कदजुम्ममेत्थ[3] कलिओजो ।
तेरस तेजोजो खलु पण्णरसेवं खु विण्णेया ॥ ३ ॥

तदो णाणावरणम्हि समदव्वसंभवादो जुम्मत्तं घडदे । सिया ओजा, कत्थ वि तत्थ विसमसंखदव्वुवलंभादो । सिया ओमा, कयाइं पदेसाणमवचयदंसणादो । सिया विसिट्ठा, कयाइं[4] वयादो अहियायदंसणादो । सिया णोमणोविसिट्ठा[5], पादेक्कं पदावयवे णिरुद्धे वड्ढि-हाणीणमभावादो । एवं पढमसुत्तपरूवणा कदा ॥ १३ ॥

संपहि विदियसुत्तत्थो वुच्चदे । तं जहा — उक्कस्सणाणावरणीयवेयणा जहण्णा अणुक्कस्सा च ण होदि, पडिवक्खे तस्स अत्थित्तविरोहादो । सिया अजहण्णा, जहण्णादो उवरिमसेसदव्वियप्पावट्ठिदे अजहण्णे उक्कस्सस्स वि संभवादो । सिया सादिया, अणु-

---

राशिको चारसे अवहृत करनेपर दो रूप शेष रहते हैं वह बादरयुग्म कही जाती है। जिसको चारसे अवहृत करनेपर एक अंक शेष रहता है वह कलिओज राशि है। और जिसको चारसे अवहृत करनेपर तीन अंक शेष रहते हैं वह तेजोज राशि है । कहा भी है—

यहां चौदहको बादरयुग्म, सोलहको कृतयुग्म, तेरहको कलिओज और पन्द्रहको तेजोज राशि जानना चाहिये ॥ ३ ॥

इसलिये ज्ञानावरणमें समान द्रव्यकी सम्भावना होनेसे युग्मत्व घटित होता है। स्यात् ओज रूप है, क्योंकि, कहींपर उसमें विसम संख्या युक्त द्रव्य पाया जाता है। स्यात् ओम है, क्योंकि, कदाचित् प्रदेशोंका अपचय देखा जाता है । स्यात् विशिष्ट है, क्योंकि, कदाचित् व्ययकी अपेक्षा अधिक आय देखी जाती है । स्यात् नोओम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, प्रत्येक पदभेदकी विवक्षा होनेपर वृद्धि-हानि नहीं देखी जाती। इस प्रकार प्रथम सूत्रकी. प्ररूपणा की ॥ १३ ॥

अब द्वितीय सूत्रका अर्थ कहते हैं। वह इस प्रकार है—उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना जघन्य और अनुत्कृष्ट नहीं होती, क्योंकि, अपने प्रतिपक्ष रूपसे उसका अस्तित्व माननेमें विरोध आता है। स्यात् अजघन्य है, क्योंकि, अजघन्यमें जघन्यसे ऊपरके शेष सब द्रव्य-विकल्प सम्मिलित हैं, इसलिये उसमें उत्कृष्ट भी सम्भव है। स्यात् सादि है, क्योंकि,

---

१ प्रतिषु ' योगग्गो ' इति पाठः ।
२ द्रव्यप्रमाण पृ. २४९.
३ प्रतिषु ' मेत्त ' इति पाठः ।
४ प्रतिषु ' कयाहं परूवणाणमव- ' इति पाठः ।
५ प्रतिषु ' कदाचे ' इति पाठः ।
६ मप्रतौ ' सिया म णोमणोविसिट्ठा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्कस्सादो उक्कस्सदव्वुप्पत्तीए । सिया अद्धुवा, उक्कस्सपदस्स[1] सव्वकालमवट्ठाणाभावादो । [सिया] तेजोजो, चदुहि अवहिरिज्जमाणे तिण्णिरूवावट्ठाणादो । [सिया] णोमणोविसिट्ठा, वड्ढि-हाणीणं तत्थ विरोहादो । एवमुक्कस्सणाणावरणीयवेयणा पंचपदप्पिया [५] ।

अणुक्कस्सणाणावरणीयवेयणा सिया जहण्णा, उक्कस्सं मोत्तूण सेसहेट्ठिमासेसवियप्पे अणुक्कस्से जहण्णस्स वि संभवादो । सिया अजहण्णा, अणुक्कस्सस्स अजहण्णाविणाभावित्तादो । सिया सादी, उक्कस्सादो अणुक्कस्सुप्पत्तीदो अणुक्कस्सादो वि अणुक्कस्सुप्पत्तिदंसणादो च । अणादिया [ण] होदि, अणुक्कस्सपदविसेसविवक्खादो । अणुक्कस्स-सामण्णम्मि अप्पिदे वि अणादिया ण होदि, उक्कस्सादो अणुक्कस्सपदपदिदं पडि सादित्तदंसणादो । ण च णिच्चणिगोदेसु वि अणादित्तं लब्भदि, तत्थाणुक्कस्सपदाणं पल्लट्टणेण सादित्तुवलंभादो । सिया अद्धुवा, अणुक्कस्सेक्कपदविसेसस्स सव्वदा अवट्ठाणाभावादो । सिया ओजा, कत्थ वि पदविसेसम्हि अवट्ठिदविसमसंखुवलंभादो । सिया जुम्मा, कत्थ वि

अनुत्कृष्टसे उत्कृष्ट द्रव्यकी उत्पत्ति होती है । स्यात् अध्रुव है, क्योंकि, यह उत्कृष्ट पद सर्व काल अवस्थित नहीं रहता। स्यात् तेजोज है, क्योंकि, इसे चारसे अवहृत करनेपर तीन रूप अवस्थित रहते हैं । स्यात् नोओम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, उसमें वृद्धि और हानि माननेमें विरोध आता है। इस प्रकार उत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना पांच पद रूप है [५] ।

अनुत्कृष्ट ज्ञानावरणीयवेदना स्यात् जघन्य है, क्योंकि, उत्कृष्ट विकल्पको छोड़कर अधस्तन शेष समस्त विकल्प रूप अनुत्कृष्ट पदमें जघन्य पद भी सम्भव है । स्यात् अजघन्य है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट पद अजघन्य पदका अविनाभावी है । स्यात् सादि है, क्योंकि, उत्कृष्टसे अनुत्कृष्टकी उत्पत्ति होती है और अनुत्कृष्टसे भी अनुत्कृष्टकी उत्पत्ति देखी जाती है। अनादि [नहीं] है, क्योंकि, यहां अनुत्कृष्ट रूप पदविशेषकी विवक्षा है। अनुत्कृष्ट-सामान्यकी विवक्षा होनेपर भी अनादि नहीं है, क्योंकि, उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट पदके होनेपर सादित्व देखा जाता है । यदि कहा जाय कि इस पदका नित्यनिगोदिया जीवोंमें अनादित्व प्राप्त हो जायगा सो भी बात नहीं है, क्योंकि, वहां अनुत्कृष्ट पदोंके पलटनेसे यह सादित्व पाया जाता है । स्यात् अध्रुव है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट रूप एक पद-विशेषका सर्वदा अवस्थान नहीं रहता। स्यात् ओज है, क्योंकि, अनुत्कृष्टके जितने भेद हैं उनमेंसे किसी भी पदविशेषमें विषम संख्याका सद्भाव पाया जाता है । स्यात् युग्म है,

---

[1] प्रतिषु ' -पदस्स एदस्स ', मप्रतौ ' पदस्स पदस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुविहसमसंखदंसणादो । सिया ओमा, कत्थ वि हाणीदो समुप्पण्णअणुक्कस्सपदुवलंभादो । सिया विसिट्ठा, कत्थ वि वड्ढीदो अणुक्कस्सपदुवलंभादो । सिया णोमणोविसिट्ठा, अणुक्कस्सजहण्णम्मि अणुक्कस्सपदविसेसे वा अप्पिदे वड्ढि-हाणीणमभावादो । एवं णाणावरणाणुक्कस्सवेयणा णवपदप्पिया । ९] । एवं तदियसुत्तपरूवणा कदा ।

जहण्णा णाणावरणवेयणा सिया अणुक्कस्सा, अणुक्कस्सजहण्णस्स ओघजहण्णेण विसेसाभावादो । सिया सादिया, अजहण्णादो जहण्णपदुप्पत्तीए । सिया अद्धुवा, सासदभावेण अवट्ठाणाभावादो । सिया जुम्मा, चदुहि अवहिरिज्जमाणे अग्गाभावादो । सिया णोमणोविसिट्ठा, वड्ढि-हाणीणमभावादो । एवं जहण्णवेयणा पंचपयारा सरूवेण छप्पयारा वा । ५] । एवं चउत्थसुत्तपरूवणा ।

क्योंकि, कहींपर दोनों प्रकारकी समसंख्या (ऐसी संख्या जिसे चारसे विभक्त करनेपर कुछ भी शेष न रहे या दो अंक शेष रहें) देखी जाती है । स्यात् ओम है, क्योंकि, कहींपर हानि होनेसे उत्पन्न हुआ अनुत्कृष्ट पद पाया जाता है । स्यात् विशिष्ट है, क्योंकि, कहींपर वृद्धिके होनेसे उत्पन्न हुआ अनुत्कृष्ट पद पाया जाता है । स्यात् नोओम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, अनुत्कृष्ट रूप जघन्य पदकी अथवा अनुत्कृष्ट रूप पदविशेषकी विवक्षा होनेपर वृद्धि और हानि नहीं होती । इस प्रकार ज्ञानावरण अनुत्कृष्ट वेदना नौ पद रूप है | ९ | । इस प्रकार तृतीय सूत्रकी प्ररूपणा की ।

जघन्य ज्ञानावरणवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, सामान्य जघन्य पदसे अनुत्कृष्ट रूप जघन्य पदमें कोई अन्तर नहीं है । कथंचित् सादि है, क्योंकि, अजघन्यसे जघन्य पद उत्पन्न होता है । कथंचित् अध्रुव है, क्योंकि, वह शाश्वत रूपसे नहीं पाया जाता । कथंचित् युग्म है, क्योंकि, उसे चारसे अवहृत करनेपर कोई अंक शेष नहीं रहता । कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, उसमें वृद्धि और हानि नहीं होती । इस प्रकार जघन्य वेदना पांच प्रकारकी है अथवा स्वपदके साथ छह प्रकारकी है | ५ | । [आशय यह है कि जघन्य वेदना अन्य अजघन्य आदि रूप पदोंकी अपेक्षा पांच प्रकारकी है और इनमें जघन्य पदको जघन्य रूप मानकर मिला देनेपर वह छह प्रकारकी हो जाती है ।] इस प्रकार चतुर्थ सूत्रकी प्ररूपणा की ।

---

१ प्रतिषु ' एवं कदिसुत्त- ' इति पाठः ।

२ अ-सप्रत्योः ' वा | ६ | ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अजहण्णा णाणावरणवेयणा सिया उक्कस्सा, अजहण्णुक्कस्सस्स ओघुक्कस्सादो पुध अणुवलंभादो। सिया अणुक्कस्सा, तदविणाभावित्तादो। सिया सादिया, पल्लट्टणेण विणा अजहण्णपदविसेसाणमवट्ठाणाभावादो। सिया अद्धुवा। कारणं सुगमं। सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा। सुगमं। सिया णोमणोविसिट्ठा, पदविसेसणिरोहादो। एवमजहण्णा णवभंगा दसभंगा वा |९|। एसो पंचमसुत्तत्थो।

सादियणाणावरणवेयणा सिया उक्कस्सिया, सिया अणुक्कस्सिया, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया अद्धुवा। ण धुवा, सादिस्स धुवत्तविरोहादो। सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा। एवं सादियवेयणाए दस भंगा एक्कारस भंगा वा |१०|। एसो छट्ठसुत्तत्थो।

अणादियणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया। कधमणादियाए वेयणाए सादित्तं? ण, वेयणासामण्णवेक्खाए

अजघन्य ज्ञानावरणवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, क्योंकि, जब उत्कृष्ट पद अजघन्य रूपसे विवक्षित होता है तो वह ओघ उत्कृष्ट पदसे पृथक् नहीं पाया जाता। कथंचित् अनुत्कृष्ट है, क्योंकि, वह उसका अविनाभावी है। कथंचित् सादि है, क्योंकि, परिवर्तन हुए विना अजघन्य पदविशेषोंका अवस्थान नहीं होता है। कथंचित् अध्रुव है। इसका कारण सुगम है। कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, और कथंचित् विशिष्ट है। इनका कारण सुगम है। कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है, क्योंकि, जिसकी हानि-वृद्धि नहीं हुई ऐसे पदविशेषकी विवक्षा होनेसे यह विकल्प पाया जाता है। इस प्रकार अजघन्यके नौ अथवा दस भंग हैं |९|। यह पांचवें सूत्रका अर्थ है।

सादि ज्ञानावरणवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, और कथंचित् अध्रुव है। ध्रुव नहीं है, क्योंकि, सादिको ध्रुव माननेमें विरोध है। कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है। इस प्रकार सादि वेदनाके दस अथवा ग्यारह भंग हैं |१०|। यह छठे सूत्रका अर्थ है।

अनादि ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, और कथंचित् सादि है।

शंका—अनादि वेदनामें सादित्व कैसे सम्भव है?

समाधान—नहीं, क्योंकि, जो वेदनासामान्यकी अपेक्षा अनादि है उसके उत्कृष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणादियम्मि उक्कस्सादिपदावेक्खाए सादियत्तविरोहाभावादो । सिया धुवा, वेयणासामण्णस्स विणासाभावादो । सिया अद्धुवा, पदविसेसस्स विणासदंसणादो । सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा । एवमणादियवेयणाए बारसभंगा |१२|। एसो सत्तमसुत्तत्थो ।

धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अणादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा। एवं धुवपदस्स बारसभंगा तेरसभंगा वा |१२|। एसो अट्ठमसुत्तत्थो ।

अद्धुवणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया ओजा, सिया जुम्मा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा । एवमद्धुवपदस्स दस एक्कारस भंगा वा |१०|। एसो णवमसुत्तत्थो ।

ओजणाणावरणीयवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया

आदि पदोंकी अपेक्षा सादि होनेमें विरोध नहीं है ।

कथंचित् ध्रुव है, क्योंकि, वेदनासामान्यका विनाश नहीं होता । कथंचित् अध्रुव है, क्योंकि, पदविशेषका विनाश देखा जाता है । कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार अनादि वेदनाके बारह भंग हैं |१२|। यह सातवें सूत्रका अर्थ है ।

ध्रुव ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अनादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार ध्रुव पदके बारह अथवा तेरह भंग हैं |१२|। यह आठवें सूत्रका अर्थ है ।

अध्रुव ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् ओज है, कथंचित् युग्म कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है । इस प्रक अध्रुव पदके दस अथवा ग्यारह भंग हैं |१०|। यह नौवें सूत्रका अर्थ है ।

ओज ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा । एवमोजस्स अट्ठ णव भंगा वा | ८ | । एसो दसमसुत्तत्थो ।

जुम्मणाणावरणीयवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओमा, सिया विसिट्ठा, सिया णोमणोविसिट्ठा । एवं जुम्मस्स अट्ठ णव भंगा वा | ८ | । एसो एक्कारसमसुत्तत्थो ।

ओमणाणावरणवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवमोमपदस्स छ सत्त भंगा वा | ६ | । एसो बारसमसुत्तत्थो ।

विसिट्ठणाणावरणवेयणा सिया अणुक्कस्सा, सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा । एवं विसिट्ठपदस्स छ सत्त भंगा वा | ६ | । एसो तेरसमसुत्तत्थो ।

णोमणोविसिट्ठा णाणावरणवेयणा सिया उक्कस्सा, सिया अणुक्कस्सा, सिया जहण्णा,

---

अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार ओजके आठ अथवा नौ भंग हैं | ८ | । यह दसवें सूत्रका अर्थ है ।

युग्म ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओम है, कथंचित् विशिष्ट है, और कथंचित् नोओम-नोविशिष्ट है । इस प्रकार युग्मके आठ अथवा नौ भंग हैं | ८ | । यह ग्यारहवें सूत्रका अर्थ है ।

ओम ज्ञानावरणवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओज है, और कथंचित् युग्म है । इस प्रकार ओम पदके छह अथवा सात भंग हैं | ६ | । यह बारहवें सूत्रका अर्थ है ।

विशिष्ट ज्ञानावरणवेदना कथंचित् अनुत्कृष्ट है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओज है, और कथंचित् युग्म है । इस प्रकार विशिष्ट पदके छह अथवा सात भंग हैं । यह तेरहवें सूत्रका अर्थ है ।

नोओम-नोविशिष्ट ज्ञानावरणवेदना कथंचित् उत्कृष्ट है, कथंचित् अनुत्कृष्ट है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिया अजहण्णा, सिया सादिया, सिया अद्धुवा, सिया ओजा, सिया जुम्मा। एवमट्ठभंगा |८|। एसो चोद्दसमसुत्तत्थो। एदेसिं पदाणमंकविण्णासो — १३। ५। ९। ५। ९। १०। १२। १२। १०। ८। ८। ६। ६। ८। एत्थ गाहा —

तेरस पण णव पण णव दस दोबारस दसट्ठ अट्ठेव।
छच्छक्कट्ठेव तहा सामण्णपदादिपदभंगा ॥ ४ ॥

एवं सत्तण्णं कम्माणं ॥ ४ ॥

जहा णाणावरणीयस्स पदमीमांसा कदा तहा सेससत्तण्णं कम्माणं कायव्वा, विसेसा-

---

कथंचित् जघन्य है, कथंचित् अजघन्य है, कथंचित् सादि है, कथंचित् अध्रुव है, कथंचित् ओज है, और कथंचित् युग्म है। इस प्रकार आठ भंग हैं |८|। यह चौदहवें सूत्रका अर्थ है। इन पदोंका अंकविन्यास— १३। ५। ९। ५। ९। १०। १२। १२। १०। ८। ८। ६। ६। ८। यहां गाथा —

तेरह, पांच, नौ, पांच, नौ, दस, दो वार बारह, दस, आठ, आठ, छह, छह तथा आठ, ये सामान्य पद आदिके पदभंग हैं ॥ ४ ॥

इसी प्रकार सात कर्मोंके उत्कृष्ट आदि पद होते हैं ॥ ४ ॥

जैसे ज्ञानावरणीय कर्मकी पदमीमांसा की है वैसे ही शेष सात कर्मोंकी करनी चाहिये, क्योंकि, इससे उसमें कोई विशेषता नहीं है।

विशेषार्थ—पदमीमांसाका अर्थ है पदोंका विचार करना। जिसमें उत्कृष्ट आदि पदोंका विचार किया जाता है उसे पदमीमांसा अनुयोगद्वार कहते हैं। प्रकृतमें मुख्यतया ज्ञानावरण कर्मकी अपेक्षा उत्कृष्ट आदि तेरह पदोंका विचार किया गया है। यद्यपि सूत्रकारने कुल उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य इन चार पदोंका ही निर्देश किया है; पर देशामर्षक भावसे इनके अतिरिक्त सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव, ओज, युग्म, ओम, विशिष्ट और नोओम-नोविशिष्ट, ये नौ पद और लिये गये हैं; इस प्रकार कुल तेरह पद मिलाकर इनका ज्ञानावरण कर्मद्रव्यकी अपेक्षा विचार किया गया है। सर्वप्रथम तो यह बतलाया गया है कि ज्ञानावरण कर्ममें ये तेरह पद कैसे घटित होते हैं। फिर इसके बाद ज्ञानावरण कर्मको उत्कृष्ट आदि पदोंमेंसे एक एक रूप स्वीकार करके उसमें अन्य पद कहां कितने सम्भव हैं, यह बतलाया गया है और इस प्रकार इतने विवेचनके बाद अन्य सात कर्मोंकी भी इसी प्रकार प्ररूपणा करनेकी सूचना करके पदमीमांसा प्रकरण समाप्त किया गया है। अब आगे इन्हीं विशेषताओंको कोष्टक द्वारा बतलाया जाता है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावादो । एवं अंतोखित्तओजाणियोगद्दारा पदमीमांसा समत्ता ।

सामित्तं दुविहं जहण्णपदे उक्कस्सपदे ॥ ५ ॥

ज्ञानावरण—

पद	उत्कृष्ट	अनुत्कृष्ट	जघन्य	अजघन्य	सादि	अनादि	ध्रुव	अध्रुव	ओज	युग्म	ओम	विशिष्ट	नोओम.
उत्कृष्ट	,,	×	×	,,	,,	×	×	,,	,,	×	×	×	,,
अनु.	×	,,	,,	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	,,	,,	,,
जघन्य	×	,,	,,	×	,,	×	×	,,	×	,,	×	×	,,
अजघन्य	,,	,,	×	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	,,	,,	,,
सादि	,,	,,	,,	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	,,	,,	,,
अनादि	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ध्रुव	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,	,,
अध्रुव	,,	,,	,,	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	,,	,,	,,
ओज	,,	,,	×	,,	,,	×	×	,,	,,	×	,,	,,	,,
युग्म	×	,,	,,	,,	,,	×	×	,,	×	,,	,,	,,	,,
ओम	×	,,	×	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	,,	×	×
विशिष्ट	×	,,	×	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	×	,,	×
नोओ.	,,	,,	,,	,,	,,	×	×	,,	,,	,,	×	×	,,

ज्ञानावरणके उत्कृष्ट आदि पदोंमें उनके ये अवान्तर पद जिस प्रकार बतलाये हैं उसी प्रकार शेष सात कर्मोंमें भी घटित कर लेना चाहिये । सामान्य पद सर्वत्र तेरह ही हैं, इसलिये उनका अलगसे कोष्ठक नहीं दिया है ।

इस प्रकार ओजानुयोगद्वारगर्भित पदमीमांसा समाप्त हुई ।

स्वामित्व दो प्रकारका है— जघन्य पद रूप और उत्कृष्ट पद रूप ॥ ५ ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पदे इदि ण एसा सत्तमी विहत्ती, किंतु पढमा चेव आदिट्ठेयारा[1]। पदसद्दो ठाणवाचओ घेत्तव्वो। जहण्णं पदं जस्स सामित्तस्स तं जहण्णपदं। उक्कस्सं पदं जस्स सामित्तस्स तमुक्कस्सपदं। ण च जहण्णुक्कस्ससामित्तेहिंतो वदिरित्तमण्णं सामित्तमत्थि, अणुवलंभादो। अजहण्ण-अणुक्कस्सदव्वाणं सामित्तेण सह चउव्विहं सामित्तं किण्ण वुच्चदे ? ण, अजहण्ण-अणुक्कस्सदव्वसामित्ते भण्णमाणे वि जहण्णुक्कस्सविहाणं मोत्तूणण्णेण पयारेण सामित्तपरूवणाणुववत्तीदो। तम्हा दुविहं चेव सामित्तमिदि उत्तं। अधवा जहण्णपदे उक्कस्सपदे इदि सत्तमीणिद्देसो। तेण जहण्णपदे एगं सामित्तं उक्कस्सपदे अवरं सामित्तं, एवं दुविहं चेव सामित्तमिदि वत्तव्वं।

सामित्तेण उक्कस्सपदे णाणावरणीयवेयणा दव्वदो उक्कस्सिया कस्स ? ॥ ६ ॥

'पदे' यह सप्तमी विभक्ति नहीं है, किन्तु प्रथमा विभक्ति ही है; क्योंकि इसमें एकारका आदेश हो जानेसे 'पदे' यह रूप हो गया है। यहां पद शब्द स्थानका वाचक लेना चाहिये। 'जिस स्वामित्वका' जघन्य पद है वह जघन्यपद कहलाता है, और जिस स्वामित्वका उत्कृष्ट पद है वह उत्कृष्टपद कहलाता है। और जघन्य व उत्कृष्ट स्वामित्वको छोड़कर दूसरा कोई स्वामित्व है नहीं, क्योंकि, वह पाया नहीं जाता।

शंका — अजघन्य और अनुत्कृष्ट द्रव्यके स्वामित्वके साथ चार प्रकारका स्वामित्व क्यों नहीं कहते ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, अजघन्य और अनुत्कृष्ट द्रव्यके स्वामित्वका कथन करनेपर भी जघन्य और उत्कृष्ट विधानको छोड़कर अन्य प्रकारसे स्वामित्वकी प्ररूपणा नहीं बनती। इस कारण सूत्रमें 'दो प्रकारका ही स्वामित्व है' ऐसा कहा है। अथवा, 'जहण्णपदे उक्कस्सपदे' यह सप्तमी विभक्तिका निर्देश है। इसलिये जघन्य पदमें एक स्वामित्व है और उत्कृष्ट पदमें दूसरा स्वामित्व है, इस तरह दो प्रकारका ही स्वामित्व है; ऐसा सूत्रका व्याख्यान करना चाहिये।

अब स्वामित्वकी अपेक्षा उत्कृष्ट पदका प्रकरण है। ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्यसे उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ ६ ॥

१ अ-आप्रत्योः 'अदिट्ठेयारा' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सपदे जं ट्ठियं सामित्तं तेण अणुगमं णाणावरणीयस्स कस्सामो— णाणावरणीयवेयणावयणं सेसवेयणापडिसेहफलं । दव्वदो त्ति णिद्देसो खेत्तादिपडिसेहफलो । उक्कस्सणिद्देसो जहण्णादिपडिसेहफलो । एदमासंकियसुत्तं, पुच्छाए कारणाभावादो ।

जो जीवो बादरपुढवीजीवेसु बेसागरोवमसहस्सेहि सादिरेगेहि ऊणियं कम्मट्ठिदिमच्छिदो[1] ॥ ७ ॥

जीवो चेव उक्कस्सदव्वसामी होदि त्ति कधं णव्वदे ? ण, मिच्छत्तासंजम-कसाय-जोगाणं कम्मासवाणमण्णत्थाभावादो । तेण जो जीवो त्ति जीवो विसेसियं कदो । उवरि उच्चमाणाणि सव्वाणि विसेसणाणि । बादरपुढवी दुविहा जीवाजीवभेएण । तत्थ बादरपुढवीजीवेसु अंतोमुहुत्तूणतसठिदीए[2] ऊणियं कम्मट्ठिदिमच्छिदो जीवो सो उक्कस्सदव्वसामी होदि । कुदो ? सुहुमेइंदियजोगादो बादरेइंदियजोगस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो । आउकाइय-

---

उत्कृष्टपदमें जो स्वामित्व स्थित है उसके साथ ज्ञानावरणका अनुगम करते हैं— ' ज्ञानावरणीयवेदना ' इस वचनका फल शेष वेदनाओंका प्रतिषेध करना है । ' द्रव्यसे ' इस निर्देशका फल क्षेत्रादिका प्रतिषेध करना है । ' उत्कृष्ट ' पदके निर्देशका फल जघन्य आदिका प्रतिषेध करना है । यह आशंकासूत्र है, क्योंकि, यहां पृच्छाका कोई कारण नहीं है ।

जो जीव बादर पृथिवीकायिक जीवोंमें कुछ अधिक दो हजार सागरोपमसे कम कर्मस्थिति प्रमाण काल तक रहा हो ॥ ७ ॥

शंका—जीव ही उत्कृष्ट द्रव्यका स्वामी होता है यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग रूप कर्मोंके आस्रव अन्यत्र नहीं पाये जाते । इसीलिये ' जो जीव ' इस प्रकार जीवको विशेष्य किया है और आगे कहे जानेवाले सब इसके विशेषण हैं ।

बादर पृथिवी जीव और अजीवके भेदसे दो प्रकारकी है । उनमेंसे बादर पृथिवीकायिक जीवोंमें अन्तर्मुहूर्त कम त्रसस्थितिसे हीन कर्मस्थिति प्रमाण काल तक जो जीव रहा है वह उत्कृष्ट द्रव्यका स्वामी होता है, क्योंकि, सूक्ष्म एकेन्द्रियोंके योगसे बादर एकेन्द्रियोंका योग असंख्यातगुणा पाया जाता है ।

---

१ जो बायरतसकालेणूणं कम्मट्ठिइं तु पुढवीए । बायर [रि] पज्जत्तापज्जत्तगदीहेयरद्धासु ॥ जोगकसाउक्कोसो बहुसो णिच्चमवि आउबंधं च । जोगजहण्णेणुवरिल्लट्ठिइनिसेगं बहुं किच्चा ॥ कर्मप्रकृति २, ७४-७५.

२ प्रतिषु ' अंतोमुहुत्तूणतस्सठिदीए ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदिबादरजीवे परिहरिदूण बादरपुढवीकाइएसु किमट्ठं हिंडाविदो ? ण, उववादएयंताणुवड्ढिजोगे परिहरिदूण पुढवीकाइएसु देसूणबावीसवाससहस्साणि परिणामजोगेहि सह पाएण अवट्ठाणुवलंभादो । दसवाससहस्सेहिंतो अहियाउअपुढवीकाइएसु बहुवारं हिंडाविय तत्थुप्पत्तीए संभवाभावे सत्त-तिण्णि-दसवाससहस्साउअ-आउ[1]काइय-वाउकाइय-वणप्फदिकाइएसु किण्ण उप्पाइदो ? ण, तेसिं पज्जत्तापज्जत्तजोगादो पुढवीकाइयपज्जत्तापज्जत्तजोगस्स असंखेज्जगुणत्तादो । तं कुदो णव्वदे ? बादरपुढवीकाइएसु चेव अच्छिदो त्ति णियमण्णहाणुववत्तीदो । अहवा पहाणणिद्देसोयं तेण अण्णत्थ वि समयाविरोहेणच्छिदो त्ति दट्ठव्वं । बादरपुढविकाइएसु

शंका—अप्कायिक आदि बादर जीवोंका परिहार करके बादर पृथिवीकायिक जीवोंमें किस लिये घुमाया है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, उपपाद और एकान्तानुवृद्धि योगोंको छोड़कर पृथिवीकायिकोंमें कुछ कम बाईस हजार वर्ष तक परिणामयोगोंके साथ प्रायः अवस्थान पाया जाता है । आशय यह है कि अन्य एकेन्द्रिय कायवालोंकी अपेक्षा पृथिवीकायिक जीवोंकी स्थिति अधिक होती है, इसलिये वहां अधिक काल तक परिणाम योगस्थान सम्भव है । इसीसे इस जीवको अन्य एकेन्द्रिय कायवालोंमें न घुमाकर पृथिवी कायिक जीवोंमें घुमाया है ।

शंका – दस हजार वर्षोंसे अधिक आयुवाले पृथिवीकायिकोंमें बहुत बार घुमाकर जब वहां पुनः उत्पन्न कराना सम्भव न हो तब सात हजार, तीन हजार व दस हजार वर्षकी आयुवाले अप्कायिक, वायुकायिक व वनस्पतिकायिक जीवोंमें क्यों नहीं उत्पन्न कराया ?

समाधान — नहीं, क्योंकि उनके पर्याप्त व अपर्याप्त योगसे पृथिवीकायिक जीवोंका पर्याप्त व अपर्याप्त योग असंख्यातगुणा है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना ?

समाधान—' बादर पृथिवीकायिकोंमें ही रहा ' यह नियम अन्यथा बन नहीं सकता, इससे जाना है कि अप्कायिकादिकोंके पर्याप्त व अपर्याप्त योगसे पृथिवीकायिकोंका पर्याप्त व अपर्याप्त योग असंख्यातगुणा होता है । अथवा यह प्रधान निर्देश है, इसलिये ' अन्य जीवोंमें भी आगमाविरोधसे रहा ' ऐसा इस सूत्रका आशय समझना चाहिये ।

---

१ प्रतिषु ' -सहस्साउआ आउ- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सयलं कम्मट्ठिदिं किण्ण हिंडाविदो ? ण, तसकाइएसु एइंदिएहिंतो असंखेज्जगुणजोगाउएसु संकिलेसबहुलेसु हिंडाविय तत्तो असंखेज्जगुणदव्वसंचयस्स तत्थेवावट्ठिदस्स अणुवलंभादो। जदि एवं तो तसकाइएसु चेव कम्मट्ठिदिं किण्ण हिंडाविदो ? ण, सादिरेयबेसागरोवमसहस्सं मोत्तूण तत्थ तीससागरोवमकोडाकोडिकालमवट्ठाणाभावादो। तसकाइएसु सगट्ठिदिकालब्भंतरे उक्कस्सदव्वसंचयं काऊण पुणो बादरपुढवीकाइएसुप्पज्जिय तत्थ अंतोमुहुत्तमच्छिय पुणो तसट्ठिदिं भमिय एइंदिएसुप्पाइय एवं कम्मट्ठिदिं किण्ण हिंडाविदो ? ण, तसट्ठिदिं समाणिय एइंदिएसु पविट्ठस्स तेसेसु संचिददव्वमगालिय णिग्गमाभावादो। एदं कुदो णव्वदे ? तस-

---

शंका—बादर पृथिवीकायिकोंमें सम्पूर्ण कर्मस्थिति प्रमाण काल तक क्यों नहीं घुमाया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि एकेन्द्रियोंसे त्रसोंका योग और आयु असंख्यातगुणी होती है और वे संक्लेश बहुत होते हैं इसलिये पृथिवीकायिकोंमें घुमानेके पश्चात् त्रसोंमें घुमाया। यदि एकेन्द्रियोंमें ही रखते तो इनकी अपेक्षा त्रसोंमें जो असंख्यातगुणे द्रव्यका संचय होता है वह नहीं प्राप्त होता। यही कारण है कि सम्पूर्ण कर्मस्थिति प्रमाण काल तक एकेन्द्रियोंमें नहीं घुमाया है।

शंका—यदि ऐसा है तो त्रसकायिकोंमें ही कर्मस्थिति प्रमाण काल तक क्यों नहीं घुमाया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहां कुछ अधिक दो हजार सागरोपम काल तक ही अवस्थान हो सकता है; पूरे तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम काल तक अवस्थान नहीं हो सकता।

शंका—त्रसकायिकोंमें अपनी स्थिति प्रमाण कालके भीतर उत्कृष्ट द्रव्यका संचय करके पुनः बादर पृथिवीकायिकोंमें उत्पन्न होकर वहां अन्तर्मुहूर्त रहकर फिर त्रसस्थिति काल तक त्रसोंमें भ्रमण करके एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न कराते। इस तरह कर्मस्थिति प्रमाण काल तक क्यों नहीं घुमाया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि त्रसस्थितिको पूर्ण करके जो जीव एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होते है उन त्रसोंमें सांचित हुए द्रव्यको विना गाले निकलना नहीं होता।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

Jain Education International · For Private & Personal Use Only · www.jainelibrary.org

ट्ठिदीए ऊणियं कम्मट्ठिदिमच्छिदो त्ति सुत्तणिद्देसादो। बादरपुढवीकाइएसु अच्छंतस्स परिणमणणियमपरूवणा उत्तरसुत्तेहि कीरदे—

तत्थ य संसरमाणस्स बहुवा पज्जत्तभवा[1] थोवा अपज्जत्तभवा भवंति[2] ॥ ८ ॥

उप्पत्तिवारा भवाः, पज्जत्ताणं भवा पज्जत्तभवा, ते बहुआ। पज्जत्तेसुप्पण्णवारसलागाओ बहुवा त्ति[3] वुत्तं होदि। के पेक्खिय बहुआ पज्जत्तभवा? खविदकम्मंसिय-खविद-गुणिद-घोलमाणपज्जत्तभवे। अपज्जत्तभवा थोवा। केहिंतो? खविद-कम्मंसिय-खविद-गुणिद-

---

समाधान—यह 'त्रसस्थितिसे कम कर्मस्थिति प्रमाण काल तक रहा' सूत्रके इसी निर्देशसे जाना जाता है।

अब बादर पृथिवीकायिकोंमें रहनेवाले जीवके परिणमनके नियमोंकी प्ररूपणा आगेके सूत्रों द्वारा की जाती है—

वहां परिभ्रमण करनेवाले जीवके पर्याप्तभव बहुत और अपर्याप्तभव थोड़े होते हैं ॥ ८ ॥

उत्पत्तिके वारोंका नाम भव है और 'पर्याप्तोंके भव पर्याप्तभव' कहलाते हैं। वे बहुत हैं। पर्याप्तोंमें उत्पन्न होनेकी वारशलाकायें बहुत हैं, यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—किनकी अपेक्षा पर्याप्तभव बहुत हैं?

समाधान— क्षपितकर्मांशिकके क्षपित, गुणित व घोलमान पर्याप्तभवोंकी अपेक्षा बहुत हैं।

अपर्याप्तभव थोडे है?

शंका—किनसे थोडे हैं?

समाधान—क्षपितकर्मांशिकके क्षपित गुणित व घोलमान अपर्याप्त भवोंसे थोड़े हैं।

---

१ प्रतिषु 'भावा' इति पाठः। २ क. प्र. २–७४.

३ प्रतिषु 'पज्जत्तेसु पण्णपारसगाउ बहुवा वि त्ति इति' पाठः।

$\frac{१}{२} - \frac{२५}{१२८} = \frac{३९}{१२८}$; $\frac{१२}{१} + \frac{३९}{१२८} = \frac{१५७५}{१२८}$ साधिक डेढ़ गुणहानि । सब द्रव्यमें इतने प्रथम निषेक होते हैं ।

ज्ञानावरणीयके प्रथम निषेकके प्रमाणसे सब द्रव्यको अपहृत करनेपर कुछ कम डेढ़ गुणहानिस्थानान्तरकालसे अपहृत होता है । वह कैसे ? संज्ञी, पंचेन्द्रिय, पर्याप्त सर्वसंक्लिष्ट व उत्कृष्ट योग युक्त मिथ्यादृष्टि जीव तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण स्थितिको बांधता हुआ उस समयमें आये हुए कर्मपरमाणुओंमेंसे अन्तिम गुणहानिके द्रव्यसे अधिक अर्ध भागको प्रथम गुणहानिमें देता है । द्वितीयादिक गुणहानियोंमें अन्तिम गुणहानिके द्रव्यसे हीन अर्ध भागको देता है । इसीलिये द्वितीयादिक गुणहानियोंके द्रव्यमें अन्तिम गुणहानिके द्रव्यको मिलानेपर प्रथम गुणहानिके द्रव्यका प्रमाण होता है ।

---

१ प्रतिषु 'सादिरेयाणि दिवड्ढ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपधि पढमगुणहाणिदव्वे पढमणिसेयपमाणेण कीरमाणे गुणहाणितिण्णिचदुब्भाग-मेत्तपढमणिसेगा पढमणिसेगचदुब्भागो च लब्भदि । तस्स संदिट्ठि $\left|\begin{matrix}६\\१\\४\end{matrix}\right|$ । बिदियागुणहाणिदव्वं पि पढमणिसेयपमाणेण कदे एत्तियं चेव होदि $\left|\begin{matrix}६\\१\\४\end{matrix}\right|$, पक्खित्तचरिमगुणहाणिदव्वत्तादो । पुणो दो वि तिण्णिचदुब्भागेसु मेलाविदेसु दिवड्ढगुणहाणिमेत्तपढमणिसेया होंति $\left|\begin{matrix}५१२\\१२\end{matrix}\right|$; दो वि चदुब्भागम्मि मेलाविदे पढमणिसेयस्स अद्धं होदि $\left|\begin{matrix}५१२\\१\\२\end{matrix}\right|$ । एदं[3] तत्थ पक्खित्ते एत्तियं होदि $\left|\begin{matrix}५१२\\१२\\१\\२\end{matrix}\right|$ ।

संपधि चरिमगुणहाणिणिसेगेसु सव्वत्थ चरिमणिसेगे अवणिदे गुणहाणिमेत्ता चरिम-णिसेगा लब्भंति $\left|\begin{matrix}९\\८\end{matrix}\right|$ । पुणो रूवूणगुणहाणिसंकलणमेत्ता गोवुच्छविसेसा अहिया अत्थि । ते वि चरिमणिसेयपमाणेण करेस्सामो । तं जहा— एगं गोवुच्छविसेसं घेत्तूण रूवूणगुणहाणि-मेत्तगोवुच्छविसेसेसु पक्खित्तेसु गुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसा होंति । एवं सव्वेसिं मूलग्ग-

---

अब प्रथम गुणहानिके द्रव्यको प्रथम निषेकके प्रमाणसे करनेपर गुणहानिके तीन चतुर्थ भाग ($\frac{८ \times ३}{४} = ६$) मात्र प्रथम निषेक और प्रथम निषेकका चतुर्थ भाग ($\frac{५१२}{४} = १२८$) प्राप्त होता है । उसकी संदृष्टि ६¼ है । द्वितीयादि गुणहानियोंके द्रव्यको भी प्रथम निषेकके प्रमाणसे करनेपर इतना ही होता है— ६¼, क्योंकि, इसमें अन्तिम गुणहानिका द्रव्य मिलाया गया है । पुनः दोनों ही तीन-चतुर्थ भागोंको मिलानेपर डेढ़ गुणहानि मात्र प्रथम निषेक होते हैं — ५१२ × १½; और दोनों ही चतुर्थ भागोंको मिलानेपर प्रथम निषेकका अर्ध भाग होता है— ५१२ × ½ । इस अर्ध भागको डेढ़ गुण-हानि मात्र प्रथम निषेकोंमें मिलानेपर इतना होता है— ५१२ × $\frac{२५}{२}$ ।

अब अन्तिम गुणहानिके निषेकोंमेंसे सर्वत्र अन्तिम निषेकको कम करनेपर गुणहानि मात्र अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं— ९ × ८ । पुनः एक कम गुणहानिके संकलन मात्र [८ - १ = ७, इसका संकलन $\frac{७ + १ \times ७}{२} = २८$] गोपुच्छविशेष अधिक हैं । उनको भी अन्तिम निषेकके प्रमाणसे करते हैं । यथा- एक गोपुच्छविशेषको ग्रहण कर उसमें एक कम गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेषोंको मिलानेपर गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेष होते हैं । इस प्रकार सबका मूल और अग्रको जोड़ कर समीकरण करना चाहिये । इस

---

१ अप्रतौ ' कीरमाणे गूतिण्णि ' आ-काप्रत्योः ' कीरमाणे गूणतिण्णा ' इति पाठः
२ अप्रतौ ' पुणो वि दो वि ' इति पाठः । ३ प्रतिषु ' एवं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समासेण समकरणं कादव्वं । एवं कदे रूवूणगुणहाणिअद्धमेत्ता गोवुच्छविसेसा जादा |८|८|८|४| । गुणहाणिअद्धमेत्तगोवुच्छविसेसेसु दुरूवूणगुणहाणिअद्धमेत्तगोउच्छविसेसे घेत्तूण तत्थ एगेगगोवुच्छविसेसे दोरूऊणगुणहाणिअद्धमेत्तगोवुच्छपुंजेसु पक्खित्तेसु दुरूवूण-गुणहाणिअद्धमेत्ता चरिमणिसेगा होंति । पुणो रूवाहियगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसेसु जदि एगो चरिमणिसेगो लब्भदि तो उव्वरिदेगगोवुच्छविसेसम्मि किं लभामो त्ति सरिसमवणिय पमाणेणिच्छाए ओवट्टिदाए एगरूवस्स असंखेज्जदिभागो आगच्छदि १/९ । [३ १ ९][2] एदम्मि गुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगेसु पक्खित्ते किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगा होंति [९ ११ १ ९][3] ।

एदमेवं चेव ट्ठविय पुणो अण्णोण्णब्भत्थरासिं विरलेदूण पढमणिसेगं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि गोवुच्छविसेसूणचरिमणिसेगो पावदि । पुणो हेट्ठा गुणहाणिं विरलिय एगरूवधरिदं दादूण समकरणं करिय परिहाणिरूवेसु तेरासियकमेण आणिदेसु रूवाहियगुणहाणिणोवट्टिद-अण्णोण्णब्भत्थरासिमेत्ताणि होंति । एत्थ णाणावरणादीणमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागो

प्रकार करनेपर एक कम गुणहानिके अर्ध भाग मात्र गोपुच्छविशेष होते हैं— ८, ८, ८, ४ । गुणहानिके अर्ध भाग प्रमाण गोपुच्छविशेषोंमेंसे दो कम गुणहानिके अर्ध भाग मात्र गोपुच्छविशेषोंको ग्रहण कर उनमेंसे एक एक गोपुच्छविशेषको दो कम गुणहानिके अर्ध भाग मात्र गोपुच्छपुंजोंमें मिलानेपर दो कम गुणहानिके अर्ध भाग मात्र अन्तिम निषेक होते हैं । पुनः एक अधिक गुणहानिके बराबर गोपुच्छविशेषोंमें यदि एक अन्तिम निषेक पाया जाता है तो बचे हुए एक गोपुच्छविशेषमें क्या पाया जायगा, इस प्रकार सदृशका अपनयन करके प्रमाणसे इच्छाको अपवर्तित करनेपर एकका असंख्यातवां भाग आता है— १/९ । ३½ इसे गुणहानि मात्र अन्तिम निषेकोंमें मिलानेपर कुछ कम डेढ़ गुणहानि मात्र अन्तिम निषेक होते हैं— ८ + ३½ = ११½ । इसको इसी प्रकार स्थापित करके पश्चात् अन्योन्याभ्यस्त राशिका विरलन करके प्रथम निषेकको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति गोपुच्छविशेषसे हीन अन्तिम निषेक प्राप्त होता है । पश्चात् नीचे गुणहानिका विरलन करके ऊपर एक विरलनके प्रति प्राप्त द्रव्यको देकर समीकरण करके परिहीन रूपोंको त्रैराशिकक्रमसे लानेपर वे एक अधिक गुणहानिसे अपवर्तित अन्योन्याभ्यस्त राशि मात्र होते हैं । यहां ज्ञानावरणादिकका एकका असंख्यातवां भाग आता है, क्योंकि, उनकी

---

१ प्रतिषु ' उव्विरिदेट्ठिदेग ' ; मप्रतौ ' उव्वट्ठिदेग ' इति पाठः ।

२ प्रतिषु [९ ३ १ ९] इति पाठः । ३ प्रतिषु [९ ११ १ ६] इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगच्छदि, अण्णोण्णब्भत्थरासीदो गुणहाणीए असंखेज्जगुणत्तादो। मोहणीयस्स असंखेज्जाणि रूवाणि लब्भंति, गुणहाणीदो अण्णोण्णब्भत्थरासिस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो। एदमवणिय सेसेण चरिमणिसेगेसु गुणिदे पढमणिसेगो होदि $\left[\frac{९}{९}\right]$। एत्तियमेत्तचरिमणिसेगाणं जदि एगो पढमणिसेगो लब्भदि तो चरिमगुणहाणिदव्वस्स किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगाणं किं लभामो त्ति पमाणेणिच्छाए ओवट्टिदाए असंखेज्जाणि रूवाणि लब्भंति। कुदो [णव्वदे]? पदेसविरइयअप्पाबहुगादो। तं जहा—सव्वत्थोवो चरिमणिसेगो। पढमणिसेगो असंखेज्जगुणो। को गुणगारो? किंचूणण्णोण्णब्भत्थरासी। चरिमगुणहाणिदव्वमसंखेज्जगुणं। को गुणगारो? अण्णोण्णब्भत्थरासिणोवट्टिददिवड्ढगुणहाणीओ। तेण असंखेज्जरूवागमणं सिद्धं। एदेसु असंखेज्जरूवेसु अद्धरूवाहियदिवड्ढगुणहाणीसु सोहिदेसु णाणावरणादीणं पढमणिसेगस्स भागहारो किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तो जादो।

संपहि दिवड्ढगुणहाणीयो विरलिय सव्वदव्वं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि पढमणिसेगो पावेदि। हेट्ठा णिसेगभागहारं विरलेदूण पढमणिसेगं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि गोवुच्छाविसेसो पावदि। तम्मि उवरिमविरलणमेत्तपढमणिसेगेसु

अन्योन्याभ्यस्त राशिसे गुणहानि असंख्यातगुणी है। और मोहनीयके असंख्यात अंक प्राप्त होते हैं, क्योंकि, उसकी गुणहानिसे अन्योन्याभ्यस्त राशि असंख्यातगुणी पायी जाती है। इसको कम करके शेषसे अन्तिम निषेकको गुणित करनेपर प्रथम निषेक होता है— $९ \times \frac{५१२}{९}$। इतने मात्र अन्तिम निषेकोंका यदि एक प्रथम निषेक प्राप्त होता है तो अन्तिम गुणहानि सम्बन्धी द्रव्यके कुछ कम डेढ़ गुणहानि मात्र अन्तिम निषेकोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे इच्छाको अपवर्तित करनेपर असंख्यात अंक प्राप्त होते हैं।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान— यह प्रदेशविरचित अल्पबहुत्वसे जाना जाता है। यथा— "अन्तिम निषेक सबसे स्तोक है। उससे प्रथम निषेक असंख्यातगुणा है। गुणकार क्या है? कुछ कम अन्योन्याभ्यस्त राशि गुणकार है। उससे अन्तिम गुणहानिका द्रव्य असंख्यातगुणा है। गुणकार क्या है? अन्योन्याभ्यस्त राशिसे अपवर्तित डेढ़ गुणहानि गुणकार है।" इससे असंख्यात अंकोंका आगमन सिद्ध है।

इन असंख्यात अंकोंको अर्ध रूप अधिक डेढ़ गुणहानिमेंसे घटा देनेपर ज्ञानावरणादिके प्रथम निषेकका भागहार कुछ कम डेढ़ गुणहानि मात्र हो जाता है।

अब डेढ़ गुणहानिका विरलन करके सब द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति प्रथम निषेक प्राप्त होता है। इसके नीचे निषेकभागहारका विरलन करके प्रथम निषेकको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है। उसको उपरिम विरलन मात्र प्रथम निषेकोंमेंसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवणिदे दिवड्ढगुणहाणिमेत्तबिदियणिसेगा चिट्ठंति ।

पुणो दिवड्ढगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसे बिदियणिसेयपमाणेण कस्सामो । तं जहा— रूवूणणिसेगभागहारमेत्तविसेसाणं जदि एगो बिदियणिसेगो लब्भदि तो दिवड्ढगुणहाणिमेत्तविसेसाणं किं लभामो त्ति | ३२ | १५ | १ | ३२ | १५७५/१२८ | सरिसमवणिय पमाणेणिच्छाए ओवट्टिदाए एगरूवस्स किंचूणतिण्णि-चदुब्भागो आगच्छदि । तम्मि दिवड्ढगुणहाणिम्हि पक्खित्ते बिदियणिसेगभागहारो होदि । तस्स संदिट्ठी | १५७५/१२० | ।

संपहि तदियणिसेगभागहारो वुच्चदे । तं जहा— णिसेगभागहारदुभागं विरलिय एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे एक्केक्कं[1] पडि दोद्दोगोवुच्छविसेसा चेट्ठंति । एदम्मि उवरिमविरलणपढमणिसेएसु अवणिदे एदमधियदव्वं होदि । णिसेगभागहारद्धरूवूणमेत्त-

कम कर देनेपर डेढ़ गुणहानि मात्र द्वितीय निषेक रह जाते हैं ।

पुनः डेढ़ गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेषोंको द्वितीय निषेकके प्रमाणसे करते हैं । यथा— एक कम निषेकभागहार मात्र गोपुच्छविशेषोंका यदि एक द्वितीय निषेक प्राप्त होता है तो डेढ़ गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेषोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार सदृशका अपनयन करके प्रमाणसे इच्छाको अपवर्तित करनेपर एकका कुछ कम तीन चतुर्थ भाग आता है :

उदाहरण- गोपुच्छविशेष ३२, एक कम निषेकभागहार १५, डेढ़ गुणहानि १२ $\frac{३९}{१२८}$

$= \frac{१५७५}{१२८}$; $\frac{१५७५ \times ३२}{१२८} \div \frac{१५ \times ३२}{१} = \frac{१०५}{१२८}$ ।

उसको डेढ गुणहानिमें मिला देनेपर द्वितीय निषेकका भागहार होता है । उसकी संदृष्टि- $\frac{१५७५}{१२०}$ ।

उदाहरण— डेढ़ गुणहानि १२ $\frac{३९}{१२८}$;

$\frac{१५७५}{१२८} + \frac{१०५}{१२८} = \frac{१६८०}{१२८} = \frac{१५७५}{१२०}$ द्वितीय निषेकका भागहार ।

अब तृतीय निषेकका भागहार कहा जाता है । यथा— निषेकभागहारके द्वितीय भागका विरलन करके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर एक एकके प्रति दो दो गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । इसको उपरिम विरलनके प्रथम निषेकोंमेंसे कम करनेपर यह अधिक द्रव्य होता है ।

१ अप्रतौ ' एक्केक्क ', आप्रतौ ' एक्केक्क० ', काप्रतौ ' एक्केक्का ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसाणं जदि एगो तदियणिसेगो लब्भदि तो दिवड्ढगुणहाणिमेत्तदोद्दोविसेसाणं किं लभामो त्ति भागं घेत्तूण लद्धे पक्खित्ते तदियणिसेगभागहारो होदि $\left|\frac{१५७५}{११२}\right|$। एवं णेदव्वं जाव पढमगुणहाणिचरिमणिसेओ त्ति।

पुणो पुव्वविरलणं दुगुणं $\left|\frac{१५७५}{६४}\right|$ विरलिय सव्वदव्वं समखंडं करिय दिण्णे बिदियगुणहाणिपढमणिसेगो होदि। सेसं जाणिदूण वत्तव्वं। तदियगुणहाणिपढमणिसेगभागहारो पुव्वभागहारादो चउग्गुणो $\left|\frac{१५७५}{३२}\right|$। चउत्थगुणहाणिपढमणिसेगभागहारो अट्ठगुणो होदि $\left|\frac{१५७५}{१६}\right|$। पंचमगुणहाणिपढमणिसेगभागहारो पुव्वभागहारादो सोलसगुणो $\left|\frac{१५७५}{८}\right|$। एवमसंखेज्जगुणहाणीयो गंतूण चरिमगुणहाणिपढमणिसेयस्स भागहारो वुच्चदे— रूवूण-

---

निषेकभागहारके एक कम अर्ध भाग मात्र विशेषोंका यदि एक तृतीय निषेक प्राप्त होता है तो डेढ़ गुणहानि मात्र दो दो विशेषोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार भागको ग्रहणकर लब्धमें मिलानेपर तृतीय निषेकभागहार होता है $\frac{१५७५}{११२}$।

उदाहरण— $\frac{१५७५ \times ६४}{१२८} \div \frac{७ \times ६४}{१} = \frac{१५७५ \times ६४}{१२८} \times \frac{१}{७ \times ६४} = \frac{२२५}{१२८}$;

$\frac{१५७५}{१२८} + \frac{२२५}{१२८} = \frac{१८००}{१२८} = \frac{१५७५}{११२}$ तृतीय निषेकका भागहार।

इस प्रकार प्रथम गुणहानिके अन्तिम निषेकके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये।

पुनः पूर्व विरलनको दुगुणा $\left(\frac{१५७५}{६४}\right)$ कर विरलन करके सब द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर द्वितीय गुणहानिका प्रथम निषेक होता है। शेषका कथन जानकर करना चाहिये। तृतीय गुणहानिके प्रथम निषेकका भागहार पूर्व भागहारसे चौगुणा है $\frac{१५७५}{३२}$।

उदाहरण – पूर्वभागहार $\frac{१५७५}{१२८}$; $\frac{१५७५}{१२८} \times \frac{४}{१} = \frac{१५७५}{३२}$।

चतुर्थ गुणहानिके प्रथम निषेकका भागहार पूर्व भागहारसे आठगुणा है $\frac{१५७५}{१६}$। पंचम गुणहानिके प्रथम निषेकका भागहार पूर्व भागहारसे सोलहगुणा है $\frac{१५७५}{८}$। इस प्रकार असंख्यात गुणहानियां जाकर अन्तिम गुणहानिके प्रथम निषेकका भागहार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिगुणिददिवड्ढगुणहाणीओ विरलिय सव्वदव्वं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि चरिमगुणहाणिपढमणिसेगो होदि। भागहारसंदिट्ठी $\left|\frac{१५७५}{४}\right|$।

पुणो तदणंतरबिदियणिसेगभागहारे भण्णमाणे पुव्वविरलणाए हेट्ठा णिसेगभागहारं विरलिय पढमणिसेगं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि गोवुच्छविसेसो पावदि। एदेण पमाणेण उवरिमविरलणरूवधरिदेसु अवणिदे तमधियदव्वं होदि। एदं तप्पमाणेण करिय अधिगदव्वस्स विरलणरूवुप्पत्ती वुच्चदे। तं जहा — रूवूणणिसेगभागहारमेत्तविसेसेसु जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तविसेसेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धे तत्थेव पक्खित्ते भागहारो होदि $\left|\frac{६३००}{१५}\right|$। एवं णेदव्वं जाव चरिमणिसेओ त्ति।

कहा जाता है— एक कम नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन करके दुगुणा कर जो अन्योन्याभ्यस्त राशि उत्पन्न हो उससे गुणित डेढ़ गुणहानियोंका विरलन करके सब द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति अन्तिम गुणहानिका प्रथम निषेक प्राप्त होता है। भागहारसंदृष्टि $\frac{१५७५}{४}$ है।

उदाहरण—एक कम नानागुणहानि ५; इनकी अन्योन्याभ्यस्त राशि ३२;

$\frac{१५७५}{१२८} \times \frac{३२}{१} = \frac{१५७५}{४}$ अन्तिम गुणहानिके प्रथम निषेकका भागहार।

पुनः तदनन्तर द्वितीय निषेकके भागहारको कहते समय पूर्व विरलनके नीचे निषेकभागहारका विरलन करके प्रथम निषेकको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है। इस प्रमाणसे उपरिम विरलनके प्रति प्राप्त द्रव्यमेंसे गोपुच्छविशेषोंको कम करनेपर वह अधिक द्रव्य होता है। इसको उसके प्रमाणसे करके अधिक द्रव्यके विरलन रूपोंकी उत्पत्ति कहते हैं। यथा— एक कम निषेकभागहार मात्र विशेषोंमें यदि एक प्रक्षेपशलाका प्राप्त होती है तो उपरिम विरलन मात्र विशेषोंमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार फलराशिसे गुणित इच्छा राशिमें प्रमाण राशिका भाग देनेपर जो लब्ध हो उसको उसी पूर्व विरलन राशिमें मिला देनेपर भागहार होता है $\frac{६३००}{१५}$।

उदाहरण— एक कम निषेकभागहार १५, उपरिम विरलन $\frac{६३००}{१६}$;

$\frac{६३००}{१६} \div \frac{१५}{१} = \frac{६३००}{१६} \times \frac{१}{१५} = \frac{४२०}{१६}$, $\frac{६३००}{१६} + \frac{४२०}{१६} = \frac{६७२०}{१६} = \frac{६३००}{१५}$ अन्तिम गुणहानिके द्वितीय निषेकका भागहार।

इस प्रकार अन्तिम निषेक तक भागहारका क्रम ले जाना चाहिये।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपधि चरिमणिसेयपमाणेण सव्वदव्वं अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण कालेण अवहिरिज्जदि । तं जहा— चरिमगुणहाणिदव्वे चरिमणिसेयपमाणेण कदे एगरूवस्स असंखेज्जदिभागेण अहियरूवूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेया होंति । तस्स संदिट्ठी $\left|\frac{११}{१}\right|$ ।

संपधि चरिमगुणहाणिदव्वप्पहुडि सेसगुणहाणिदव्वाणि दुगुण-दुगुणकमेण गच्छंति जाव पदमगुणहाणिदव्वं | १०० | २०० | ४०० | ८०० | १६०० | ३२०० | त्ति, चरिमगुणहाणिदव्वे रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिणा गुणिदे सव्वदव्वसमुप्पत्तीदो । रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिणा सव्वदव्वे भागे हिदे चरिमगुणहाणिदव्वमागच्छदि । किंचूणदिवड्ढगुणहाणीए रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिं गुणिय सव्वदव्वे भागे हिदे चरिमणिसेगो आगच्छदि । कुदो ? चरिमगुणहाणिदव्वम्मि किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगुवलंभादो । एदस्स संदिट्ठी $\left|\frac{६३००}{९}\right|$ । एसो भागहारो अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ । तं जहा— णाणा-गुणहाणिसलागोवट्टिदरूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिं विरलिय रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिं चेव समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि णाणागुणहाणिसलागपमाणं पावदि । तत्थ एगरूवधरिदरासिणा

अब अन्तिम निषेकके प्रमाणसे सब द्रव्य अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र कालसे अपहृत होता है, यह बतलाते हैं । यथा— अन्तिम गुणहानिके द्रव्यको अन्तिम निषेकके प्रमाणसे करनेपर एकका असंख्यातवां भाग अधिक एक कम डेढ़ गुणहानि मात्र अन्तिम निषेक होते हैं । उसकी संदृष्टि--$११\frac{१}{९}$ ।

अब अन्तिम गुणहानिके द्रव्यसे लेकर शेष गुणहानियोंका द्रव्य प्रथम गुण-हानिके द्रव्यके प्राप्त होने तक दूना दूना होता जाता है-- १००, २००, ४००, ८००, १६००, ३२००; क्योंकि, अन्तिम गुणहानिके द्रव्यको एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिसे गुणित करनेपर सब द्रव्यकी उत्पत्ति होती है । एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिका सब द्रव्यमें भाग देनेपर अन्तिम गुणहानिका द्रव्य आता है । कुछ कम डेढ़ गुणहानिसे एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिको गुणित कर सब द्रव्यमें भाग देनेपर अन्तिम निषेक आता है, क्योंकि, अन्तिम गुणहानिके द्रव्यमें कुछ कम डेढ़ गुणहानि मात्र अन्तिम निषेक पाये जाते हैं । इसकी संदृष्टि $\frac{६३००}{९}$ । यह भागहार अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी मात्र है। यथा- नानागुणहानिशलाकाओंसे भाजित एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिका विरलन करके एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिको ही समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति नानागुणहानियोंकी शलाकाओंका प्रमाण प्राप्त होता है। उनमेंसे एक अंकके प्रति प्राप्त राशिसे डेढ़ गुणहानिको गुणित करनेपर डेढ़ कम-

१ प्रतिषु ' - भागहारमेत्तेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दियड्ढगुणहाणिं गुणिदे दिवड्ढकम्मट्ठिदी उप्पज्जदि । दोरूवधरिदेण गुणिदे तिण्णिकम्मट्ठिदीओ उप्पज्जंति । एवं गंतूण जहण्णपरित्तासंखेज्ज-बे-त्तिभागमेत्तरूवधरिदरासिणा गुणिदे असंखेज्जकम्मट्ठिदीओ उप्पज्जंति । एवं णेदव्वं जाव णिस्संदेहो साहुजणो जादो त्ति । तेण चरिमणिसेगभागहारो अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो त्ति सिद्धं । अवहारपरूवणा गदा ।

जधा अवहारकालो तधा भागाभागं, सव्वणिसेयाणं सव्वदव्वस्स असंखेज्जदिभागत्तादो । भागाभागपरूवणा गदा ।

सव्वत्थोवो चरिमणिसेगो [९] । पढमणिसेगो असंखेज्जगुणो [५१२] । को गुणगारो ? किंचूणण्णोण्णब्भत्थरासी [५१२/९] । अपढम-अचरिमदव्वमसंखेज्जगुणं । को गुणगारो ? एगरूवेण एगरूवस्स असंखेज्जदिभागेण च परिहीणदिवड्ढगुणहाणी गुणगारो [५७७९/५१२] । कुदो ? पढमणिसेयस्स गुणगारम्मि जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो चरिमणिसेगाहियपढमणिसेगस्स किं लभामो त्ति पमाणेणिच्छाए ओवट्टिदाए [५२१/५१२] एगरूवस्स

स्थिति उत्पन्न होती है १२ × ६ = ७२ । दो विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त राशिसे डेढ़ गुणहानिको गुणित करनेपर तीन कर्मस्थितियां उत्पन्न होती हैं १२ × १२ = १४४ । इस प्रकार जाकर जघन्य परीतासंख्यातके दो तीन भाग मात्र विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त राशिसे डेढ़ गुणहानिको गुणित करनेपर असंख्यात कर्मस्थितियां उत्पन्न होती हैं । इस प्रकार साधुजनके सन्देह रहित हो जाने तक ले जाना चाहिये । इसलिये अन्तिम निषेकका भागहार अंगुलका असंख्यातवां भाग है, यह सिद्ध होता है । अवहारप्ररूपणा समाप्त हुई ।

जिस प्रकार अवहारकाल है उसी प्रकार भागाभाग है, क्योंकि, सब निषेक सब द्रव्यके असंख्यातवें भाग मात्र हैं । भागाभागप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अन्तिम निषेक (९) सबसे स्तोक है । प्रथम निषेक (५१२) उससे असंख्यातगुणा है । गुणकार क्या है ? गुणकार कुछ कम अन्योन्याभ्यस्त राशि है— ६४ — $७\frac{१}{९} = \frac{५१२}{९}$ । उससे अप्रथम-अचरम द्रव्य असंख्यातगुणा है । गुणकार क्या है ? एक और एकके असंख्यातवें भागसे हीन डेढ़ गुणहानि गुणकार है— $\frac{५७७९}{५१२} = ११\frac{१४७}{५१२}$ । इसका कारण यह है कि प्रथम निषेकके गुणकारमें यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो अन्तिम निषेकसे अधिक प्रथम निषेकके गुणकारमें कितने अंकोंकी हानि पायी जायगी, इस प्रकार प्रमाण राशिसे इच्छा राशिको भाजित करनेपर एकका असंख्यातवां भाग अधिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखेज्जदिभागेणाहियएकरूवस्स परिहाणिदंसणादो | १ / ९ / ५१२ | । एदम्मि उत्ते | १२ / ३९ / १२८ | अवणिदे गुणगारो आगच्छदि । तस्स पमाणमेदं | ५७७९ / ५१२ | । एदेण पढमणिसेगे गुणिदे एत्तियं होदि | ५७७९ | अपढमदव्वं विसेसाहियं, चरिमणिसेगपवेसादो | ५७८८ | । अचरिमदव्वं विसेसाहियं, चरिमणिसेगेणूणपढमणिसेगप्पवेसादो | ६२९१ | । सव्वासु ट्ठिदीसु दव्वं विसेसाहियं, चरिमणिसेगप्पवेसादो | ६३०० | । एवमप्पाबहुगपरूवणा गदा ।

जेणेवमेगसमयपबद्धस्स रचणा होदि तेण कम्मट्ठिदिआदिसमयपबद्धसंचयस्स भागहारो अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो त्ति सिद्धो । पाहुडे अग्गट्ठिदिपत्तगम्मि भण्णमाणे एगसमयपबद्धस्स कम्मट्ठिदिणिसित्तदव्वस्स कालो दुधा गच्छदि सांतरवेदगकालेण णिरंतरवेदगकालेण च । तत्थ बद्धसमयादो आवलियाअदिक्कंतो समयपबद्धो णियमेण ओकड्डिदूण वेदिज्जदि । तदो उवरि णिरंतरं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तकालं णियमेण वेदिज्जदि ।

एक अंककी हानि देखी जाती है — $\frac{५२१}{५१२} = १\frac{९}{५१२}$ । इसको इसमें ($१२\frac{३९}{१२८}$) से घटा देनेपर गुणकार आता है । उसका प्रमाण यह है — $\frac{६३००}{५१२} - \frac{५२१}{५१२} = \frac{५७७२}{५१२}$ । इससे प्रथम निषेकको गुणित करनेपर इतना होता है — $\frac{५७७९ \times ५१२}{५१२} = ५७७९$ । अप्रथम-अचरम द्रव्यसे अप्रथम द्रव्य विशेष अधिक है, क्योंकि, उसमें अन्तिम निषेक प्रविष्ट है — ५७७९ + ९ = ५७८८ । उससे अचरम द्रव्य विशेष अधिक है, क्योंकि उसमें चरम निषेकसे रहित प्रथम निषेक प्रविष्ट है — ७८८ + ५१२ − ९ = ६२९१ । उससे सब स्थितियोंका द्रव्य विशेष अधिक है, क्योंकि, उसमें अन्तिम निषेक प्रविष्ट है — ६२९१+९=६३०० । इस प्रकार अल्पबहुत्वप्ररूपणा समाप्त हुई ।

यतः एक समयप्रबद्धकी रचना इस प्रकारकी होती है, अत एव कर्मस्थितिके प्रथम समयप्रबद्धके संचयका भागहार अंगुलका असंख्यातवां भाग है, यह सिद्ध होता है ।

प्राभृतमें अग्रस्थितिप्राप्त द्रव्यका कथन करते समय कर्मस्थितिमें निक्षिप्त हुए समयप्रबद्ध प्रमाण द्रव्यका काल सान्तरवेदककाल और निरन्तरवेदककालके रूपमें दो प्रकारसे जाता हुआ बतलाया है । उनमेंसे बन्धसमयसे लेकर एक आवलिके पश्चात् प्रत्येक समयप्रबद्ध अपवर्तित होकर नियमसे वेदा जाता है, जो कि इसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक नियमसे निरन्तर वेदा जाता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एसो णिरंतरो वेदगकालो णाम । तदो उवरिमसमए णियमा अवेदगकालो जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो[1] । तदो णियमा एगसमयमादिं कादूण जावुक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति णिरंतरवेदगकालो होदि । एवं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तवेदगकालेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तअवेदगकालेण च समयपबद्धो गच्छदि जाव कम्मट्ठिदिचरिमसमयं पत्तो त्ति ।

चारित्तमोहणीयक्खवणाय अट्ठमी जा मूलगाथा तिस्से चत्तारि भासगाहाओ । तत्थ तदियभासगाहाए वि एसो चेव अत्थो परूविदो । तं जहा— असामण्णाओ ट्ठिदीओ एक्का वा दो वा तिण्णि वा, एवं णिरंतरमुक्कस्सेण जाव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो त्ति गच्छंति त्ति । चउत्थगाहाए वि खवगस्स सामण्णट्ठिदीणमंतरमुक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति परूविदं । तेण कम्मट्ठिदिअब्भंतरे बद्धसमयपबद्धाणं णिरंतरमवट्ठाणाभावादो भागहारपरूवणा ण घडदि त्ति ? ण एस दोसो, उक्कड्डणाए संचिददव्वस्स गुणिदकम्मंसियचरिमसमए भागहारपरूवणादो । होदि एस दोसो जदि ठिदिपडिबद्धपदेसाणं भागहार-

---

है । इसको निरन्तरवेदककाल कहते हैं । इससे आगेके समयमें अवेदककाल आता है जो जघन्यसे एक समय और उत्कृष्ट रूपसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र होता है। तत्पश्चात् एक समयसे लेकर उत्कृष्ट रूपसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक नियमसे निरन्तरवेदककाल होता है । इस प्रकार पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र वेदककाल और पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र अवेदककालसे कर्मस्थितिका अन्तिम समय प्राप्त होने तक समयप्रबद्ध जाता है ।

चारित्रमोहनीयकी क्षपणामें जो मूल गाथा आयी है उसकी चार भाष्यगाथायें हैं। उनमेंसे तीसरी भाष्यगाथामें भी इसी अर्थकी प्ररूपणा की गई है । यथा— असामान्य स्थितियां एक हैं, दो हैं अथवा तीन हैं; इस प्रकार उत्कृष्ट रूपसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग तक निरन्तर जाती हैं ।

शंका — चतुर्थ गाथामें भी क्षपककी सामान्य स्थितियोंका अन्तर उत्कृष्ट रूपसे आवलीका असंख्यातवां भाग कहा गया है । इसलिये कर्मस्थितिके भीतर बांधे गये समयप्रबद्धोंका निरन्तर अवस्थान न होनेसे भागहारकी प्ररूपणा घटित नहीं होती है ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, उत्कर्षणा द्वारा संचित हुए द्रव्यका गुणितकर्मांशिकके अन्तिम समयमें भागहार कहा गया है । यदि यहां स्थितिके सम्बन्धसे प्रदेशोंकी भागहारप्ररूपणा की जाती तो यह दोष हो सकता था । किन्तु यहां

---

१ प्रतिषु ' संखेज्जदिभागो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परूवणा कीरदि । ण च एत्थ ठिदिणियमो अत्थि । तेण णिरंतरभागहारपरूवणा ण सांतर-णिरंतरवेदगकालेण सह विरुज्झदे । उक्कड्डणाए उवरिमट्ठिदीओ पत्ताणं एगसमयपबद्ध-पदेसाणं कधं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तकालमोक्कड्डणुदयाभावो जुज्जदे? ण, उव-सामणादिकरणवसेण तेसिं तदविरोहादो । ओकड्डणाए णट्ठदव्वं सुट्ठु थोवं त्ति तमप्पहाणं करिय एत्थ ताव भागहारो उच्चदे — कम्मट्ठिदिआदिसमयपबद्धसंचयस्स भागहारो परूविदो । एण्हिं कम्मट्ठिदिबिदियसमयसंचयस्स भागहारो उच्चदे । तं जहा — कम्मट्ठिदि-पढमसमयसंचिददव्वभागहारं विरलिय सव्वदव्वं समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि चरिमणिसेगपमाणं पावदि । पुणो एदस्स भागहारस्स अद्धं विरलिय सव्वदव्वं समखंडं करिय दिण्णे दो दो चरिमणिसेगा[1] रूवं पडि पावेंति । ण च दोहि चरिमणिसेगेहि चेव कम्मट्ठिदिबिदियसमयसंचओ होदि, तस्स चरिम-दुचरिमणिसेगपमाणत्तादो । तम्हा दोण्णं चरिमणिसेगाणमुवरि जहा एगो गोवुच्छविसेसो अहिओ होदि तहा अवहारकालस्स

स्थितिका नियम नहीं है । इस कारण निरन्तर भागहारकी प्ररूपणा सान्तर व निरन्तर वेदककालके साथ विरोधको नहीं प्राप्त होती ।

शंका—उत्कर्षणा द्वारा उपरिम स्थितियोंको प्राप्त हुए एक समयप्रबद्धके प्रदेशोंका पल्योपमके असंख्यातवें भाग काल तक अपकर्षण और उदयका अभाव कैसे बन सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि, उपशामना आदि करणोंके द्वारा उनका उतने काल तक अपकर्षणका अभाव और उदयाभाव माननेमें कोई विरोध नहीं आता ।

अपकर्षणा द्वारा नष्ट हुवा द्रव्य बहुत स्तोक है; इस कारण उसे गौण करके यहां सर्वप्रथम भागहारका कथन करते हैं — कर्मस्थितिके प्रथम समयमें बन्धको प्राप्त हुए संचयके भागहारकी प्ररूपणा की जा चुकी है । यहां कर्मस्थितिके द्वितीय समयमें हुये संचयका भागहार कहते हैं । यथा— कर्मस्थितिके प्रथम समयमें संचित द्रव्यके भागहारका विरलन करके सब द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर विरलनके प्रत्येक एकके प्रति अन्तिम निषेकका प्रमाण प्राप्त होता है । फिर इस भागहारके अर्ध भागका विरलन करके सब द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर विरलनके प्रत्येक एकके प्रति दो दो अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं । किन्तु मात्र दो अन्तिम निषेकोंके द्वारा कर्मस्थितिके द्वितीय समयका संचय नहीं होता, क्योंकि, वह चरम और द्विचरम निषेक प्रमाण है । इस कारण दोनों अन्तिम निषेकोंके ऊपर जिस प्रकार एक गोपुच्छविशेष अधिक होवे उस प्रकार अवहारकालकी परिहानि की जाती है । यथा — नीचे एक अधिक गुणहानिको जितने स्थान आगेके विवक्षित हों उनसे गुणित करके जो लब्ध आवे उसे जितने स्थान

१ अ-आप्रत्योः ' चरिमणिसेगो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिहाणी कीरदे । तं जहा— हेट्ठा रूवाहियगुणहाणिं चडिदद्धाणगुणं रूवूणचडिदद्धाण-संकलणाए ओकड्डिय विरलिय[1] एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि एगेगगोवुच्छविसेसो पावदि । एत्थ एगविसेसं घेत्तूण उवरिमविरलणाए बिदियरूवधरिदम्मि दिण्णे चरिम-दुचरिमणिसेयपमाणं कम्मट्ठिदिबिदियसमयसंचयतुल्लं होदि । एवं सेसविसेसे वि उवरिमरूव-धरिदेसु दादूण समकरणं करिय परिहाणिरूवाणि उप्पाएदव्वाणि । तं जहा— रूवाहिय-गुणहाणिणा दुगुणेण रूवूणगुणगारसंकलणाए ओवट्टिय कय[2]रूवाहिएण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणि-रूवाणि लब्भंति । पुणो तेसु तत्तो सोहिदेसु भागहारो होदि । एदेण समयपबद्धे भागे[3] हिदे चरिम-दुचरिमणिसेगपमाणं होदि ।

का भागहार लाना है, एक कम उनके संकलनका भाग देनेपर जो लब्ध हो उसका विरलन करके एक अंकके ऊपर रखी हुई राशिको समखण्ड करके देनेपर विरलनके प्रत्येक एकके प्रति एक एक गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है। यहां एक विशेषको ग्रहण कर उपरिम विरलनके द्वितीय अंकके प्रति प्राप्त राशिके ऊपर देनेपर चरम और द्विचरम निषेकोंका प्रमाण कर्मस्थितिके द्वितीय समय सम्बन्धी संचयके तुल्य होता है। इसी प्रकार शेष विशेषोंको भी उपरिम विरलन अंकोंके ऊपर देकर समीकरण करके हीन अंकोंको उत्पन्न कराना चाहिये। यथा— एक अधिक गुणहानिको दूना कर उससे एक कम गुणकारके संकलनको अपवर्तित करके जो लब्ध आवे उसे एक अधिक करनेसे यदि एक अंककी हानि प्राप्त होती है तो उपरिम विरलनमें कितनी हानि प्राप्त होगी, इस प्रकार फलराशिसे गुणित इच्छाराशिको प्रमाणराशिसे अपवर्तित करनेपर परिहीन अंक प्राप्त होते हैं। पुनः उनको उक्त राशि-मेंसे घटानेपर भागहार प्राप्त होता है। इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर चरम और द्विचरम निषेकोंका प्रमाण होता है।

उदाहरण— पूर्व भागहारका अर्ध भाग ३५०; गुणहानि ८; चडित अध्वान २; एक कम चडित अध्वान संकलन १।

$६३०० \div ३५० = १८$ दो अन्तिम निषेक।

$८ + १ = ९$; $९ \times २ = १८$; $१८ \div १ = १८$ विरलन राशि

१ १ १ १ १ १ १ ... १८

− १ १ १ १ १ १ १ ... १८

$३५० \div १९ = \frac{३५०}{१९}$, $३५० - \frac{३५०}{१९} = ३३१\frac{११}{१९}$ चरम-द्विचरम निषेक प्राप्त करनेका भागहार।

$६३०० \div \frac{६३००}{१९} = १९$ चरम-द्विचरम निषेक।

---

१ अप्रतौ ' विरलणाए ' इति पाठः।

२ अप्रतौ ' सुकलणाए ओवट्टि कय− ' इति पाठ :। ३ प्रतिषु 'समयपबद्धेण भागे' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं रूवाहियगुणहाणिं चडिदद्धाणेण गुणिय चडिदद्धाणरूवूणसंकलणाए ओवट्टिय रूवाहियं करिय एदेण फलगुणिदिच्छामोवट्टिय परिहाणिरूवाणमुप्पत्ती सव्वत्थ वत्तव्वा। अधवा दुरूवाहियणिसेगभागहारं रूवूणचडिदद्धाणेण ओवट्टिय रूवाहियं करिय फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि लब्भंति। अधवा रूवूणचडिदद्धाणद्धेण रूवाहियगुणहाणिमोवट्टिय रूवाहियं काऊण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि लब्भंति। अधवा रूवाहियगुणहाणिणा चरिमणिसेयभागहारं गुणिय विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि एगेगगोवुच्छविसेसो पावदि त्ति कादूण चडिदद्धाणेण रूवाहियगुणहाणिं गुणिय चडिदद्धाणरूवूणसंकलणं तत्थेव पक्खिविय पुव्वविरलणाए ओवट्टिदाए इच्छिदसमयपबद्धसंचयस्स भागहारो होदि। एवं चदुहि पयारेहि एगसमयपबद्धसंचयस्स भागहारो

इस प्रकार एक अधिक गुणहानिको आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनसे गुणित कर आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनकी एक कम संकलनासे अपवर्तित करके जो प्राप्त हो उसमें एक मिलाकर इससे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर परिहीन रूपोंकी उत्पत्ति सर्वत्र कहना चाहिये।

अथवा, दो अधिक निषेकभागहारको एक कम आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनसे अपवर्तित कर जो प्राप्त हो उसमें एक मिलाकर उससे फलगुणित इच्छाके भाजित करनेपर परिहीन अंक प्राप्त होते हैं।

उदाहरण— निषेकभागहार १६, चडित अध्वान २;

$१६ + २ = १८; १८ \div १ = १८; १८ + १ = १९,$

$३५० \div १९ = \frac{३५०}{१९}; ३५० - \frac{३५०}{१९} = ३३१\frac{११}{१९}.$

अथवा एक कम आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनके अर्ध भागसे एक अधिक गुणहानिको भाजित कर जो प्राप्त हो उसमें एक मिलाकर उससे फलगुणित इच्छाको भाजित करनेपर परिहीन रूप प्राप्त होते हैं।

उदाहरण— चडित अध्वान २; गुणहानि ८;

$२ - १ = १; १ \times \frac{१}{२} = \frac{१}{२}; ८ + १ = ९ \div \frac{१}{२} = १८; १८ + १ = १९;$

$३५० \div १९ = \frac{३५०}{१९}; ३५० - \frac{३५०}{१९} = ३३१\frac{११}{१९}.$

अथवा, एक अधिक गुणहानिसे अन्तिम निषेकके भागहारको गुणित करके विरलित कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर विरलनके प्रत्येक एकके प्रति एक एक गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है, ऐसा समझकर आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनसे एक अधिक गुणहानिको गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उसमें ही आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनके एक कम संकलनको मिलाकर पूर्व विरलनके अपवर्तित करनेपर इच्छित समयप्रबद्धके संचयका भागहार होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साधेदव्वो। बिदियसमयपबद्धसंचयस्स भागहारसंदिट्ठी $\left|\frac{६३००}{१९}\right|$।

संपधि तिण्णिसमए उवरि चडिय बद्धसमयपबद्धसंचयस्स भागहारे आणिज्जमाणे चरिमणिसेगभागहारतिभागं विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि तिण्णि-तिण्णि चरिमणिसेगा पावेंति। पुणो हेट्ठा दुगुणरूवाहियगुणहाणिं रूवूणचडिदद्धाणेण खंडिदं विरलिय उवरिमएगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि रूवूणचडिदद्धाणसंकलण-मेत्तगोवुच्छविसेसा पावेंति। तेसु उवरिमविरलणरूवधरिदतिसु चरिमणिसेगेसु पक्खित्तेसु इच्छिदसंचओ होदि, रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण एगरूवपरिहाणी च लब्भदि। एवं समकरणे कदे परिहाणिरूवाणं पमाणमुच्चदे— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति फलगुणिदिच्छाए पमाणेणोवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि लब्भंति। पुव्वं व एदाणि चदुहि पयारेहि आणिय उवरिमविरलणाए अवणिदेसु इच्छिदसंचयभागहारो होदि $\left|\frac{६३००}{३०}\right|$। एदेण समयपबद्धे भागे

उदाहरण— अन्तिम निषेकभागहार ७००, गुणहानि ८, चडित अध्वान २;

८ + १ = ९; ७०० × ९ = ६३००।

८ + १ = ९; ९ × २ = १८; १८ + १ = १९;

६३०० ÷ १९ = $\frac{६३००}{१९}$ इच्छित भागहार

इस तरह चार प्रकारसे एक समयप्रबद्धके संचयका भागहार सिद्ध करना चाहिये। द्वितीय समयप्रबद्धके संचयके भागहारकी संदृष्टि— $\frac{६३००}{१९}$।

अब तीन समय आगे जाकर बांधे समयप्रबद्धके संचयके भागहारको लाते समय अन्तिम निषेकके भागहारके त्रिभागका विरलन करके समयप्रबद्धको समखण्ड करके देने-पर विरलनके प्रत्येक एकके प्रति तीन तीन अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं। पश्चात् उसके नीचे आगेके जितने स्थान विवक्षित हों, एक कम उनसे भाजित एक अधिक गुणहानिके दूनेका विरलन करके उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति एक कम आगेके जितने स्थान विवक्षित हों उनके संकलन मात्र गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं। उनको उपरिम विरलनपर धरे हुए तीन अन्तिम निषेकोंमें मिलानेपर इच्छित संचयका प्रमाण होता है, तथा एक अधिक अधस्तन विरलन मात्र स्थान जाकर एक अंककी हानि भी पायी जाती है। इस प्रकार समीकरण करनेपर कम हुए अंकका प्रमाण कहते हैं— एक अधिक अधस्तन विरलन मात्र स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें कितने अंकोंकी हानि पायी जावेगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छाको प्रमाणसे अपवर्तित करनेपर परिहीन अंक प्राप्त होते हैं। पूर्वके समान इनको उक्त चारों प्रकारोंसे लाकर उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित संचयका भागहार होता है— $\frac{६३००}{३०}$। इसका समयप्रबद्धमें

१ अ-काप्रत्योः ' भागहारं विरलिय ' सप्रतौ ' भागहारविभागं विरलिय ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिदे इच्छिददव्वं होदि । एवं सव्वत्थ अव्वामोहेण चदुहि पयोरेहि भागहारो साहेयव्वो ।

संपधि एगादिएगुत्तरकमेण वड्ढमाणा केत्तियमद्धाणं गंतूण रूवाहियगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसा होंति जेण रूवाहियचडिदद्धाणेण[1] चरिमणिसेगभागहारस्स ओवट्टणा कीरदे ? कम्मट्ठिदिपढमसमयप्पहुडि गुणहाणिअद्धवग्गमूलगुणे रूवाहिए उवरि चडिदे होदि । तं जहा— तत्थ ताव गुणहाणिपमाणं संदिट्ठीए बारसुत्तर-पंच-सदं | ५१२ | । गुणहाणिअद्धमेदं | २५६ | । एदमद्धवग्गमूलं[2] | १६ | । अद्धपमाणमेदं | ३२ | । गुणहाणिअद्धवग्गमूलमणवट्ठिदभागहारो णाम, एदस्स अवट्ठाणाभावादो । एसो पढमरूवे उप्पाइज्जमाणे असंखेज्जपलिदोवमबिदियवग्गमूलमेत्तो, सव्वकम्मगुणहाणीणं असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलपमाणत्तादो । उवरि हायमाणो गच्छदि जाव एगरूवं पत्तो त्ति । एदीए संदिट्ठीए अत्थो साहेदव्वो । तं जहा— अणवट्ठिद-

भाग देनेपर इच्छित द्रव्य होता है । इस प्रकार व्यामोहसे रहित होकर सर्वत्र चार प्रकारसे भागहार सिद्ध करना चाहिये ।

उदाहरण— अन्तिम निषेकका भागहार ७००, चडित अध्वान ३ ।

$६३०० \div \frac{७००}{३} = २७$ तीन अन्तिम निषेक ।


$३ - १ = २; ८ + १ = ९; ९ \times २ = १८; १८ \div २ = ९;$
$२७ \div ९ = ३$ चडित अध्वानके संकलन मात्र गोपुच्छविशेष ।
$२७ + ३ = ३०$ इच्छित संचय ।

अब एक आदि उत्तरोत्तर एक अधिक क्रमसे बढ़ते हुए कितने स्थान जाकर एक अधिक गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेष होते हैं, जिससे एक अधिक आगेके विवक्षित स्थानोंसे अन्तिम निषेकके भागहारकी अपवर्तना की जाती है? कर्मस्थितिके प्रथम समयसे लेकर गुणहानिके अर्ध भागके वर्गमूलसे गुणित कर एक अधिक आगे जानेपर उक्त गोपुच्छविशेष एक अधिक गुणहानि मात्र होते हैं । यथा— गुणहानिका प्रमाण संदृष्टिमें पांच सौ बारह ५१२ है । गुणहानिका आधा यह है— २५६ । यह अर्ध भागका वर्गमूल है— १६ । अद्धाका प्रमाण यह है — ३२ । गुणहानिके अर्ध भागका वर्गमूल अनवस्थित भागहार है, क्योंकि, यह अवस्थित नहीं पाया जाता । प्रथम रूपके उत्पन्न कराते समय यह असंख्यात पल्योपमके द्वितीय वर्गमूल प्रमाण होता है, क्योंकि, सब गुणहानियां असंख्यात पल्योपमोंके प्रथम वर्गमूलोंके बराबर हैं । आगे वह एक रूप प्राप्त होने तक हीन होता हुआ चला जाता है ।


१ अप्रतौ ' चडिदट्ठाणीण ', आप्रतौ ' चडिदद्धाणाणं ', काप्रतौ ' चडिदद्धाणीण ', मप्रतौ ' चडिदद्धाणेण ' इति पाठः । २ अप्रतौ ' गुणवग्ग ' इति पाठः । ३ आप्रतौ ' एदमेत्थ ' काप्रतौ 'एदमत्थ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागहारेण गुणहाणिअद्धाणे खंडिदे भागहारादो[1] दुगुणमागच्छदि [३२]। लद्धमेदं रूवाहियमुवरि चडिदूण बद्धसमयपबद्धसंचयस्स भागहारो रूवाहियचडिदद्धाणेण चरिमणिसेगभागहारे खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो होदि। तं कधं णव्वदे? उच्चदे— चरिमणिसेगादिं[2] चडिदद्धाणगच्छगोवुच्छविसेसुत्तरसंकलणखेत्तं ठविय



एत्थ चरिमणिसेगविक्खंभं चडिदद्धाणदीहखेत्तं तच्छेदूण पुध ट्ठविदे तत्थ चडिदद्धाणमेत्तचरिमणिसेगा लब्भंति [९।३२]। पुणो अवणिदसेससखेत्तमेवं



ठविय मज्झम्मि फालिय अधोसिरं करिय बिदियादोपासे संधिदे गुणहाणिअद्धवग्गमूलं अद्धरूवाहियं विक्खंभो। आयामो पुण रूवूणचडिदद्धाणमेत्तो। पुणो अणवट्ठिदभागहारविक्खंभेण लद्धमेत्तायामे गुणिदे गुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसा होंति। पुणो तत्थ उव्वट्टिदअणवट्ठिदभागहारमेत्तगोवुच्छाविसेसेसु एगगोवुच्छविसेसं घेत्तूण पक्खित्ते एगो चरिमणिसेगो उप्पज्जदि। तम्मि पुव्विल्लणिसेगेसु

इस संदृष्टिका अर्थ कहते हैं। यथा— अनवस्थित भागहारका गुणहानिके प्रमाणमें भाग देनेपर भागहारसे दुगुणा आता है ३२। इस लब्धमें एक मिलानेपर जो प्रमाण हो उतना आगे जाकर बांधे हुए समयप्रबद्धके संचयका भागहार एक अधिक जितने स्थान आगे गये हों उससे अन्तिम निषेकके भागहारको भाजित करनेपर उनमें एक खण्डके बराबर होता है।

शंका — वह कैसे जाना जाता है?

समाधान— इस शंकाका उत्तर कहते हैं। यहां अन्तिम निषेक प्रमाण विस्तारवाले और जितने स्थान आगे गये हैं उतने आयामवाले क्षेत्रको छीलकर अलग रखनेपर उसमें जितने स्थान आगे गये हैं उतने अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं ९ × ३३। पुनः निकाले हुए शेष क्षेत्रको इस प्रकार (संदृष्टि मूलमें देखिये) स्थापित कर बीचमेंसे फाड़कर और [उलटा कर] दूसरे क्षेत्रके पार्श्व भागमें मिला देनेपर एकका आधा अधिक गुणहानिके अर्ध भागके वर्गमूल प्रमाण विष्कम्भ होता है और आयाम एक कम जितने स्थान आगे गये हैं उतना होता है। फिर अनवस्थित भागहार रूप विष्कम्भसे लब्ध मात्र आयामके गुणित करनेपर गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेष होते हैं ३२ × १६ = ५१२। पुनः उन बचे हुए अनवस्थित भागहार मात्र गोपुच्छविशेषोंमेंसे एक गोपुच्छविशेष ग्रहण कर मिला देनेपर एक अन्तिम निषेक उत्पन्न होता है। उसको पूर्व निषेकोंमें मिलाने-

---

१ काप्रतौ 'भागहारो' इति पाठः। २ काप्रतौ 'णिसेगाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्खित्ते रूवाहियचडिदद्धाणमेत्तचरिमणिसेगा होंति । पुणो एदाहि चरिमणिसेगसलागाहि चरिमणिसेगभागहारमोवट्टिय उवट्टिदगोवुच्छविसेसाणमागमणट्ठं किंचूणं कदे इच्छिदभागहारो होदि ।

एत्थ अत्थपरूवणा कीरदे । तं जहा— अणवट्ठिदभागहारं वग्गिय दुगुणेदूण गुणहाणिम्हि भागे हिदे पक्खेवरूवाणि आगच्छंति । दुगुणिदभागहारे पक्खेवरूवेहि गुणिदे अद्धमागच्छदि । संपहि रूवूणुप्पण्णद्धाणस्स[1] पुध परूवणा कीरदे । तं जहा— जम्हि अद्धाणे एगादिएगुत्तरवड्ढीए गदगोवुच्छविसेसा सव्वे मेलिदूण रूवाहियगुणहाणिमेत्ता होंति तम्हि एगरूवमुप्पज्जदि । एत्थ रूवाहियगुणहाणी गोवुच्छविसेसाणं संकलणसंदिट्ठी [९][2] ।

घणमट्ठुत्तरगुणिदे बिगुणादीउत्तरूणवग्गजुदे ।
मूलं पुरिमूलूणं बिगुणुत्तरभाजिदे गच्छो ॥ १४ ॥

एदीए गाहाए गच्छाणयणं वत्तव्वं । तं जहा— घणमट्ठहि गुणिदे संदिट्ठीए बाहत्तरि [७२] । उत्तरं गुणिदे एसा चेव होदि, उत्तरस्स एगत्तादो । दुगुणमादिमुत्तरूणं [१]

पर एक अधिक जितने स्थान आगे गये हैं उतने अन्तिम निषेक होते हैं । पुनः इन अन्तिम निषेकोंकी शलाकाओंसे अन्तिम निषेकके भागहारको अपवर्तित कर उपस्थित गोपुच्छविशेषोंके लानेके लिये कुछ कम करनेपर इच्छित भागहार होता है ।

यहां अर्थप्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है— अनवस्थित भागहारका वर्ग करके दुगुणित कर गुणहानिमें भाग देनेपर प्रक्षेप रूप आते हैं । दुगुणित भागहारको प्रक्षेपरूपोंसे गुणित करनेपर अध्वान आता है । अब उत्पन्न हुए एक अध्वानकी पृथक् प्ररूपणा करते हैं । यथा— जिस अध्वानमें एकसे लेकर उत्तरोत्तर एक अधिक वृद्धिको प्राप्त हुए गोपुच्छविशेष सब मिलकर एक अधिक गुणहानि मात्र होते हैं उसमें एक रूप उत्पन्न होता है । यहांपर एक अधिक गुणहानि (९) गोपुच्छविशेषोंके संकलनकी संदृष्टि है ।

धनको आठसे और फिर उत्तरसे गुणा करके उसमें, द्विगुणित आदिमेंसे उत्तरको कम करके जो राशि प्राप्त हो उसके वर्गको जोड़ दे । फिर इसके वर्गमूलमेंसे पहलेके प्रक्षेपके वर्गमूलको कम करके शेष रही राशिमें द्विगुणित उत्तरका भाग देने पर गच्छका प्रमाण आता है ॥ १४ ॥

इस गाथा द्वारा गच्छ लानेकी विधि कहनी चाहिये । यथा— धनको आठसे गुणित करनेपर संदृष्टिकी अपेक्षा बहत्तर ७२ होते हैं । इसे उत्तरसे गुणा करनेपर यही संख्या होती है, क्योंकि, यहां उत्तरका प्रमाण एक है । आदिको दूना करके फिर उसमेंसे उत्तरको कम करके (१ × २ = २; २ − १ = १) वर्गित कर मिलानेपर इतना

---

१ प्रतिषु ' रूउप्पण्णद्धाणस्स ' इति पाठः । २ प्रतिषु [६ / ९], मप्रतौ [९] इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वग्गिय पक्खित्ते एत्तियं होदि | ७३ | । एसा करणिसुद्धं वग्गमूलं ण देदि त्ति एवं चेव ट्ठवेदव्वा । पुव्विल्लपक्खेवमूलमेक्को | १ | । पुव्विल्लरासी जदि रूवगया तो तत्थ एदस्स अवणयणं कीरदे । सा पुण करणिगया त्ति एदिस्से ण तत्थ अवणयणं काउं सक्किज्जदि त्ति पुध ट्ठवेदव्वा | + १ | । सोज्झमाणादो एदिस्से रिणसण्णा । पुणो बिगुणेण उत्तरेण भागे घेप्पमाणे करणीए करणी चेव रूवगयस्स[1] रूवगयं चेव भागहारो होदि त्ति णायादो करणी[2] चदुहि छेत्तव्वा, रूवगयं[3] दोहि । | ७३ + ४ १ २ | एसो रूवाहियगुणहाणिमेत्तसंकलणाए गच्छो । एसो चेव रूवाहिओ चडिदद्धाणं होदि ।

संपहि एदम्हादो गच्छादो रूवाहियगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसाणमुप्पत्ती उच्चदे । तं जहा— संकलणरासिम्मि छेदो रासी द्धावयाँ (?) हि त्ति दो गच्छा ठवेदव्वा | ७३ + १ ७३ + १ ४ २ ४ २ |।

एत्थ एगरासी रूवं पक्खविय अद्धेदव्वा त्ति रिणद्धरूवं धण-धणरूवम्हि अवणिय अद्धिदे

अर्थात् ७२ + १ = ७३ होता है । इससे करणिशुद्ध वर्गमूल नहीं प्राप्त होता, इसलिये इसे इसी प्रकार रहने देना चाहिये। पहलेके प्रक्षेपका वर्गमूल एक है १ । पहलेकी राशि यदि रूपगत अर्थात् प्रत्येक हो तो उसमेंसे इसे घटा देना चाहिये । परन्तु वह करणिगत है, इसलिये इसे उसमेंसे नहीं घटाया जा सकता है। अत एव इसे अलग स्थापित कर देना चाहिये + १ । शोध्यमान अर्थात् घटाने योग्य होनेसे इसकी ऋण संज्ञा है । फिर दुगुने उत्तरका भाग ग्रहण करते समय करणिगतका करणिगत ही भागहार होता है और रूपगतका रूपगत ही भागहार होता है, इस नियमके अनुसार करणिमें चारसे और रूपगतमें दोसे भाग लेना चाहिये । $\frac{७३}{४}\ \frac{+१}{२}$ यह एक अधिक गुणहानि मात्र संकलनका गच्छ है । यही एकाधिक करनेपर आगेका स्थान होता है ।

अब इस गच्छके आधारसे एक अधिक गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेषोंकी उत्पत्तिका कथन करते हैं । यथा— संकलन राशिमेंसे छेद राशि ..... (?) इसलिये दो गच्छ स्थापित करना चाहिये $\frac{७३}{४}\ \frac{+१}{२}\ \frac{७३}{४}\ \frac{+१}{२}$ । यहां इस राशिमें एक मिलाकर आधी करनी चाहिये। इसलिये ऋणके एक बटे दोको धनधन रूप राशिमेंसे घटा कर आधा करनेपर इतना $\sqrt{\frac{७३}{१६}} + \frac{१}{४}$ होता है । इससे गच्छको दुप्रति-

---

१ प्रतिषु ' रूवगच्छियस्स ' इति पाठः २ प्रतिषु ' करणे ' इति पाठः । ३ प्रतिषु 'रूवगये' इति पाठः । ४ मप्रतौ ' त्थावया ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्तियं होदि $\left|\frac{७३}{१६}\ \frac{१}{४}\right|$ । एदेहि गच्छं दुप्पडिरासिय गुणिदे सो रासी उप्पज्जदि $\left|\frac{५३२९}{६४}\right|^{+}\left|\frac{७३}{६४}\right|\left|\frac{७३}{६४}\right|^{+}\left|\frac{१}{८}\right|$ एत्थ वाम-दाहिणदिसाठिदकरणिगयधण-रिणाणं सरिसाणमवणयणं काऊण सेसकरणिगयस्स मूलमेत्तियं होदि $\left|\frac{७३}{८}\right|$ । एत्थ हेट्ठिमरिणमेगरूवट्ठमभागं सोहिय अट्ठहि भागे हिदे रूवाहियगुणहाणिमेत्ता गोवुच्छविसेससंकलणा होदि |९| ।

संपहि बिदियरूवे उप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं चउसट्ठि |६४| । गुणहाणिचदुब्भागो |१६| । चदुब्भागवग्गमूलं |४| । चदुब्भागवग्गमूलेण गुणहाणिअद्धाणम्मि भागे हिदे भागहारादो चदुगुणमागच्छदि |१६| । एदं रूवाहियमुवरि चडिदूण बंधमाणस्स रूवाहियचडिदद्धाणमेत्तरूवोवट्टिदचरिमणिसेगभागहारो होदि । तं जहा— संकलणक्खेत्तं ठविय चरिमणिसेयपमाणेण तच्छिय पुध ट्ठविदे चडिदद्धाणमेत्तचरिमणिसेगा होंति |९|१७|। सेसखेत्तं भागहारचदुगुणमेत्तसम-त्तिभुजं चेट्ठदि । पुणो एदं मज्झे छेत्तण समकरणे कदे भाग-

---

राशि करके गुणा करनेपर यह राशि उत्पन्न होती है $\sqrt{\frac{५३२९}{६४}}\ \sqrt{\frac{७३}{६४}} + \sqrt{\frac{७३}{६४}}\ \frac{+१}{८}$

यहां वाम और दक्षिण दिशामें स्थित करणिगत धन और ऋणके सदृश अंकोंका अपनयन कर शेष करणिगतका मूल इतना $\frac{७३}{८}$ होता है । इसमेंसे अधस्तन ऋण एक बटे आठको कम करके आठका भाग देने पर एक अधिक गुणहानि मात्र गोपुच्छविशेषोंका संकलन होता है $\frac{७३}{८} - \frac{१}{८} = ७२;\ ७२ \div ८ = ९$।

अब द्वितीय रूपके उत्पन्न करानेपर गुणहानिका प्रमाण ६४ है । गुणहानिका चौथा भाग १६ है । चौथे भागका वर्गमूल ४ है । चौथे भागके वर्गमूलसे गुणहानिअध्वानमें भाग देनेपर भागहारसे चौगुना १६ आता है । एक अधिक ऊपर जाकर इसे बांधनेवालेके रूपाधिक जितने स्थान आगे गये हों तन्मात्र अंकोंसे भाग देनेपर अन्तिम निषेकका भागहार होता है । यथा— संकलन क्षेत्रकी स्थापना करके अन्तिम निषेक प्रमाण छीलकर पृथक् रखनेपर जितने स्थान आगे गये हों उतने अन्तिम निषेक होते हैं ९ × १७। शेष क्षेत्र भागहारसे चौगुना सम त्रिभुजाकार स्थित रहता है । फिर इसे बीचमें चीरकर समीकरण करनेपर भागहारसे चौगुना आयामवाला और दुगुना विस्तारवाला होकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हारचदुगुणमेत्तायामदुगुणविक्खंभं होदूण चेट्ठदि $\left|\begin{smallmatrix}४\\४\end{smallmatrix}\right|\left|\begin{smallmatrix}१६\\१६\end{smallmatrix}\right|$। दोण्णं खंडाणं विक्खंभायामाणं पुध पुध संवग्गं काऊण उव्वरिदभागहारदुगुणमेत्तगोवुच्छविसेसेसु दोगोवुच्छविसेसे घेत्तूण पक्खित्ते दोचरिमणिसेगा उप्पज्जंति। ते चडिदद्धाणमेत्तचरिमणिसेगेसु पक्खिविय $\left|\begin{smallmatrix}९\\४\end{smallmatrix}\right|\left|\begin{smallmatrix}१९\\१६\end{smallmatrix}\right|$ चरिमणिसेगसलागाहि चरिमणिसेगभागहारे ओवट्टिदे इच्छिदभागहारो होदि। णवरि उव्वरिदविसेसागमणट्ठं किंचूणं कायव्वं।

संपहि एत्थ पुधद्धाणपरूवणा कीरदे। तं जहा — दुगुणरूवाहियगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेससंकलणं ठविय $\left|\begin{smallmatrix}१८\\\end{smallmatrix}\right|$ अट्ठहि उत्तरेहि य गुणिय उत्तरूणदुगुणादिं वग्गिय पक्खित्ते एत्तियं होदि $\left|\begin{smallmatrix}१४५\\\end{smallmatrix}\right|$। एसा करणिपक्खेवमूलं $\left|\begin{smallmatrix}+\\१\end{smallmatrix}\right|$। एदाओ दो वि रासीओ समयाविरोहेण अच्छिदे गच्छो होदि $\left|\begin{smallmatrix}\frac{१४५}{४}\\\end{smallmatrix}\right|\left|\begin{smallmatrix}+\\१\\२\end{smallmatrix}\right|$। एत्थ रूवं पक्खित्ते चडिदद्धाणं होदि। एदम्हादो गच्छादो संकलणाणयणविवरणं उच्चदे। तं जहा — गच्छम्मि रिणद्धं रूवम्मि

स्थित रहता है $\frac{४}{४}$ $\frac{१६}{१६}$। फिर दोनों खण्डोंके विष्कम्भ और आयामका अलग अलग संवर्ग करके शेष बचे भागहारके दूने मात्र गोपुच्छविशेषोंमेंसे दो गोपुच्छविशेषोंको ग्रहण कर मिलानेपर दो अन्तिम निषेक उत्पन्न होते हैं। उन्हें जितने स्थान आगे गये हों उतने अन्तिम निषेकोंमें मिलाकर ९, १९ अन्तिम निषेकोंकी शलाकाओंसे अन्तिम निषेकके भागहारमें भाग देनेपर इच्छित भागहार होता है। इतनी विशेषता है कि शेष बचे विशेषोंको लानेके लिये कुछ कम करना चाहिये।

अब यहां पृथक् अध्वान का कथन करते हैं। यथा — एक अधिक गुणहानिको दूना करके जो संख्या उत्पन्न हो उतने गोपुच्छविशेषोंका संकलन (१८) स्थापित कर आठसे और उत्तरसे गुणित करके उसमें एक कम दूने आदि (एक) का वर्ग मिलानेपर इतना होता है १४५। [एक अधिक गुणहानिका दुगुना ८ + १ = ९; ९ × २ = १८। १८ × ८ = १४४; उत्तरका प्रमाण १, १४४ × १ = १४४; (१ × २ = २; २ − १ = १); (१)^{२} = १; १४४ + १ = १४५।] यह करणिप्रक्षेपका मूल है $+\frac{१}{१}$ [पहिलके प्रक्षेपका वर्गमूल १ है जो १४५ के वर्गमूलकी ऋण राशि है।] इन दोनों राशियोंको यथाविधि स्थापित करनेपर गच्छ होता है $\sqrt{\frac{१४५}{४}} - \frac{+१}{२}$। इसमें एक मिलानेपर आगेका विवक्षित स्थान होता है।

अब इस गच्छके आधारसे संकलनके लानेका विवरण कहते हैं। यथा— [यहां दो गच्छ स्थापित करना चाहिये और उनमेंसे एक गच्छमें एक मिलाकर आधा करना चाहिये।] ऋण राशिके अर्ध भागको एकमेंसे घटा कर शेष धनके अर्ध भागको

१ प्रतिषु ' उवरिद ' इति पाठः। २ अप्रतौ ' पुधट्ठाण ' इति पाठः। ३ ताप्रतौ ' करणे ' इति पाठः। ४ ताप्रतौ ' अ-(त)च्छिदे ' इति पाठः। ५ अ-काप्रत्योः ' संकलणाणयणविवराण ', ताप्रतौ ' संकलणणविवरा (?) णे ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फाडिय सेसधणद्धरूवं पक्खविय अद्धिए एदं $\left|\frac{१४५}{१६}\right|\frac{१}{४}$ । एदेहि दोहि वि पुध पुध पडिरासिय गच्छं दुगुणिदे एत्तियं होदि $\left|\frac{२१०२५}{६४}\right|\frac{+}{१४५}\left|\frac{+}{६४}\right|\frac{+}{१}\left|\frac{+}{८}\right|$[1]। एत्थ वाम-दाहिण-दिसाट्ठिदरासीणं धण-रिणाणमवणयणं काऊण मूलं घेत्तूण रिणट्ठमभागमवणिय अट्ठहि भागे हिदे दोचरिमणिसेगा आगच्छंति $\left|\frac{१८}{}\right|$ ।

तिसु पक्खेवरूवेसु उप्पाइज्जमाणेसु गुणहाणिपमाणं छण्णउदी $\left|\frac{९६}{}\right|$ । एदस्स छब्भागो $\left|\frac{१६}{}\right|$ । छब्भागमूलं $\left|\frac{४}{}\right|$ । एदेण अणवट्ठिदभागहारेण गुणहाणिम्हि भागे हिदे भागहारादो छगुणमागच्छदि । पुणो एदं रूवाहियमुवरि चडिदूण बंधमाणस्स ओवट्टणरूवाणं पमाणं तिरूवाहियचडिदद्धाणं होदि । कुदो ? संकलणखेत्तं ठविय मज्झम्हि फाडिय समकरणे[2] कदे भागहारादो तिगुणविक्खंभ-छग्गुणायामखेत्तुप्पत्तिदंसणादो । एदस्स खेत्तस्स

गच्छमें मिलाकर आधा करनेपर इतना होता है $\sqrt{\frac{१४५}{१६}}+\frac{१}{४}$ । फिर इन दोनों ही राशियोंसे अलग अलग दुप्रतिराशि रूपसे स्थित गच्छको गुणित करनेपर इतना होता है $\sqrt{\frac{२१०२५}{६४}}-\sqrt{\frac{१४५}{६४}}+\sqrt{\frac{१४५}{६४}}-\frac{१}{८}$ । यहां वाम और दक्षिण दिशामें स्थित धन और ऋण राशियोंका अपनयन करनेके पश्चात् वर्गमूल ग्रहण कर ऋण रूप एक बटे आठको घटा कर आठका भाग देनेपर दो अन्तिम निषेक आते हैं १८। [$\sqrt{\frac{२१०२५}{६४}}-\frac{१}{८}=\frac{१४५}{८}-\frac{१}{८}=\frac{१४४}{८}=१४४\div८=१८$; यह दो अन्तिम निषेक प्रमाण गोपुच्छविशेषोंका संकलन है। अर्थात् कर्मस्थितिके प्रथम समयसे लेकर $\sqrt{\frac{१४५}{४}}+\frac{१}{२}$ स्थान आगे जानेपर गोपुच्छविशेष दो अन्तिम निषेक प्रमाण होते हैं]।

तीन प्रक्षेप अंकोंको उत्पन्न कराते समय गुणहानिका प्रमाण छयानवै ९६ है। इसका छठा भाग १६ है। छठे भागका वर्गमूल ४ है। यह अनवस्थित भागहार है। इससे गुणहानिके भाजित करनेपर भागहारसे छहगुना आता है। फिर इससे एक अधिक स्थान आगे जाकर बांधनेवालेके अपवर्तन रूप अंकोंका प्रमाण तीन अंक अधिक जितने स्थान आगे गये हों उतना होता है, क्योंकि, संकलनक्षेत्रको स्थापित करके और बीचसे फाड़कर समीकरण करनेपर भागहारसे तिगुने विस्तारवाले और छहगुने आयामवाले क्षेत्रकी उत्पत्ति देखी जाती है। फिर इस क्षेत्रके विस्तारको

---

१ अप्रतौ $\left|\frac{२१०२५}{६४}\right|\frac{+}{१४५}\left|\frac{+}{६४}\right|\frac{+}{१}\left|\frac{+}{८}\right|$ एवंविधात्र संदृष्टिः । २ मप्रतिमाश्रित्य कृतसंशोधने ' समकरणी कदे ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विक्खंभं तीहि खंडिय $\begin{vmatrix} ४ & २४ \\ ४ & २४ \\ ४ & २४ \end{vmatrix}$ पुध पुध विक्खंभायामसंवग्गं काऊण उव्वरिदविसेसेसु तिण्णि विसेसे घेत्तूण पक्खित्ते तिगुणरूवाहियगुणहाणिमेत्तगोवुच्छविसेसा तिण्णिरूवुप्पत्तिणिमित्ता होंति। एदेसु रूवेसु चडिदद्धाणम्मि पक्खित्तेसु ओवट्टणरूवपमाणं होदि। तं चेदं | २८ |। संपहि पुधद्धाणे[1] आणिज्जमाणे पुव्वं व किरिया कायव्वा। णवरि करणिगच्छो एसो $\begin{vmatrix} \sqrt{२१७} & + \\ ४ & १ \\ & २ \end{vmatrix}$। एदं रूवाहियं चडिदद्धाणं होदि।

तीनसे खण्डित कर $\begin{matrix} ४ & २४ \\ ४ & २४ \\ ४ & २४ \end{matrix}$ तथा विष्कम्भ और आयामका अलग अलग संवर्ग करके शेष बचे हुए विशेषोंमें [९६, ९६ ÷ ६ = १६, $\sqrt{१६}$ = ४, ९६ ÷ ४ = २४ = ४ × ६, २४ + १ = २५ स्थान, २५ + ३ = २८ अपवर्तन अंक, ९ से ३३ अंक तकका जोड़ ५२५, (२५ × ९) + (१२ × २४) = ५१३; ५२५ - ५१३ = १२ बचे हुए विशेष] से तीन विशेषोंको ग्रहण करके मिलानेपर तीन अंकोंकी उत्पत्तिके निमित्तभूत एक अधिक गुणहानिसे तिगुने गोपुच्छविशेष होते हैं। फिर इन अंकोंको जितने स्थान आगे गये हैं उनमें मिलानेपर अपवर्तन रूप अंकोंका प्रमाण होता है। वह यह है २८। अब पृथक् अध्वानको लाते समय पहलेके समान क्रिया करनी चाहिये। इतनी विशेषता है कि यहांपर करणिगत गच्छका प्रमाण यह है $\sqrt{\frac{२१७}{४}} - \frac{+}{२}$। यह एक अधिक आगेका स्थान होता है।

विशेषार्थ — एक अधिक गुणहानिके तिगुने प्रमाण गोपुच्छविशेषसंचयका स्थान — एक अधिक गुणहानि ८ + १ = ९ का तिगुना ९ × ३ = २७; २७ × ८ = २१६, २१६ + १ = २१७; २१७ का वर्गमूल $\sqrt{२१७}$ यह करणिगत है; $\sqrt{२१७}$ में से १ घटाकर आधा करनेपर $\sqrt{\frac{२१७}{४}} - \frac{१}{२}$ गच्छका प्रमाण आता है, और एक अधिक करनेपर आगेका स्थान होता है। $\sqrt{\frac{२१७}{४}} - \frac{१}{२}$ का संकलन लानेके लिये इस राशिको दो जगह अलग अलग स्थापित करके उनमेंसे एक राशिमें एक जोड़कर $\sqrt{\frac{२१७}{४}} + \frac{१}{२}$। आधा करनेपर $\sqrt{\frac{२१७}{१६}} + \frac{१}{४}$ आता है। इससे दुप्रतिराशिको गुणा करनेपर $\sqrt{\frac{४७०८९}{६४}}$

$$-\frac{\sqrt{२१७}}{६४} + \frac{\sqrt{२१७}}{६४} - \frac{१}{८} = \frac{\sqrt{४७०८२}}{६४} - \frac{१}{८} = \frac{२१७}{८} - \frac{१}{८} = \frac{२१६}{८} = २७।$$

---

१ अ-काप्रत्योः ' फुददद्धाणे ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चत्तारिरूवुप्पत्तिमिच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणमेदं १२८ । एदस्स अट्ठमभागो १६ । एदस्स वग्गमूलं ४ । एदेण गुणहाणिमोवट्टिदे भागहारादो अट्ठगुणमागच्छदि। एदं रूवाहियं चडिदद्धाणं । पुणो चडिदद्धाणमेत्तचरिमणिसेगेसु तच्छेदूण अवणिदेसु एत्तिया चरिमणिसेगा होंति ९ । ३३ । पुणो सेसतिकोणखेत्तं मज्झे फाडिय समकरणे कदे भागहारादो चदुग्गुणविक्खंभमट्ठगुणायामं खेत्तं होदि | ४ | ३२ | ४ | ३२ | ४ | ३२ | ४ | ३२ |[1] । एत्थ विक्खंभायामाणं पुध पुध संवग्गं काऊण चत्तारिविसेसेसु पक्खित्तेसु चत्तारिचरिमणिसेगा होंति । एदेसु चडिदद्धाणम्मि पक्खित्तेसु ओवट्टणरूवाणं पमाणं होदि ३७ ।

पंचरूवेसु उप्पाइज्जमाणेसु गुणहाणिपमाणं १६० । दसमभागो १६ । एदस्स

चार अंकोंकी उत्पत्ति चाहनेपर गुणहानिका प्रमाण यह है १२८ । इसका आठवां भाग १६ है । इसका वर्गमूल ४ है । इससे गुणहानिको भाजित करनेपर भागहारसे आठगुना आता है । यह एक अधिक आगेका स्थान है । फिर जितने स्थान आगे गये हैं उतने अन्तिम निषेकोंको छील कर पृथक् कर देनेपर इतने अन्तिम निषेक होते हैं ९, ३३ । फिर शेष बचे त्रिकोण क्षेत्रको बीचसे फाड़ कर समीकरण करनेपर भागहारसे चौगुने विस्तारवाला और आठगुने आयामवाला क्षेत्र होता है ४ ३२ ४ ३२ ४ ३२ ४ ३२ । फिर यहां विष्कम्भ और आयामका अलग अलग संवर्ग करके चार विशेषोंके मिलानेपर चार अन्तिम विषेक होते हैं । इन्हें जितने स्थान आगे गये हैं उनमें मिलानेपर अपवर्तन रूप अंकोंका प्रमाण होता है ३७ ।

पुणो चत्तारिगुणहाणीयो दुसमयाहियाओ उवरि चडिदूण बद्धभागहारो उच्चदे । तं जहा— धुवरासिदुभागं विरलिय उवरिमएगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि दो-दोचरिमणिसेगा पावेंति । पुणो एत्थ एगविसेसागमणमिच्छिय हेट्ठा दुगुणं रूवाहियगुणहाणिं विरलिय उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दादूण उवरिमविरलणएगरूवधरिदम्मि पक्खित्तेण समकरणे कदे जाणि परिहाणिरूवाणि तेसिमाणयणं उच्चदे । तं जहा— हेट्ठिमविरलणं रूवाहियं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लब्भदि त्ति $\frac{१९}{१}$ | $\frac{१२५}{२४}$[२] पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय मज्झिमविरलणाए अवणिदे इच्छिदभागे हिदे जहासरूवेण दो णिसेया आगच्छंति । $\frac{३७५}{७६}$[३] । एदेण उवरिमएगरूवधरिदे पुणो एदे उवरिमएगेग-

जावेगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छाको प्रमाणसे अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनमेंसे कम कर देनेपर विवक्षित भागहार होता है— $\frac{२१}{५} \times १ \div \frac{१३७}{१२} = \frac{२५२}{६८५}$; $\frac{२१}{५} = \frac{२८७}{६८५}$; $\frac{२८७}{६८५} - \frac{२५२}{६८५} = \frac{२८२५}{६८५} = \frac{५२५}{१३७}$ ।

पुनः दो समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये समयप्रबद्धका भागहार कहते हैं । वह इस प्रकार है— ध्रुवराशिके द्वितीय भागका विरलन कर उपरिम विरलनके एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति दो दो चरम निषेक प्राप्त होते हैं [१५०० ÷ $\frac{१२५}{२४}$ = २८८]। पुनः यहां चूंकि एक विशेषका लाना अभीष्ट है, अत एव नीचे एक अधिक गुणहानिके दूनेका विरलन कर उपरिम विरलनके एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देकर उपरिम विरलनके एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यमें मिलाकर समीकरण करनेपर जो हीन अंक हैं उनके लानेकी विधि कहते हैं । वह इस प्रकार है— एक अधिक अधस्तन विरलन जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छाको प्रमाणसे अपवर्तित करके लब्धको मध्यम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित भागहार होता है— [$\frac{१२५}{२४} \times १ \div १९ = \frac{१२५}{४७६}$; $\frac{१२५}{२४} - \frac{१२५}{४७६} = \frac{२२५०}{४७६}$] = $\frac{३७५}{७६}$ । इसका उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त राशिमें भाग देनेपर यथास्वरूपसे दो निषेक आते हैं [(१५०० ÷ $\frac{३७५}{७६}$) = ($\frac{१५००}{५} \times \frac{७६}{३७५}$) = ३०४ = (१४४ + १६०)] । फिर इनको उपरिम एक

१ प्रतिषु '- मुवरि' इति पाठः । २ ताप्रतिपाठोऽयम् । अ-काप्रत्योः $\frac{१९}{१}$ | $\frac{१७५}{२४}$ इति पाठः ।
३ का-ताप्रत्योः $\frac{३७७}{७६}$ इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूवधरिदेसु पक्खविय समकरणं करिय परिहाणिरूवाणयणं वुच्चदे । तं जहा— रूवाहिय-मज्झिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति $\frac{४५१}{७६}$ $\frac{१}{\frac{२१}{५}}$ पमाणेण फलगुणिदिच्छमोवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणाए अवणिदे $\frac{१५७५}{४५१}$ इच्छिददव्वभागहारो होदि ।

तिसमयाहियचत्तारिगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\frac{१०५}{३३}$ । चदुसमयाहियचत्तारिगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\frac{५०५}{१८१}$ । पंचसमयाहियचत्तारिगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\frac{३१५}{११९}$ । छसमयाहियचत्तारिगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\frac{५२५}{२१७}$ । सत्तसमयाहियचत्तारिगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\frac{५२५}{२३७}$ । एवं णेदव्वं जाव गुणहाणिअद्धाणं समत्तमिदि ।

पंचगुणहाणीओ चडिदूण बद्धदव्वभागहारो उच्चदे । तं जहा— $\frac{१५}{१६}$ एदमद्धाणं रूवाहियं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो

एक अंकके प्रति प्राप्त अंकोंमें मिलाकर समीकरण करके हीन अंकोंके लानेकी विधि बतलाते हैं । वह इस प्रकार है— एक अधिक मध्यम विरलन प्रमाण स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार फलगुणित इच्छाको प्रमाणसे अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित द्रव्यका भागहार होता है— $\frac{२१}{५} \times १ \div \frac{४५१}{७६} = \frac{१५९६}{३३५५}$; $\frac{९४७१}{३३५५} - \frac{१५९६}{३३५५} = \frac{७८७५}{३३५५} = \frac{१५७५}{४७१}$ ।

तीन समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{१०५}{३३}$; चार समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{५०५}{१८१}$; पांच समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{३१५}{११९}$; छह समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{५२५}{२१७}$; व सात समय अधिक चार गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{५२५}{२३७}$ है । इस प्रकार गुणहानिअध्वानके समाप्त होने तक ले जाना चाहिये ।

पांच गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार कहते हैं । वह इस प्रकार है— एक अधिक $\frac{१५}{१६}$ इतना अध्वान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्ति $\frac{३१}{१६}$ | १ | $\frac{२१}{५}$ | पमाणेण फलगुणिदमिच्छामोवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणाए अवणिदे इच्छिद- दव्वभागहारो होदि $\frac{६३}{३१}$ । अधवा, पंचगुणहाणीओ चडिदो त्ति पंच रूवाणि विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिणा रूवूणेण कम्मट्ठिदीए रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिम्हि भागे हिदे इच्छिदभागहारो होदि । एदेण समयपबद्धे भागे हिदे पंचगुणहाणीओ चडिदूण बद्धदव्वं होदि । एवमेणेण विहाणेण कम्मट्ठिदि-दुचरिमगुणहाणि त्ति भागहारो परूवेदव्वो ।

संपधि दुचरिमगुणहाणिचरिमसमयम्मि बद्धदव्वभागहारो होदि $\frac{२}{३१}$ । एदं विरलिय समयपबद्धं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं पडि बिदियादि- गुणहाणि-दव्वं पावदि । पुणो एगरूवासंखेज्जदिभागस्स चरिमगुणहाणिदव्वं पावदि । पुणो पढमगुणहाणिचरिमणिसेएण सह बिदियादिगुणहाणिदव्वागमणमिच्छिय चरिमणिसेगेण बिदियादिगुणहाणिदव्वे भागे हिदे लद्धमेदं होदि $\frac{७७५}{७२}$ । एदं विरलिय उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे चरिमणिसेगो आगच्छदि । पुणो इमं उवरिमविरलणरूवधरिदेसु पक्खिविय समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणं पमाणं उच्चदे । तं

इच्छाको अपवर्तित करके लब्धको उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित द्रव्यका भागहार होता है— $\frac{२}{३१} \times १ \div \frac{३१}{१६} = \frac{३२}{१६१}$; $\frac{२}{३१} = \frac{६२}{१६१}$; $\frac{६२}{१६१} - \frac{३२}{१६१} = \frac{३०}{१६१} = \frac{६}{३२}$ । अथवा चूंकि पांच गुणहानियां आगे गया है, अतः पांच अंकोंका विरलन कर दुगुणा करके परस्पर गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उसमेंसे एक कम करके शेषका कर्मस्थितिकी एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिमें भाग देनेपर इच्छित द्रव्यका भागहार होता है— [$२ \times २ \times २ \times २ \times २ = ३२$; $३२ - १ = ३१$; $६४ - १ = ६३$; $६३ \div ३१ = \frac{६३}{३१}$] । इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर पांच गुणहानियां जाकर बांधे गये द्रव्यका प्रमाण होता है [$६३०० \div \frac{६३}{३१} = ३१००$] । इस प्रकार इस विधानसे कर्मस्थितिकी द्विचरम गुणहानि तक भागहारकी प्ररूपणा करना चाहिये ।

अब द्विचरम गुणहानिके चरम समयमें बांधे गये द्रव्यका जो $\frac{२}{३१}$ भागहार है, उसका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति द्वितीयादिक गुणहानियोंका द्रव्य प्राप्त होता है [$६३०० \div \frac{६३}{३१} = ३१०० = (१६०० + ८०० + ४०० + २०० + १००)$] । पुनः एक अंकके असंख्यातवें भागके प्रति अन्तिम गुणहानिका द्रव्य प्राप्त होता है । पुनः प्रथम गुणहानिके अन्तिम निषेकके साथ चूंकि द्वितीयादिक गुणहानियोंके द्रव्यका लाना अभीष्ट है, अतः अन्तिम निषेकका द्वितीयादिक गुणहानियोंके द्रव्यमें भाग देनेपर लब्ध यह होता है— $३१०० \div २८८ = \frac{७७५}{७२}$ । इसका विरलन कर उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर अन्तिम निषेक आता है [$३१०० \div \frac{७७५}{७२} = २८८$] । फिर इसको उपरिम विरलनके एक एक अंकके प्रति प्राप्त राशियोंमें मिलाकर समीकरण करनेपर हीन अंकोंका प्रमाण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा— रूवाहियधुवरासिमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणम्मि अवणिदे इच्छिदभागहारो होदि $\frac{१५७५}{८४७}$ । पुणो एदेण समयपबद्धे भागे हिदे पढमगुणहाणिचरिमणिसेगेण सह बिदियादिगुणहाणिदव्वमागच्छदि ३३८८ ।

पुणो कम्मट्ठिदिचरिमगुणहाणिबिदियसमयम्मि ठाइदूण बद्धदव्वभागहारो उच्चदे। तं जहा— धुवरासिदुभागं विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे एक्केक्कं पडि दो-दो णिसेया पावेंति । पुणो हेट्ठा दुगुणरूवाहियगुणहाणिं विरलिय मज्झिमविरलणेगरूवधरिदं समखंडं करिय दादूण समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणं पमाणं वुच्चदे । तं जहा— रूवाहियतदियविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो धुवरासिदुभागम्मि किं लभामो त्ति $\frac{१९ | १ | ७३५}{१४४}$[1] पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धे [उवरिमविरलणाए अवणिदे] इच्छिद- भागहारो होदि $\frac{७७५}{१५२}$ । तदो एदं रूवाहियं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति

कहते हैं। वह इस प्रकार है— एक अधिक ध्रुवराशि प्रमाण स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित भागहार होता है— [$\frac{७७५}{७५} + १ = \frac{८४७}{७५}$; $\frac{६३}{७५} \times १ \times \frac{७२}{८४७} = \frac{४५३६}{३६२५७}$; $\frac{६३}{७५} - \frac{४५३६}{३६२५७} = \frac{४८८२५}{३६२५७} =$] $\frac{१५७५}{८४७}$ । पुनः इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर प्रथम गुणहानिके अन्तिम निषेकके साथ द्वितीयादिक गुणहानियोंका द्रव्य आता है— ६३०० ÷ $\frac{१५७५}{८४७}$ = ३३८८ = (२८८ + १६०० + ८०० + ४०० + २०० + १००) ।

पुनः कर्मस्थितिकी अन्तिम गुणहानिके द्वितीय समयमें स्थित होकर बांधे गये द्रव्यका भागहार कहते हैं। वह इस प्रकार है— ध्रुवराशिके द्वितीय भागका विरलन करके उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति दो दो निषेक प्राप्त होते हैं। पुनः नीचे एक अधिक गुणहानिके दूनेका विरलन कर मध्यम विरलनके एक एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देकर समीकरण करनेपर हीन अंकोंका प्रमाण बतलाते हैं। वह इस प्रकार है— एक अधिक तृतीय विरलन राशिके बराबर स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो ध्रुवराशिके द्वितीय भागमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धको [मध्यम विरलनमेंसे घटा देनेपर] इच्छित भागहार होता है— [८ + १ × २ = १८ तृतीय विरलन राशि; १८ + १ = १९; $\frac{७७५}{७५} \times \frac{१}{२} = \frac{७७५}{१४४}$ ध्रुवराशिका द्वितीय भाग; $\frac{७७५}{१४४} \times १ \times \frac{१}{८} = \frac{७७५}{५७६०}$; $\frac{७७५}{१४४} - \frac{७७५}{५७६०} =$] $\frac{७७५}{५७६०}$ । पश्चात् एक एक अधिक इतना जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे

---

१ प्रतिषु $\frac{१६ | १ | १७५}{१४४}$ इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

$\frac{९२७}{१५२}$ १ $\frac{६३}{३१}$ पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धमुवरिमविरलणाए अवणिदे इच्छिद-भागहारो होदि $\frac{१५७५}{९२७}$[1]। एदेण समयपबद्धे भागे हिदे चरिम-दुचरिमणिसेगेहि सह बिदियादि-गुणहाणिदव्वमागच्छदि। एवं जाणिदूण उवरि णेदव्वं। णवरि चरिमगुणहाणितदियसमयपबद्धदव्वभागहारो $\frac{३१५}{२०३}$। चउत्थसमय-पबद्धदव्वभागहारो $\frac{१५७५}{१११}$। पंचमसमयपबद्धदव्वभागहारो[2] $\frac{३१५}{२४३}$। छट्ठसमयपबद्ध दव्वभागहारो $\frac{१५७५}{१३२७}$। सत्तमसमयपबद्धदव्वभाग-हारो $\frac{१५७५}{१४४७}$। कम्मट्ठिदिचरिमसमए बद्धदव्व-भागहारो एगरूवं, तत्थ बद्धदव्वस्स एग-परमाणुस्स वि खयाभावादो।

अधवा, भागहारपरूवणमेवं वा वत्तव्वं तं जहा— कम्मट्ठिदिपढमगुणहाणिसंचयस्स भागहारपरूवणं पुव्वं व काऊण[3] पुणो समयाहियगुणहाणिमुवरि चडिदूण बद्धदव्वभाग-हारोवट्टणरूवाणि दुरूवाहियदिवड्ढगुणहाणीयो। तं जहा— चरिमगुणहाणिदव्वे चरिम-

---

फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनमेंसे घटा देनेपर इच्छित भागहार होता है— [$\frac{७७५}{१५२}$ + १ = $\frac{९२७}{१५२}$; $\frac{६३}{३१}$ × १ × $\frac{१५२}{९२७}$ = $\frac{९५७६}{२८७३७}$; $\frac{६३}{३१}$ - $\frac{९५७६}{२८७३७}$ =] $\frac{१५७५}{९२७}$। इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर चरम और द्विचरम निषेकोंके साथ द्वितीयादिक गुणहानियोंका द्रव्य आता है— [६३०० ÷ $\frac{१५७५}{९२७}$ = ३७०८ = (३१०० + २८८ + ३२०)]।

इसी प्रकार आगे भी जानकर ले जाना चाहिये। विशेष इतना है कि अन्तिम गुणहानिके तृतीय समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{३१५}{२०३}$, चतुर्थ समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{१५७५}{१११}$, पांचवें समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{३१५}{२४३}$, अन्तिम गुणहानिके छठे समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{१५७५}{१३२७}$, और सातवें समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार $\frac{१५७५}{१४४७}$ है। कर्मस्थितिके अन्तिम समयमें बांधे गये द्रव्यका भागहार एक अंक है, क्योंकि, उस समयमें बांधे गये द्रव्यमें एक परमाणुका भी क्षय नहीं हुआ है।

अथवा, भागहारकी प्ररूपणा इस प्रकारसे कहना चाहिये। यथा— कर्मस्थितिकी प्रथम गुणहानिके संचय सम्बन्धी भागहारकी प्ररूपणा पहिलेके ही समान करके पश्चात् एक समय अधिक गुणहानि प्रमाण आगे जाकर बांधे गये द्रव्य सम्बन्धी भागहारके अपवर्तन अंक दो अंकोंसे अधिक डेढ़ गुणहानि मात्र हैं। यथा— अन्तिम गुणहानिके द्रव्यको अन्तिम निषेकके प्रमाणसे करनेपर डेढ़ गुणहानि प्रमाण अन्तिम

---

१ प्रतिषु $\frac{१५७५}{९२७}$ इति पाठः। २ का-ताप्रत्योः 'पंच' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'पुव्वं काऊण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिसेगपमाणेण कीरमाणे दिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगा होंति । पुणो दुचरिमगुणहाणिचरिमणिसेगे वि तप्पमाणेण कीरमाणे दोचरिमणिसेयमेत्तो होदि । पुणो एदेसु दिवड्ढगुणहाणिम्मि पक्खित्तेसु दुरूवाहियदिवड्ढगुणहाणिमेत्ताणि भागहारोवट्टणरूवाणि लब्भंति । एदेहि अंगुलस्स असंखेज्जदिभागे ओवट्टिदे इच्छिदव्वभागहारो होदि $\left|\frac{३१५०^{२}}{५९}\right|$ ।

संपधि दुसमयाहियगुणहाणिमुवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो होदि एसो $\left|\frac{३१५०}{६९}\right|$ । एवं संकलणागारेण वड्ढमाणगोवुच्छविसेसा केत्तियमद्धाणमुवरि चडिदे चरिमणिसेयमेत्ता होंति त्ति उत्ते गुणहाणिवग्गमूलं रूवाहियं गंतूण होंति । एत्थ गुणहाणिपमाणमेदं |२५६| । एदस्स वग्गमूलं |१६| । एदेण गुणहाणिम्हि भागे हिदे लद्धमेदं |१६| । एत्तियमेत्तमद्धाणं रूवाहियमुवरि चडिदूण बद्धसमयपबद्धस्स भागहारोवट्टणरूवाणि दुगुणिदचडिददद्धाणं रूवाहियं दिवड्ढगुणहाणिम्हि पक्खित्तमेत्ताणि होंति ।

निषेक होते हैं । पुनः द्विचरम गुणहानिके चरम निषेकको भी उसके प्रमाणसे करनेपर वह दो चरम निषेक प्रमाण होता है । फिर इनको डेढ़ गुणहानिमें मिला देनेपर दो अंक अधिक डेढ़ गुणहानि प्रमाण भागहारके अपवर्तन अंक पाये जाते हैं । इनके द्वारा अंगुलके असंख्यातवें भागको अपवर्तित करनेपर इच्छित द्रव्य (१०० + १८) का भागहार होता है — $\frac{३१५०}{५९}$ । [अन्तिम गुणहानिका द्रव्य १००, अन्तिम निषेक ९, डेढ़ गुणहानि $\frac{१००}{९}$; द्विचरम गुणहानिका अन्तिम निषेक १८; १८ ÷ ९ = २; $\frac{१००}{९} + २ = \frac{११८}{९}$ दो अंक अधिक डेढ़ गुणहानि; अन्तिम गुणहानिके अंतिम निषेकका भागहार जो अंगुलका असंख्यातवां भाग है उसकी संदृष्टि $\frac{६३००}{९}$; $\frac{६३००}{९} = ७००$ को $\frac{११८}{९}$ से अपवर्तित करनेपर $\frac{७००\times९}{११८} = \frac{३१५०}{५९}$ एक समय अधिक गुणहानिके द्रव्यका भागहार ।]

अब दो समय अधिक गुणहानि मात्र आगे जाकर बांधे गये द्रव्य (१०० + १८ + २०) का भागहार यह होता है— $\frac{३१५०}{६९}$ । इस प्रकार संकलन स्वरूपसे बढ़नेवाले गोपुच्छविशेष कितना अध्वान आगे जानेपर अन्तिम निषेकके बराबर होते हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि वे एक अधिक गुणहानिके वर्गमूल प्रमाण जाकर अन्तिम निषेकके बराबर होते हैं । यहां गुणहानिका प्रमाण यह है— २५६ । इसका वर्गमूल यह है— १६ । इसका गुणहानिमें भाग देनेपर यह लब्ध होता है— १६ । एक अधिक इतना मात्र अध्वान आगे जाकर बांधे गये समयप्रबद्ध सम्बन्धी भागहारके अपवर्तन अंक जितने स्थान आगे गये हैं उनको दुगुणा कर एक अंक मिलानेपर जो प्राप्त हो उसको डेढ़ गुणहानिमें मिला देनेपर प्राप्त राशि प्रमाण होते हैं । समीकरणका

---

१ प्रतिषु ' भागहारोवट्टमाण ' इति पाठः । २ काप्रतौ $\left|\frac{३१५०}{५६}\right|$ इति पाठः । ३ प्रतिषु ' पुसा ' इति पाठः । ४ प्रतिषु ' वट्टमाण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समकरणविहाणं जाणिय वत्तव्वं ।

संपहि बिदियरूवे उप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |१२८| । गुणहाणिअद्धवग्गमूलं |८| । एदेण गुणहाणिम्हि भागे हिदे भागहारादो दुगुणमागच्छदि |१६| । एदं रूवाहियमुवरि चडिदूण बद्धदव्वस्स भागहारो दुगुणचडिदद्धाणं दुरूवाहियं दिवड्ढगुणहाणिम्हि[1] पक्खिविय अंगुलस्स असंखेज्जदिभागे ओवट्टिदे होदि । तिसु रूवेसु उप्पाइज्जमाणेसु गुणहाणिपमाणं |४८| । गुणहाणितिभागवग्गमूलं |४| । चत्तारिरूवाहियं इच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |६४| । गुणहाणिचदुब्भागवग्गमूलं |४| । पंचरूवाणि इच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |८०| । पंचभागवग्गमूलं |४| । छरूवाणि इच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |९६| । छब्भागवग्गमूलं |४| । सत्तरूवाणि इच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |११२| । सत्तमभागवग्गमूलं |४| । अट्ठरूवाणि इच्छिज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |१२८| । अट्ठमभागवग्गमूलं |४| । एवं कम्मट्ठिदिबिदियगुणहाणिं चढंतस्स पढमगुणहाणिम्मि जो विधी सो एत्थ वि कायव्वो । णवरि पढमगुणहाणिम्हि दुगुणिदपक्खेवरूवेहि वग्गरासिं गुणिय संदिट्ठीए गुणहाणिअद्धाणमुप्पाइदं । एत्थ पुण पक्खेवरूवेहि चेव वग्गरासिं गुणिय गुणहाणि-

---

विधान जानकर करना चाहिये ।

अब द्वितीय अंकके उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण १२८ और गुणहानिके अर्ध भागके वर्गमूलका प्रमाण ८ है । इसका गुणहानिमें भाग देनेपर भागहारसे दूना लब्ध आता है — १६ । एक अधिक इतना आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार दो अंकोंसे अधिक आगे गये हुए अध्वानके दूनेको डेढ़ गुणहानिमें मिलाकर अंगुलके असंख्यातवें भागसे अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उतना होता है । तीन अंकोंके उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ४८ और गुणहानिके तृतीय भागके वर्गमूलका प्रमाण ४ है । चार अंकोंकी इच्छा करनेपर गुणहानिका प्रमाण ६४ और गुणहानिके चतुर्थ भागके वर्गमूलका प्रमाण ४ है । पांच अंकोंकी इच्छा करनेपर गुणहानिका प्रमाण ८० और गुणहानिके पांचवें भागके वर्गमूलका प्रमाण ४ है । छह अंकोंकी इच्छा करनेपर गुणहानिका प्रमाण ९६ और उसके छठे भागके वर्गमूलका प्रमाण ४ है । सात अंकोंकी इच्छा करनेपर गुणहानिका प्रमाण ११२ और उसके सातवें भागका वर्गमूल ४ है । आठ अंकोंकी इच्छा करनेपर गुणहानिका प्रमाण १२८ और उसके आठवें भागका वर्गमूल ४ है । इसी प्रकार कर्मस्थितिकी द्वितीय गुणहानि आगे जानेवालेके प्रथम गुणहानिमें जो विधि कही गई है उसीको यहां भी कहना चाहिये । विशेष इतना है कि प्रथम गुणहानिमें दूने प्रक्षेप अंकोंसे वर्गराशिको गुणित करके संदृष्टिमें गुणहानिअध्वानको उत्पन्न कराया गया है । परन्तु यहां प्रक्षेप अंकोंसे ही वर्गराशिको गुणित करके गुणहानिअध्वानको उत्पन्न कराना चाहिये ।

---

१ अ-काप्रत्योः ' गुणहाणिं ', ताप्रतौ 'गुणहाणिं (णिम्मि)' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अद्धाणं उप्पादेदव्वं। तं कधं? चरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसेहिंतो दुचरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसाणं दुगुणत्तुवलंभादो। अधवा, दुगुणिदपक्खेवरूवाणि एगगुणहाणिं चडिदो त्ति एगरूवं विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिणा ओवट्टिय वग्गरासिम्मि गुणिदे गुणहाणिअद्धाणं उप्पज्जदि। एवं गंतूण कम्मट्ठिदिपढमसमयादो दोगुणहाणीयो चडिदूण बद्धदव्वं कम्मट्ठिदिचरिमसमए चरिम-दुचरिमगुणहाणिदव्वमेत्तं चिट्ठदि। तक्काले भागहारोवट्टिदरूवाणि तिण्णिदिवड्ढगुणहाणिमेत्ताणि हवंति। तं जहा— दोगुणहाणीओ चडिदो त्ति दोरूवाणि विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थं करिय रूवूणेण दिवड्ढगुणहाणिम्मि गुणिदाए तिण्णिदिवड्ढगुणहाणीयो समुप्पज्जंति त्ति $\left|\frac{६३००}{३००}\right|$। एदेण समयपबद्धे भागे हिदे इच्छिददव्वमागच्छदि। पुणो समयाहियबेगुणहाणीओ उवरि चडिदूण बद्धसमयपबद्धभागहारो चदुरूवाहियतीहि दिवड्ढगुणहाणीहि अंगुलस्स असंखेज्जदिभागे ओवट्टिदे होदि $\left|\frac{६३००}{३३६}\right|^{1}$।

एवं भागहारे गच्छमाणे गोवुच्छविसेसेहिंतो रूवुप्पण्णुद्देसं[2] भणिस्सामो। एत्थ ताव

शंका—उसका क्या कारण है?

समाधान—उसका कारण यह है कि अन्तिम गुणहानिके गोपुच्छविशेषोंकी अपेक्षा द्विचरम गुणहानिके गोपुच्छविशेष दुगुणे पाये जाते हैं।

अथवा, चूंकि एक गुणहानि आगे गया है, अत एव एक अंकका विरलन कर दुगुणा करके परस्पर गुणित करनेसे जो प्राप्त हो उससे दुगुणे प्रक्षेप अंकोंको अपवर्तित करके वर्गराशिको गुणित करनेपर गुणहानिअध्वान उत्पन्न होता है। इस प्रकार जाकर कर्मस्थितिके प्रथम समयसे दो गुणहानियां आगे जाकर बांधा गया द्रव्य कर्मस्थितिके अन्तिम समयमें चरम और द्विचरम गुणहानियोंके द्रव्यके बराबर रहता है। उस समयमें भागहारके अपवर्तित अंक तीन डेढ़ गुणहानि मात्र होते हैं। यथा— चूंकि दो गुणहानियां आगे गया है, अत एव दो अंकोंका विरलन कर दुगुणा करके परस्पर गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उसमेंसे एक अंक कम करके शेषसे डेढ़ गुणहानिको गुणित करनेपर तीन डेढ़ गुणहानियां उत्पन्न होती हैं। $\frac{६३००}{३००}$ इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर इच्छित द्रव्य आता है [डेढ़ गुणहानि $\frac{१००}{२}$; $\frac{१००}{२} \times (२ \times २ - १) = \frac{३००}{२}$; ७०० ÷ $\frac{३००}{२}$ = $\frac{७००\times२}{३००}$ = $\frac{६३००}{३००}$; ६३०० ÷ $\frac{६३००}{३००}$ = ३००]। पुनः एक समय अधिक दो गुणहानियां आगे जाकर बांधे गये समयप्रबद्धका भागहार चार अंकोंसे अधिक तीन डेढ गुणहानियों [$\frac{३००}{२} + ४ = \frac{३३६}{२}$] के द्वारा अंगुलके असंख्यातवें भागको अपवर्तित करनेपर होता है $\frac{६३००}{३३६}$।

इस प्रकार भागहारके जानेपर गोपुच्छविशेषोंमेंसे रूपोत्पन्न उद्देशको कहते हैं।

---

१ प्रतिषु $\left|\frac{६३००}{}\right|$ इति पाठः। २ ताप्रतौ 'रूवूणुप्पण्णुद्देसं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पढमादिगुणहाणीणं चडिदद्धाणुप्पायणविहाणं उच्चदे— दुगुणिदरूवेहि ओवट्टिदगुणहाणिमूलेण गुणहाणिम्हि भागे हिदाए लद्धं रूवाहियं चडिदद्धाणं होदि । चरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसेहिंतो समुप्पज्जमाणाणं रूवाणं [दुगुणिदपक्खेवरूवेहिंतो गुणहाणिमोवट्टिदे लद्धवग्गमूलं घेत्तूण गुणहाणिम्हि भागे हिदे लद्धं रूवाहियं चडिदद्धाणं होदि ।] दुचरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसेहिंतो समुप्पज्जमाणरूवाणं दुगुणिदपक्खेवरूवेहि गुणहाणिमोवट्टिय लद्धं दुगुणिय वग्गमूलं घेत्तूण तेण गुणहाणिम्हि भागे हिदे लद्धं रूवाहियं चडिदद्धाणं होदि। तिचरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसेहिंतो समुप्पज्जमाणरूवाणं दुगुणिदपक्खेवरूवेहि गुणहाणिमोवट्टिय लद्धं चदुहि गुणिय वग्गमूलं घेत्तूण तेण पुणो गुणहाणिमोवट्टिय रूवे पक्खित्ते चडिदद्धाणं होदि । चदुचरिमगुणहाणिगोवुच्छविसेसेहिंतो समुप्पज्जमाणरूवाणं [दु-] गुणिदपक्खेवरूवेहि गुणहाणिमोवट्टिय लद्धमट्ठहि गुणिय वग्गमूलं घेत्तूण तेण गुणहाणि-

---

यहां पहिले प्रथमादिक गुणहानियोंके गये हुए अध्वानके लानेकी विधि बतलाते हैं—दुगुणे अंकोंसे अपवर्तित गुणहानिके वर्गमूलका गुणहानिमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसमें एक अंकके मिलानेपर गया हुआ अध्वान होता है। चरम गुणहानिके गोपुच्छविशेषोंसे उत्पन्न होनेवाले अंकोंके [दुगुणे प्रक्षेप अंकोंसे गुणहानिको अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उसके वर्गमूलको ग्रहण करके उसका गुणहानिमें भाग देनेपर जो प्राप्त हो उसमें एक अंकके मिलानेपर गया हुआ अध्वान होता है। चरम गुणहानिमें गोपुच्छविशेष १; इसका दुगुना १ × २ = २; गुणहानि ८; ८ ÷ २ = ४; $\sqrt{४} = २$; ८ ÷ २ = ४; ४ + १ = ५ अध्वान]।

द्विचरम गुणहानिके गोपुच्छविशेषोंसे उत्पन्न होनेवाले अंकोंके दुगुणे प्रक्षेप अंकोंसे गुणहानिको अपवर्तित कर लब्धको दुगुणा करके वर्गमूल ग्रहण कर उसका गुणहानिमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसमें एक अंकके मिलानेपर गया हुआ अध्वान होता है [द्वि. च. गुणहानि गो. वि. २; २ × २ = ४; ८ ÷ ४ = २; २ × २ = ४, $\sqrt{४} = २$; ८ ÷ २ = ४; ४ + १ = ५ अध्वान]।

त्रिचरण गुणहानिके गोपुच्छविशेषोंसे उत्पन्न होनेवाले अंकोंके दुगुणे प्रक्षेप अंकोंसे गुणहानिको अपवर्तित करके लब्धको चारसे गुणित कर वर्गमूल ग्रहण करके उससे पुनः गुणहानिको अपवर्तित कर लब्धमें एक अंकके मिलानेपर गया हुआ अध्वान होता है [४ × २ = ८; ८ ÷ ८ = १, १ × ४ = ४; $\sqrt{४} = २$; ८ ÷ २ = ४, ४ + १ = ५ अध्वान]। चतुश्चरम गुणहानिके गोपुच्छविशेषोंसे उत्पन्न होनेवाले अंकोंके दुगुणे प्रक्षेप अंकोंसे गुणहानिको अपवर्तित कर लब्धको आठसे गुणित करके वर्गमूलको ग्रहण कर उससे गुणहानिको अपवर्तित करके लब्धमें एक अंकके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोवट्टिय लद्धं रूवाहियं कदे चडिदद्धाणं होदि । एवं गुणहाणिं पडि दुगुणिदपक्खेवरूवोवट्टिदगुणहाणीए गुणगारो दुगुण-दुगुणकमेण णेदव्वो । एदस्स वग्गमूलमणवट्ठिदभागहारो होदि त्ति घेत्तव्वो जाव कम्मट्ठिदिचरिमगुणहाणि त्ति ।

एत्थ तदियगुणहाणिम्हि एगरूवमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |१२८| । दुगुणगुणहाणिवग्गमूलं |१६| । एदेण चडिदद्धाणं साधेदव्वं । दोरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |२५६| । एदिस्से वग्गमूलं |१६| । तिण्णिरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |३८४| । एदिस्से बेतिभागवग्गमूलं |१६| । चत्तारिरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |१२८| । गुणहाणिअद्धवग्गमूलं |८| । पंचरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |६४०| । गुणहाणिबेपंचभागवग्गमूलं |१६| । छरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |७६८| । गुणहाणितिभागवग्गमूलं |१६| । सत्तरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |८९६|[1] । गुणहाणिबेसत्तभागवग्गमूलं |१६| । अट्ठरूवाणिमुप्पाइज्जमाणे गुणहाणिपमाणं |६४| । एदिस्से चदुब्भागवग्गमूलं |४| । एवं सेसरूवाणं पि जाणिदूण अणवट्ठिदभागहारं उप्पाइय चडिदद्धाणं साहेदव्वं ।

मिलानेपर गया हुआ अध्वान होता है [८ × २ = १६, ८ ÷ १६ = ½; ½ × ८ = ४, √४ = २, ८ ÷ २ = ४, ४ + १ = ५] । इस प्रकार प्रत्येक गुणहानिके प्रति दुगुणे प्रक्षेप अंकोंसे अपवर्तित गुणहानिके गुणकारको उत्तरोत्तर दुगुणे दुगुणे क्रमसे ले जाना चाहिये । इसका वर्गमूल अनवस्थित भागहार होता है, ऐसा कर्मस्थितिकी अन्तिम गुणहानि तक ग्रहण करना चाहिये ।

यहां तृतीय गुणहानिमें एक अंकके उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण १२८ और दुगुणी गूणहानिके वर्गमूलका प्रमाण १६ है । इससे गत अध्वानको सिद्ध करना चाहिये । दो अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण २५६ और इसका वर्गमूल १६ है । तीन अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ३८४ और इसके दो त्रिभागका वर्गमूल १६ है । चार अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण १२८ और गुणहानिके अर्ध भागका वर्गमूल ८ है । पांच अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ६४० और गुणहानिके दो बटे पांचका वर्गमूल १६ है । छह अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ७६८ और गुणहानिके तृतीय भागका वर्गमूल १६ है । सात अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ८९६ और गुणहानिके दो बटे सातका वर्गमूल १६ है । आठ अंकोंको उत्पन्न करानेमें गुणहानिका प्रमाण ६४ और इसके चतुर्थ भागका वर्गमूल ४ है । इस प्रकार जानकर शेष अंकोंके भी अनवस्थित भागहारको उत्पन्न कराकर गत अध्वानको सिद्ध करना चाहिये ।

---

१ प्रतिषु ' गुणहाणिलद्ध ' इति पाठः । २ अप्रतौ [७९६] इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्मट्ठिदिपढमसमयादो तिण्णिगुणहाणीओ चडिदूण बद्धदव्वस्स भागहारोवट्टणरूवपमाणं सत्तदिवड्ढगुणहाणीओ $\left|\frac{६३००}{७००}\right|$। समयाहियतिण्णिगुणहाणीओ चडिदूण बद्धदव्वभागहारो $\left|\frac{६३००}{७१२}\right|$। एवमुवरि वि भागहारविधी जाणिदूण वत्तव्वा। कम्मट्ठिदिपढमसमयादो जहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणएहि ऊणसव्वगुणहाणिसलागमेत्तगुणहाणीसु बद्धसमयपबद्धाणं कम्मट्ठिदिचरिमसमए असंखेज्जदिमागो चेव अच्छदि। सेसअसंखेज्जा भागा णट्ठा। उवरिमाणं पुण संखेज्जदिभागो सेसो, संखेज्जा भागा णट्ठा। एत्थ कारणं जाणिय वत्तव्वं। एवं गंतूण कम्मट्ठिदिचरिमगुणहाणिं मोत्तूण सेससव्वगुणहाणीओ चडिदूण बद्धदव्वभागहारो दोरूवाणि एगरूवमण्णोण्णब्भत्थरासिअद्धेण रूवूणेण खंडिदएगखंडं च होदि $\left|\frac{२}{३१}\right|$। एदेण समयपबद्धे भागे हिदे बिदियादिसव्वगुणहाणीणं दव्वमागच्छदि।

संपधि समयाहियमुवरि चडिदूण बद्धदव्वभागहारो वुच्चदे। तं जहा— बिदियादिगुणहाणिदव्वभागहारं विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि बिदियादि-

---

कर्मस्थितिके प्रथम समयसे तीन गुणहानियां जाकर बांधे गये द्रव्यके भागहारके अपवर्तन अंकोंका प्रमाण सात डेढ़ गुणहानियां $७ \times १\frac{१}{२} = ७\frac{१}{२}$; $७०० \div ७\frac{१}{२} = \frac{६३००}{७}$ है। एक समय अधिक तीन गुणहानियां जाकर बांधे गये द्रव्यके भागहारके अपवर्तन अंकोंका प्रमाण $\frac{६३००}{७१२}$ है। इसी प्रकार आगे भी भागहारकी विधिको जानकर कहना चाहिये। कर्मस्थितिके प्रथम समयसे लेकर जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदोंसे हीन समस्त गुणहानिशलाकाओंके बराबर गुणहानियोंमें बांधे गये समयप्रबद्धोंका असंख्यातवां भाग ही कर्मस्थितिके अन्तिम समयमें रहता है। शेष असंख्यात बहुभाग उनका नष्ट हो जाता है। इससे आगेकी गुणहानियोंमें बांधे गये समयप्रबद्धोंका संख्यातवां भाग ही रहता है, शेष संख्यात बहुभाग उनका नष्ट हो जाता है। यहां कारणकी प्ररूपणा जानकर करना चाहिये। इस प्रकार जाकर कर्मस्थितिकी अन्तिम गुणहानिको छोड़कर शेष सब गुणहानियां जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार दो अंक और एक अंकको एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशिके अर्ध भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड अधिक होता है—$२\frac{१}{३१}$। इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर द्वितीयादिक सब गुणहानियोंका द्रव्य आता है [$६३०० \div \frac{६३}{३१} = ३१००$]।

अब एक समय अधिक आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार कहते हैं। वह इस प्रकार है—द्वितीयादिक गुणहानियों सम्बन्धी द्रव्यके भागहारका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति द्वितीयादिक गुणहानियोंका

---

१ प्रतिषु ' वग्ग ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणहाणिदव्वं पावदि । पुणो एत्थ एगरूवधरिदं पढमगुणहाणिचरिमणिसेगेणोवट्टिय लद्धं विरलेदूण उवरिमएगरूवधरिदं[1] समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि चरिमणिसेगो पावदि । तमुवरि दादूण समकरणं करिय परिहाणिरूवाणयणं वुच्चदे । तं जहा— हेट्ठिमविरलणा किंचूण-दिवड्ढगुणहाणिमेत्ता, पढमगुणहाणिचरिमणिसेगेण बिदियादिगुणहाणिदव्वे भागे हिदे किंचूण-दिवड्ढगुणहाणिपमाणुवलंभादो । एदाए रूवाहियविरलणाए उवरिमविरलणम्मि भागे हिदे दिवड्ढगुणहाणिअद्धेण किंचूणेण एगरूवं खंडिदेगखंडं लब्भदि । एदं[2] मोहणीयं पडुच्च दोरूवहेट्ठिमअंसादो असंखेज्जगुणं, दिवड्ढगुणहाणिअद्धादो अण्णोण्णब्भत्थरासिअद्धस्स असंखेज्जगुणत्तादो । सेसकम्मेसु णिरुद्धेसु एदम्हादो दोरूवाणं हेट्ठिमअंसो असंखेज्जगुणो, सेसकम्माणं अण्णोण्णब्भत्थरासिअद्धादो दिवड्ढगुणहाणिअद्धस्स असंखेज्जगुणत्तादो । तेणेदम्हि सोहिदे मोहणीय- [स्स एगरूवस्स] असंखेज्जदिभागूणदोरूवमेत्ता, सेसकम्माणमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागाहियदोरूवमेत्ता विरलणरासी होदि । एवमेगरूवमेगरूवस्स असं-

---

द्रव्य प्राप्त होता है । पुनः इसमें एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको प्रथम गुणहानिके अन्तिम निषेकसे अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उसका विरलन कर उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एक अंकके प्रति अन्तिम निषेक प्राप्त होता है । उसको ऊपर देकर समीकरण करके हीन अंकोंके लानेकी विधि कहते हैं । वह इस प्रकार है— अधस्तन विरलनका प्रमाण कुछ कम डेढ़ गुणहानि है, क्योंकि, प्रथम गुणहानिके अन्तिम निषेकका द्वितीयादिक गुणहानियोंके द्रव्यमें भाग देनेपर कुछ कम डेढ़ गुणहानिका प्रमाण [$३१००\div२८८=१०\frac{३२०}{२८८}$] पाया जाता है । एक अधिक इस विरलन राशिका उपरिम विरलन राशिमें भाग देनेपर कुछ कम डेढ़ गुणहानिके अर्ध भागसे एक अंकको खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड लब्ध होता है [$\frac{३१००}{२८८}+१=\frac{३३८८}{२८८}$; $(\frac{६३००}{३१००}\div\frac{३३८८}{२८८})=(\frac{६३००}{३१००}\times\frac{२८८}{३३८८})$ $=\frac{६४४८}{६७८८}=$ कुछ कम $\frac{१}{२}=$ (१ ÷ कुछ कम डेढ़ गुणहानि)] । यह मोहनीय कर्मकी अपेक्षा दो अंकोंके नीचेके अंशसे असंख्यातगुणा है, क्योंकि, डेढ़ गुणहानियोंके अर्ध भागसे उसकी अन्योन्याभ्यस्त राशिका अर्ध भाग असंख्यातगुणा है । शेष कर्मोंकी विवक्षा करनेपर इसकी अपेक्षा दो अंकोंके नीचेका अंश असंख्यातगुणा है, क्योंकि, शेष कर्मोंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिके अर्ध भागकी अपेक्षा डेढ़ गुणहानियोंका अर्ध भाग असंख्यातगुणा है । उसमेंसे इसको कम करनेपर मोहनीयकी विरलन राशि [एक अंकके] असंख्यातवें भागसे हीन दो अंक प्रमाण और शेष कर्मोंकी विरलन राशि एक अंकके असंख्यातवें भागसे अधिक दो अंक प्रमाण होती है ।

शंका—इस प्रकार एक अंक और एक अंकका असंख्यात बहुभाग भागहार

---

१ प्रतिषु '-एगरूवं' इति पाठः । २ अप्रतौ 'एवं' इति पाठः । ३ प्रतिषु 'असंखेज्जगुणदिवड्ढ-' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेज्जा भागा च भागहारो होदूण गच्छमाणो कम्हि पदेसे एगरूवमेगरूवस्स संखेज्जा भागा च भागहारो होदि त्ति उत्ते उच्चदे— चरिमगुणहाणिअद्धाणं दुगुणेणुक्कस्स-संखेज्जेण रूवूणेण खंडिय तत्थ किंचूणदिवड्ढखंडाणि उवरि चडिदूण बद्धदव्वस्स एगरूवमेगरूवस्स संखेज्जा[1] भागा च भागहारो होदि । तं जहा— एगसमयपबद्धमस्सिदूण पढमगुणहाणिम्हि पदिददव्वस्स चरिमणिसेगे अवणिय मूलग्गसमासेण गोवुच्छविसेसाणं समकरणे कदे रूवूणगुणहाणिअद्धेण गुणिदगुणहाणिमेत्ता गोवुच्छविसेसा होंति $\left|\begin{array}{c|c|c}३२ & ७ & ८ \\ & २ & \end{array}\right|$ । चरिमणिसेगा पुण गुणहाणिमेत्ता $\left|\begin{array}{c|c}२८८ & ८\end{array}\right|$ । एदाणि दो वि दव्वाणि दुगुणुक्कस्ससंखेज्जेण रूवूणेण खंडिदे एगखंडदव्वं होदि $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c}३२ & ७ & ८ & २८८ & ८ \\ & २ & २९ & & २९\end{array}\right|$ । दुगुणुक्कस्संखेज्जेण रूवूणेण गुणहाणिम्मि भागे हिदे तत्थ एगभागं रूवूणं गच्छं[2] करिय गोवुच्छविसेसादिउत्तरसंकलणमाणिय पुव्वुत्त-गोवुच्छविसेसेहिंतो एत्तियमेत्तगोवुच्छविसेसे घेत्तूण दुगुणुक्कस्ससंखेज्जेण रूवूणेण खंडिदगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेगेसु पक्खित्तेसु एगखंडदव्वं जहासरूवं होदि । पुणो

होकर जाता हुआ किस प्रदेशमें एक अंक और एक अंकका संख्यात बहु भाग भागहार होता है ?

समाधान— उपर्युक्त शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि अन्तिम गुणहानिके अध्वानको एक कम दुगुणे उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित कर उसमेंसे कुछ कम डेढ़ खण्ड आगे जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार एक अंक और एक अंकका संख्यात बहुभाग होता है । वह इस प्रकारसे— एक समयप्रबद्धका आश्रय करके प्रथम गुणहानिमें पड़े हुए द्रव्यके अन्तिम निषेकको कम कर मूलाग्रसमाससे (नीचेसे ऊपर तक जोड़ कर) गोपुच्छविशेषोंका समीकरण करनेपर एक कम गुणहानिके अर्ध भागसे गुणित गुणहानि प्रमाण गोपुच्छविशेष होते हैं— [गोपुच्छविशेष ३२, गुणहानि ८,] ३२ × $\frac{७}{२}$ × ८ । परन्तु अन्तिम निषेक गुणहानिके बराबर, अर्थात् जितना गुणहानिका प्रमाण होता है, उतने होते हैं— अन्तिम निषेक २८८, गुणहानि ८; २८८ × ८ । इन दोनों ही द्रव्योंको एक कम दुगुणे उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित करनेपर उनमेंसे एक खण्ड प्रमाण द्रव्य होता है— ३२ × $\frac{७}{२}$ × ८ × $\frac{१}{२९}$ = $\frac{८९६}{२९}$; $\frac{२८८ \times ८}{२९}$ = $\frac{२३०४}{२९}$ । एक कम दुगुणे उत्कृष्ट संख्यातका गुणहानिमें भाग देनेपर उसमेंसे एक कम एक भागको गच्छ करके गोपुच्छविशेषादि उत्तर संकलनको लाकर पूर्वोक्त गोपुच्छविशेषोंमेंसे इतने मात्र गोपुच्छविशेषोंको ग्रहण कर एक कम दुगुणे उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित गुणहानि प्रमाण अन्तिम निषेकोंके मिलानेपर यथास्वरूपसे एक खण्ड द्रव्य होता है । फिर शेष

१ प्रतिषु ' असंखेज्जा ' इति पाठः । २ अप्रतौ ' एगरूवूणं भागं गच्छं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेसगोवुच्छविसेसाओ संकलणसरूवेण हेट्ठा रइदूण गच्छद्धाणं भणिस्सामो $\left|\frac{३२}{}\right|\left|\frac{८}{२९}\right|$। एदे गोवुच्छविसेसा बिदियखंडम्मि आदी होंति। एगेगो गोवुच्छविसेसो उत्तरं। आदीदो अंतधणं दुगुणं रूवूणं $\left|\frac{३२}{}\right|\left|\frac{८}{२९}\right|\left|\frac{२}{}\right|$। आदि-अंतधणाणि एक्कदो काऊण अद्धिय रूवाहियगुणहाणिमेत्त- गोवुच्छविसेसे पक्खित्ते बिदियखंडमज्झिमधणं होदि। एदेण उव्वट्टिदेगोवुच्छविसेसेसु ओवट्टिदे किंचूणेगखंडमेत्तद्धाणं लब्भदि। एसा थूलद्धपरूवणा। सुहुमद्धाणं धणमद्धुत्तरगुणिदे[2] एदीए गाहाए आणेदव्वं।

संपहि एदमद्धाणं पि सोहिय भागहारपसाहणं भणिस्सामो। तं जहा— $\left|\frac{३२००}{२९}\right|$ एदेण उवरिमविरलणाए एगरूवधरिदबिदियादिगुणहाणिसव्वदव्वे भागे हिदे रूवूणदुगुणुक्कस्ससंखेज्जमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणमागच्छदि $\left|\frac{३१}{३२}\right|\left|\frac{२९}{}\right|$। एदं विरलिय एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे इच्छिददव्वमागच्छदि। एदमुवरि पक्खिविय समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणमाणयणं वुच्चदे। तं जहा—

गोपुच्छविशेषोंको संकलन स्वरूपसे नीचे रचकर गच्छका अध्वान कहते हैं— [गो. वि. ३२ × गु. हा. ८ ÷ (उ. सं. १५ × २ − १)] ये गोपुच्छविशेष द्वितीय खण्डमें आदि होते हैं। एक एक गोपुच्छविशेष उत्तर है। आदि धनसे अन्तधन एक कम दुगुणा है— आदि $\frac{३२ \times ८}{२९}$, $\frac{३२ \times ८ \times २}{२९}$ = अन्तधन। आदि और अन्त धनको इकट्ठा करके आधा कर एक अधिक गुणहाणि प्रमाण गोपुच्छविशेषको मिलानेपर द्वितीय खण्डका मध्यम धन होता है। इससे उपस्थित गोपुच्छविशेषोंको अपवर्तित करनेपर कुछ कम एक खण्ड प्रमाण अध्वान पाया जाता है। यह स्थूल अध्वानकी प्ररूपणा है। सूक्ष्म अध्वानको " धणमद्धुत्तरगुणिदे- " इत्यादि गाथा (देखो पीछे पृ. १५० गा. १४) के द्वारा लाना चाहिये।

अब इस अध्वानको भी कम करके भागहारके प्रसाधनको कहते हैं। यथा— $\frac{३२००}{२९}$ इसका उपरिम विरलन राशिके एक अंकके प्रति प्राप्त द्वितीयादिक गुणहाणियोंके सब द्रव्यमें भाग देनेपर एक अंकके असंख्यातवें भागसे हीन एक कम दुगुणा उत्कृष्ट संख्यात आता है— $३१०० \div \frac{३२००}{२९} = \frac{३१ \times २९}{३२} = २८\frac{३}{३२}$; (एक कम दुगुणा उत्कृष्ट संख्यात १५ × २ − १ = २९; एक अंकका असंख्यातवां भाग $\frac{३}{३२}$, $२९ - \frac{३}{३२} = २८\frac{३}{३२}$)। इसका विरलन कर एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर इच्छित द्रव्य आता है। इसको ऊपर मिलाकर समीकरण करनेपर हीन अंकोंके लानेकी विधि बतलाते हैं। वह इस प्रकार है— एक अंकसे अधिक अधस्तन विर-

---

१ ताप्रतौ ' उव्वट्टिद ' इति पाठः। २ अप्रतौ ' घणद्धाणं घण धण '; काप्रतौ ' घद्दद्धाणं घण धण '; ताप्रतौ ' पुधद्द (द्ध) द्धाणं धण धण ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेट्ठिमविरलणं रूवाहियं गंतूण $\begin{array}{|c|c|c|}\hline ३१ & ३० & १ \\ \hline ३२ & ३१ & \\ \hline \end{array}$[1] जदि एगरूवपरिहीणं लब्भदि[2] तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति $\begin{array}{|c|c|c|c|}\hline ३१ & ३० & १ & ६३ \\ \hline ३२ & ३१ & & ३१ \\ \hline & १ & & \\ \hline \end{array}$[3] पमाणेण फलगुणिदमिच्छामोवट्टिदे एगरूवस्स उक्कस्ससंखेज्जेण खंडिदेगखंडमण्णेगरूवस्स असंखेज्जदिभागो च आगच्छदि। लद्धमुवरिमविरलणम्मि सोहिदे एगरूवमेगरूवस्स संखेज्जा भागा अण्णेगरूवस्स असंखेज्जदिभागो च भागहारो होदि।

पढमगुणहाणिदव्वेण बिदियादिगुणहाणिदव्वं सरिसमिदि कप्पिय उवरिमपरूवणं भणिस्सामो। तं जहा— दोरूवाणि विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि बिदियादिगुणहाणिदव्वं पावदि। पुणो एत्थ एगरूवधरिददव्वतिभागेण तम्हि चेव दव्वे भागे हिदे तिण्णि रूवाणि आगच्छंति। पुणो एदाणि विरलिय उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं

लन जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर एक अंकका उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित एक खण्ड और अन्य एक अंकका असंख्यातवां भाग आता है $\left[\frac{३१ \times २९}{३२} + १ = \frac{९३१}{३२}\right.$; यदि $\frac{९३१}{३२}$ पर १ अंककी हानि होती है तो $\frac{६३}{३१}$ पर कितने अंकोंकी हानि होगी, $\left.\frac{६३}{३१} \times \frac{३२}{९३१} = \frac{२८८}{४१२३} = \frac{१}{१५} + \frac{१}{३१३\frac{१८४}{१९०}} = \frac{१}{१५} + \frac{१}{३१४}\right]$।

लब्धको उपरिम विरलनमेंसे कम कर देनेपर एक अंक व एक अंकका संख्यात बहुभाग तथा अन्य एक अंकका असंख्यातवां भाग भागहार होता है $[\frac{६३}{३१} - \frac{२८८}{४१२३} = \frac{२६१}{१३३} = १\frac{१२८}{१३३} = १ + \frac{१३}{१४} + \frac{९}{२९६} = १ + \frac{१३}{१४} + \frac{१}{२९\frac{५}{९}}]$।

प्रथम गुणहानिके द्रव्यसे द्वितीयादिक गुणहानियोंका द्रव्य सदृश है, ऐसी कल्पना करके आगेकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— दो अंकोंका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक अंकके प्रति द्वितीयादिक गुणहानियोंका द्रव्य प्राप्त होता है। फिर यहां एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यके तृतीय भागका उसी द्रव्यमें भाग देनेपर तीन अंक आते हैं। इनका विरलन कर उपरिम

---

१ ताप्रतौ $\begin{array}{|c|c|c|}\hline ३१ & ३० & ६३ \\ \hline ३२ & ३१ & ३१ \\ \hline & १ & \\ \hline \end{array}$, $\begin{array}{|c|c|}\hline ३१ & ३० \\ \hline ३२ & १ \\ \hline & ३१ \\ \hline \end{array}$ इति पाठः। २ प्रतिषु '-परिहीणं ण लब्भदि' इति पाठः। ३ काप्रतौ ताप्रतौ $\begin{array}{|c|c|c|c|}\hline ३१ & ३० & १ & ६३ \\ \hline ३२ & १ & & ३१ \\ \hline & ३१ & & \\ \hline \end{array}$ इति पाठः। ४ प्रतिषु 'पमाणफल' इति पाठः। ५ अ-काप्रत्योः 'अणेग' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करिय दिण्णे रूवं पडि तिभागपमाणं पावदि। तमुवरि दादूण समकरणं कायव्वं। रूवाहियतिण्णं रूवाणं जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो दोण्णं रूवाणं किं लभामो त्ति |४|१|२| पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिदे लद्धमद्धरूवं |१/२|। एदम्मि दोरूवेसु सोहिदे सुद्धसेसमेत्तियं होदि |१/१/२|। संपहि गुणहाणिअद्धं |२/३| विसेसाहियमुवरि चडिदूण बंधमाणस्स सति- भागरूवं भागहारो होदि, रूवाहियदोरूवेहि दोरूवेसु ओवट्टिदेसु एगरूवबेतिभागस्स |२/३| दोसु रूवेसु परिहाणिदंसणादो |१/१/३|। पुणो गुणहाणितिण्णिचदुब्भागमुवरि चडिदूण बंधमाणस्स एगरूवमेग- रूवस्स सत्तमभागो च भागहारो होदि। तं जहा— सतिभागमेगरूवं विरलिय उवरि एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे इच्छिददव्वं पावदि। एदं रूवाहियं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो दोण्णं रूवाणं किं लभामो त्ति |७/३|१|२| लद्धं |६/७|। एदम्मि दोसु रूवेसु सोहिदे सुद्धसेसमेदं |१/१/७|। तस्स गुणिदकम्मंसिओ[1] णेरइयचरिम- समए पढमगुणहाणिदव्वस्स तीहि चदुब्भागेहि

एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति तृतीय भागका प्रमाण प्राप्त होता है। उसको ऊपर देकर समीकरण करना चाहिये। एक अधिक तीन अंकोंके यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो दो अंकोंके प्रति वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर आधा अंक लब्ध होता है— $\frac{२ \times १}{४} = \frac{१}{२}$। इसको दो अंकोंमेंसे कम करनेपर शेष इतना होता है— $१\frac{१}{२}$। अब गुणहानिके अर्ध भागसे विशेष अधिक आगे जाकर बांधे जानेवाले द्रव्यका भागहार तृतीय भाग सहित एक अंक होता है, क्योंकि, एक अधिक दो अंकोंके द्वारा दो अंकोंको अपवर्तित करनेपर दो अंकोंमें एक अंकके दो त्रिभाग- ($\frac{२}{३}$) की हानि देखी जाती है— $२ - \frac{२}{३} = १\frac{१}{३}$। पुनः गुणहानिके तीन चतुर्थ भाग आगे जाकर बांधे जानेवाले द्रव्यका भागहार एक अंक और एक अंकका सातवां भाग होता है। वह इस प्रकारसे— तृतीय भाग सहित एक अंकका विरलन कर ऊपर एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर इच्छित द्रव्य प्राप्त होता है। एक अधिक इतना ($\frac{१}{३}$) जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो दो अंकोंके वह कितनी पायी जावेगी, [इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर] लब्ध इतना होता है— $\frac{६}{७} \times \frac{१}{४} \div \frac{७}{३} = \frac{६}{७}$। इसको दो अंकोंमेंसे कम कर देनेपर शेष यह रहता है— $२ - \frac{६}{७} = १\frac{१}{७}$। उस समयप्रबद्धमेंसे गुणितकर्मांशिक जीव नारक भवके अन्तिम समयमें प्रथम गुणहानि सम्बन्धी द्रव्यके तीन चतुर्थ भागोंके साथ

---

१ प्रतिषु ' समयपबद्धस्स गुणहाणिगुणिदकम्मंसिओ ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सह विदियादिगुणहाणिदव्वं धरेदि, समयपबद्धमट्ठमभागेणं धरेदि त्ति उत्तं होदि। एवमेगरूवमेगरूवस्स संखेज्जदिभागो भागहारो गच्छमाणो केत्तियदव्वे वड्ढिदे एगरूवमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागो च भागहारो होदि त्ति उत्ते उच्चदे—गुणहाणिं जहण्णपरित्तासंखेज्जस्स अद्धेण रूवाहिएण खंडिदूण तत्थ एगखंडं मोत्तूण बहुखंडाणि विसेसाहियाणि हेट्ठदो उवरि चडिदूण बद्धदव्वस्स एगरूवमेगरूवं विसेसाहियजहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदेगखंडं च भागहारो होदि। तं जहा— $\frac{९}{८}$ एदं विरलणं रूवाहियं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणम्मि किं लभामो त्ति $\frac{१७}{८}$ $\frac{१}{}$ $\frac{२}{}$ पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्तियं होदि $\frac{१६}{१७}$। एदम्मि दोसु रूवेसु सोहिदे एगरूवं रूवाहियजहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदेगरूवं च भागहारो $\frac{१}{१}$ $\frac{}{१७}$ होदि। एदेण समयपबद्धे भागे हिदे दुरूवाहियजहण्णपरित्तासंखेज्जेण समयपबद्धं खंडिदूण तत्थ एगखंडं मोत्तूण बहुखंडाणि आगच्छंति। एत्तो पहुडि उवरि जे बद्धा समयपबद्धा तेसिमसंखेज्जदिभागो चेव णट्ठो, सेसअसंखेज्जा भागा ण

द्वितीयादिक गुणहानियोंके द्रव्यको धारण करता है। अभिप्राय यह कि वह आठवें भागसे हीन समयप्रबद्धको धारण करता है। [प्रथम गुणहानिका द्रव्य $\frac{१}{२}$ समयप्रबद्ध, द्वितीयादिक गुणहानिका द्रव्य $\frac{१}{२}$ समयप्रबद्ध, $\frac{१}{२} \times \frac{७}{८} + \frac{१}{२} = \frac{१५}{१६}$।]

शंका— इस प्रकार एक अंक और एक अंकका संख्यातवां भाग भागहार जाता हुआ कितने द्रव्यकी वृद्धि होनेपर एक अंक और एक अंकका असंख्यातवां भाग भागहार होता है?

समाधान— ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि जघन्य परीतासंख्यातके अर्ध भागमें एक मिलानेपर जो प्राप्त हो उससे गुणहानिको खण्डित कर उसमेंसे एक खण्डको छोड़कर विशेषाधिक बहुभाग प्रमाण नीचेसे ऊपर जाकर बांधे गये द्रव्यका भागहार एक अंक और एक अंकको विशेषाधिक जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर एक खण्ड भागहार होता है। वह इस प्रकारसे— एक अधिक इतना ($\frac{१}{२}$) विरलन जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें वह कितनी पायी जावेगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर लब्ध इतना होता है— $२ \times १ \div \frac{१७}{८} = \frac{१६}{१७}$। इसको दो अंकोंमेंसे कम कर देनेपर एक पूर्ण अंक और एक अधिक जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित एक अंक भागहार होता है— $२ - \frac{१६}{१७} = १\frac{१}{१७}$।

इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर दो अधिक जघन्य परीतासंख्यातसे समयप्रबद्धको खण्डित कर उसमेंसे एक खण्डको छोड़कर बहुखण्ड आते हैं। यहांसे लेकर आगे जो समयप्रबद्ध बांधे गये हैं उनका असंख्यातवां भाग ही नष्ट हुआ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णट्ठा। णवरि णारगचरिमसमयप्पहुडि हेट्ठा समयाहियआबाधामेत्तसमयपबद्धाणमेक्को वि ण णट्ठो परमाणू, अप्पहाणीकयओकड्डणदव्वत्तादो।

संपहि आबाहं पहाणं कादूण भण्णमाणे आबाधाब्भंतरे बद्धसमयपबद्धाणमोकड्डणादो चेव विणासो। एगाए वि गोवुच्छाए जधा णिसेगसरूवेण गलणं णत्थि, णारगचरिमसमयप्पहुडि उवरि णिक्खित्तपढमादिगोउच्छत्तादो। संपहि आबाधाब्भंतरे बद्धसमयपबद्धाणमोकड्डणाए णट्ठदव्वपरिक्खा कीरदे। तं जहा— एत्थ ताव तं चउव्विहं एगसमयपबद्धस्स एगसमयओकड्डिदादो एगसमयगलिदं, एगसमयपबद्धस्स एगसमयओकड्डिदादो णाणासमयगलिदं, एगसमयपबद्धस्स णाणासमयओकड्डिदादो णाणासमयगलिदं, णाणासमयपबद्धाणं णाणासमयओकड्डिदादो णाणासमयगलिदं चेदि। तिण्हं वाससहस्साणं समयपंतिं ठवेदूण कमेण चदुण्णं णट्ठदव्वाणं परूवणे कीरमाणे णारगचरिमसमयं मोत्तूण तिण्णि वाससहस्साणि हेट्ठा ओसरिय जो बद्धो समयपबद्धो तस्स ताव उच्चदे— एगसमयपबद्धं ठविय तस्स हेट्ठा ओकड्डुक्कड्डणभागहारे ठविदे एगसमयओकड्डिददव्वं होदि। तं सव्वमुदयावलियबाहिरे गोवुच्छागारेण णिसिंचदि त्ति पढमणिसेयपमाणेण कदे दिवड्ढगुणहाणि-

है, शेष असंख्यात बहुभाग नष्ट नहीं हुआ है। विशेष इतना है कि नारक भवके अन्तिम समयसे लेकर नीचे एक समय अधिक आबाधा प्रमाण समयप्रबद्धोंका एक भी परमाणु नष्ट नहीं हुआ है, क्योंकि, यहां अपकर्षण द्रव्यको अप्रधान किया गया है।

अब आबाधाको प्रधान करके कथन करनेपर आबाधाके भीतर बांधे गये समयप्रबद्धोंका अपकर्षण द्वारा ही विनाश होता है। कारण यह कि निषेक स्वरूपसे एक भी गोपुच्छका गलन नहीं है, क्योंकि, नारक भवके अन्तिम समयसे लेकर आगे प्रथमादिक गोपुच्छोंका निक्षेप किया गया है। अब आबाधाके भीतर बांधे गये समयप्रबद्धोंके अपकर्षण द्वारा नष्ट हुए द्रव्यकी परीक्षा करते हैं। वह इस प्रकार है— यहां उक्त द्रव्य एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे एक समयमें गलित हुआ, एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे नानासमयोंमें गलित हुआ, एक समयप्रबद्धके नाना समयोंमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे नाना समयोंमें गलित हुआ, तथा नाना समयप्रबद्धोंके नाना समयोंमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे नाना समयोंमें गलित हुआ, इस प्रकारसे चार प्रकारका है। तीन हजार वर्षोंकी समयपंक्तिको स्थापित करके क्रमसे चारों नष्ट द्रव्योंकी प्ररूपणा करनेमें नारक भवके अन्तिम समयको छोड़कर तीन हजार वर्ष नीचे उतर कर जो समयप्रबद्ध बांधा गया है उसके सम्बन्धमें प्ररुपणा करते हैं— एक समयप्रबद्धको स्थापित कर उसके नीचे अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारको स्थापित करनेपर एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यका प्रमाण होता है। उस सबको चूंकि उदयावलीके बाहिर गोपुच्छाकारसे देता है, अत एव प्रथम निषेक प्रमाणसे करनेपर डेढ़ गुणहानि प्रमाण प्रथम निषेक होते हैं। इसीलिये डेढ़

१ अ-काप्रत्योः 'लद्ध' इति पाठः। २ काप्रतौ 'जथा' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेत्तपढमणिसेया होंति। तेण दिवड्ढगुणहाणिणा ओकड्डिददव्वे भागे हिदे एगसमयपबद्धएगसमयओकड्डिदस्स पढमसमयगलिदमागच्छदि। पुणो तस्सेव बिदियसमयगलिदे आणिज्जमाणे दिवड्ढगुणहाणीओ विरलिय एगसमयपबद्धस्स एगसमयओकड्डिददव्वं समखंडं करिय दिण्णे पढमसमयगलिददव्वपमाणं पावदि।

संपधि एदस्स हेट्ठा णिसेगभागहारं विरलिय पढमसमयगलिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि गोवुच्छविसेसो पावदि। तं उवरिमविरलणसव्वरूवधरिदेसु अवणिय पयदगोवुच्छपमाणेण कीरमाणे समुप्पण्णसलागाणं पमाणमाणिज्जदे। तं जहा— रूवूणहेट्ठिमविरलणमेत्तविसेसेसु जदि एगा सलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तविसेसेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिदे पक्खेवसलागाओ लब्भंति। ताओ उवरिमविरलणाए पक्खिविय एगसमयओकड्डिददव्वे भागे हिदे तत्तो बिदियसमयगलिददव्वमागच्छदि। पुणो णिसेयभागहारस्स अद्धेण रूवूणेण दिवड्ढगुणहाणीओ ओवट्टिय जं लद्धं

गुणहानिका अपकृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे प्रथम समयमें नष्ट हुआ द्रव्य आता है। फिर उक्त द्रव्यमेंसे ही द्वितीय समयमें नष्ट द्रव्यका प्रमाण लानेके लिये डेढ़ गुणहानियोंका विरलन कर एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रथम समयमें नष्ट द्रव्यका प्रमाण प्राप्त होता है।

अब इसके नीचे निषेकभागहारका विरलन कर प्रथम समयमें नष्ट हुए द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक अंकके प्रति गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है। उसको उपरिम विरलन राशिके सब अंकोंके प्रति प्राप्त द्रव्यमेंसे कम करके प्रकृत गोपुच्छके प्रमाणसे करनेपर उत्पन्न हुई शलाकाओंका प्रमाण लाते हैं। वह इस प्रकार है— एक कम अधस्तन विरलन प्रमाण विशेषोंमें यदि एक शलाका पायी जाती है तो उपरिम विरलन प्रमाण विशेषोंमें कितनी शलाकायें पायी जावेंगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर प्रक्षेपशलाकायें प्राप्त होती हैं। उनको उपरिम विरलनमें मिलाकर एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर उसमेंसे द्वितीय समयमें नष्ट हुआ द्रव्य आता है। [समयप्रबद्धमेंसे अपकृष्ट द्रव्यका प्रमाण ६१४४, डेढ़ गुणहानि १२, निषेकभागहार १६; $\frac{६१४४}{१} \times \frac{१}{१२} = ५१२$ प्रथम निषेक; ५१२ ÷ १६ = ३२ चयका प्रमाण; एक कम निषेकभागहार १५ पर यदि एककी हानि होती है तो १२ पर कितनेकी हानि होगी- $\frac{१२}{१५} = \frac{४}{५}$; $१२ + \frac{४}{५} = \frac{६४}{५}$ द्वितीय निषेकका भागाहार; $\frac{६१४४ \times ५}{६४} = ४८०$ द्वितीय निषेक]। फिर एक कम निषेकभागहारके अर्ध भागसे डेढ़ गुणहानियोंको

---

१ प्रतिषु ' लद्धेण ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तमुवरिमविरलणाए पक्खिविय तेणेगसमयओकड्डिददव्वे भागे हिदे तत्तो तदियसमए गलिद-दव्वं होदि। एवं णेदव्वं जाव णेरइयदुचरिमसमए ओकड्डणाए गलिददव्वं त्ति। एवं सव्वसमयपबद्धाणमेगसमओकड्डिदएगसमयगलिददव्वपरूवणा कायव्वा। णवरि णेरइयदुचरिम-समयप्पहुडि हेट्ठिमदोसु आवलियासु बद्धदव्वाणमेसो विचारो णत्थि, चरिमावलियाए ओकड्डणाभावादो दुचरिमावलियाए ओकड्डिददव्वस्स असंखेज्जलोगपडिभागेण विणासुव-लंभादो[1]। एवमेगसमयपबद्धएगसमयओकड्डिदएगसमयगलिदस्स परूवणा गदा।

संपधि एगसमयपबद्धएगसमयओकड्डिदणाणासमयगलिदं वत्तइस्सामो। तं जहा— णेरइयचरिमसमयं मोत्तूण तिण्णिवाससहस्साणि हेट्ठा ओसरिय जो बद्धो समयपबद्धो[2] तं बंधावलियादिक्कंतमोकड्डियं[3] उदयावलियाए असंखेज्जलोगपडिभागिगं दव्वं पक्खिविय पुणो उदयावलियबाहिरे सेसदव्वं गोवुच्छागारेण णिसिंचदि। तत्थ णेरइयदुचरिमसमयादो हेट्ठा णिक्खित्तदव्वं णट्ठमिदि तस्साणयणे भण्णमाणे एगसमयपबद्धस्स पढमसमयओकड्डिद-

---

अपवर्तित कर जो लब्ध हो उसको उपरिम विरलनमें मिलाकर उसका एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर उसमेंसे तृतीय समयमें नष्ट द्रव्य होता है [नि. भा. १६; डेढ़ गु. हा. $\frac{६३००}{५१२}$; उपरिम विरलन $\frac{६३००}{५१२}$; $\frac{६३००}{५१२} \div \left(\frac{१६}{२} - १\right) = \frac{९००}{५१२}$; $\frac{६३००}{५१२} + \frac{९००}{५१२} = \frac{७२००}{५१२}$; $६३०० \div \frac{७२००}{५१२} = ४४८$ तृतीय समयमें नष्ट द्रव्य]। इस प्रकार नारक भवके द्विचरम समयमें अपकर्षण द्वारा नष्ट द्रव्य तक ले जाना चाहिये। इसी प्रकार सब समयप्रबद्धोंके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे एक समयमें नष्ट हुए द्रव्यकी प्ररूपणा करना चाहिये। विशेषता इतनी है कि नारक भवके द्विचरम समयसे लेकर नीचेकी दो आवलियोंमें बांधे गये द्रव्योंके सम्बन्धमें यह विचार नहीं है, क्योंकि, चरम आवलीमें अपकर्षणका अभाव है व द्विचरम आवलीमें अपकर्षण प्राप्त द्रव्यका असंख्यात लोक प्रतिभागसे विनाश पाया जाता है। इस प्रकार एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे एक समयमें नष्ट हुए द्रव्यकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

अब एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमेंसे नाना समयोंमें नष्ट द्रव्यकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है— नारक भवके अन्तिम समयको छोड़कर तीन हजार वर्ष नीचे आकर जो समयप्रबद्ध बांधा गया है, बंधावलीसे रहित उसका अपकर्षण कर उदयावलीमें असंख्यात लोक प्रतिभागको प्राप्त द्रव्यमें मिलाकर फिर उदयावलीके बाहिर शेष द्रव्यको गोपुच्छके आकारसे देता है। इसमें नारक भवके द्विचरम समयसे नीचे निक्षिप्त द्रव्य चूंकि नष्ट हो चुका है अत एव उसके लानेकी प्ररूपणामें एक समयप्रबद्धके प्रथम समयमें अपकृष्ट द्रव्यको स्थापित

---

१ ताप्रतौ ' विणाणु (सु) वलंभादो ' इति पाठः। २ प्रतिषु ' बद्धो सो समयपबद्धो ' इति पाठः। ३ प्रतिषु ' मोवड्डिय ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दव्वं ठविय दिवड्ढगुणहाणीए ओवट्टिदे पढमसमयगलिददव्वमागच्छदि । पुणो बंधावलियाहि वज्जिदतीहि वाससहस्सेहि दिवड्ढगुणहाणीओ ओवट्टिय एगसमयपबद्धएगसमयओकड्डिददव्वे भागे हिदे दोआवलिऊणतिण्णिवाससहस्समेत्तपढमणिसेया आगच्छंति । समयाहियदोआवलियूणतिण्णिवाससहस्साणं संकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा अहिया जादा त्ति तेसिमवणयणविहाणं उच्चदे । तं जहा— दोआवलिऊणतीहि वाससहस्सेहि गुणिदणिसेगभागहारं विरलिय उवरिमएगरूवधरिदपमाणमण्णं समखंडं करिय दिण्णे एगगोवुच्छविसेसो पावदि । पुणो रूवाहियदोआवलियूणतिण्णिवाससहस्साणं संकलणाए ओवट्टिय पुव्वदिण्णं दिण्णे संकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा विरलणरूवं पडि पावेंति । ते घेत्तूण उवरिमविरलणसव्वरूवधरिदेसु अवणिदेसु सेसमिच्छिददव्वं होदि ।

अवणिदगोवुच्छविसेसे पयददव्वपमाणेण कीरमाणे उप्पण्णपक्खेवरूवाणं पमाणं उच्चदे— रूवूणेहेट्ठिमविरलणमेत्तपयदगोवुच्छविसेसेसु जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धमुवरिमविरलणाए पक्खिविय पढमसमयओकड्डिददव्वे भागे हिदे एगसमयपबद्धस्स पढमसमय-

---

कर डेढ़ गुणहानि द्वारा अपवर्तित करनेपर प्रथम समयमें नष्ट हुआ द्रव्य आता है । फिर बन्धावलियों रहित तीन हजार वर्षोंसे डेढ़ गुणहानियोंको अपवर्तित करके एक समयप्रबद्धके एक समयमें अपकृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर दो आवलियोंसे रहित तीन हजार वर्ष प्रमाण प्रथम निषेक आते हैं । एक समय अधिक दो आवलियोंसे रहित तीन हजार वर्षोंके संकलन प्रमाण गोपुच्छविशेष चूंकि अधिक हैं, अत एव उनके कम करनेकी विधि कहते हैं । वह इस प्रकार है— दो आवलियोंसे रहित रहित तीन हजार वर्षोंसे गुणित निषेकभागहारका विरलन कर उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यके बराबर अन्य द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर एक गोपुच्छविशेष प्राप्त होता है । फिर एक अधिक दो आवलियोंसे कम तीन हजार वर्षोंकी संकलनासे अपवर्तित कर पूर्व देय राशिको देनेपर विरलन अंकके प्रति संकलन प्रमाण गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । उनको ग्रहण कर उपरिम विरलन राशिके सब अंकोंके प्रति प्राप्त द्रव्योंमेंसे कम कर देनेपर शेष इच्छित द्रव्य होता है ।

माणं पदेसट्ठाणाणं खविदगुणिदघोलमाणा सामिणो । तदो जं अणंतरमसंखेज्जगुणवड्ढिट्ठाणं तं गुणिदघोलमाणस्स अपुणरुत्तं भवदि । एवमपुणरुत्तसरूवेण गुणिदघोलमाणअसंखेज्ज-गुणवड्ढिपदेसट्ठाणेसु गच्छमाणेसु दूरं गंतूण गुणिदकम्मंसियजहण्णपदेसट्ठाणं दिस्सदि । तं पुणरुत्तं होदि । पुणो परमाणुत्तरं वड्ढिदे तस्स अणंतभागवड्ढिपदेसट्ठाणं होदि । तं पि पुणरुत्तं होदि । एवं पुणरुत्तापुणरुत्तसरूवेण अणंतभागवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढीणं गच्छ-माणाणं दूरं गंतूण गुणिदकम्मंसियस्स अणंतभागवड्ढी परिहायदि, असंखेज्जभागवड्ढी पारभदि । तं पि पुणरुत्तपदेसट्ठाणं होदि । एवं पुणरुत्तापुणरुत्तसरूवेण असंखेज्जभागवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढीणं गच्छमाणाणं अणंताणि ट्ठाणाणि गंतूण गुणिदघोलमाणअसंखेज्जगुणवड्ढी-समप्पदि । एत्तो प्पहुडि हेट्ठिमाणं गुणिदकम्मंसियजहण्णपदेसट्ठाणपज्जवसाणाणं गुणिद-घोलमाणो गुणिदकम्मंसियो च सामी । एत्तो अणंतरमुवरिमपदेसट्ठाणं गुणिदकम्मंसियस्स चेव होदि । तं च अपुणरुत्तं । एवं णेदव्वं जाव गुणिदकम्मंसियस्स उक्कस्सट्ठाणे त्ति । पुणो एत्थ उक्कस्सपदेसट्ठाणम्मि जहण्णपदेसट्ठाणे सोहिदे जेत्तिया परमाणू अवसेसा तेत्तियमेत्ताणि णाणावरणस्स अणुक्कस्सपदेसट्ठाणाणि । उक्कस्सपदेससामियस्स लक्खणं पुव्वं परूविदं । जहण्णपदेससामियस्स लक्खणमुवरि भणिहिदि[1] । अवसेसाणमणंताणं ठाणाणं जे सामिणो जीवा तेसिं लक्खणं किण्ण परूविदं ? ण एस दोसो, जहण्णुक्कस्सपदेसट्ठाण-

गुणितघोलमान जीव स्वामी हैं । उससे अनन्तर जो असंख्यातगुणवृद्धिका स्थान है वह गुणितघोलमानके अपुनरुक्त होता है । इस प्रकार अपुनरुक्त स्वरूपसे गुणित-घोलमानके असंख्यातगुणवृद्धिप्रदेशस्थानोंके चालू रहनेपर दूर जाकर गुणितकर्मां-शिकका जघन्य प्रदेशस्थान दिखता है । वह पुनरुक्त है । फिर एक आदि परमाणुकी वृद्धि होनेपर उसके अनन्तभागवृद्धिप्रदेशस्थान होता है । वह भी पुनरुक्त होता है । इस प्रकार पुनरुक्त और अपुनरुक्त स्वरूपसे अनन्तभागवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धिके चालू रहनेपर दूर जाकर गुणितकर्मांशिकके अनन्तभागवृद्धिकी हानि हो जाती है और असंख्यातभागवृद्धिका प्रारम्भ होता है । वह भी पुनरुक्त प्रदेशस्थान है । इस प्रकार पुनरुक्त-अपुनरुक्त स्वरूपसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धिके चालू रहनेपर अनन्त स्थान जाकर गुणितघोलमानके असंख्यातगुणवृद्धि समाप्त हो जाती है । यहांसे लेकर नीचेके गुणितकर्मांशिक सम्बन्धी जघन्य प्रदेशस्थान पर्यन्त स्थानोंका गुणितघोलमान और गुणितकर्मांशिक जीव स्वामी हैं । इससे अनन्तरका उपरिम प्रदेशस्थान गुणितकर्मांशिकके ही होता है । वह अपुनरुक्त है । इस प्रकार गुणितकर्मांशिकके उत्कृष्ट स्थानके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये । पश्चात् यहां उत्कृष्ट प्रदेशस्थानमेंसे जघन्य प्रदेशस्थानको कम करनेपर जितने परमाणु शेष रहते हैं उतने मात्र ज्ञानावरणके अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थान हैं । उत्कृष्ट प्रदेशस्थानके स्वामीका लक्षण पूर्वमें कहा जा चुका है । जघन्य प्रदेशस्थानके स्वामीका लक्षण आगे कहा जायगा ।

शंका— शेष अनन्त स्थानोंके जो जीव स्वामी हैं उनका लक्षण क्यों नहीं कहा ?

१ अ-काप्रत्योः ' भणिदेदिओ ', ताप्रतौ ' भणिदीओ ', मप्रतौ ' भणिहिदिओ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामियाणं लक्खणे परूविदे तेसिं दोण्णं पदेसट्ठाणाणं विच्चाले[1] वट्टमाणसेसट्ठाणसामियाणं पि लक्खणस्स तत्तो चेव सिद्धीदो। तं जहा— जहण्णट्ठाणप्पहुडिएगसमयपबद्धमेत्तट्ठाणाणं जे सामिणो तेसिं जीवाणं खविदकम्मंसियलक्खणमेव लक्खणं होदि। समाणलक्खणाणं कधं दव्वभेदो? ण, छावासएहि परिसुद्धाणं पि ओकड्डुक्कड्डणवसेण पदेसट्ठाणभेदसंभवं पडि विरोहाभावादो। उक्कस्सट्ठाणादो वि हेट्ठिमाणं समयपबद्धमेत्तट्ठाणाणं जे सामिणो तेसिं गुणिदकम्मंसियलक्खणमेव लक्खणं होदि, छावासएहि भेदाभावादो। अवसेसाणं ट्ठाणाणं जे सामिणो तेसिं जीवाणं लक्खणं खविद-गुणिदलक्खणसंजोगो। सो च एगादिसंजोग-जणिदबासट्ठिविहो। तदो खविद-गुणिदकम्मंसियलक्खणेहिंतो जच्चंतरीभूदमजहण्ण-मणुक्कस्सट्ठाणाहारजीवाणं[2] णं लक्खणमत्थि त्ति। तेण तेसिं पुध ण लक्खणपरूवणा कीरदि त्ति सिद्धं।

एत्थ तसजीवपाओग्गपदेसट्ठाणेसुं[3] जीवा पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता। एइंदिय-

---

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, जघन्य और उत्कृष्ट प्रदेशस्थानोंके स्वामियोंके लक्षणकी प्ररूपणा करनेपर उन दो प्रदेशस्थानोंके अन्तरालमें रहनेवाले शेष समस्त स्थानोंके स्वामियोंका भी लक्षण उसीसे ही सिद्ध है। यथा— जघन्य स्थानसे लेकर एक समयप्रबद्ध मात्र स्थानोंके जो स्वामी हैं उन जीवोंका क्षपितकर्मांशिक लक्षण ही लक्षण होता है।

शंका— समान लक्षणवालोंके द्रव्यका भेद कैसे सम्भव है?

समाधान — नहीं, क्योंकि, छह आवासोंसे परिशुद्ध जीवोंके भी अपकर्षण और उत्कर्षणके वश प्रदेशस्थानोंके भेदोंकी सम्भावनामें कोई विरोध नहीं है।

उत्कृष्ट स्थानसे भी नीचेके समयप्रबद्ध मात्र स्थानोंके जो स्वामी हैं उनका गुणितकर्मांशिक लक्षण ही लक्षण होता है, क्योंकि, उनमें छह आवासोंकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है। शेष स्थानोंके जो जीव स्वामी हैं उन जीवोंका लक्षण क्षपित और गुणित लक्षणोंका संयोग है। वह भी एक आदिके संयोगसे उत्पन्न होकर बासठ प्रकारका है। इस कारण अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंके आधारभूत जीवोंका क्षपितकर्मांशिक और गुणितकर्मांशिकके लक्षणोंसे भिन्न जातिका दूसरा कोई लक्षण नहीं है। इसलिये उनके लक्षणोंका पृथक् कथन नहीं करते हैं, यह सिद्ध होता है।

यहां त्रस जीवोंके योग्य प्रदेशस्थानोंमें जीव प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण

---

१ अप्रतौ 'पदेसट्ठाणाणं जे सामिणो विच्चाले' इति पाठः। २ अ-काप्रत्योः 'जच्चंतरभूद-' इति पाठः। ३ अप्रतौ '-ट्ठाणहार' इति पाठः। ४ ताप्रतौ नोपलभ्यते पदमिदम्। ५ ताप्रतौ '-पाओग्गट्ठाणेसु' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाओग्गट्ठाणेसु अणंता । एत्थ ताव तसजीवपाओग्गट्ठाणाणं जीवसमुदाहारे भण्णमाणे छाणिओगद्दाराणि— परूवणा पमाणं सेडी अवहारो भागाभागं अप्पाबहुगं चेदि । तत्थ परूवणाए अणुक्कस्सजहण्णट्ठाणे जीवा अत्थि । एवं णेदव्वं जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति । पमाणमुच्चदे । तं जहा— अणुक्कस्सजहण्णए ठाणे एक्को वा दो वा उक्कस्सेण चत्तारि जीवा, खविदकम्मंसियाणं एक्कम्मि काले समाणपरिमाणाणं चदुण्णं चेव उवलंभादो । एदम्हादो उवरिमेसु खवगसेडिपाओग्गेसु अणंतेसु ट्ठाणेसु सव्वेसु वि वट्टमाणकाले संखेज्जा चेव, असंखेज्जाणं खवगजीवाणं अणंताणंताणं वा वट्टमाणकाले अभावादो । सेसेसु अणुक्कस्सट्ठाणेसु जीवा एक्को वा तिण्णि वा एवं जाव उक्कस्सेण असंखेज्जा पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता । उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा एक्को वा दो वा तिण्णि वा एवं जाव उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता । कुदो ? गुणिदकम्मंसियाणं जीवाणं समाण-परिणामाणमेक्कम्हि समए आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ताणं चेवोवलंभादो । पमाण-परूवणा गदा ।

सेडिपरूवणा दुविहा— अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा चेदि । तत्थ अणंतरोवणिधा ण सक्कदे णादुं, जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो बिदियट्ठाणजीवा किं विसेसहीणा किं विसेसाहिया किं संखेज्जगुणा त्ति उवदेसाभावादो । परंपरोवणिधा वि ण सक्कदे णादुं, अणवगयअणं-

---

हैं । एकेन्द्रिय जीवोंके योग्य स्थानोंमें अनन्त जीव हैं । यहां त्रस जीवोंके योग्य स्थानोंके जीवसमुदाहारकी प्ररूपणामें छह अनुयोगद्वार हैं—प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व । उनमेंसे प्ररूपणाकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट जघन्य स्थानमें जीव हैं । इस प्रकार उत्कृष्ट स्थान तक ले जाना चाहिये । प्रमाणका कथन करते हैं । यथा— अनुत्कृष्ट जघन्य स्थानमें एक, दो अथवा उत्कृष्ट रूपसे चार जीव होते हैं, क्योंकि, समान परिणामवाले क्षपितकर्मांशिक जीव एक समयमें चार ही पाये जाते हैं । इससे ऊपरके क्षपकश्रेणि योग्य अनन्त स्थानोंमेंसे सभीमें वर्तमान कालमें संख्यात जीव ही उपलब्ध होते हैं, क्योंकि, वर्तमान कालमें असंख्यात अथवा अनन्तानन्त क्षपक जीवोंका अभाव है । शेष अनुत्कृष्ट स्थानोंमें एक [दो] अथवा तीन इस प्रकार उत्कृष्ट रूपसे प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण असंख्यात जीव पाये जाते हैं । उत्कृष्ट स्थानमें एक, दो अथवा तीन आदि उत्कृष्ट रूपसे आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण तक जीव पाये जाते हैं, क्योंकि, एक समयमें समान परिणामवाले गुणितकर्मांशिक जीव आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र ही पाये जाते हैं । प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकारकी है— अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा । उनमें अनन्तरोपनिधा जाननेके लिये शक्य नहीं है, क्योंकि, जघन्य स्थानवाले जीवोंसे द्वितीय स्थानवाले जीव क्या विशेष हीन हैं, क्या विशेष अधिक हैं, या क्या संख्यातगुणे हैं; ऐसा उपदेश नहीं पाया जाता । परम्परोपनिधा भी जाननेके लिये

---

१ प्रतिषु ' वट्टमाणकाले सेविएण संखेज्जा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तरोवणिधत्तादो । सेडिपरूवणा गदा ।

अवहारो उच्चदे । तं जहा — अणुक्कस्सजहण्णट्ठाणजीवपमाणेण सव्वजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? पदरस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण, तसजीवाणं चदुब्भागेण अवहिरिज्जंति त्ति भणिदं होदि । एत्थ[1] गहिदगहिदं कादूण भागहारो साहेयव्वो । एवं सव्वाणुक्कस्सपदेसट्ठाणाणं अवहारकालो तप्पाओग्गासंखेज्जो होदि त्ति वत्तव्वो । उक्कस्सट्ठाणजीवाणमवहारो पदरस्स असंखेज्जदिभागो, आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तेहि उक्कस्सट्ठाणजीवेहि सव्वतसजीवरासिम्हि भागे हिदे पदरस्स असंखेज्जदिभागुवलंभादो । एवमवहारकालपरूवणा गदा ।

भागाभागस्स अवहारभंगो । अप्पाबहुगं उच्चदे— सव्वत्थोवा अणुक्कस्सजहण्णट्ठाणजीवा |४| । उक्कस्सट्ठाणजीवा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । अजहण्णअणुक्कस्सएसु ठाणेसु जीवा असंखेज्जगुणा । गुणगारो पदरस्स असंखेज्जदिभागो । अणुक्कस्सट्ठाणजीवा विसेसाहिया अणुक्कस्सजहण्णट्ठाणजीवमेत्तेण । अजहण्णएसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया जहण्णट्ठाणजीविणूणउक्कस्सट्ठाणजीवमेत्तेण । सव्वेसु

शक्य नहीं है, क्योंकि, अनन्तरोपनिधा ज्ञात है । श्रेणिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अवहारका कथन करते हैं । यथा—अनुत्कृष्ट जघन्य स्थानवाले जीवोंके प्रमाणसे सब जीव कितने कालमें अपहृत होते हैं ? वे प्रतरके असंख्यातवें भाग मात्र कालसे अपहृत होते हैं, अर्थात् त्रस जीवोंके चतुर्थ भागसे अपहृत होते हैं, यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहां गृहीत-गृहीत विधिसे भागहार सिद्ध करना चाहिये । इसी प्रकार सब अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थानोंका अवहारकाल तत्प्रायोग्य असंख्यात प्रमाण है, ऐसा कहना चाहिये । उत्कृष्ट स्थानवाले जीवोंका अवहारकाल प्रतरके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, क्योंकि, आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र उत्कृष्ट स्थानवाले जीवोंका सब त्रस जीवराशिमें भाग देनेपर प्रतरका असंख्यातवां भाग पाया जाता है । इस प्रकार अवहारकालप्ररूपणा समाप्त हुई ।

भागाभागकी प्ररूपणा अवहारकालके समान है । अल्पबहुत्वका कथन करते हैं— अनुत्कृष्ट जघन्य स्थानवाले जीव सबमें स्तोक हैं |४| । उनसे उत्कृष्ट स्थानवाले जीव असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार आवलीका असंख्यातवां भाग है । उनसे अजघन्यअनुत्कृष्ट स्थानोंमें रहनेवाले जीव असंख्यातगुणे हैं । गुणकार प्रतरका असंख्यातवां भाग है । उनसे अनुत्कृष्ट स्थानवाले जीव विशेष अधिक हैं । कितने विशेष अधिक हैं ? अनुत्कृष्टजघन्य स्थानवाले जीवोंका जितना प्रमाण है उतने विशेष अधिक हैं । उनसे अजघन्य स्थानोंमें स्थित जीव जघन्य स्थानवाले जीवोंसे रहित

१ ताप्रतौ ' एत्थ ' इत्येतत् पदं नास्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया जहण्णट्ठाणजीवमेत्तेण ।

संपहि थावरपाओग्गट्ठाणाणं जीवसमुदाहारे भण्णमाणे परूवणा पमाणं सेडी अवहारो भागाभागो अप्पाबहुगे त्ति छ अणियोगद्दाराणि । तत्थ परूवणा उच्चदे — अणुक्कस्सजहण्णट्ठाणप्पहुडि जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति ताव अत्थि जीवा । परूवणा गदा ।

जहण्णए ट्ठाणे जीवा एक्को वा दो वा एवं जाव उक्कस्सेण चत्तारि, खविदकम्मंसियाणं एक्कम्हि समए चदुण्हं चेवोवलंभादो । एवं[1] खविदकम्मंसियपाओग्गपदेसट्ठाणेसु संखेज्जा चेव । खविद-गुणिदघोलमाणपाओग्गपदेसट्ठाणेसु अणंतजीवा । गुणिदकम्मंसियपाओग्गेसु आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता । एवं पमाणपरूवणा गदा ।

सेडिपरूवणा दुविहा अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा चेदि । तत्थ अणंतरोवणिहा ण सक्कदे णेदुं[2], जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो विसेसाहिया संखेज्जासंखेज्जाणंतगुणा वा बिदियादिट्ठाणजीवा होंति त्ति उवदेसाभावादो । परंपरोवणिधा वि ण सक्कदे णेदुं, अणवगयअणंतरोवणिधत्तादो । सेडिपरूवणा गदा ।

अवहारो — सव्वट्ठाणजीवा जहण्णट्ठाणजीवपमाणेण अवहिरिज्जमाणे अणंतेण कालेण

उत्कृष्ट स्थानवाले जीवोंके बराबर विशेषसे अधिक हैं । उनसे सब स्थानोंके जीव जघन्य स्थानवर्ती जीव मात्र विशेषसे अधिक हैं ।

अब स्थावरोंके योग्य स्थानोंके जीवसमुदाहारका कथन करनेमें प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व, ये छह अनुयोगद्वार हैं । उनमेंसे पहले प्ररूपणाका कथन करते हैं — अनुत्कृष्ट जघन्य स्थानसे लेकर उत्कृष्ट स्थान तक जीव हैं । प्ररूपणा समाप्त हुई ।

जघन्य स्थानमें जीव एक, दो, इस प्रकार उत्कृष्ट रूपसे चार तक हैं, क्योंकि, एक समयमें क्षपितकर्मांशिक चार ही पाये जाते हैं । इस प्रकार क्षपितकर्मांशिकके योग्य प्रदेशस्थानोंमें संख्यात ही जीव हैं । क्षपितघोलमान और गुणितघोलमानके योग्य प्रदेशस्थानोंमें अनन्त जीव हैं । गुणितकर्मांशिकके योग्य प्रदेशस्थानोंमें आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र जीव हैं । इस प्रकार प्रमाणप्ररूपणा समाप्त हुई ।

श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकारकी है — अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा । उनमें अनन्तरोपनिधाको ले जाना शक्य नहीं है, क्योंकि, द्वितीय आदि स्थानोंमें स्थित जीव जघन्य स्थानवर्ती जीवोंसे विशेष अधिक हैं या संख्यातगुणे हैं या असंख्यातगुणे हैं, अथवा अनन्तगुणे हैं; इस प्रकारके उपदेशका यहां अभाव है । परम्परोपनिधाको भी ले जाना शक्य नहीं है, क्योंकि, अनन्तरोपनिधा अज्ञात है । श्रेणिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

अवहार — सब स्थानवर्ती जीवोंको जघन्य स्थानवर्ती जीवोंके प्रमाणसे अपहृत करनेपर वे अनन्त कालसे अपहृत होते हैं, क्योंकि, जघन्य स्थानवर्ती जीवोंके प्रमाणसे

---

१ ताप्रतौ ' एदं ' इति पाठः । २ ताप्रतौ ' णादुं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवहिरिज्जंति, जहण्णट्ठाणजीवेहि सव्वट्ठाणजीवेसु भागे हिदेसु लद्धम्मि[1] आणंतियदंसणादो। एवं सव्वट्ठाणजीवाणं पुध पुध अवहारो वत्तव्वो। अधवा जहण्णट्ठाणजीवा सव्वट्ठाणजीवाणमणंतिमभागो। उक्कस्सट्ठाणजीवा वि सव्वट्ठाणजीवाणमणंतिमभागो। अजहण्णअणुक्कस्सट्ठाणेसु जीवा सव्वजीवाणमणंता भागा। तेण जहण्णुक्कस्सट्ठाणाणमवहारो अणंतो, अजहण्णअणुक्कस्सट्ठाणाणमवहारो एगरूवमेगरूवस्साणंतिमभागो च भागहारो होदि। अवहारपरूवणा गदा।

भागाभागस्स अवहारभंगो। सव्वत्थोवा जहण्णए ट्ठाणे जीवा। उक्कस्सए ट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा। अजहण्णअणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा अणंतगुणा। अणुक्कस्सएसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण? जहण्णट्ठाणजीवमेत्तेण। अजहण्णट्ठाणेसु जीवा जहण्णट्ठाणजीवेहि ऊणउक्कस्सट्ठाणजीवेहि विसेसाहिया। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा जहण्णट्ठाणजीवमेत्तेण विसेसाहिया।

एवं छण्णं कम्माणमाउववज्जाणं ॥ ३४ ॥

जहा णाणावरणीयस्स उक्कस्साणुक्कस्सदव्वाणं परूवणा कदा तहा आउववज्जाणं

सब स्थानवर्ती जीवोंके प्रमाणमें भाग देनेपर लब्ध रूपसे अनन्तकी उत्पत्ति देखी जाती है। इस प्रकार सब स्थानोंमें स्थित जीवोंका पृथक् पृथक् अवहार कहना चाहिये। अथवा, जघन्य स्थानके जीव समस्त स्थानोंके जीवोंके अनन्तवें भाग हैं। उत्कृष्ट स्थानके जीव भी समस्त स्थानों सम्बन्धी जीवोंके अनन्तवें भाग हैं। अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें स्थित जीव सब जीवोंके अनन्त बहुभाग हैं। इसलिये जघन्य और उत्कृष्ट स्थानोंका अवहार अनन्त है, तथा अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंका अवहार एक अंक और एकका अनन्तवां भाग है। अवहारप्ररूपणा समाप्त हुई।

भागाभागकी प्ररूपणा अवहारके समान है। जघन्य स्थानमें जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे उत्कृष्ट स्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं। अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थानोंमें उनसे अनन्तगुणे जीव हैं। उनसे अनुत्कृष्ट स्थानोंमें विशेष अधिक जीव हैं।

शंका — कितने प्रमाणसे विशेष अधिक हैं?

समाधान — जघन्य स्थानमें जितने जीव हैं उतने मात्रसे विशेष अधिक हैं।

उनसे अजघन्य स्थानोंमें जघन्य स्थानके जीवोंसे हीन उत्कृष्ट स्थान सम्बन्धी जीवोंसे विशेष अधिक हैं। उनसे सब स्थानोंमें जीव जघन्य स्थान सम्बन्धी जीवोंके प्रमाणसे विशेष अधिक हैं।

इसी प्रकार आयु कर्मके सिवा शेष छह कर्मोंका कथन करना चाहिये ॥ ३४ ॥

जिस प्रकार ज्ञानावरणीयके उत्कृष्ट अनुत्कृष्ट द्रव्यकी प्ररूपणा की गई है उसी

---

१ प्रतिषु 'अद्धम्मि' इति पाठः। २ ताप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'अजहण्णअणुक्कस्स-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छण्णं कम्माणमुक्कस्साणुक्कस्सदव्वाणं परूवणा कायव्वा । णवरि मोहणीयस्स चत्तालीसं सागरोवमकोडाकोडीओ णामागोदाणं वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ तसट्ठिदीए ऊणाओ बादरेइंदिएसु भमावेदव्वो[1] । गुणहाणिसलागाणं अण्णोण्णब्भत्थरासीणं च विसेसो जाणिदव्वो।

सामित्तेण उक्कस्सपदे[2] आउववेदणा दव्वदो उक्कस्सिया कस्स ? ॥ ३५ ॥

किं देवस्स किं णेरइयस्स किं मणुस्सस्स किं तिरिक्खस्सेत्ति दुसंजोगादिकमेण पण्णारस भंगा वत्तव्वा ।

जो जीवो पुव्वकोडाउओ परभवियं पुव्वकोडाउअं बंधदि जलचरेसु दीहाए आउवबंधगद्धाए तप्पाओग्गसंकिलेसेण उक्कस्सजोगे बंधदि[3] ॥ ३६ ॥

जो उवरि भणिस्समाणलक्खणेहि सहिओ सो आउअउक्कस्सदव्वस्स सामी होदि ।

प्रकार आयुको छोड़कर शेष छह कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट द्रव्यकी प्ररूपणा करना चाहिये । विशेष इतना है कि मोहनीयकी त्रसस्थितिसे हीन चालीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम और नाम व गोत्रकी उक्त स्थितिसे हीन बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम स्थिति प्रमाण बादर एकेन्द्रियोंमें घुमाना चाहिये। तथा गुणहानिशलाकाओं और अन्योन्याभ्यस्त राशियोंके विशेषको भी जानना चाहिये ।

स्वामित्वसे उत्कृष्ट पदमें आयु कर्मकी वेदना उत्कृष्ट किसके होती है ? ॥ ३५॥

उक्त वेदना क्या देवके होती है, क्या नारकीके होती है, क्या मनुष्यके होती है और क्या तिर्यंचके होती है, इस प्रकार द्विसंयोग आदिके क्रमसे पन्द्रह भंगोंको कहना चाहिये ।

जो जीव पूर्वकोटि प्रमाण आयुसे युक्त होकर जलचर जीवोंमें परभव सम्बन्धी पूर्वकोटि प्रमाण आयुको बांधता हुआ दीर्घ आयुबन्धककालमें तत्प्रायोग्य संक्लेशसे उत्कृष्ट योगमें बांधता है, उसके द्रव्यकी अपेक्षा आयु कर्मकी उत्कृष्ट वेदना होती है ॥ ३६॥

जो जीव आगे कहे जानेवाले लक्षणोंसे सहित हो वह आयु कर्मके उत्कृष्ट

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'भमादोदव्वो', ताप्रतौ 'भमादेदव्वो' इति पाठः । २ ताप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु 'उक्कस्सपदेस' इति पाठः । ३ कश्चिज्जीवः कर्मभूमिमनुष्यः भुज्यमानपूर्वकोटिवर्षायुष्कः परभवसम्बन्धिपूर्वकोटिवर्षायुष्य जलचरेषु दीर्घायुर्बन्धाद्धया तत्प्रायोग्यसंक्लेशेन तत्प्रायोग्योत्कृष्टयोगेन च बध्नाति । गो. जी. (जी. प्र.) १५८.

छ. वे. २९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काणि ताणि लक्खणाणि ? पुव्वकोडाउओ त्ति एगं लक्खणं । पुव्वकोडाउअं मोत्तूण अण्णो किण्ण घेप्पदे ? ण, पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण परभविआउअं बंधमाणाणं चेव उक्कस्सबंधगद्धाए संभवादो । पढमागरिसा सव्वत्थ सरिसा किण्ण होदि ? ण एस दोसो, सभावियादो । ण च सहावो परपज्जणिजोगारुहो, विरोहादो । पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण बद्धाउअस्स आबाहकालम्मि ओलंबणकरणेण थूलत्तमावण्णपढमादिगोउच्छस्स जलचरेसु उप्पण्णपढमसमयप्पहुडि बहुदव्वणिज्जरदंसणादो ण पुव्वकोडितिभागे आउवं बंधाविज्जदि, किंतु असंखेयद्धम्मि पढमागरिसाए आउवं बंधाविज्जदि त्ति ? ण, उवरिमपढमागरिसकालादो पुव्वकोडितिभागपढमागरिसकालस्स विसेसाहियत्तादो । कधमेदं णव्वदे ? सुत्तारंभण्णहाणुववत्तीदो । पुव्वकोडितिभागम्मि ओलंबणकरणेण विणासिज्जमाणदव्वं पुण एगपढमणिसेगस्स असंखेज्जदिभागो । ण च एदस्स रक्खणट्ठं असंखेयद्धम्मि आउअं

द्रव्यका स्वामी होता है । वे लक्षण कौनसे हैं ? पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाला हो, यह एक लक्षण है ।

शंका— पूर्वकोटि प्रमाण आयुवालेको छोड़कर अन्यका ग्रहण क्यों नहीं करते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, पूर्वकोटिके त्रिभागको आबाधा करके परभव सम्बन्धी आयुको बांधनेवाले जीवोंके ही उत्कृष्ट बन्धककाल सम्भव है ।

शंका — प्रथम अपकर्ष सब जगह समान क्यों नहीं होता ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । और स्वभाव दूसरोंके प्रश्नके योग्य नहीं होता, क्योंकि, ऐसा होनेमें विरोध आता है ।

शंका— जिसने पूर्वकोटिके त्रिभाग प्रमाण आबाधा की है और जो आबाधाकालके भीतर प्रथमादि गोपुच्छोंको स्थूल कर चुका है ऐसे बद्धायुष्क जीवके मरकर जलचरोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर अवलम्बन करणके द्वारा बहुत द्रव्यकी निर्जरा देखी जाती है, इसलिये पूर्वकोटिके त्रिभागमें आयुका बंधाना ठीक नहीं है, किन्तु असंक्षेपाद्धाकालके प्रथम अपकर्षमें आयुका बंधाया जाना ठीक है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, उपरिम प्रथम अपकर्षकालसे पूर्वकोटित्रिभागका प्रथम अपकर्षकाल विशेष अधिक है ।

शंका— यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान— इस सूत्रके रचनेकी अन्यथा आवश्यकता नहीं थी, इसीसे जाना जाता है ।

पूर्वकोटित्रिभागमें अवलम्बन करणके द्वारा नष्ट किया जानेवाला द्रव्य एक प्रथम निषेकके असंख्यातवें भाग है । यदि कहा जाय कि इसके रक्षणके लिये असंक्षेपाद्धामें आयुको बंधाना योग्य ही है सो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि, पूर्वकोटिके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बंधाविदुं जुत्तं, पुव्वकोडितिभागम्मि संचिदआउवदव्वादो एत्थतणसंचयस्स संखेज्जभागहीणत्तप्पसंगादो ।

परभवियं पुव्वकोडाउअं बंधदि जलचरेसु त्ति बिदियं विसेसणं । जहा णाणावरणादीणं बंधभवे चेव बंधावलियादिक्कंताणमुदओ होदि तहा आउअस्स तम्हि भवे बद्धस्स उदओ ण होदि, परभवे चेव होदि त्ति जाणावणट्ठमाउअस्स परभवियविसेसणं कयं । पुव्वकोडिं मोत्तूण दीहमाउअं थोवीभूदपढमादिगोउच्छतादो पत्तत्थोवणिज्जरं किण्ण बंधाविदो ? ण, समयाहियपुव्वकोडिआदिउवरिमआउअवियप्पाणं घादाभावेण परभविआउअबंधेण विणा छम्मासेहि ऊणभुज्जमाणाउअं सव्वं गालिय परभवियआउए बज्झमाणे आउवदव्वस्स बहुसंचयाभावादो । पुव्वकोडीदो हेट्ठिमआउट्ठिदिवियप्पे किण्ण बंधाविदो ? ण, थोवाउट्ठिदीए थूलगोवुच्छासु अंतोमुहुत्तमेत्तकालं णिरंतरं घडियाजलधारं व[3] गलंतीसु

त्रिभागमें संचित आयुद्रव्यकी अपेक्षा यहांके संचयके संख्यातवें भागसे हीन होनेका प्रसंग आता है ।

' जलचरोंमें परभव सम्बन्धी पूर्वकोटि प्रमाण आयुको बांधता है ' यह द्वितीय विशेषण है । जिस प्रकार ज्ञानावरणादिकोंका बांधनेके भवमें ही बन्धावलीको बिताकर उदय होता है उस प्रकार बांधे गये आयु कर्मका उसी भवमें उदय नहीं होता, किन्तु उसका परभवमें ही उदय होता है; इस बातका ज्ञान करानेके लिये आयुका ' परभविक ' विशेषण दिया है ।

शंका— यहां पूर्वकोटिके सिवाय ऐसी दीर्घ आयुका बन्ध क्यों नहीं कराया जिससे उसके प्रथमादि गोपुच्छोंको प्राप्त होनेवाला द्रव्य स्तोक होनेसे उसकी निर्जरा भी कम होती ?

समाधान— नहीं, क्योंकि एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि उपरिम आयुविकल्पोंका घात नहीं होता । जो जीव ऐसी आयुका बन्ध करता है वह परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध किये बिना ही छह महीनाके सिवाय सब भुज्यमान आयुको गला देता है । इसके केवल भुज्यमान आयुमें छह महीना शेष रहनेपर ही परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध होता है, इसलिये इसके आयु द्रव्यका बहुत संचय नहीं होता ।

शंका— यहां पूर्वकोटिसे नीचेकी आयुके स्थितिविकल्पोंका बन्ध क्यों नहीं कराया ?

समाधान— नहीं, क्योंकि स्तोक आयुकी गोपुच्छायें स्थूल होती हैं, इसलिये उनके अन्तर्मुहूर्त काल तक घटिकाजलकी धाराके समान निरन्तर गलते रहनेपर

---

१ ' मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु बंधावलियादिक्कंताण- ' इति पाठः । २ ताप्रति पाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु ' मंजमाणाउअं ' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' धारद्धं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बहुदव्वणिज्जरप्पसंगादो । जलचरेसु चेव किमट्ठं बंधाविदो ? ण एस दोसो, जलचरेसु विवेगाभावादो संकिलेसवज्जिएसु सादबहुलेसु ओलंबणाकरणेण विणासिज्जमाणदव्वस्स[1] बहुत्ताभावादो । समयाहियपुव्वकोडिआदिउवरिमआउअवियप्पाणं कदलीघादो णत्थि, हेट्ठिमाणं चेव अत्थि त्ति कधं णव्वदे ? समयाहियपुव्वकोडिआदिउवरिमआउआणि असंखेज्ज-वस्साणि त्ति अतिदेसादो । ण च कारणेण विणा अतिदेसो[3] कीरदे, अणवत्थापसंगादो ।-

दीहाए आउवबंधगद्धाए त्ति तदियं विसेसणं । पुव्वकोडितिभागमाबाधं कादूण आउवं बंधमाणाणं बद्धमाणाऊ जहण्णा उक्कस्सा वि अत्थि । तत्थ जहण्णबंधगद्धाणिरा-करणट्ठमुक्कस्सियाए बंधगद्धाए त्ति भणिदं । उक्कस्सबंधगद्धा वि पढमागरिसाए चेव होदि, ण अण्णत्थ । कुदो एदं णव्वदे ? महाबंधसुत्तादो । तं जहा — अट्ठहि आगरि-साहि आउअं बंधमाणस्स सव्वत्थोवा अट्ठमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया । सा

बहुत द्रव्यकी निर्जरा प्राप्त होती है । यही कारण है कि यहां पूर्वकोटिसे नीचेकी आयुके स्थितिविकल्पोंका बन्ध नहीं कराया ।

शंका — जलचरोंमें ही आयु किसलिये बंधाई ?

समाधान — यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, जलचर जीव विवेकहीन होनेसे सक्लेश रहित और सातबहुल होते हैं । इसलिये उनके अवलम्बन करणके द्वारा नष्ट होनेवाला द्रव्य बहुत नहीं पाया जाता ।

शंका — एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि रूप आगेके आयुविकल्पोंका कदली-घात नहीं होता, किन्तु पूर्वकोटिसे नीचेके विकल्पोंका ही होता है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि रूप आगेकी सब आयु असंख्यात वर्ष प्रमाण मानी जाती है, ऐसा अतिदेश है; इससे जाना जाता है । और कारणके विना अतिदेश किया नहीं जाता, क्योंकि, कारणके विना अतिदेश करनेपर अनवस्था दोष आता है ।

'दीर्घ आयुबन्धककालमें' यह तृतीय विशेषण है । पूर्वकोटिके तृतीय भागको आबाधा करके आयुको बांधनेवाले जीवोंकी बध्यमान आयु जघन्य भी होती है और उत्कृष्ट भी होती है । उसमें जघन्य बन्धककालका निराकरण करनेके लिये 'उत्कृष्ट बन्धककालमें' यह कहा है । उत्कृष्ट बन्धककाल भी प्रथम अपकर्षमें ही होता है, अन्यत्र नहीं होता ।

शंका — यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — यह महाबन्धसूत्रसे जाना जाता है । यथा — आठ अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीवके आठवें अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल सबसे स्तोक है ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु '- करणं विणासिज्जमाण', ताप्रतौ 'करणं, विणासिज्जमाण' मप्रतौ 'करणं ण विणासिज्जमाण' इति पाठः । २ प्रतिषु 'कोडिआउउवरिम' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु 'अतिदेसा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चेव उक्कस्सिया[1] विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स सत्तमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउवं बंधमाणस्स सत्तमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउवं बंधमाणस्स छट्ठीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स छट्ठीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स छट्ठीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पंचमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पंचमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पंचमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जह-

---

वही उत्कृष्ट आयुबन्धककाल उससे विशेष अधिक है। आठ अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीवके सातवें अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल आठवें अपकर्षकालसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट आयुबन्धककाल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके सातवें अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके छठे अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके छठे अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। छह अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवालेके छठे अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके पांचवें अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धकाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके पांचवें अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। छह अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला पांचवें अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक

---

१ ताप्रतौ ' - बंधगद्धा । जहण्णिया सा चेव । उक्कस्सिया ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । पंचहि आगरिसाहि आउवं बंधमाणस्स पंचमीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स चउत्थीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स चउत्थीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स चउत्थीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । पंचहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स चउत्थीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । चउहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स चउत्थीए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । [छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए

है । पांच अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला पांचवें अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला चौथे अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला चौथे अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । छह अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला चौथे अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । पांच अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके चौथे अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । चार अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके चतुर्थ अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । [छह अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया ।] पंचहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । चदुहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए आउवबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । तिहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स तदियाए आगरिसाए आउअ-बंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसे-साहिया । छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । पंचहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्क-स्सिया विसेसाहिया । चदुहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगारिसाए आउअ-बंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा । सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया । तिहि आगरिसाहि

है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है ।] पांच अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । चार अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । तीन अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके तृतीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धक-काल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला आयु-बन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । छह अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । पांच अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । चार अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है । वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है । तीन अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। बीहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स बिदियाए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। पंचहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। चदुहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। तीहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। बीहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव

द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। दो अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके द्वितीय अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। आठ अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। सात अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। छह अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। पांच अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला प्रथम अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। चार अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्राप्त होनेवाला प्रथम अपकर्षमें जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। तीन अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। दो अपकर्षों द्वारा आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धकाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सिया विसेसाहिया। पढमीए आगरिसाए आउअं बंधमाणस्स पढमीए आगरिसाए आउअबंधगद्धा जहण्णिया संखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। तदो उक्कस्सिया बंधगद्धा पढमागरिसाए चेव होदि त्ति घेत्तव्वं। एत्थ संदिट्ठी—

८८८	७७७	६६६	५५५	४४४	३३३	२२२	१११
८७७	७६६	६५५	५४४	४३३	३२२	२११	
८६६	७५५	६४४	५३३	४२२	३११		
८५५	७४४	६३३	५२२	४११			
८४४	७३३	६२२	५११				
८३३	७२	६११					
८२२	७११						
८११							

जे[1] सोवक्कमाउआ ते सग-सगभुंजमाणाउट्ठिदीए बे तिभागे अदिक्कंते परभवियाउअबंधपाओग्गा होंति जाव असंखेयद्धा त्ति। तत्थ आउअबंधपाओग्गकालब्भंतरे आउअबंधपाओग्गपरिणामेहि के वि जीवा अट्ठवारं के वि सत्तवारं के वि छव्वारं के वि पंचवारं के वि चत्तारिवारं के वि तिण्णिवारं के वि दोवारं के वि एक्कवारं परिणमंति कुदो? सहावियादो। तत्थ तदियत्तिभागपढमसमए जेहि परभवियाउअबंधो पारद्धो ते अंतोमुहुत्तेण बंधं समाणिय पुणो सयलाउट्ठिदीए णवमभागे सेसे पुणो वि बंधपाओग्गा होंति। सयलाउट्ठिदीए सत्तावीसभागावसेसे पुणो वि बंधपाओग्गा होंति। एवं सेसतिभाग-तिभागावसेसे बंधपाओग्गा होंति त्ति णेदव्वं जाव अट्ठमी आगरिसा त्ति। ण च तिभागाव-

है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। प्रथम अपकर्षमें आयु बांधनेवालेके प्रथम अपकर्षमें प्राप्त होनेवाला जघन्य आयुबन्धककाल पूर्वोक्तसे संख्यातगुणा है। वही उत्कृष्ट काल अपने जघन्यसे विशेष अधिक है। इसलिये उत्कृष्ट आयुबन्धककाल प्रथम अपकर्षमें ही होता है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये। यहां संदृष्टि (मूलमें देखिये)।

जो जीव सोपक्रमायुष्क हैं वे अपनी अपनी भुज्यमान आयुस्थितिके दो त्रिभाग बीत जानेपर वहांसे लेकर असंक्षेपाद्धा काल तक परभव सम्बन्धी आयुको बांधनेके योग्य होते हैं। उनमें आयुबन्धके योग्य कालके भीतर कितने ही जीव आठ बार; कितने ही सात बार, कितने ही छह बार, कितने ही पांच बार, कितने ही चार बार, कितने ही तीन बार, कितने ही दो बार और कितने ही एक बार आयुबन्धके योग्य परिणामोंसे परिणत होते हैं; क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। उसमें जिन जीवोंने तृतीय त्रिभागके प्रथम समयमें परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध प्रारम्भ किया है वे अन्तर्मुहूर्तमें आयु कर्मके बन्धको समाप्त कर फिर समस्त आयुस्थितिके नौवें भागके शेष रहनेपर फिरसे भी आयुबन्धके योग्य होते हैं। तथा समस्त आयुस्थितिका सत्ताईसवां भाग शेष रहनेपर पुनरपि बन्धके योग्य होते हैं। इस प्रकार उत्तरोत्तर जो त्रिभाग शेष रहता जाता है उसका त्रिभाग शेष रहनेपर यहां आठवें अपकर्षके प्राप्त

१ अ-आ-काप्रतिषु 'जो', ताप्रतौ 'जो (जे)' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'सोवक्कमाउआ सग-', ताप्रतौ 'सोवक्कमाउआ सग-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेसे आउअं णियमेण बज्झदि त्ति एयंतो। किंतु तत्थ आउअबंधपाओग्गा होंति त्ति उत्तं होदि। णिरुवक्कमाउआ पुण छम्मासावसेसे आउअबंधपाओग्गा होंति। तत्थ वि एवं चेव अट्ठागरिसाओ वत्तव्वाओ।

एत्थ जीवप्पाबहुगं उच्चदे। तं जहा — सव्वत्थोवा अट्ठहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा। सत्तहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। छहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। पंचहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। चदुहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। तीहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। दोहि आगरिसाहि आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। पढमीए आगरिसाए आउअं बंधमाणया जीवा संखेज्जगुणा। अट्ठहि आगरिसाहिंतो संचिददव्वं पेक्खिदूण पढमागरिसाए संचिददव्वं संखेज्जगुणमिदि पढमागरिसाए चेव बंधाविदं। जो दीहाए आउअबंधगद्धाए बंधदि सो उक्कस्सदव्वसामी होदि, अण्णो ण होदि त्ति वुत्तं।

तप्पाओग्गसंकिलेसेणेत्ति चउत्थं विसेसणं किमट्ठं कदं? उक्कस्ससंकिलेसेण

होने तक आयुबन्धके योग्य होते हैं, ऐसा ग्रहण करना चाहिये। परन्तु त्रिभागके शेष रहनेपर आयु नियमसे बंधती है, ऐसा एकान्त नहीं है। किन्तु उस समय जीव आयुबन्धके योग्य होते हैं, यह उक्त कथनका तात्पर्य है। और जो निरुपक्रमायुष्क जीव होते हैं वे अपनी भुज्यमान आयुमें छह माह शेष रहनेपर आयुबन्धके योग्य होते हैं। यहां भी इसी प्रकार आठ अपकर्षोंको कहना चाहिये।

यहां जीवोंके अल्पबहुत्वको कहते हैं। यथा— आठ अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव सबसे स्तोक हैं। सात अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। छह अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। पांच अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। चार अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। तीन अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। दो अपकर्षों द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। प्रथम (एक) अपकर्ष द्वारा आयुको बांधनेवाले जीव उनसे संख्यातगुणे हैं। चूंकि आठ अपकर्षों द्वारा संचित द्रव्यकी अपेक्षा प्रथम अपकर्ष द्वारा संचित हुआ द्रव्य संख्यातगुणा है, अत एव प्रथम अपकर्षमें ही आयुको बंधाया है। जो दीर्घ आयुबन्धककालमें आयुको बांधता है वह उत्कृष्ट द्रव्यका स्वामी होता है, अन्य नहीं होता। इसीलिये यह तीसरा विशेषण कहा गया है।

शंका — 'उसके योग्य संक्लेशसे' यह चतुर्थ विशेषण किसलिये किया है?

---

१ प्रतिषु 'जद्धा-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सविसोहीए च जहा सेसकम्माणि बज्झंति ण तहा आउअं बज्झदि, किंतु तप्पाओग्गेण मज्झिमसंकिलेसेण बज्झदि त्ति जाणावणट्ठं तप्पाओग्गसंकिलेसविसेसणं कदं।

तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेणेत्ति पंचमं विसेसणं किमट्ठं कीरदे? बहुदव्वग्गहणट्ठं। जदि एवं तो उक्कस्सजोगेणेत्ति किण्ण उच्चदे? ण, दोसमए मोत्तूण उक्कस्साउअबंधगद्धामेत्तकालमुक्कस्सजोगेण परिणमणाभावादो। जाव सक्कदि ताव उक्कस्साणि चेव जोगट्ठाणाणि परिणमिय जो बंधदि सो उक्कस्सदव्वसामी होदि त्ति उत्तं होदि।

एत्थ बंधदि त्ति पढमणिद्देसो णिप्फलो, बंधदि त्ति बिदियणिद्देसत्थदो[1] तस्स पुधभूदत्थाणुवलंभादो त्ति? ण, पढमस्स बंधमाणट्ठे वट्टमाणस्स बंधदि त्ति एदस्सट्ठे पउत्तिविरोहादो। तप्पाओग्गउक्कस्सजोगविसयपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

जोगजवमज्झस्सुवरिमंतोमुहुत्तद्धमच्छिदो[2] ॥ ३७ ॥

समाधान – जैसे उत्कृष्ट संक्लेश और उत्कृष्ट विशुद्धिसे शेष कर्म बंधते हैं वैसे आयु कर्म नहीं बंधता, किन्तु अपने योग्य मध्यम संक्लेशसे वह बंधता है; इसके ज्ञापनार्थ 'उसके योग्य संक्लेशसे' यह विशेषण किया है।

शंका — 'उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे' यह पांचवां विशेषण किसलिये किया है?

समाधान — बहुत द्रव्यका ग्रहण करनेके लिये उक्त विशेषण किया है।

शंका — यदि ऐसा है तो फिर 'उत्कृष्ट योगसे' इतना ही क्यों नहीं कहा?

समाधान — नहीं, क्योंकि, दो समयोंको छोड़कर उत्कृष्ट आयुबन्धककाल प्रमाण समय तक जीवका उत्कृष्ट योग रूपसे परिणमन नहीं हो सकता। इसलिये जहां तक शक्य हो वहां तक उत्कृष्ट ही योगस्थानोंको प्राप्त हो कर जो जीव आयुको बांधता है वह उत्कृष्ट द्रव्यका स्वामी होता है, यह कहा है।

शंका — यहां सूत्रमें 'बंधदि' यह प्रथम निर्देश निरर्थक है, क्योंकि, 'बंधदि' इस द्वितीय निर्देशके अर्थसे उसका कोई भिन्न अर्थ नहीं पाया जाता?

समाधान — नहीं, क्योंकि प्रथम पद 'बांधनेवाला' इस अर्थमें विद्यमान है इसलिये उसकी 'बांधता है' इस अर्थमें प्रवृत्ति माननेमें विरोध आता है।

अब उक्त आयुके योग्य उत्कृष्ट योग विषयक प्ररूपणा करनेके लिये उत्तर सूत्र कहते हैं—

योगयवमध्यके ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा ॥ ३७ ॥

---

१ ताप्रतौ 'बिदियणिद्देसत्थो' इति पाठः। २ योगयवमध्यस्योपर्यन्तर्मुहूर्तं स्थितः। गो. जी. (जी. प्र.) २५८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठसमयपाओग्गाणं सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तजोगट्ठाणाणं जोगजवमज्झमिदि सण्णा, ट्ठिदीदो ठिदिमंताणं जोगाणं कथंचि अभेदादो । जोगो चेव जवमज्झं जोगजवमज्झमिदि तेण कम्मधारयसमासो एत्थ जुज्जदे । अधवा जो जोगजवस्स मज्झं अट्ठसमयकालो सो जोगजवमज्झं, तस्स उवरिं अंतोमुहुत्तद्धमच्छिदो । कुदो ? तत्थतणजोगाणं हेट्ठिमजोगेहिंतो असंखेज्जगुणत्तादो । अंतोमुहुत्तं मोत्तूण तत्थं बहुगं कालं किण्ण अच्छदे ? ण, तत्थ अच्छणकालस्स वि अंतोमुहुत्तमेत्तत्तादो अंतोमुहुत्तादो अहियआउगबंधगद्धाभावादो च । ण च जोगजवमज्झादो उवरिमंतोमुहुत्तावट्ठाणं ण संभवदि, असंखेज्जगुणवड्ढिअद्धाणम्मि तदसंभवविरोहादो[1] ।

चरिमे जीवगुणहाणिट्ठाणंतरे आवलियाए असंखेज्जदिभागमच्छिदो[2] ॥ ३८ ॥

आवलियाए असंखेज्जदिभागं मोत्तूण बहुगं कालं किण्ण अच्छदि ? ण, तिण्णिवड्ढि-तिण्णिहाणीसु उक्कस्सच्छणकालस्स वि आवलियाए असंखेज्जदिभागत्तं मोत्तूण

यहां योगयवमध्यके दो अर्थ लिये गये हैं । प्रथम तो आठ समयके योग्य जो श्रेणीके असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थान होते हैं उनकी योगयवमध्य संज्ञा है, क्योंकि, स्थितिसे उस स्थितिवाले योगोंका कथंचित् अभेद है । इसीलिये यहां 'योग ही यवमध्य योगयवमध्य' ऐसा कर्मधारयसमास करना युक्त है । दूसरे, जो योगयवका मध्य आठ समय काल है वह योगयवमध्य कहलाता है । उसके ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा, क्योंकि, वहांके योग अधस्तन योगोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणे होते हैं ।

शंका— अन्तर्मुहूर्तको छोड़कर वहां बहुत काल तक क्यों नहीं रहता ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, एक तो वहां रहनेका काल ही अन्तर्मुहूर्त मात्र है, और दूसरे आयुबन्धककाल भी अन्तर्मुहूर्तसे अधिक नहीं पाया जाता ।

यदि कहा जाय कि योगयवमध्यके ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल तक रहना सम्भव नहीं है सो भी बात नहीं है, क्योंकि, असंख्यातगुणवृद्धि रूप स्थानमें अन्तर्मुहूर्त काल तक रहनेको असम्भव माननेमें विरोध आता है ।

अन्तिम जीवगुणहानिस्थानान्तरमें आवलीके असंख्यातवें भाग काल तक रहा ॥ ३८

शंका— आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण कालको छोड़ कर बहुत काल तक वहां क्यों नहीं रहता ?

समाधान— नहीं, क्योंकि तीन वृद्धियों और तीन हानियोंमें उत्कृष्ट रूपसे भी रहनेका काल आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण है, इसको छोड़कर वहां उपरिम

---

१ आप्रतौ 'तदसंभवाविरोहादो' इति पाठः । २ चरमजीवगुणहानिस्थानान्तरे आवल्यसंख्यातैकभागमात्रकालं स्थितः । गो. जी. (जी. प्र.) २५८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवरिमसंखाणुवलंभादो। ण च चरिमे[1] जीवगुणहाणिट्ठाणंतरे असंखेज्जदिभागवड्ढि-हाणीओ मोत्तूण अण्णवड्ढि-हाणीणं संभवो अत्थि, विरोहादो। सो च विरोहो पुव्वं परूविदो त्ति णेह उच्चदे पुणरुत्तभएण।

कमेण कालगदसमाणो पुव्वकोडाउएसु जलचरेसु उववण्णो[2] ॥ ३९ ॥

परभविआउए बद्धे[3] पच्छा भुंजमाणाउअस्स कदलीघादो णत्थि जहासरूवेण चेव वेदेदित्ति जाणावणट्ठं 'कमेण कालगदो' त्ति उत्तं। परभवियाउअं बंधिय भुंजमाणाउए घादिज्जमाणे को दोसो त्ति उत्ते ण, णिज्जिण्णभुंजमाणाउअस्स अपत्तपरभवियाउअउदयस्स चउगइबाहिरस्स जीवस्स[4] अभावप्पसंगादो। "जीवा णं भंते! कदिभागावसेसियंसि याउगंसि परभवियं[5] आउगं कम्मं णिबंधंता बंधंति? गोदम! जीवा दुविहा पण्णत्ता संखेज्जवस्साउआ चेव असंखेज्जवस्साउआ चेव। तत्थ जे ते असंखेज्जवस्साउआ ते छम्मासावसेसियंसि

संख्या नहीं पायी जाती। और अन्तिम जीवगुणहानिस्थानान्तरमें असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके सिवा अन्य वृद्धियां व अन्य हानियां नहीं पाई जातीं, क्योंकि, ऐसा माननेमें विरोध आता है। वह विरोध चूंकि पूर्वमें कहा जा चुका है, अत एव पुनरुक्तिके भयसे उसे यहां नहीं कहते।

क्रमसे कालको प्राप्त होकर पूर्वकोटि आयुवाले जलचरोंमें उत्पन्न हुआ ॥ ३९ ॥

परभव सम्बन्धी आयुके बंधनेके पश्चात् भुज्यमान आयुका कदलीघात नहीं होता, किन्तु वह जितनी थी उतनीका ही वेदन करता है; इस बातका ज्ञान करानेके लिये 'क्रमसे कालको प्राप्त होकर' यह कहा है।

शंका—परभविक आयुको बांधकर भुज्यमान आयुका घात माननेमें कौनसा दोष है?

समाधान—नहीं, क्योंकि, जिसकी भुज्यमान आयुकी निर्जरा हो चुकी है, किन्तु अभी तक जिसके परभविक आयुका उदय नहीं प्राप्त हुआ है उस जीवका चतुर्गतिके बाह्य हो जानेसे अभाव प्राप्त होता है।

शंका—"हे भगवन्! आयुमें कितने भाग शेष रहनेपर जीव परभविक आयु कर्मको बांधते हुए बांधते हैं? हे गौतम! जीव दो प्रकारके कहे गये हैं— संख्यातवर्षायुष्क और असंख्यातवर्षायुष्क। उनमें जो असंख्यातवर्षायुष्क हैं वे आयुके अंशोंमें

---

१ अप्रतौ '-जुवलंभादो च ण चरिमे' इति पाठः। २ क्रमेण कालं गमयित्वा पूर्वकोट्यायुर्जलचरेषु उत्पन्नः। गो. जी. (जी. प्र.) २५८. ३ प्रतिषु 'बंधे' इति पाठः। ४ अ-आ-काप्रतिषु 'चउगइबोहिरस्स दीवस्स' इति पाठः। ५ ताप्रतौ 'भागावसेसियं सिया परभवियं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

याउगंसि परभवियं[1] आयुगं णिबंधंता बंधंति। तत्थ जे ते संखेज्जवासाउआ ते दुविहा पण्णत्ता सोवक्कमाउआ णिरुवक्कमाउआ चेव। तत्थ जे ते णिरुवक्कमाउआ ते तिभागावसेसियंसि याउगंसि परभवियं[2] आयुगं कम्मं णिबंधंता बंधंति। तत्थ जे ते सोवक्कमाउआ ते सिया तिभागत्तिभागावसेसियंसि यायुगंसि परभवियं आउगं कम्मं णिबंधंता बंधंति[3]"। एदेण वियाहपण्णत्तिसुत्तेण सह कुदो ण विरोहो? ण, एदम्हादो तस्स पुधभूदस्स आइरियभेएण भेदमावण्णस्स एयत्ताभावादो।

बद्धपरभवियाउअस्स ओवट्टणाघादमकादूण उप्पण्णमिदि जाणावणट्ठं पुव्वकोडाउ-

छह मास शेष रहनेपर परभविक आयुको बांधते हुए बांधते हैं। और जो संख्यातवर्षायुष्क जीव हैं वे दो प्रकारके कहे गये हैं— सोपक्रमायुष्क और निरुपक्रमायुष्क। उनमें जो निरुपक्रमायुष्क हैं वे आयुमें त्रिभाग शेष रहनेपर परभविक आयु कर्मको बांधते हैं। और जो सोपक्रमायुष्क जीव हैं वे कथंचित् त्रिभाग [कथंचित् त्रिभागका त्रिभाग और कथंचित् त्रिभाग-त्रिभागका त्रिभाग] शेष रहनेपर परभव सम्बन्धी आयु कर्मको बांधते हैं"। इस व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्रके साथ कैसे विरोध न होगा?

समाधान—नहीं, क्योंकि, इस सूत्रसे उक्त सूत्र भिन्न आचार्यके द्वारा बनाया हुआ होनेके कारण पृथक् है, अतः उससे इसका मिलान नहीं हो सकता।

बांधी हुई परभविक आयुका अपवर्तनाघात न करके उत्पन्न हुआ, इस बातका ज्ञान करानेके लिये 'पूर्वकोटि आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ' ऐसा कहा है।

१ आप्रतौ '-सियायुगंसियाभवियं', ताप्रतौ 'सियायुगं सिया परभवियं' इति पाठः। २ ताप्रतौ '-सियायुगं सिया परभवियं' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'तिभागत्तभागाव-' इति पाठः। ४ पुव्वकोडितिभागादो आबाधा अहिया किण्ण होदि? उच्चदे – ण ताव देव-णेरइएसु बहुसागरोवमाउट्ठिदिएसु पुव्वकोडितिभागादो अधिया आबाधा अत्थि, तेसिं छम्मासावसेसे भुंजमाणाउए असंखेपद्धापज्जवसाणे संते परभवियमाउअं बंधमाणाणं तदसंभवा। ण तिरिक्ख-मणुस्सेसु वि तदो अहिया आबाधा अत्थि, तत्थ पुव्वकोडीदो अहियभवट्ठिदीए अभावा। असंखेज्जवस्साऊ तिरिक्ख-मणुसा अत्थि त्ति चे ण, तेसिं देव-णेरइयाणं व भुंजमाणाउए छम्मासादो अहिए संते परभवियाउअस्स बंधाभावा। ष. खं. पु. ६, पृ. १६९. तर्हि असंख्यातवर्षायुष्काणं त्रिभागे उत्कृष्टा कथं नोक्ता इति? तन्न, देवनारकाणां स्वस्थितौ षण्मासेषु भोगभूमिजानां नवमासेषु च अवशिष्टेषु त्रिभागेन आयुर्बन्धसम्भवात्। यत्तदापकर्षेषु क्वचिन्नायुर्बद्धं तदावल्यसंख्येयभागमात्राया समयोनमुहूर्तमात्राया वा असंक्षेपाद्धायाः प्रागेवोत्तरभवायुरन्तर्मुहूर्तमात्रसमयप्रबद्धान् बध्वा निष्ठापयति। एतौ द्वावपि पक्षौ प्रत्राह्योपदेशत्वात् अंगीकृतौ। गो. क. (जी. प्र.) १५८. ५ नेरइया णं भंते! कतिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति? गोयमा! नियमा छम्मासावसेसाउया परभवियाउयं। एवं असुरकुमारा वि, एवं जाव थणियकुमारा। पुढविकाइया णं भंते! ×××। पंचिंदियतिरिक्खजोणिया णं भंते! कतिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति? गोयमा! पंचिंदियतिरिक्खजोणिया दुविहा पन्नत्ता। तं जहा—संखेज्जवासाउया य असंखेज्जवासाउया य। तत्थ णं जे ते असंखेज्जवासाउया ते नियमा छम्मासावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति। तत्थ णं जे ते संखिज्जवासाउया ते दुविहा पन्नत्ता। तं जहा– सोवक्कमाउया य निरुवक्कमाउया य। तत्थ णं जे ते निरुवक्कमाउया ते नियमा तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति। तत्थ णं जे ते सोवक्कमाउया ते णं सिय तिभागे परभवियाउयं पकरेंति, सिय तिभागतिभागे परभवियाउयं पकरेंति, सिय तिभाग-तिभाग-तिभागावसेसाउया परभवियाउयं पकरेंति। एवं मणूसा वि। नवरमंतर-जोइसिय-वेमाणिया जहा नेरइया। प्रज्ञापना ६, ४५-४९. ह. खं. सूत्र ३६७-६८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एसु उप्पण्णमिदि उत्तं । ओवट्टणाघादे कदे को दोसो त्ति उत्ते— ण, घादेण बहुरट्ठिदिं पत्ताणं कम्मपदेसाणं बहुगाणं णिज्जरप्पसंगादो । जहा देवगइआदिकम्माणि बंधिदूण पुणो तत्थ अणुप्पज्जिय अण्णत्थ वि उप्पज्जणं संभवदि तहा एत्थ णत्थि । जिस्से गईए आउअं बद्धं तत्थेव णिच्छएण उप्पज्जदि त्ति जाणावणट्ठं थलचरादितिरिक्खपडिसेहट्ठं च ' जलचरेसुववण्णो ' इदि उत्तं ।

अंतोमुहुत्तेण सव्वलहुं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो ॥ ४० ॥

एग-दोसमएहि पज्जत्तीओ ण समाणेदि त्ति जाणावणट्ठं अंतोमुहुत्तग्गहणं कदं । पज्जत्तिसमाणकालो जहण्णओ उक्कस्सओ वि अत्थि । तत्थ उक्कस्सकालपडिसेहट्ठं ' सव्व-

---

शंका— अपवर्तनाघात करनेमें क्या दोष है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, घात करनेसे थोड़ी स्थितिको प्राप्त हुए बहुत कर्म-प्रदेशोंकी निर्जराका प्रसंग आता है । इसलिये यहां अपवर्तनाघातका निषेध किया है ।

जिस प्रकार देवगति आदि कर्मोंको बांधकर फिर वहां उत्पन्न न होकर अन्यत्र भी उत्पन्न होना सम्भव है उस प्रकार यहां नहीं है । किन्तु जिस गतिकी आयु बांधी गई है वहां ही निश्चयसे उत्पन्न होता है, ऐसा बतलानेके लिये, तथा थलचर आदि तिर्यंचोंका प्रतिषेध करनेके लिये ' जलचरोंमें उत्पन्न हुआ ' ऐसा कहा है ।

विशेषार्थ— आयुबन्ध और गतिबन्धमें यही अन्तर है कि आयुबन्धके पश्चात् वह जीव नियमसे उसी गतिमें जन्म लेता है जिस गतिकी आयुका वह बन्ध करता है । किन्तु गतिबन्धके सम्बन्धमें ऐसा कोई नियम नहीं है क्योंकि एक ही पर्यायमें काल-भेदसे परिणामोंके अनुसार चारों गति कर्म और उनसे सम्बद्ध अन्य कर्मोंका बन्ध होता है । प्रकृतमें दो बातोंको ध्यानमें रखकर ' जलचरोंमें उत्पन्न हुआ ' यह वचन कहा है । प्रथम तो इस जीवने तिर्यंचायुका बन्ध किया था, इसलिये आयुबन्धके अनुसार वह ' जलचरोंमें उत्पन्न हुआ ' यह कहा गया है । दूसरे, तिर्यंचोंके अनेक भेद हैं । उनमेंसे प्रकृतमें जलचर तिर्यंचोंमें उत्पन्न कराना ही इष्ट है, यह समझ कर अन्य तिर्यंचोंमें नहीं उत्पन्न हुआ, किन्तु जलचर तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ; यह ज्ञापन करनेके लिये ' जलचरोंमें उत्पन्न हुआ ' यह वचन कहा है ।

अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा अति शीघ्र सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्तक हुआ ॥ ४० ॥

एक-दो समयों द्वारा पर्याप्तियोंको पूर्ण नहीं करता है, यह बतलानेके लिये अन्तर्मुहूर्तका ग्रहण किया है । पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेका काल जघन्य भी है और उत्कृष्ट भी है । उसमें उत्कृष्ट कालका प्रतिषेध करनेके लिये ' सर्वलघु ' पदका

---

१ अन्तर्मुहूर्त सर्वलघु सर्वपर्याप्तिभिः पर्याप्तो जातः, अन्तर्मुहूर्तेन विश्रान्तः । गो. जी. (जी. प्र.) २५८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लहुं गहणं कदं । किमट्ठं तस्स पडिसेहो कीरदे ? दीहकालेण बहुआओ गोवुच्छाओ गलंति त्ति बहुणिसेगणिज्जरपडिसेहट्ठं तप्पडिसेहो कीरदे । एग दोपज्जत्तीसु समत्तिं गदासु पज्जत्तो आउअबंधपाओग्गो ण होदि, किंतु सव्वाहिं[1] पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो चेव आउअबंधपाओग्गो होदि त्ति जाणावणट्ठं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो त्ति उत्तं ।

अंतोमुहुत्तेण पुणरवि परभवियं पुव्वकोडाउअं बंधदि जलचरेसु[2] ॥ ४१ ॥

पज्जत्तिसमाणिदसमयप्पहुडि जाव अंतोमुहुत्तं ण गदं ताव कदलीघादं ण करेदि त्ति जाणावणट्ठमंतोमुहुत्तणिद्देसो कदो । किमट्ठं हेट्ठा भुंजमाणाउअस्स[3] कदलीघादो ण कीरदे ? ण, साभावियादो । कदलीघादेण विणा अंतोमुहुत्तकालेण परभवियमाउअं किण्ण बज्झदे ? ण, जीविदूणागदस्स आउअस्स अद्धादो अहियआबाहाए परभवियाउअस्स बंधा-

---

ग्रहण किया है ।

शंका — उत्कृष्ट कालका प्रतिषेध किसलिये किया जाता है ?

समाधान — चूंकि दीर्घ काल द्वारा बहुत गोपुच्छायें गल जानेसे बहुत निषेकोंकी निर्जरा हो जाती है, अतः इस बातका प्रतिषेध करनेके लिये उत्कृष्ट कालका प्रतिषेध किया गया है ।

एक-दो पर्याप्तियोंके पूर्ण होनेपर पर्याप्त हुआ जीव आयुबन्धके योग्य नहीं होता, किन्तु सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हुआ ही आयुबन्धके योग्य होता है; इस बातका ज्ञान करानेके लिये ' सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्तक हुआ ' ऐसा कहा है ।

अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा फिर भी जलचरोंमें परभव सम्बन्धी पूर्वकोटि प्रमाण आयुको बांधता है ॥ ४१ ॥

पर्याप्तियोंको पूर्ण कर चुकनेके समयसे लेकर जब तक अन्तर्मुहूर्त नहीं बीतता है तब तक कदलीघात नहीं करता, इस बातका ज्ञान करानेके लिये ' अन्तर्मुहूर्त ' पदका निर्देश किया है ।

शंका — इसके नीचे भुज्यमान आयुका कदलीघात क्यों नहीं करता ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

शंका — कदलीघातके विना अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा परभविक आयु क्यों नहीं बांधी जाती ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, जीवित रहकर जो आयु व्यतीत हुई है उसकी बाधासे अधिक आबाधाके रहते हुए परभविक आयुका बन्ध नहीं होता ।

---

१ अ आ-काप्रतिषु ' पुन्वाहि ' इति पाठः । २ अन्तर्मुहूर्तेन पुनरपि परभवसम्बन्धिपूर्वकोट्यायुष्यं जलचरेषु बध्नाति । गो. जी. (जी. प्र.) २५८. ३ अ-आ-काप्रतिषु ' भंजमाणाउअस्स ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावादो। जीविदूणागदआउगस्स अद्धमेत्ताए तत्तो ऊणाए वि आबाधाए आउअं बंधदि अहियाए ण बंधदि त्ति कधं णव्वदे? पुव्वकोडितिभागमेत्ता चेव आउअस्स उक्कस्सा-बाहा होदि त्ति कालविहाणसुत्तादो[1]। एत्थतणपढमागरिसकालादो पुव्वकोडितिभागमाबाहं काऊण आउअं बंधमाणस्स पढमागरिसकालो बहुगो त्ति तत्थ परभवियाउअबंधो किण्ण कीरदे? ण, पढमागरिसकालादो पुव्वकोडितिभागपढमागरिसकालस्स संखेज्जदिभागाहिय-त्तादो। ण च संखेज्जदिभागलाहं पडुच्च भुंजमाणाउअस्स[2] बे-तिभागे गालिय तिभागावसेसे आउअबंधं काउं जुत्तं, फलाभावादो। तदो एत्थेव बंधो कायव्वो। एत्थ जीविदूणागद-अद्धं[3] मोत्तूण दिवस-वासादिआबाहं काऊण परभवियाउए बज्झमाणे पयडि-विगिदि-गोवुच्छाओ सण्हा होदूण गलंति त्ति दीहाबाहाए लाहं[4] संते वि जीविदद्धं[5] चेव आबाहं

शंका— जीवित रहकर जो आयु व्यतीत हुई है उसकी आधी या इससे भी कम आबाधाके रहनेपर आयु बंधती है, अधिकमें नहीं बंधती; यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान— "पूर्वकोटिके तृतीय भाग मात्र ही आयुकी उत्कृष्ट आबाधा होती है" इस कालविधानसूत्रसे जाना जाता है।

विशेषार्थ— आशय यह है कि एक पर्यायमें जितनी आयु भोगी जाती है उसका त्रिभाग या इससे भी कम शेष रहनेपर आयु कर्मका बन्ध होता है, इसके पहले नहीं। यही कारण है कि प्रकृतमें पहले कदलीघात कराया और पश्चात् आयु कर्मका बन्ध कराया।

शंका— यहांके प्रथम अपकर्ष कालकी अपेक्षा पूर्वकोटित्रिभागको आबाधा करके आयुको बांधनेवाले जीवके जो प्रथम अपकर्षकाल प्राप्त होता है वह बहुत है, अतः उसमें परभविक आयुका बन्ध क्यों नहीं कराया जाता?

समाधान— नहीं, क्योंकि, यहांके प्रथम अपकर्षकालसे पूर्वकोटित्रिभागके समय प्राप्त हुआ प्रथम अपकर्षकाल संख्यातवें भाग अधिक है। परन्तु संख्यातवें भाग मात्र लाभको ध्यानमें रखकर भुज्यमान आयुके दो त्रिभागोंको गलाकर एक त्रिभागके अवशेष रहनेपर आयुका बन्ध कराना युक्त नहीं है, क्योंकि, उसका कोई फल नहीं है। इसलिये यहां ही बन्ध कराना चाहिये।

यहां जीवित रहकर जो आयु व्यतीत हुई है उससे यहां आधी आबाधा है, इस बातको छोड़कर दिन व वर्ष आदिको आबाधा करके परभविक आयुको बांधनेपर प्रकृति व विकृति स्वरूप गोपुच्छाएं सूक्ष्म होकर गलती हैं। इस प्रकार दीर्घ आबाधाका लाभ

१ ष. खं. (जीवट्ठाण-चूलिया) ६, सूत्र २३, २७. २ अ-आप्रत्योः 'यंजमाणाउअस्स', काप्रतौ 'युंज-माणाउअस्स' इति पाठः। ३ अ आ-काप्रतिषु 'अत्थं' इति पाठः। ४ प्रतिषु 'आहे' इति पाठः। ५ अ-आ-काप्रतिषु 'जीविदव्वं', ताप्रतौ 'जीवदव्वं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काऊण आउअं बंधावेंतो भूदबलिआइरियो जाणावेदि जहा जीविदद्धादो अहिया आबाहा णत्थि त्ति । अण्णाउअबंधगद्धाहिंतो जलचराउअबंधगद्धा दीहा त्ति कट्टु पुणरवि जलचरेसु पुव्वकोडाउअं बंधाविदो । कधमेदं णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो, अण्णहा पुणरवि जलचरेसु पुव्वकोडाउअबंधणियमे फलाभावादो । पुव्वकोडीदो थोवाउवजलचरेसु आउअं किण्ण बंधाविदो ? ण, जलचरपुव्वकोडाउअबंधगद्धं मोत्तूण अण्णासिं तदद्धाणमेत्थ बहुत्ताभावादो ।

दीहाए आउअबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेण बंधदि[1] ॥ ४२ ॥

सुगममेदं ।

जोगजवमज्झस्स उवरि अंतोमुहुत्तद्धमच्छिदो ॥ ४३ ॥

एदं पि सुगमं ।

चरिमे जीवगुणहाणिट्ठाणंतरे आवलियाए असंखेज्जदिभागमच्छिदो ॥ ४४ ॥

होनेपर भी जितना जीवित काल व्यतीत हुआ है उससे आधेको ही आबाधा करके आयुका बन्ध करानेवाले भूतबलि आचार्य ज्ञापन कराते हैं कि जितना जीवित काल गया है उससे आधेसे अधिक आबाधा नहीं होती । अन्य आयुबन्धककालोंसे जलचरोंकी आयुका बन्धककाल दीर्घ है, ऐसा समझ कर फिर भी जलचरोंमें पूर्वकोटि प्रमाण आयुका बन्ध कराया है ।

शंका— यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान— इसी सूत्रसे जाना जाता है, अन्यथा फिरसे जलचरोंमें पूर्वकोटि प्रमाण आयुबन्धके नियमका कोई प्रयोजन नहीं रहता ।

शंका— पूर्वकोटिसे स्तोक आयुवाले जलचरोंमें आयुको क्यों नहीं बंधाया ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, जलचरोंमें पूर्वकोटि प्रमाण आयुके बन्धक कालको छोड़कर अन्य बन्धककाल बड़े नहीं पाये जाते ।

दीर्घ आयुबन्धककालके भीतर उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे बांधता है ॥ ४२ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

योगयवमध्यके ऊपर अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा ॥ ४३ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

अन्तिम जीवगुणहानिस्थानान्तरमें आवलीके असंख्यातवें भाग काल तक रहा ॥ ४४ ॥

---

१ तदा दीर्घायुर्बन्धाद्धया तत्प्रायोग्यसंक्लेशेन तत्प्रायोग्योत्कृष्टयोगेन च बध्नाति । गो. जी. (जी. प्र.)२५८.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुगममेदं ।

बहुसो बहुसो सादद्धाए जुत्तो[1] ॥ ४५ ॥

सादबंधणपाओग्गकालो सादद्धा णाम । असादबंधणपाओग्गसंकिलेसकालो असादद्धा णाम । तत्थ सादद्धाए बहुवारं परिणामिदो ओलंबणाकरणेण गलमाणदव्वपडिसेहट्ठं ।

से काले परभवियमाउअं णिल्लेविहिदि त्ति तस्स आउअवेयणा दव्वदो उक्कस्सा[2] ॥ ४६ ॥

विगिदिसरूवेण गलमाणदव्वमेगसमयपबद्धादो बहुअं, तेण[3] परभविआउअबंधे अपारद्धे चेव उक्कस्ससामित्तं दादव्वमिदि ? ण, विगिदिगोवुच्छादो समयं पडि दुक्कमाणसमयपबद्धस्स संखेज्जगुणत्तुवलंभादो । तं कधं णव्वदे ? सुत्तारंभण्णहाणुववत्तीदो पुरदो भण्णमाणजुत्तीदो च ।

यह सूत्र सुगम है ।

बहुत बहुत बार सातकालसे युक्त हुआ ॥ ४५ ॥

सातावेदनीयके बन्धके योग्य कालका नाम सातकाल है । असातावेदनीयके बन्धके योग्य संक्लेशकालका नाम असाताकाल है । उनमेंसे अवलम्बन करण द्वारा गलनेवाले द्रव्यका प्रतिषेध करनेके लिये सातकालके द्वारा बहुत बार परिणमाया ।

तदनन्तर समयमें परभव सम्बन्धी आयुकी बन्धव्युच्छित्ति करेगा, अतः उसके आयुवेदना द्रव्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट होती है ॥ ४६ ॥

शंका — विकृति स्वरूपसे गलनेवाला द्रव्य एक समयप्रबद्धके द्रव्यसे बहुत होता है, अतः परभविक आयुबन्धके प्रारम्भ होनेके पहले ही उत्कृष्ट स्वामित्व देना चाहिये ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, विकृतिगोपुच्छसे प्रत्येक समयमें प्राप्त हुआ समयप्रबद्धका द्रव्य संख्यातगुणा होता है ।

शंका — यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान— क्योंकि ऐसा माने विना सूत्रका प्रारम्भ करना ही नहीं बनता, इससे तथा आगे कही जानेवाली युक्तिसे यह जाना जाता है कि विकृतिगोपुच्छासे प्रत्येक समयमें प्राप्त हुआ समयप्रबद्धका द्रव्य संख्यातगुणा है ।

---

१ यौगपद्यमजीवो बहुशः साताद्धया सहितः । गो. जी. (जी. प्र.) २५८.

२ अनन्तरसमये आयुर्बन्धं निर्लिम्पति इत्येवं तज्जीवानां आयुर्वेदनाद्रव्यं च उत्कृष्टसंचयं भवति । गो. जी. (जी. प्र.) २५८. ३ अप्रतौ ' बहुअंतरेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपधि एत्थ उवसंहारो उच्चदे । को उवसंहारो ? पुव्वकोडितिभागम्मि उक्कस्साउअबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेण परभवियाउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय छप्पज्जत्तीओ समाणिय अंतोमुहुत्तं गंतूण पुणो जीविदूणागदअंतोमुहुत्तद्धपमाणेण उवरिममंतोमुहूत्तूणपुव्वकोडाउअं सव्वमेगसमएण सरिसखंडं कदलीघादेण घादिदूण घादिदसमए चेव पुणो अण्णेगपरभवियपुव्वकोडाउअस्स जलचरसंबंधियस्स बंधमाढविय[1] उक्कस्साउअबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेण य बंधिय से काले बंधसमत्ती होहदि त्ति ठिदस्स आउअदव्वपमाणपरिक्खा उवसंहारो णाम । तं जहा— एगसमयपबद्धं उक्कस्सजोगागदं ठविय दुगुणिदमुक्कस्सबंधगद्धाए गुणिदे उक्कस्सदोबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धा होंति । एदे पुध ठविय एत्थ पगदि-विगिदिसरूवेण गलिदभुंजमाणाउअणिसेगेसु अवणिदेसु अवणिदसेसमाउअस्स उक्कस्सदव्वं होदि ।

अब यहां उपसंहार कहते हैं ।

शंका—उपसंहार किसे कहते हैं ?

समाधान—पूर्वकोटिके त्रिभागमें उत्कृष्ट आयुबन्धककालके भीतर उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे परभव सम्बन्धी आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर छह पर्याप्तियोंको पूर्ण करके अन्तर्मुहूर्त बिताकर जीवित रहते हुए जो अन्तर्मुहूर्त काल गया है उससे अर्ध मात्र आगेका अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वकोटि प्रमाण उपरिम सब आयुको एक समयमें सदृश खण्डपूर्वक कदलीघातसे घातकर घात करनेके समयमें ही पुनः जलचर सम्बन्धी अन्य एक परभविक पूर्वकोटि प्रमाण आयुका बन्ध प्रारम्भ करके उत्कृष्ट आयुबन्धककालमें उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे बन्ध करके अनन्तर समयमें बन्धकी समाप्ति होगी, अतः स्थित हुए जीवके आयुद्रव्यके प्रमाणकी परीक्षाको उपसंहार कहते हैं ।

विशेषार्थ—आशय यह है कि जिसने उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद पूर्वकोटि प्रमाण उत्कृष्ट संचयवाली भुज्यमान आयुका जिस समयमें कदलीघात किया उसी समयसे लेकर वह पुनः एक पूर्वकोटि प्रमाण आयुका उत्कृष्ट बन्धककाल द्वारा उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध करने लगा । उसके नवीन बन्धके अन्तिम समयमें आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशसंचय पाया तो अवश्य जाता है, पर वह कितना होता है, इस उपसंहार प्रकरण द्वारा इसी बातका विचार किया गया है ।

यथा— उत्कृष्ट योगसे आये हुए एक समयप्रबद्धको द्विगुणित रूपसे स्थापित कर उत्कृष्ट बन्धककालसे गुणित करनेपर उत्कृष्ट दो बंधककाल प्रमाण समयप्रबद्ध होते हैं । इनको पृथक् स्थापित कर इनमेंसे प्रकृति और विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण हुए भुज्यमान आयुके निषेकोंको कम करनेपर कम करनेसे जो शेष रहता है वह आयुका उत्कृष्ट द्रव्य होता है ।

१ अ-आप्रत्योः ' बंधमाधविय ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तत्थ ताव पयडिसरूवेण गलिददव्वपमाणं उच्चदे । तं जहा— एगसमयपबद्धं ठविय पुव्वकोडीए भागे हिदे मज्झिमणिसेगो आगच्छदि, पुव्वकोडिदीहत्तेण ठिदआउअणिसेगाणं मूलग्गसमासं काऊण अद्धिदे पुव्वकोडिमेत्तमज्झिमणिसेगाणमुप्पत्तीदो । कधमेत्थ मूलग्गसमासो कीरदे ? पुव्वकोडिपढमगोवुच्छं पेक्खिदूण चरिमगोउच्छा रूवूणपुव्वकोडिमेत्तगोवुच्छविसेसेहि ऊणा । तं पेक्खिदूण पढमगोवुच्छा वि तत्तियमेत्तगोवुच्छविसेसेहि अहिया, एत्थ एगगुणहाणिअद्धाणाभावादो । पुणो चरिमणिसेयादो अहियगोवुच्छविसेसे तच्छेदूण पुध ट्ठविदे पुव्वकोडिदीहमेत्ता चरिमणिसेया पावेंति । अवणिदविसेसा वि

विशेषार्थ— एक साथ आयु कर्मका उत्कृष्ट संचय कितना होता है, यह बात यहां दिखलाई गई है । युगपत् दो आयुओंका सत्त्व पाया जा सकता है एक भुज्यमान आयुका, और दूसरी बध्यमान आयुका । एक ऐसा जीव लो जिसने पूर्व भवमें सबसे बड़े बन्धककाल द्वारा तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट योगसे जलचरोंकी एक पूर्वकोटि प्रमाण आयुका बन्ध किया था । पुनः वह मर कर जलचर हुआ । फिर उसके अति स्वल्प काल द्वारा पर्याप्त होनेपर एक अन्तर्मुहूर्तके पश्चात् वह जिस समयमें कदलीघातपूर्वक आयुकी अपवर्तना करता है उसी समयमें आगामी आयुके बन्धका प्रारम्भ भी करता है । और इस प्रकार आयुबन्धके अन्तिम समयमें उसके आयुकर्मका उत्कृष्ट संचय देखा जाता है । यहां दो उत्कृष्ट बन्धककालोंके भीतर जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट योग द्वारा दो आयुकर्मोंका संचय हुआ है उसमेंसे केवल भुज्यमान आयुकी अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्रकृति और विकृति स्वरूप गोपुच्छाओंका गलन होता है, शेष सब द्रव्य नवीन बन्धके अन्तिम समयमें सत्त्व रूपसे पाया जाता है । यही आयु कर्मका उत्कृष्ट प्रदेशसंचय है ।

उसमें पहिले प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण हुए द्रव्यका प्रमाण कहते हैं । यथा—एक समयप्रबद्धको स्थापित कर उसमें पूर्वकोटिका भाग देनेपर मध्यम निषेकका प्रमाण आता है, क्योंकि, पूर्वकोटिके समय प्रमाण जो आयु कर्मके निषेक स्थित हैं उनमेंसे प्रथम और अन्तिम निषेकका योग कर आधा करनेपर वे पूर्वकोटिके समय प्रमाण मध्यम निषेक रूपसे उत्पन्न होते हैं ।

शंका— यहां मूल और अग्र निषेकका योग कैसे किया जाता है ?

समाधान— पूर्वकोटिकी प्रथम गोपुच्छाकी अपेक्षा अन्तिम गोपुच्छा एक कम पूर्वकोटि मात्र गोपुच्छविशेषोंसे न्यून है । और उस अन्तिम गोपुच्छाको देखते हुए प्रथम गोपुच्छा भी उतने ही गोपुच्छविशेषोंसे अधिक है, क्योंकि, यहां एक गुणहानि स्थान नहीं है । पुनः पूर्वकोटि प्रमाण सब निषेकोंमेंसे अन्तिम निषेकसे अधिक जितने गोपुच्छाविशेष हों उन्हें छीलकर पृथक् स्थापित करनेपर पूर्वकोटिके समय प्रमाण अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं और अलग किये हुए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगादिएगुत्तरकमेण रूवूणपुव्वकोडिआयामेण चेट्ठंति ।

पुणो एदेसिं विसेसाणं समकरणं कस्सामो । तं जहा— बिदियणिसेयम्मि अवणिद-विसेसेसु दुचरिमणिसेयम्मि अवणिदएगविसेसे पक्खित्ते रूवूणपुव्वकोडिमेत्ता विसेसा होंति । तिचरिमगोवुच्छादो अवणिददोगोवुच्छविसेसे तदियम्मि गोउच्छम्मि अवणिदविसेसेसु पक्खित्ते एदे वि तत्तिया चेव होंति । एवं सव्वविसेसे घेत्तूण परिवाडीए पक्खित्ते रूऊणपुव्वकोडि-मेत्तगोवुच्छविसेससविक्खंभं पुव्वकोडिअद्धायामखेत्तं होदूण चेट्ठदि । पुणो एदं मज्झम्मि पाडिय उवरि संधिदे मज्झिमगोवुच्छम्मि अवणिदगोउच्छविसेससविक्खंभ-पुव्वकोडिआयामं खेत्तं होदि । एदं[1] चरिमणिसेगविक्खंभ-पुव्वकोडिआयामखेत्तम्मि आयामेण संधिदे मज्झिम-णिसेगविक्खंभं पुव्वकोडिआयामं खेत्तं होदि । एसो मूलग्गसमासत्थो । तेण कारणेण पुव्वकोडीए समयपबद्धे भागे हिदे मज्झिमणिसेगो आगच्छदि त्ति उत्तं ।

गोपुच्छविशेष भी एक आदि एक अधिकके क्रमसे एक कम पूर्वकोटिके समय प्रमाण प्राप्त होते हैं ।

विशेषार्थ—कर्मभूमिज मनुष्य या तिर्यंच आयुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक पूर्व-कोटिसे अधिक नहीं होता । और एक गुणहानिका आयाम कमसे कम भी पल्यके असं-ख्यातवें भाग प्रमाण होता है । इसीसे यहां एक गुणहानिआयामका निषेध किया है ।

अब इन गोपुच्छविशेषोंका समीकरण करते हैं । यथा— द्वितीय निषेकमेंसे निकाले हुए विशेषोंमें द्विचरम निषेकमेंसे निकाले हुए एक विशेषको मिलानेपर एक कम पूर्वकोटिके समय प्रमाण विशेष होते हैं । त्रिचरम गोपुच्छामेंसे निकाले हुए दो गोपुच्छविशेषोंको तृतीय गोपुच्छमेंसे निकाले हुए विशेषोंमें मिलानेपर ये भी उतने (एक कम पूर्वकोटिके समय प्रमाण) ही होते हैं । इस प्रकार सब विशेषोंको ग्रहण कर परिपाटीसे रखनेपर एक कम पूर्वकोटिके समय प्रमाण गोपुच्छविशेष विस्तारवाला और पूर्वकोटिके जितने समय हों उनके अर्ध भाग प्रमाण आयामवाला क्षेत्र होकर स्थित होता है । फिर इसे बीचमेंसे फाड़कर ऊपर मिला देनेपर मध्यम गोपुच्छमेंसे निकाले हुए जितने गोपुच्छविशेष हों उतने विस्तारवाला और पूर्वकोटि आयामवाला क्षेत्र होता है । फिर इसे अन्तिम निषेक प्रमाण विस्तारवाले और पूर्वकोटि प्रमाण आयाम-वाले क्षेत्रमें आयामकी ओरसे मिलानेपर मध्यम निषेक प्रमाण विस्तारवाला और पूर्वकोटि आयामवाला क्षेत्र होता है । यह मूलाग्रसमासका अर्थ है । इस कारण पूर्वकोटिका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर मध्यम निषेक आता है, ऐसा कहा है ।

विशेषार्थ— यहां एक पूर्वकोटिके कुल समयोंमें उत्तरोत्तर चय कम निषेक क्रमसे बटे हुए कुल द्रव्यको मध्यम निषेकके क्रमसे करके बतलाया गया है । उदाहरणार्थ एक पूर्वकोटिके कुल समय ८ कल्पित किये जाते हैं । मान लो इनमें

---

१ ताप्रतौ ' होंतेत्ति । चरिम- ' इति पाठः । २ प्रतिषु ' एवं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपहि पुव्वकोडिं विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि मज्झिमणिसेगपमाणं पावदि । पुणो हेट्ठा मज्झिमगोवुच्छाए णिसेगभागहारं विरलेऊण मज्झिमगोवुच्छं समखंडं करिय दिण्णे एगेगविसेसो पावदि । पुणो मज्झिमगोवुच्छं पढमगोवुच्छाए सोहिदे सुद्धसेसमेत्तविसेसेहि णिसेगभागहारमवहरिय लद्धं[1] विरलिय उवरिमविरलणाए पढमरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे ओवट्टणरूवमेत्तविसेसा पावेंति । पुणो एदेसु उवरिमरूवधरिदेसु समयाविरोहेण पक्खित्तेसु पढमणिसेयपमाणं होदि, भागहारम्मि एगरूवपरिहाणी च लब्भदि । एवं पुणो पुणो समकरणं कायव्वं जाव सव्वो समयपबद्धो पढमणिसेयपमाणेण कदो त्ति । रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागं

कुल द्रव्य १८, २०, २२, २४, २६, २८, ३० और ३२ इस क्रमसे दिया गया है। इसलिये मध्यम धन १८ + ३२ = ५०; ५० ÷ २ = २५ आयगा, जो कुल द्रव्यकी अपेक्षा २५, २५, २५, २५, २५, २५, २५, २५ इस क्रमसे होगा । इसे लानेकी विधि ही यहां दिखलाई गई है। वह दिखलाते हुए पहले चय धनको अलग कर लिया गया है जिससे कुल धन इस रूपमें स्थापित होता है —

१८ फिर चयधनको समान रूपसे आठ स्थानोंमें जोड़ कर आठ स्थानोंमें
१८ २ स्थित अन्तिम निषेकोंमें मिला दिया गया है। मिलानेकी विधि मूलमें
१८ २ २ दिखलाई ही है।
१८ २ २ २ अब पूर्वकोटिका विरलन कर एक समयप्रबद्धको समखण्ड करके
१८ २ २ २ २ देनेपर प्रत्येक एकके प्रति मध्यम निषेकका प्रमाण प्राप्त होता
१८ २ २ २ २ २ है । फिर उसके नीचे मध्यम गोपुच्छके निषेकभागहारका
१८ २ २ २ २ २ २ विरलन कर मध्यम गोपुच्छको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक
१८ २ २ २ २ २ २ २ एकके प्रति एक एक विशेष प्राप्त होता है। फिर मध्यम गोपुच्छको प्रथम गोपुच्छमेंसे कम करनेपर जो शेष रहे उतने मात्र विशेषोंसे मध्यम निषेकभागहारको भाजित कर जो प्राप्त हो उसका विरलन कर उपरिम विरलनके प्रथम अंकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर अपवर्तन रूप मात्र विशेष (मध्यम गोपुच्छ प्राप्त करनेके लिये प्रथम गोपुच्छमेंसे जितनी संख्या कम की गई है उसका प्रमाण) प्राप्त होते हैं। पुनः इनका उपरिम विरलनके प्रत्येक एक प्रति प्राप्त राशिमें यथाविधि प्रक्षेप करनेपर प्रथम निषेकका प्रमाण होता है और भागहारमें एक अंककी हानि पायी जाती है। इस प्रकार जब तक सब समयप्रबद्ध प्रथम निषेकके प्रमाणसे नहीं किया जाता तब तक समीकरण करना चाहिये। एक अधिक अधस्तन विरलन राशि मात्र स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलन राशिमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार फलगुणित इच्छा राशिको प्रमाण राशिसे भाजित करके एक

---

१ प्रतिषु ' अद्धं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुव्वकोडीए[1] अवणिदे पढमणिसेगभागहारो होदि ।

संपधि पढमसमयप्पहुडि जाव परभविआउअबंधपाओग्गपढमसमयो त्ति ताव एत्थ पगडिसरूवेण गलिदद्दव्वमिच्छामो त्ति एदेण अद्धाणेण पढमणिसेयभागहारमोवट्टिय लद्धं विरलेदूण समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि चडिदद्धाणमेत्तपढमणिसेया पावेंति । पुणो चडिदद्धाणगुणिदणिसेगभागहारं विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे एगेगविसेसो पावदि । संपधि रूवूणचडिदद्धाणं संकलणाए[2] ओवट्टिय विरलेदूण तं चेव समखंडं करिय दिण्णे अहियगोवुच्छविसेसा पावेंति । पुणो एदे उवरिमसव्वरूवधरिदेसु अवणेदव्वा । सेसमिच्छिददव्वं होदि । अवणिदविसेसेसु तप्पमाणेण कीरमाणेसु जेत्तिया सलागाओ होंति तासिं पमाणं उच्चदे । तं जहा— रूवूणहेट्ठिमविरलणमेत्तविसेसेसु जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छमोवट्टिय लद्धमुवरिमविरलणाए पक्खिविय समयपबद्धे भागे हिदे एगसमयपबद्धस्स संखे-

---

रूपके असंख्यातवें भाग प्रमाण लब्धको पूर्वकोटिमेंसे घटा देनेपर प्रथम निषेकका भागहार होता है ।

अब प्रथम समयसे लेकर परभव सम्बन्धी आयुको बांधनेके योग्य प्रथम समय तक यहां प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यको लाना चाहते हैं, अतः इस कालके प्रमाणसे प्रथम निषेकके भागहारको अपवर्तित कर जो प्राप्त हो उसका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति प्रथम समयसे लेकर आयुबन्ध होनेके प्रथम समय तक जितना काल हो उतने प्रथम निषेक प्राप्त होते हैं । पश्चात् प्रथम समयसे लेकर आयुबन्ध होनेके प्रथम समय तक जितना काल हो उससे गुणित निषेकभागहारका विरलन कर उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर एक एक विशेष प्राप्त होता है । अब एक कम चढ़ित अध्वानको संकलनासे अपवर्तित कर जो लब्ध हो उसका विरलन करके और उसको ही समखण्ड करके देनेपर अधिक गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । पश्चात् इनको उपरिम विरलनके सब अंकोंके प्रति प्राप्त राशिमेंसे कम करना चाहिये । इस प्रकार जो शेष रहे वह इच्छित द्रव्य होता है । तथा अपनीत विशेषोंको उसीके प्रमाणसे करनेपर जितनी शलाकायें होती हैं उनका प्रमाण कहते हैं । यथा— एक कम अधस्तन विरलन मात्र विशेषोंमें यदि एक प्रक्षेपशलाका प्राप्त होती है तो उपरिम विरलन मात्र विशेषोंमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर जो लब्ध हो उसे उपरिम विरलनमें जोड़कर समयप्रबद्धमें भाग देनेपर एक समय-

---

१ प्रतिषु ' - भागपुव्वकोडीए ' इति पाठः । २ प्रतिषु ' चडिदद्धाणसंकलणाए ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्जदिभागो आगच्छदि । एसो एगसमयपबद्धादो पगडिसरूवेण गलिदो । एगसमयपबद्धस्स जदि एत्तियं पगडिसरूवेण गलिददव्वं लब्भदि तो उक्कस्सबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धाणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्ता पगडिसरूवेण गलिदसमयपबद्धा लब्भंति, उक्कस्सबंधगद्धाए आवलियसलागाहि गुणिदचडिदद्धाणावलियसलागाहिंतो पुव्वकोडीए आवलियसलागाणं संखेज्जगुणत्तादो ।

एदं पयडिसरूवेण गलिददव्वं पुध ट्ठविय पुणो विगिदिसरूवेण गलिददव्वपमाणपरिक्खा कीरदे । तं जहा— पढमणिसेयभागहारं विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि पढमणिसेयपमाणं पावदि । पुणो हेट्ठा णिसेयभागहारं कदलीघादपढमसमयादो हेट्ठिमअद्धाणेण ओवट्टिदं विरलिय पढमणिसेगं समखंडं करिय दिण्णे रूवूणचडिदद्धाणमेत्तगोवुच्छविसेसा पावेंति । पुणो एदेसु उवरिमविरलणरूवधरिदेहिंतो अवणिदेसु इच्छिदणिसेगपमाणं होदि । पुणो अवणिदविसेसेसु वि तप्पमाणेण कीरमाणेसु लद्धसलागाण पमाणं वुच्चदे । तं जहा— रूवूणहेट्ठिमविरलणमेत्तविसेसाणं जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो

प्रबद्धका संख्यातवां भाग आता है । यह एक समयबद्धमेंसे प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण हुआ द्रव्य है । एक समयप्रबद्धका प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण हुआ द्रव्य यदि इतना प्राप्त होता है, तो उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छा राशिको अपवर्तित करनेपर आवलीके संख्यातवें भाग मात्र प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण समयप्रबद्ध प्राप्त होते हैं, क्योंकि, उत्कृष्ट बन्धककालकी आवलीशलाकाओंसे गुणित ऐसी चढ़ित अध्वानकी आवलीशलाकाओंसे पूर्वकोटिकी आवलीशलाकायें संख्यातगुणी हैं ।

इस प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यको पृथक् स्थापित कर पुनः विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यके प्रमाणकी परीक्षा की जाती है । यथा— प्रथम निषेकभागहारका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति प्रथम निषेकका प्रमाण प्राप्त होता है । फिर उसके नीचे कदलीघातके प्रथम समयसे नीचेके कालके प्रमाणसे भाजित निषेकभागहारका विरलन कर प्रथम निषेकको समखण्ड करके देनेपर एक कम आगे गये स्थान मात्र गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । पश्चात् इनको उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिमेंसे घटा देनेपर इच्छित निषेकका प्रमाण होता है । पश्चात् कम किये गये विशेषोंको भी उक्त प्रमाणसे करनेपर प्राप्त हुई शलाकाओंका प्रमाण कहते हैं । यथा— एक कम अधस्तन विरलन मात्र विशेषोंकी यदि एक प्रक्षेपशलाका प्राप्त होती है तो उपरिम विरलन मात्र विशेषोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार

१ प्रतिषु ' अद्ध ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणाए पक्खित्ते कदलीघादपढमसमयणिसेगभागहारो होदि ।

संपधि एगसमयपबद्धमस्सिदूण कदलीघादजणिदएगविगिदिगोवुच्छाए भागहारे भण्णमाणे ताव कदलीघादक्कमो वुच्चदे— जीविदद्धमेत्तायामेण अवसेसआउट्ठिदिं आयामेण खंडिय तत्थ पढमखंडादो उवरिमबिदियखंडं वियच्चासमकाऊण जहाठिदिसरूवेण पढमखंडपासे रचेदि । तदियादिखंडाणं पि रचणाविही एसो चेव । एवं कदे पढमखंडपढमणिसेयादो बिदियखंडपढमणिसेगो जीविदद्धमेत्तगोउच्छविसेसेहि ऊणो । तदियखंडपढमणिसेगो दुगुणिदजीविदद्धमेत्तगोवुच्छविसेसेहि ऊणो । चउत्थखंडपढमणिसेगो तिगुणिदजीविदद्धमेत्तगोवुच्छाविसेसेहि ऊणो । एवं णेदव्वं जाव चरिमखंडपढमणिसेगो त्ति । अप्पप्पणो पढमणिसेगादो बिदियादिणिसेगा गोवुच्छविसेसेणूणा । एदासिं समाणट्ठिदिगोवुच्छाणं समूहा विगिदिगोवुच्छा णाम । संपहि जीविदद्धेण अंतोमुहुत्तूणपुव्वकोडिअद्धाणे भागे हिदे खंडसलागाओ संखेज्जाओ आगच्छंति । जेत्तियाओ खंडसलागाओ तेत्तियमेत्तगोवुच्छसमूहा

प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनमें मिला देनेपर कदलीघातके प्रथम समय सम्बन्धी निषेकका भागहार होता है ।

अब एक समयप्रबद्धका आश्रय कर कदलीघातसे उत्पन्न हुई एक विकृतिगोपुच्छाके भागहारका कथन करनेपर पहिले कदलीघातका क्रम कहते हैं—उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर कदलीघातके समय तक जीवित रहनेका जो काल है उससे अर्ध मात्र आयामवाली शेष आयुस्थितिको आयामसे खण्डित कर उनमेंसे प्रथम खण्डसे उपरिम द्वितीय खण्डको उलटे बिना निषेकरचनाके अनुसार ही प्रथम खण्डके पासमें स्थापित करता है । तृतीय आदि खण्डोंकी रचनाविधि भी यही है । इस प्रकार करनेपर प्रथम खण्डके प्रथम निषेकसे द्वितीय खण्डका प्रथम निषेक उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर कदलीघात होनेके समय तक जीवित रहनेका जो काल है उससे अर्ध मात्र गोपुच्छविशेषोंसे कम है । तृतीय खण्डका प्रथम निषेक दुगुने उक्त काल मात्र गोपुच्छविशेषोंसे कम है । चतुर्थ खण्डका प्रथम निषेक तिगुने उक्त काल मात्र गोपुच्छविशेषोंसे कम है । इस प्रकार अन्तिम खण्डके प्रथम निषेक तक ले जाना चाहिये । तथा इन खण्डोंमें अपने अपने प्रथम निषेकसे द्वितीयादि निषेक एक एक गोपुच्छविशेष कम हैं । इस प्रकार इन समान स्थितिवाली गोपुच्छाओंके समूहोंका नाम विकृतिगोपुच्छा है । अब उक्त कालका अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वकोटि प्रमाण कालमें भाग देनेपर संख्यात शलाकायें आती हैं । इसलिये जितनी खण्डशलाकायें हों उतने मात्र

---

१ अ-आप्रत्योः 'पढमणिसेय' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु 'अवसेसा आउट्ठिदिं आयामेण', ताप्रतौ 'अवसेसआउट्ठिदिआयामेण' इति पाठः । ३ ताप्रतौ 'वियच्चा समकाऊण' इति पाठः । ४ प्रतिषु 'विसेसणा' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विगिदिगोवुच्छा त्ति घेत्तव्वा । एदिस्से विगिदिगोवुच्छाए आणयणं वुच्चदे । तं जहा— पढमखंडपढमणिसेयस्स भागहारं खंडसलागाहि ओवट्टिदं विरलिय समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि कदलीघादखंडसलागामेत्तपढमणिसेगा समाणा होदूण पावेंति । पुणो जहासरूवेण आगमणमिच्छामो त्ति हेट्ठा पयदपढमगोवुच्छणिसेगभागहारं खंडसलागाहि गुणिदं विरलिय एगरूवधरिदपमाणमण्णं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि एगेगविसेसो पावदि । एदं च णिच्छिज्जदि[1] त्ति अंतोमुहुत्तादिअंतोमुहुत्तुत्तरसंखेज्जगच्छसंकलणाए संखेज्ज-पुव्वकोडिमेत्ताए पुव्विल्लभागहारमोवट्टिय विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदपमाणमण्णं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि पुव्विल्लसंकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा पावेंति । एदे उवरिमविरलण-सव्वरूवधरिदेसु पुध पुध अवणेदव्वा । अवणिदसेसं विगिदिगोवुच्छा होदि । पुणो अव-

---

गोपुच्छसमूहोंका नाम विकृतिगोपुच्छा है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

विशेषार्थ — आयुका उत्कृष्ट आबाधाकाल भुज्यमान आयुके तृतीय भाग प्रमाण होता है । प्रकृतमें कदलीघात और आयुबन्धका समय एक है, अर्थात् जिस समय कदलीघात होता है उसी समयसे आयुबन्धका प्रारम्भ होता है, अतः आयुबन्धके समय-से लेकर जो एक तृतीय भाग प्रमाण आयु शेष रही, उतने प्रमाणवाले अन्तर्मुहूर्त कम एक पूर्वकोटि प्रमाण आयुस्थितिके खण्ड करना चाहिये । इस प्रकार जितने खण्ड हों उन्हें एकके सामने दूसरेको स्थापित करना चाहिये । ऐसा करनेसे जो गोपुच्छा बनेगी वह विकृतिगोपुच्छाका प्रमाण होगा, यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

अब इस विकृतिगोपुच्छके लानेके विधानको कहते हैं । यथा— प्रथम खण्ड सम्बन्धी प्रथम निषेकके भागहारको खण्डशलाकाओंसे अपवर्तित करनेपर जो प्राप्त हो उसका विरलन कर समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक विरलन अंकके प्रति कदलीघातकी खण्डशलाका मात्र प्रथम निषेक समान होकर प्राप्त होते हैं । फिर चूंकि यथास्वरूपसे लानेकी इच्छा करते हैं अतः नीचे खण्डशलाकाओंसे गुणित ऐसे प्रकृत प्रथम गोपुच्छके निषेकभागहारका विरलन कर विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त एक अन्य राशिको समखण्ड करके देनेपर विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति एक एक विशेष प्राप्त होता है । यह चूंकि निःशेष क्षीण होता है अतः अन्तर्मुहूर्तसे लेकर अन्तर्मुहूर्त अधिकके क्रमसे संख्यात गच्छसंकलनासे, जो कि संख्यात पूर्वकोटि मात्र है, पूर्वोक्त भागहारको अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उसका विरलन कर उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त एक अन्य प्रमाणको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति पूर्वोक्त संकलन मात्र गोपुच्छाविशेष प्राप्त होते हैं । इनको सब उपरिम विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिमेंसे अलग अलग घटाना चाहिये । ऐसा करनेपर जो शेष रहे वह

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिषु ' णेच्छिज्जदि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिदगोवुच्छविसेसेसु तप्पमाणेण कीरमाणेसु उप्पण्णसलागपमाणं उच्चदे— रूवूणहेट्ठिम-विरलणमेत्तविसेसाणं जदि एगरूवपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छमोवट्टिय लद्धं उवरिमविरलणाए सादिरेयजीविदद्धमेत्ताए पक्खित्ते एगसमयपबद्धस्स पढमविगिदिगोवुच्छभागहारो होदि । एदेण समयपबद्धे भागे हिदे पढम-विगिदिगोवुच्छा आगच्छदि । सव्वविगिदिगोवुच्छाणमागमणमिच्छामो त्ति परभवियाउअं[1]-उक्कस्सबंधगद्धाए रूवूणाए पढमविगिदिगोवुच्छभागहारमोवट्टिय लद्धं विरलेऊण समयपबद्धं समखंडं करिय दिण्णे रूवूणुक्कस्सबंधगद्धामेत्तपढमविगिदिगोवुच्छाओ रूवं पडि पावेंति । एवमेदाओ सरिसा ण होंति, पढमविगिदिगोवुच्छादो बिदियाए संखेज्जविसेसपरिहाणि-दंसणादो, बिदियादो तदियाए वि खंडसलागमेत्तविसेसपरिहाणिदंसणादो । एवं णेदव्वं जाव समऊणुक्कस्सबंधगद्धा त्ति संखेज्जविसेसादिसंखेज्जविसेसुत्तरअंतोमुहुत्तगच्छसंकलण-मेत्तगोवुच्छविसेसा अहिया जादा त्ति । एदासिमवणयणविहाणं वुच्चदे । तं जहा— पुव्वविरलणाए हेट्ठा पढमखंडपढमगोवुच्छणिसेगभागहारम्मि कदलीघादखंडसलागाहि गुणि-

विकृतिगोपुच्छ होता है । पुनः निकाले हुए गोपुच्छविशेषोंको उसके प्रमाणसे करनेपर उत्पन्न हुई शलाकाओंका प्रमाण कहते हैं— एक कम अधस्तन विरलन मात्र विशेषोंका यदि एक प्रक्षेप अंक प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्र विशेषोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धका साधिक जीवितार्ध मात्र उपरिम विरलनमें प्रक्षेप करनेपर एक समयप्रबद्धकी प्रथम विकृतिगोपुच्छका भागहार होता है । इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर प्रथम विकृतिगोपुच्छा आती है । सब विकृतिगोपुच्छाओंके आगमनकी इच्छासे एक कम परभविक आयुके उत्कृष्ट बन्धककालसे प्रथम विकृतिगोपुच्छके भागहारको अपवर्तित कर लब्धका विरलन करके समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर एक कम उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र प्रथम विकृतिगोपुच्छायें विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त होती हैं । इस प्रकार ये विकृतिगोपुच्छायें सदृश नहीं होती हैं, क्योंकि, प्रथम विकृतिगोपुच्छासे द्वितीयमें संख्यात विशेषोंकी हानि देखी जाती है, द्वितीयसे तृतीयमें भी खण्डशलाका मात्र विशेषोंकी हानि देखी जाती है । इस प्रकार समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल तक संख्यात विशेषोंसे लेकर संख्यात विशेष अधिकके क्रमसे अन्तर्मुहूर्त गच्छोंके संकलन मात्र गोपुच्छविशेषोंके अधिक हो जाने तक ले जाना चाहिये । अब इनके अपनयनके विधानको कहते हैं । यथा— पूर्व विरलनके नीचे प्रथम खण्ड सम्बन्धी प्रथम गोपुच्छके निषेकभागहारको

१ प्रतिषु ' बिदियगोवुच्छा ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' परभवियाउआ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दम्मि संखेज्जपुव्वकोडीओ अवणिदे एगविगिदिगोवुच्छाए णिसेगभागहारो होदि । तं रूवूणबंधगद्धाए गुणिय विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि एगेगविसेसो पावदि । एदं च एत्थ णिच्छिज्जदि[1] त्ति पुव्विल्लसंकलणाए 'पदगतमवैक्या[2]' एदेण सुत्तेण आणिदाए णिसेगभागहारमोवट्टिय लद्धं[3] विरलेदूण उवरिमरूवधरिदपमाणं समखंडं करिय दिण्णे संकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा पावेंति । एदे उवरिमविरलणरूवधरिदेसु अवणेदव्वा, अवणिदसेसं सव्वविगिदिगोवुच्छाओ होंति ।

पुणो अवणिदगोवुच्छविसेसेसु तप्पमाणेण कीरमाणेसु उप्पण्णसलागाणयणं उच्चदे । तं जहा – हेट्ठिमविरलणरूवूणमेत्तविसेसाणं जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिय लद्धे उवरिमविरलणसंखेज्जरूवेसु पक्खित्ते एगसमयपबद्धमस्सिदूण णट्ठविगिदिगोउच्छाणं भागहारो होदि । एदेण समयपबद्धे भागे हिदे विगिदिसरूवेण णट्ठदव्वं होदि । एगसमयपबद्धम्मि जदि एगसमयपबद्धस्स संखेज्जदिभागमेत्तं विगिदिसरूवेण णट्ठदव्वं लब्भदि तो उक्कस्सबंधगद्धा-

---

कदलीघातकी खण्डशलाकाओंसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उसमेंसे संख्यात पूर्वकोटियोंको घटानेपर एक विकृतिगोपुच्छके निषेकका भागहार होता है । उसको एक कम बन्धककालसे गुणा करके विरलित कर उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति एक एक विशेष प्राप्त होता है । यह चूंकि यहां निःशेष क्षीण होता है, अतः 'पदगतमवैक्या —' इस सूत्रसे लायी हुई पूर्वोक्त संकलनासे निषेकभागहारको अपवर्तित कर जो प्राप्त हो उसका विरलन कर उपरिम विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर संकलन मात्र गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । इनको उपरिम विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिमेंसे कम करना चाहिये । कम करनेसे जो शेष रहे उतनी सब विकृतिगोपुच्छायें होती हैं ।

पुनः कम किये हुए गोपुच्छविशेषोंको उनके प्रमाणसे करनेपर उत्पन्न शलाकाओंके लानेको कहते हैं । यथा—रूप कम अधस्तन विरलन मात्र विशेषोंके यदि एक प्रक्षेपशलाका प्राप्त होती है तो उपरिम विरलन मात्र विशेषोंके क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर लब्धको उपरिम विरलनके संख्यात रूपोंमें मिलानेपर एक समयप्रबद्धका आश्रय कर नष्ट विकृतिगोपुच्छाओंका भागहार होता है । इसका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर विकृति स्वरूपसे नष्ट द्रव्य होता है । एक समयप्रबद्धमें यदि एक समयप्रबद्धके संख्यातवें भाग मात्र विकृति स्वरूपसे नष्ट द्रव्य प्राप्त होता है तो उत्कृष्ट

---

१ मप्रतौ 'णेच्छिज्जदि' इति पाठः । २ आप्रतौ 'पदगमवैक्या' इति पाठः । पदगतमवइकउत्तरसमाहदं दलिद आदिणा सहिदं । गच्छगुणमुवचिदाणं गणिदसरीरं विणिद्दिट्ठं ॥ जंबू. प. १२–२१. ३ प्रतिषु 'अद्धं' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेत्तसमयपबद्धेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्ता समयपबद्धा विगिदिसरूवेण णट्ठा आगच्छंति। णवरि एदं दव्वं पगदिसरूवेण णट्ठदव्वादो संखेज्जगुणं, उक्कस्सबंधगद्धाए कदलीघादेण घादिदहेट्ठिमद्धाणं गुणिय पुव्वकोडीए भागे हिदे जं भागलद्धं तत्तो कदलीघादेगखंडायामेण उक्कस्सबंधगद्धाए भागे हिदे जं लद्धं तस्स संखेज्जगुणत्तुवलंभादो। एदाणि दो वि दव्वाणि एक्कदो कदे पगदि-विगिदिसरूवेण णट्ठसव्वदव्वमावलियाए संखेज्जदिभागमेत्ता समयपबद्धा होंति। एदम्मि दोबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धेसु सोहिदेसु आउअस्स उक्कस्सदव्वं होदि।

संपहि समयं पडि गलमाणविगिदिगोवुच्छादो समयं पडि दुक्कमाणसमयपबद्धो संखेज्जगुणो त्ति एदं परूवेमो। तं जहा— पढमफालिपढमगोवुच्छभागहारं किंचूणपुव्वकोडिं कदलीघादखंडसलागाहि ओवट्टिय रूवस्स असंखेज्जदिभागे पक्खित्ते एगसमयपबद्धस्स विगिदिगोउच्छभागहारो आगच्छदि। पुणो तं भागहारं उक्कस्सबंधगद्धाए ओवट्टिय लद्धेण समयपबद्धे भागे हिदे समयपबद्धस्स संखेज्जदिभागमेत्ता विगिदिगोवुच्छा आगच्छदि। समयपबद्धो पुण संपुण्णो। तेण णिज्जरादो आगच्छमाणदव्वं संखेज्जगुणमिदिआउअबंध-

---

बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंमें कया प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर आवलीके संख्यातवें भाग मात्र समयप्रबद्ध विकृति स्वरूपसे नष्ट हुए आते हैं। विशेष इतना है कि यह द्रव्य प्रकृति स्वरूपसे नष्ट हुए द्रव्यकी अपेक्षा संख्यातगुणा है, क्योंकि, उत्कृष्ट बन्धककालसे कदलीघात द्वारा घातित अधस्तन अध्वानको गुणित कर पूर्वकोटिका भाग देनेपर जो भागलब्ध हो उससे, कदलीघात सम्बन्धी एक खण्डके आयामका उत्कृष्ट बन्धककालके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध हो वह, संख्यातगुणा पाया जाता है। इन दोनों ही द्रव्योंको इकट्ठा करनेपर प्रकृति व विकृति स्वरूपसे नष्ट हुआ सब द्रव्य आवलीके संख्यातवें भाग मात्र समयप्रबद्ध प्रमाण होता है। इसे दो बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंमेंसे कम करनेपर आयुका उत्कृष्ट द्रव्य होता है।

अब प्रति समय गलनेवाली विकृतिगोपुच्छासे प्रति समय दौकमान (उपस्थित होनेवाला) समयप्रबद्ध संख्यातगुणा है। इसकी प्ररूपणा करते हैं। यथा— प्रथम फालि सम्बन्धी प्रथम गोपुच्छाके भागहार स्वरूप कुछ कम पूर्वकोटिको कदलीघातकी खण्डशलाकाओंसे अपवर्तित कर लब्धमें एक अंकके असंख्यातवें भागका प्रक्षेप करनेपर एक समयप्रबद्धकी विकृतिगोपुच्छका भागहार आता है। पुनः उस भागहारको उत्कृष्ट बन्धककालसे अपवर्तित कर लब्धका समयप्रबद्धमें भाग देनेपर समयप्रबद्धके संख्यातवें भाग मात्र विकृतिगोपुच्छा आती है। पर समयप्रबद्ध सम्पूर्ण है। इसीलिये चूंकि निर्जराकी अपेक्षा आनेवाला द्रव्य संख्यातगुणा है, अतः आयुबन्धककालके अन्तिम

---

१ अ-आ-काप्रतिषु '-मेत्तो समयपबद्धा विट्ठिदि-' ताप्रतौ '-मेत्ता समयपबद्धा वि ट्ठिदि-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गद्धाचरिमसमए उक्कस्ससामित्तं आवलियाए संखेज्जदिभागमेत्तसमयपबद्धेहि ऊणदुगुणुक्कस्सबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धे घेत्तूण दिण्णं ।

तव्वदिरित्तमणुक्कस्सं ॥ ४७ ॥

तदो उक्कस्सादो वदिरित्तदव्वमणुक्कस्सवेयणा । एत्थ अणुक्कस्सदव्वाणं परूवणट्ठमिमा ताव सगल-विगलपक्खेवाणं पमाणपरूवणा कीरदे । तं जहा— सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तउक्कस्सजोगपक्खेवभागहारं उक्कस्सबंधगद्धाए गुणिय विरलेदूण उक्कस्सबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धेसु समखंडं कादूण दिण्णेसु एक्केक्कस्स रूवस्स सगलपक्खेवपमाणं पावदि । एदिस्से विरलणाए सगलपक्खेवभागहारो त्ति सण्णा । एत्थ उक्कस्सजोगेण परिणमणकालो उक्कस्सो[1] दुसमयमेत्तो चेव । तेण उक्कस्सजोगपक्खेवभागहारस्स उक्कस्सबंधगद्धा गुणगारो ण होदि त्ति उत्ते सच्चमेदं, किंतु सामण्णेण उत्तं । विसेसे पुण अवलंबिज्जमाणे[2] जेसु जेसु जोगट्ठाणेसु उक्कस्सबंधगद्धा पडिबद्धा तेसिं तेसिं जोगट्ठाणाणं पक्खेवभागहारे मेलाविय विरलिदे सगलपक्खेवभागहारो होदि । अधवा, आउअउक्कस्सदव्वे

समयमें उत्कृष्ट स्वामित्व, आवलीके संख्यातवें भाग मात्र समयप्रबद्धोंसे कम दुगुने उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंको ग्रहण कर, दिया गया है ।

उससे भिन्न द्रव्य आयुकी अनुत्कृष्ट वेदना है ॥ ४७ ॥

उससे अर्थात् उत्कृष्टसे भिन्न द्रव्य अनुत्कृष्ट वेदना है । यहां अनुत्कृष्ट द्रव्योंके प्ररूपणार्थ पहिले यह सकल और विकल प्रक्षेपोंकी प्रमाणप्ररूपणा की जाती है । यथा— श्रेणीके असंख्यातवें भाग मात्र उत्कृष्ट योग सम्बन्धी प्रक्षेपभागहारको उत्कृष्ट बन्धककालसे गुणा करके विरलन कर उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति सकल प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है । इस विरलनकी ' सकलप्रक्षेपभागहार ' ऐसी संज्ञा है ।

शंका— यहां उत्कृष्ट योग रूपसे परिणमन करनेका उत्कृष्ट काल दो समय मात्र ही है । इसलिये उत्कृष्ट बन्धककाल उत्कृष्ट योग सम्बन्धी प्रक्षेपभागहारका गुणकार नहीं हो सकता ?

समाधान— ऐसी आशंका होनेपर उत्तर देते हैं कि यह सत्य है, परन्तु वह सामान्यसे कहा है । विशेषका अवलम्बन करनेपर जिन जिन योगस्थानोंके साथ उत्कृष्ट बन्धककाल प्रतिबद्ध है उन उन योगस्थानोंके प्रक्षेपभागहारोंको मिलाकर विरलन करनेपर सकलप्रक्षेपभागहार होता है । अथवा, आयुके उत्कृष्ट

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' उक्कस्सा ' इति पाठः । २ प्रतिषु ' अवलंबिज्जमाणेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सबंधगद्धाए ओवट्टिदे आदेसुक्कस्सजोगट्ठाणदव्वं होदि। तस्स पक्खेवभागहारे उक्कस्सबंधगद्धाए गुणिदे सगलपक्खेवभागहारो होदि। एत्थ एगरूवधरिदं सगलपक्खेवो णाम। एगसगलपक्खेवादो पगडि-विगिदिसरूवेण गलिददोदव्वागमणहेदुभूदसंखेज्जरूवे विरलिय सगलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि सयलपक्खेवादो पगडि-विगिदिसरूवेण गलिददव्वमागच्छदि। एत्थ एगरूवधरिदं मोत्तूण बहुभागाणं विगलपक्खेव इदि सण्णा।

पुणो सण्णिपंचिंदियपज्जत्तयस्स जहण्णपरिणामजोगमादिं कादूण जाव उक्कस्सजोगट्ठाणेत्ति ताव एदेसिं जोगट्ठाणाणं पक्खेउत्तरकमेण णिरंतरं गदाणं रचणं कादूण अणुक्कस्सदव्वपरूवणं कस्सामो। तं जहा — उक्कस्सजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए पुव्वकोडितिभागम्मि जलचरेसु पुव्वकोडाउअं बंधिदूण कमेण कालं करिय पुव्वकोडाउअजलचरेसुप्पज्जिय उप्पण्णपढमसमयादो अंतोमुहुत्तं गंतूण जीविदद्धपमाणेण देसूणपुव्वकोडिआयाममेगसमएण कदलीघादेण घादिय पुणरवि जलचरेसु तप्पाओग्गुक्कस्सजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए च पुव्वकोडाउअबंधं पारंभिय बंधगद्धाचरिमसमए वट्टमाणस्स उक्कस्सिया आउवदव्ववेयणा। एत्थ ओलंबणाकरणेण एगपरमाणुम्हि परिहीणे अणुक्कस्सुक्कस्स-

---

द्रव्यको उत्कृष्ट बन्धककालसे अपवर्तित करनेपर आदेश उत्कृष्ट योगस्थानका द्रव्य होता है और उसके प्रक्षेपभागहारको उत्कृष्ट बन्धककालसे गुणा करनेपर सकलप्रक्षेपभागहार होता है।

यहां विरलन राशिके एक अंकके प्रति प्राप्त राशिका नाम सकलप्रक्षेप है। एक सकलप्रक्षेपसे प्रकृति व विकृति स्वरूपसे गले हुए दोनों द्रव्योंके लानेमें कारणभूत संख्यात अंकोंका विरलन कर सकलप्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति सकलप्रक्षेपोंसे प्रकृति व विकृति स्वरूपसे गला हुआ द्रव्य आता है। यहां विरलन राशिके एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको छोड़कर बहुभागोंकी 'विकलप्रक्षेप' यह संज्ञा है।

पुनः संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके जघन्य परिणाम योगसे लेकर उत्कृष्ट योगस्थान तक प्रक्षेप उत्तर क्रमसे निरन्तर गये हुए इन योगस्थानोंकी रचना करके अनुत्कृष्ट द्रव्यकी प्ररूपणा करते हैं। यथा— जो जीव उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालके द्वारा पूर्वकोटिके त्रिभागमें जलचरोंमें पूर्वकोटि प्रमाण आयुको बांधकर क्रमसे मरकर पूर्वकोटि आयु युक्त जलचरोंमें उत्पन्न होकर उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे अन्तर्मुहूर्त जाकर कुछ कम पूर्वकोटि आयुस्थितिको एक समयमें कदलीघातसे घात कर और उसे उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे वहां तक जितना जीवन गया है उसके अर्ध प्रमाण करके फिर भी जलचरोंमें उनके योग्य उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालके द्वारा पूर्वकोटि प्रमाण आयुके बन्धका प्रारम्भ करके बन्धककालके अन्तिम समयमें वर्तमान है उसके आयुद्रव्यकी उत्कृष्ट वेदना होती है। इसमेंसे अवलम्बन करण द्वारा एक परमाणुके हीन होनेपर अनुत्कृष्ट आयुद्रव्यका उत्कृष्ट भेद होता है। उसी करणके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माउवदव्वं होदि । तेणेव करणेण एदम्हादो दोसु पदेसेसु परिहीणेसु बिदियमणुक्कस्सदव्वं होदि । तिसु परिहीणेसु तदियअणुक्कस्सपदेसट्ठाणं होदि । एवमेगेगुत्तरपदेसपरिहाणिकमेण णेदव्वं जाव एगविगलपक्खेवमेत्तपदेसा परिहीणा त्ति । एवं हाइदूण[1] च ट्ठिदेण[2] अण्णो जीवो समऊणुक्कस्सबंधगद्धामेत्तकालं पुव्विल्लणिरुद्धतप्पाओग्गुक्कस्सजोगेहि बंधिय पुणो एगसमयपक्खेऊणजोगट्ठाणेण बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं कादूण परभवियाउअं बंधिय उक्कस्सबंधगद्धाचरिमसमयट्ठिदजीवो सरिसो, दोसु वि एगविगलपक्खेवाभावादो ।

पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण एग-दोपरमाणुआदिकमेण एगविगलपक्खेवमेत्त-परमाणुपदेसाणं परिहाणीए कदाए तत्तियमेत्ताणि चेव अणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पज्जंति ।

पुणो एदेण [3]समऊणुक्कस्सबंधगद्धामेत्तकालं तप्पाओग्गुक्कस्सजोगट्ठाणेहि बंधिय एगसमयं दुपक्खेऊणेजोगट्ठाणेण बंधिय पयदट्ठाणे ठिदो सरिसो । पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण एत्थ एग-दोपरमाणुआदिकमेण हीणं करिय णेदव्वं जाव एगविगलपक्खेवो परिहीणो

द्वारा इस उत्कृष्ट द्रव्यमेंसे दो प्रदेशोंके हीन होनेपर द्वितीय अनुत्कृष्ट द्रव्य होता है । तीन परमाणुओंके हीन होनेपर तृतीय अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थान होता है । इस प्रकार उत्तरोत्तर एक एक प्रदेशकी हानिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप मात्र प्रदेशोंके हीन होने तक ले जाना चाहिये । इस प्रकार हीन होकर स्थित हुए जीवके साथ एक दूसरा जीव, जो एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र कालके भीतर पूर्वोक्त विवक्षित उसके योग्य उत्कृष्ट योगों द्वारा बांधकर पुनः एक समय तक एक प्रक्षेप हीन योगस्थान द्वारा बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर कदलीघात करके परभविक आयुको बांधकर उत्कृष्ट बन्धककालके अन्तिम समयमें स्थित है, सदृश है; क्योंकि, उक्त दोनों ही जीवोंमें एक विकल प्रक्षेपका अभाव है ।

पुनः पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इस दूसरे जीवको ग्रहण कर एक-दो परमाणु आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप मात्र परमाणुप्रदेशोंकी हानि करनेपर उतने मात्र ही अनुत्कृष्ट स्थान उत्पन्न होते हैं ।

पुनः इस जीवके साथ एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र काल तक उसके योग्य उत्कृष्ट योगस्थानों द्वारा बांधकर और एक समय तक दो प्रक्षेप कम योगस्थान द्वारा बांधकर प्रकृत स्थानमें स्थित जीव सदृश है । पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इसे ग्रहण कर यहां एक दो परमाणु आदिके क्रमसे हीन करके एक विकल प्रक्षेपके हीन होने तक ले जाना चाहिये । इस प्रकार करनेपर विकल

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिषु ' घाइदूण ' इति पाठः । २ प्रतिषु ' चेट्ठिदेण ' इति पाठः । ३ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिष्वतोऽग्रे ' समऊणुक्कस्साद्धाणाणि उप्पज्जंति पुणो एदेण ' इत्यधिकः पाठोऽस्ति । ४ ताप्रतौ ' एगसमयदुपक्खेवूण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्ति । एवं कदे विगलपक्खेवमेत्ताणि चेव अणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पज्जंति ।

जो समऊणुक्कस्सबंधगद्धामेत्तकालं तप्पाओग्गुक्कस्सजोगेण बंधिय पुणो अण्णेग-समए तिपक्खेऊणंपुव्विलजोगेण बंधिय बंधगद्धाचरिमसमयट्ठिदो सो एदेण सरिसो ।

एवं पगदि-विगिदिसरूवेण गलिददव्वभागहारं विरलियं सयलपक्खेवं समखंडं करिय दादूण एदेण पमाणेण उवरिमविरलणसव्वरूवधरिदेसु अवणिय तत्थ जत्तिया विगलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ता जाव परिहायंति ताव णेदव्वं ।

एत्थ विगलपक्खेवपमाणाणुगमं कस्सामो । तं जहा — हेट्ठिमविरलणरूवूणमेत्ताणं पगदि-विगिदिसरूवेण गलिददव्वाणं जदि एगो विगलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलण-मेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्ता विगलपक्खेवा होंति । एत्तियमेत्ते विगलपक्खेवे समयाविरोहेण परिहाइदूण ठिदो च अण्णेगो तप्पा-ओग्गुक्कस्सजोगेणुक्कस्सबंधगद्धाए जलचरेसु आउअं बंधिय तत्थुप्पज्जिय कदलीघादं कादूण परभविआउअं बंधमाणो पुव्विल्लविगलपक्खेवेसु जेत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि

प्रक्षेप मात्र ही अनुत्कृष्ट स्थान उत्पन्न होते हैं ।

जो जीव एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल तक उसके योग्य उत्कृष्ट योगके द्वारा बांधकर पुनः दूसरे एक समय तीन प्रक्षेप कम पूर्वोक्त योग द्वारा बांधकर बन्धककालके अन्तिम समयमें स्थित है वह इस पूर्वोक्त जीवके सदृश है ।

इस प्रकार प्रकृति और विकृति स्वरूपसे गले हुए द्रव्यके भागहारका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर जो प्राप्त हो उस प्रमाणसे उपरिम विरलनके सब अंकोंके प्रति प्राप्त राशिमेंसे घटाकर उसमें जितने विकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र प्रक्षेपोंकी हानि होने तक ले जाना चाहिये ।

यहां विकल प्रक्षेपोंका प्रमाणानुगम करते हैं । यथा — अधस्तन विरलन मात्र कम ऐसे प्रकृति-विकृति स्वरूपसे गले हुए द्रव्योंका यदि एक विकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्र अंकोंमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाके अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र विकल प्रक्षेप होते हैं । इस प्रकार इतने विकल प्रक्षेपोंकी यथाविधि हानि करके स्थित हुआ यह जीव, तथा एक दूसरा जीव जो उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे उत्कृष्ट बन्धककालमें जलचरोंमें आयुको बांधकर उनमें उत्पन्न होकर और कदलीघात करके परभविक आयुको बांध रहा है तथा जो पूर्वोक्त विकल प्रक्षेपोंमें जितने सकल प्रक्षेप हैं

---

१ आप्रतौ ' अणेगसमए तिपक्खेऊण ', ताप्रतौ ' अण्णेगसमयातिपक्खेऊण ' इति पाठः ।
२ अ-आप्रत्योः ' विगदि ' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' विगलिय ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेत्तियमेत्तजोगट्ठाणाणि समयाविरोहेण सव्वसमएसु ओहट्टिय ठिदो च दो वि सरिसा।

संपधि एत्थ सगलपक्खेवबंधणविहाणं[1] उच्चदे। तं जहा— हेट्ठिमविरलणमेत्ताणं पगडि[2]-विगिदिसरूवेण गलिददव्वाणं जदि एगो सयलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलण-मेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्ता सयलपक्खेवा होंति। एत्तियमेत्तट्ठाणाणि उक्कस्सबंधगद्धाए समयाविरोहेण ओदिण्णाए पुव्विल्लेण सरिसं होदि त्ति वत्तव्वं। पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण एदस्स भुंजमाणाउअम्मि एग-दोपरमाणु-आदिपरिहाणिकमेण एगविगलपक्खेवमेत्तअणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि।

पुणो एदेण को सरिसो होदि त्ति उच्चदे— समऊणुक्कस्सबंधगद्धाए तप्पाओग्गु-क्कस्सजोगेण बंधिय एगसमयं पक्खेऊणजोगेण बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं कादूण परभविआउअं पुव्वुद्दिट्ठजोगेण बंधिय जो बंधगद्धाचरिमे समए ठिदो सो सरिसो। एदेण कमेण विगलपक्खेवभागहारमेत्तविगलपक्खेवेसु परिहीणेसु रूवूणविगलपक्खेवभागहारमेत्ता

सब समयोंमें समयाविरोधसे उतने मात्र योगस्थानोंको हटा कर स्थित है वह जीव, ये दोनों ही सदृश हैं।

अब यहां सकल प्रक्षेपोंके बन्धनकी विधि कहते हैं। यथा— अधस्तन विरलन मात्र प्रकृति व विकृति स्वरूपसे गलित द्रव्योंका यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्र उक्त द्रव्योंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार, प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित कर जो प्राप्त हो उतने मात्र सकल प्रक्षेप होते हैं। उत्कृष्ट बन्धककालके भीतर समयाविरोधसे इतने मात्र स्थानोंके उतरनेपर यह स्थान पूर्वोक्तके सदृश होता है, ऐसा कहना चाहिये।

पुनः पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इसको ग्रहण करके इसकी भुज्यमान आयुमें एक-दो परमाणु आदिकी हानिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप प्रमाण अनुत्कृष्ट स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये।

अब इसके सदृश कौन होता है, यह बतलाते हैं— एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककालके भीतर उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे बांधकर और एक समय तक एक प्रक्षेप कम योग द्वारा बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर व कदलीघात करके परभविक आयुको पूर्वोद्दिष्ट योगसे बांधकर जो बन्धककालके अन्तिम समयमें स्थित है वह जीव इसके सदृश है।

इस क्रमसे विकल प्रक्षेपक भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंके हीन होने-पर एक कम विकल प्रक्षेपक भागहार प्रमाण सकल प्रक्षेपोंकी हानि होती है।

---

१ प्रतिषु ' विरोधाणं ' इति पाठः। २ प्रतिषु ' मेत्तपगडि- ' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु ' विगदि ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सगलपक्खेवा परिहायंति । एवं परिहाइदूण ठिदो च, अण्णेगो[1] तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए च आउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं कादूण रूवूणुक्कस्सबंधगद्धाए पुव्वणिरुद्धजोगेहि बंधिय एगसमयं पुव्वणिरुद्धजोगादो रूवूणविगलपक्खेवभागहारमेत्तजोगट्ठाणाणि ओसरिदूण बंधिय ट्ठिदो च सरिसो । एवमोदारेदव्वं जाव सो समओ तप्पाओग्गाणि असंखेज्जाणि जोगट्ठाणाणि ओदिण्णो त्ति । पुणो एदेणेव कमेण बिदियसमओ वि असंखेज्जाणि जोगट्ठाणाणि ओदारेदव्वो । एवमुक्कस्सबंधगद्धामेत्तसव्वसमया ओदारेदव्वा । एवमणेण विधाणेण ताव ओदारेदव्वो जाव उक्कस्सबंधगद्धामेत्तसव्वसमया जहण्णजोगट्ठाणं पत्ता त्ति । पुणो एवमोदरिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो तप्पाओग्गुक्कस्सजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए आउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं काऊण परभवियाउअं जहण्णजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए च बंधिय बंधगद्धाचरिमसमयट्ठिदो च, सरिसा । पुणो एदेण परभवियउक्कस्साउअबंधगद्धागुणिदजहण्णजोगट्ठाणपक्खेवभागहारमेत्तसयलपक्खेवेहि ऊणविगिदिगोवुच्छासु जत्तिया सयलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्तदव्वं पुव्वकोडि-

---

इस प्रकार हानि होकर स्थित हुआ जीव, तथा एक दूसरा उसके योग्य उत्कृष्ट योग व उत्कृष्ट बन्धककाल द्वारा आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर कदलीघात करके एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल तक पूर्व निरुद्ध योगोंसे बांधकर व एक समय तक पूर्व निरुद्ध योगसे एक कम विकल प्रक्षेपक भागहार प्रमाण योगस्थान उतर कर बांधकर स्थित हुआ जीव सदृश है । इस प्रकार तब तक उतारना चाहिये जब तक उसके योग्य असंख्यात योगस्थान उतरकर यह समय प्राप्त होता है । पुनः इसी क्रमसे द्वितीय समयको भी असंख्यात योगस्थान उतारना चाहिये । इस प्रकार उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र सब समयोंको उतारना चाहिये । इस प्रकार इस विधानसे तब तक उतारना चाहिये जब तक उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र सब समय जघन्य योगस्थानको नहीं प्राप्त हो जाते । पुनः इस प्रकार उतरकर स्थित हुआ जीव, तथा उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे उत्कृष्ट बन्धककाल तक आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर कदलीघात करके परभविक आयुको जघन्य योग और उत्कृष्ट बन्धककाल द्वारा बांधकर बन्धककालके अन्तिम समयमें स्थित हुआ अन्य एक जीव, ये दोनों सदृश हैं । पुनः इस जीवके द्रव्यके साथ जघन्य योगस्थान सम्बन्धी प्रक्षेपक भागहारको परभविक उत्कृष्ट आयुके बन्धककालसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उतने सकल प्रक्षेपोंसे रहित विकृति गोपुच्छाओंमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र द्रव्यको

---

१ प्रतिषु ' अण्णेण ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' समय ', ताप्रतौ ' समय (या)' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिभागम्मि जोगोलंबणाकरणवसेणूणं करिय जलचराउअं बंधाविय कमेण जलचरेसुप्पज्जिय पज्जत्तीओ समाणिय कदलीघादेण विणा कदलीघादपढमसमए ठिदस्स दव्वं सरिसं होदि। अधवा, परभवियाउअस्स उक्कस्सबंधगद्धामेत्तसमया उक्कस्सजोगट्ठाणादो जाव जहण्णजोगट्ठाणं ति जहा उत्ता ठिदा तहा पुव्वकोडितिभागम्मि बंधे भुंजमाणाउअंपाडिबद्ध उक्कस्साउअबंधगद्धामेत्तसमया वि जोगोलंबणकरणे अस्सिदूण उक्कस्सजोगट्ठाणादो तप्पाओग्गअसंखेज्जगुणहीणजोगेत्ति ओदारेदव्वा। एवमोदारिय पुणो पच्छा एगविगिदिगोवुच्छाए ऊणेगसमयपबद्धम्मि जत्तिया सयलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्तदव्वेण भुंजमाणाउअमूणं[2] करिय ठिदो च अण्णेगो पुव्वकोडितिभागम्मि उक्कस्सबंधगद्धाए तप्पाओग्गजहण्णजोगेण य आउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं काऊण जहण्णजोगेण समऊणुक्कस्सबंधगद्धाए च परभवियमाउअं[3] बंधिय ठिदो[4] च दो वि सरिसा। एवं जाणिदूण परभवियाउअबंधगद्धं जहण्णं करिय ठिदो च अण्णेगो पगदिगोउच्छाहियदोहि वि[5] दव्वेहि समाणं पुव्वकोडितिभागम्मि आउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघाद-

---

पूर्वकोटिके त्रिभागमें योग और अवलम्बन करण द्वारा हीन करके जलचरोंमें आयुको बंधाकर क्रमसे जलचरोंमें उत्पन्न होकर पर्याप्तियोंको पूर्ण करके कदलीघातके विना कदलीघातके प्रथम समयमें स्थित हुए जीवका द्रव्य, सदृश होता है। अथवा, परभविक आयुके उत्कृष्ट बन्धककाल मात्र जो समय हैं वे उत्कृष्ट योगस्थानसे लेकर जघन्य योगस्थान तक जैसे कहे गये स्थित हैं वैसे ही पूर्वकोटिके त्रिभागमें बन्धके समय भुजमान आयुके प्रतिबद्ध उत्कृष्ट आयुके बन्धककाल प्रमाण समयोंको भी योग और अवलम्बन करणका आश्रय कर उत्कृष्ट योगस्थानसे लेकर उसके योग्य असंख्यातगुणे हीन योग तक उतारना चाहिये। इस प्रकार उतार कर फिर पीछे एक विकृति गोपुच्छसे हीन एक समयप्रबद्धमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र द्रव्यसे भुज्यमान आयुको कम करके स्थित हुआ जीव, तथा पूर्वकोटिके त्रिभागमें उत्कृष्ट बन्धककाल द्वारा व उसके योग्य जघन्य योग द्वारा आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर कदलीघात करके जघन्य योग व एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककाल द्वारा परभविक आयुको बांधकर स्थित हुआ अन्य एक जीव, ये दोनों समान हैं। इस प्रकार जानकर परभविक आयुके बन्धककालको जघन्य करके स्थित हुआ जीव, तथा प्रकृति गोपुच्छ अधिक दोनों ही द्रव्योंके समान पूर्वकोटिके त्रिभागमें आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न होकर

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'बंधभुंजमाणाउअ', ताप्रतौ 'बद्धभुंजमाणाउअ' इति पाठः। २ प्रतिषु 'मूलं' इति पाठः। ३ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'बंधगद्धाए चरिमपरभविय' इति पाठः। ४ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'ट्ठविदो' इति पाठः। ५ अ-आ-काप्रतिषु 'दोहि मि', मप्रतौ दोहिम्मि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पढमसमए परभवियाउअबंधेण विणा ठिदो च सरिसा ।

एदमेत्थेव ठविय पुणो पगडिसरूवेण गलिददव्वभागहारं विरलिय सयलपक्खेवं समखंडं करिय दादूण एत्थ एगरूवधरिदपमाणेण[1] उवरिमविरलणाए सव्वधरिदेसु अवणिय पुध ट्ठविय तं सगलपक्खेवे कस्सामो । तं जहा — हेट्ठिमविरलणमेत्ताणं जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण तप्पाओग्गबंधगद्धागुणिदजोगट्ठाणपक्खेवभागहारे भागे हिदे लद्धमेत्ता पगडिसरूवेण णट्ठदव्वम्मि सगलपक्खेवा होंति । एदे पुध ट्ठविय पुणो दिवड्ढगुणहाणिं विरलिय सयलपक्खेवं समखंडं करिय दादूण एत्थ एगरूवधरिदपमाणेण उवरिमविरलणसव्वरूवधरिदेसु अवणिय पुध ट्ठविय सगलपक्खेवे कस्सामो — हेट्ठिमविरलणमेत्ताणं जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण तप्पाओग्गबंधगद्धागुणिदजोगट्ठाणपक्खेवभागहारे ओवट्टिदे लद्धमेत्ता णेरइयपढमगोवुच्छाए सगलपक्खेवा होंति । पुणो एदेहि सगलपक्खेवेहि जोगोलंबणकरणवसेण[2] ऊणं कदलीघादहेट्ठिमसमए[3] ट्ठिदतिरिक्खदव्वं एदेण

कदलीघातके प्रथम समयमें परभविक आयुबन्धके विना स्थित हुआ अन्य एक जीव, ये दोनों समान हैं।

इसको यहां ही स्थापित कर फिर प्रकृति स्वरूपके गले हुए द्रव्यके भागहारका विरलन कर तथा सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देकर फिर इसमेंसे एक अंकके प्रति प्राप्त प्रमाण रूपसे उपरिम विरलनके सब विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त राशिमेंसे कम करके पृथक् स्थापित कर उसके सकल प्रक्षेप करते हैं। यथा— अधस्तन विरलन मात्रोंका यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्रोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाण राशिका उसके योग्य बन्धककालसे गुणित योगस्थान सम्बन्धी प्रक्षेपभागहारमें भाग देनेपर जो प्राप्त हो उतने प्रकृति रूपसे नष्ट हुए द्रव्यमें सकल प्रक्षेप होते हैं। इनको पृथक् स्थापित कर पश्चात् डेढ़ गुणहानिका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देकर इसमें एक विरलन अंकके प्रति प्राप्त प्रमाण रूपसे उपरिम विरलनके सब अंकोंके प्रति प्राप्त राशिमेंसे कम कर पृथक् स्थापित कर उन्हें सकल प्रक्षेप रूपसे करते हैं— अधस्तन विरलन मात्रोंका यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्रोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार तत्प्रायोग्य बन्धककालसे गुणित योगस्थान प्रक्षेपभागहारमें प्रमाण राशिका भाग देनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र नारक प्रथम गोपुच्छमें सकल प्रक्षेप होते हैं। पुनः योग और अवलम्बन करणके द्वारा इन सकल प्रक्षेपोंसे हीन कदलीघातके अधस्तन समयमें स्थित तिर्यंच द्रव्य तथा इसके समान योग-

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'धरिदसमाणेण' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'जोगोवलंबण' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'ऊणकदली' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समाणजोगबंधगद्धाहि णिरयाउअं पुव्विल्लपयडिपडिबद्धसयलपक्खेवेहिंतो परिहीणं बंधिय णेरइएसुप्पज्जिय बिदियसमयणेरइयदव्वं च सरिसं होदि । पुणो इमं मोत्तूण बिदियसमयणेरइयं घेत्तूण एग-दोपरमाणुआदिकमेण परिहीणं कादूण अणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि जाव सगल-विगलपक्खेवो परिहीणो त्ति । दिवड्ढगुणहाणिं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे एत्थ एगरूवधरिदं मोत्तूण बहुभागो विगलपक्खेवो होदि । एरिसेसु दिवड्ढगुणहाणिमेत्तविगलपक्खेवेसु परिहीणेसु रूवूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तसगलपक्खेवा परिहायंति । एदेसु सगलपक्खेवेसु जत्तिया विगलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ताणि चेव जोगट्ठाणाणि बंधगद्धाए एगो समओ हेट्ठा ओदारेदव्वो । एवं ताव परिहाणी कादव्वा जाव णेरइयबिदियगोवुच्छाए जत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ता परिहीणा त्ति । पुणो तत्थ सगलपक्खेवाणयणं उच्चदे । तं जहा— दिवड्ढगुणहाणिं विरलेऊण सयलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि पढमणिसेगो पावदि । पुणो पढमणिसेगादो बिदियणिसेगो वि विसेसहीणो होदि त्ति एदं विरलणं विसेसाहियं विरलेऊण सयलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे बिदियगोवुच्छा रूवं पडि पावदि । एदेण पमाणेण सव्वरूवधरिदेसु अवणिय

बन्धककालसे पूर्वोक्त प्रकृतिप्रतिबद्ध सकल प्रक्षेपोंसे हीन नारक आयुको बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न होकर द्वितीय समयवर्ती नारकीका द्रव्य, ये दोनों समान हैं। पुनः इसको छोड़कर और द्वितीय समयवर्ती नारकीको ग्रहण करके एक दो परमाणु आदिके क्रमसे हीन करके सकल और विकल प्रक्षेपके हीन होने तक अनुत्कृष्ट स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये। डेढ़ गुणहानिका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर यहां एक अंकके प्रति प्राप्त द्रव्यको छोड़कर बहुभाग विकलप्रक्षेप होता है। ऐसे डेढ़ गुणहानि प्रमाण विकल प्रक्षेपोंके हीन होनेपर एक कम डेढ़ गुणहानि मात्र सकल प्रक्षेप हीन होते हैं। इन सकल प्रक्षेपोंमें जितने विकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र ही योगस्थान तथा बन्धककालमें एक समय नीचे उतारना चाहिये। इस प्रकार नारक द्वितीय गोपुच्छामें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र हीन होने तक हानि करनी चाहिये।

अब वहांपर सकल प्रक्षेपोंके लानेकी विधि कहते हैं। यथा— डेढ़ गुणहानिका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एकके प्रति प्रथम निषेक प्राप्त होता है। पुनः प्रथम निषेकसे चूंकि द्वितीय निषेक भी विशेष हीन है, अतः इस विरलनसे विशेष अधिकका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति द्वितीय गोपुच्छ प्राप्त होता है। इस प्रमाणसे सब विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त

१ ताप्रतौ ' एदेण समएण जोग- ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' परिहीणो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सगलपक्खेवपमाणेण कस्सामो । तं जहा — हेट्ठिमविरलणमेत्ताणं जदि एगो सयलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्ताणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्ता सयलपक्खेवा होंति ।

एत्तियाणं सयलपक्खेवाणं [1]परिहाणिणिमित्तं जोगट्ठाणपरिहाणी केत्तिया होदि त्ति उत्ते उच्चदे— रूवूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तसयलपक्खेवाणं जदि दिवड्ढगुणहाणिमेत्तजोगट्ठाणपरिहाणी लब्भदि तो बिदियगोवुच्छसयलपक्खेवाणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि परिहायंति[2] । पुणो एत्तियजोगट्ठाणाणि पुव्विल्लजोगट्ठाणादो परिहाइदूण बंधिय णेरइयबिदियसमए ठिदो[3] च पुव्विल्लजोगट्ठाणबंधगद्धाहि णेरइयतदियसमए ट्ठिदो च दो वि सरिसा[4] ।

पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण एग-दोपरमाणुआदिकमेण ऊणं करिय अणुक्कस्सट्ठाणाणि एगविगलपक्खेवमेत्ताणि उप्पादेदव्वाणि । एत्थ विगलपक्खेवभागहारो दिवड्ढ-

द्रव्यमेंसे अपनयन कर उसे सकल प्रक्षेपके प्रमाणसे करते हैं । यथा— अधस्तन विरलन मात्रोंका यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्रोंका क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाण राशिसे फलगुणित इच्छाका अपवर्तन करनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र सकल प्रक्षेप होते हैं ।

इतने मात्र सकल प्रक्षेपोंकी हानिके निमित्त योगस्थानपरिहानि कितनी होती है, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं— एक कम डेढ़ गुणहानि प्रमाण सकल प्रक्षेपोंकी यदि डेढ़ गुणहानि मात्र योगस्थानपरिहानि प्राप्त होती है तो द्वितीय गोपुच्छ सम्बन्धी सकल प्रक्षेपोंके निमित्त कितनी हानि प्राप्त होगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर जो प्राप्त हो उतने मात्र योगस्थान हीन होते हैं । पुनः इतने योगस्थान पूर्वोक्त योगस्थानमेंसे हीन होकर बांधकर नारक द्वितीय समयमें स्थित हुआ जीव तथा पूर्वोक्त योगस्थान बन्धककालके द्वारा नारक तृतीय समयमें स्थित हुआ जीव, ये दोनों ही सदृश हैं ।

पुनः पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इसको ग्रहण कर एक-दो परमाणु आदिके क्रमसे हीन करके एक विकल प्रक्षेप प्रमाण अनुत्कृष्ट स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये । यहां विकल प्रक्षेपका भागहार डेढ़ गुणहानिके अर्ध भागसे कुछ अधिक है । उसमें

१ आप्रतौ ' -सयलपक्खेवाणं ' इत्यग्रेतनपदपर्यन्तोऽयं पाठस्त्रुटितोऽस्ति । २ आप्रतावतोऽग्रे ' परिहाणिणिमित्तं जोगट्ठाणपरिहाणी केत्तिया होदि त्ति उत्ते उच्चदे— रूवूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तजोगट्ठाणं लब्भदि त्ति । इत्यधिकः पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' विदो ' इति पाठः । ४ अ-आ-काप्रतिषु ' सरिसो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणहाणीए अद्धं सदिरेयं होदि । तत्थ बहुभागा विगलपक्खेवो होदि[1] । भागहारमेत्त-विगलपक्खेवेसु परिहीणेसु रूवूणभागहारमेत्ता सयलपक्खेवा परिहायंति । एवं ताव परिहाणी कादव्वा जाव जत्तिया तदियगोवुच्छाए सयलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ता परिहीणा[2] त्ति । एवं हाइदूण तदियसमये ट्ठिदो च परिहाणीए विणा चउत्थसमए ट्ठिदणेरइओ च दो वि सरिसा । एत्थ सगलपक्खेवबंधणविहाणं जोगट्ठाणद्धाणायणविहाणं च जाणिदूण वत्तव्वं । एवं णेदव्वं जाव दीवसिहापढमसमओ त्ति ।

संपहि एगसगलपक्खेवादो दीवसिहाए पदिददव्वाणयणं उच्चदे । तं जहा— दिवड्ढगुणहाणिगुणिदअण्णोण्णब्भत्थरासिं[3] विरलेऊण सयलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि चरिमणिसेगपमाणं पावदि । पुणो एदं भागहारं दीवसिहाए ओवट्टिय विरलेऊण सयलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि दीवसिहामेत्तचरिमणिसेगा पावेंति । पुणो हेट्ठा दीवसिहागुणिदरूवाहियगुणहाणिं रूवूणदीवसिहासंकलणाए ओवट्टिय विरलेदूण उव-रिमएगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवूणदीवसिहासंकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा रूवं पडि

बहुभाग विकल प्रक्षेप होता है । भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंके हीन होनेपर एक कम भागहार मात्र सकल प्रक्षेप हीन होते हैं । इस प्रकार तब तक हानि करना चाहिये जब तक कि जितने मात्र तृतीय गोपुच्छमें सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र हीन नहीं हो जाते । इस प्रकार हीन होकर तृतीय समयमें स्थित हुआ जीव तथा हानिके विना चतुर्थ समयमें स्थित हुआ नारकी जीव ये दोनों ही सदृश हैं । यहां सकल प्रक्षेपके बन्धनविधान तथा योगस्थानअध्वानके लानेके विधानको जानकर कहना चाहिये । इस प्रकार दीपशिखाके प्रथम समय तक ले जाना चाहिये ।

अब एक सकल प्रक्षेपसे दीपशिखामें पतित द्रव्यके लानेकी विधि कहते हैं । यथा— डेढ़ गुणहानिसे गुणित अन्योन्याभ्यस्त राशिका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति चरम निषेकका प्रमाण प्राप्त होता है । पश्चात् इस भागहारको दीपशिखासे अपवर्तित कर विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति दीपशिखा प्रमाण चरम निषेक प्राप्त होते हैं । पश्चात् नीचे दीपशिखासे गुणित एक अधिक गुणहानिको एक कम दीपशिखासंकलनासे अपवर्तित करके विरलित कर उपरिम एक अंकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति एक कम दीपशिखासंकलना प्रमाण गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं । उनको उपरिम विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त राशियोंमें

१ आप्रतौ स्खलितोऽत्र पाठः, ताप्रतौ तु ' विगलपक्खेवा होदि (होंति) ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' परिहीणो ' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' रासि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पावेंति । ते उवरिमविरलणरूवधरिदेसु पक्खिविय समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणमाणयणं उच्चदे । तं जहा — रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धं उवरिमविरलणाए अवणिदे एत्थतणविगलपक्खेवभागहारो आगच्छदि । एदं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं पडि विगलपक्खेवपमाणं होदि । एत्थ एग-दोपरमाणुआदिकमेण एगविगलपक्खेवमेत्तपदेसेसु परिहीणेसु तत्तियमेत्ताणि चेव अणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पज्जंति । एवं परिहाइदूण ट्ठिदो च अण्णेगो रूवूणुक्कस्सबंधगद्धाए पुव्वणिरुद्धजोगेण बंधिय पुणो एगसमयं पुव्वणिरुद्धजोगादो पक्खेऊणजोगट्ठाणेण बंधिय णेरइएसुप्पज्जिय कमेण दीवसिहापढमसमए ट्ठिदो च सरिसो । पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण एग-दोपरमाणुआदिकमेण ऊणं करिय एगविगलपक्खेवमेत्तअणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि । एवमुप्पादिय ट्ठिदो च अण्णेगो सव्वसमएसु णिरुद्धजोगेहि चेव बंधिय एगसमयं दुपक्खेऊणजोगट्ठाणेण बंधिय णेरइएसुप्पज्जिय दीवसिहापढमसमए ट्ठिदो च सरिसो । एवं परिहाणिं कादूण णेदव्वं जाव एगसमएण परिणदजोगट्ठाणपक्खेवभागहारम्मि जेत्तिया विगलपक्खेवा अत्थि तेत्तियमेत्ता परिहीणा त्ति । तेसिं च

मिलाकर समीकरण करनेपर हीन रूपोंके लानेकी विधि कहते हैं । यथा— एक अधिक अधस्तन विरलन राशि मात्र स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि प्राप्त होती है तो उपरिम विरलनमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाण राशिसे फलगुणित इच्छा राशिको अपवर्तित करनेपर जो प्राप्त हो उसे उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर यहांके विकल प्रक्षेपका भागहार आता है । इसका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक अंकके प्रति विकल प्रक्षेपका प्रमाण होता है । यहां एक-दो परमाणु आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप मात्र प्रदेशोंके हीन होनेपर उतने मात्र ही अनुत्कृष्ट स्थान उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार हानि करके स्थित हुआ तथा एक कम उत्कृष्ट बन्धककालमें पूर्व निरुद्ध योगसे आयु बांधकर पुनः एक समयमें पूर्व निरुद्ध योगसे प्रक्षेप कम योगस्थानसे आयु बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न होकर क्रमसे दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ एक अन्य जीव, ये दोनों सदृश हैं । पश्चात् पूर्वोक्त जीवको छोड़कर और इसको ग्रहण कर एक-दो परमाणु आदिके क्रमसे हीन करके एक विकल प्रक्षेप प्रमाण अनुत्कृष्ट स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये । इस प्रकार उत्पन्न कराकर स्थित हुआ जीव तथा सब समयोंमें निरुद्ध योगोंसे ही आयु बांधकर एक समयमें दो प्रक्षेपोंसे हीन योगस्थानसे आयु बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न होकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ एक अन्य जीव, ये दोनों सदृश हैं । इस प्रकार हानि करके एक समयसे परिणत योगस्थान प्रक्षेपभागहारमें जितने विकल प्रक्षेप हैं उतने मात्रकी हानि होने तक ले जाना चाहिये । उनकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिहाणी सव्वे समए अस्सिदूण कायव्वा, एगस्सेव तप्पाओग्गजोगट्ठाणपक्खेवभागहार-मेत्तोयरणे संभवाभावादो। एवं परिहाइदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो समऊणबंधगद्धार पुव्व-णिरुद्धजोगेहि आउअं बंधिय णेरइएसु उप्पज्जिय दीवसिहापढमसमयट्ठिदो च सरिसा। एवं कमेण बंधगद्धासमयाणं परिहाणी कायव्वा जाव जहण्णबंधगद्धा अवट्ठिदा त्ति।

एत्थ सव्वपच्छिमवियप्पो वुच्चदे। तं जहा— जहण्णबंधगद्धाए तप्पाओग्ग जोग्ग च णिरयाउअं बंधिय णेरइएसु उप्पज्जिय दीवसिहापढमसमए ठिदो त्ति ओदारेदव्वं। पुणो एग-दोपरमाणुपरिहाणिआदिकमेण एगविगलपक्खेवमेत्तअणुक्कस्सट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि। एवं परिहाइदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो समऊणजहण्णबंधगद्धाए तप्पाओग्गजोगेण बंधिय पुणो एगसमयं पक्खेऊणणिरुद्धजोगेण बंधिय दीवसिहापढमसमए ट्ठिदो च, सरिसा। एवं एक्क-दो-तिण्णिजोगट्ठाणाणि सो णिरुद्धसमए ओदारेदव्वो जाव असंखेज्जाणि जोगट्ठाणाणि ओदिण्णो त्ति। पुणो तं तत्थेव[2] ट्ठविय एदेणेव कमेण विदियसमओ असंखेज्जाणि जोग-ट्ठाणाणि ओदारेदव्वो। एवमेदेण कमेण सव्वे समया तप्पाओग्गअसंखेज्जाणि [जोगट्ठाणाणि]

हानि सब समयोंका आश्रय करके करना चाहिये, क्योंकि एक समयका ही आश्रय कर उसके योग्य योगस्थान प्रक्षेपभागहार प्रमाण उतरनेकी सम्भावना नहीं है। इस प्रकार हानि करके स्थित हुआ जीव तथा एक समय कम बन्धककालमें पूर्व निरुद्ध योगोंसे आयुको बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न होकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ एक अन्य जीव, ये दोनों सदृश हैं। इस प्रकार जघन्य बन्धककालके अवस्थित होने तक क्रमसे बन्धककालके समयोंकी हानि करना चाहिये।

यहां सबसे अन्तिम विकल्प कहते हैं। यथा— जघन्य बन्धककाल और उसके योग्य योगसे नारकायुको बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न हो दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित है, ऐसा समझकर उतारना चाहिये। पश्चात् एक दो परमाणुओंकी हानि आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप प्रमाण अनुत्कृष्ट स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये। इस प्रकार हानि करके स्थित हुआ जीव तथा एक समय कम जघन्य बन्धककालमें उसके योग्य योगसे आयुको बांधकर पुनः एक समयमें प्रक्षेप कम निरुद्ध योगसे आयुको बांधकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ एक अन्य जीव, ये दोनों समान हैं। इस प्रकार एक-दो-तीन योगस्थानसे लेकर निरुद्ध समयमें उसे उतारना चाहिये जब तक कि असंख्यात योगस्थान न उतर जावे। पश्चात् उसको वहां ही स्थापित कर इसी क्रमसे द्वितीय समयको असंख्यात योगस्थान होने तक उतारना चाहिये। इसी प्रकार इस क्रमसे सब समयोंका उनके योग्य असंख्यात

---

१ प्रतिषु ' एगसमयपक्खेऊण- ' इति पाठः। २ ताप्रतिपाठोऽयम्। अ-आप्रत्योः ' तत्तेव ', काप्रतौ ' ताव ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदारेदव्वा । एवमोदारिदे जहण्णजोगेण जहण्णबंधगद्धाए च णिरयाउअं बंधिय णेरइएसुप्पज्जिय दीवसिहापढमसमए ट्ठिदस्स अणुक्कस्सजहण्णपदेसट्ठाणं होदि जावए दूरं ताव ओदिण्णो' त्ति भणिदं होदि । एत्थ अणुक्कस्सजहण्णपदेसट्ठाणं उक्कस्सपदेसट्ठाणम्मि सोहिदे सुद्धसेसम्मि जेत्तिया परमाणू अत्थि तेत्तियमेत्ताणि अणुक्कस्सपदेसट्ठाणाणि । ते च सव्वे एगं फद्दयं, णिरंतरुप्पत्तीदो । एत्थ जीवसमुदाहारो णाणावरणस्सेव वत्तव्वो । एवमुक्कस्साणुक्कस्ससामित्तं सगंतोखित्तसंखाट्ठाणजीवसमुदाहारं समत्तं ।

सामित्तेण जहण्णपदे णाणावरणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया कस्स ? ॥ ४८ ॥

एदमासंकासुत्तं । एत्थ एगसंजोगादिकमेण पंण्णारस आसंकियवियप्पा उप्पादेदव्वा । उक्कस्सपदपडिसेहट्ठं जहण्णपदग्गहणं । णाणावरणीयणिद्देसो सेसकम्मपडिसेहफलो । दव्वणिद्देसो खेत्तादिपडिसेहफलो ।

जो जीवो सुहुमणिगोदजीवेसु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणियं कम्मट्ठिदिमच्छिदो ॥ ४९ ॥

योगस्थान होने तक उतारना चाहिये । इस प्रकार उतारनेपर जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे नारकायुको बांधकर नारकियोंमें उत्पन्न हो दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित जीवके अनुत्कृष्ट जघन्य प्रदेशस्थान होता है । यह स्थान जितने दूर जाकर प्राप्त होता है उतना उतरा, यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहां उत्कृष्ट प्रदेशस्थानमेंसे अनुत्कृष्ट जघन्य प्रदेशस्थानको घटानेपर जो शेष रहे उससे जितने परमाणु हैं उतने मात्र अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थान हैं । वे सब एक स्पर्द्धक हैं, क्योंकि वे निरन्तरक्रमसे उत्पन्न होते हैं । यहांपर जीवसमुदाहार ज्ञानावरणके समान कहना चाहिये । इस प्रकार अपने भीतर संख्यास्थान और जीवसमुदाहारको रखनेवाला उत्कृष्टानुत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

स्वामित्वसे जघन्य पदमें द्रव्यकी अपेक्षा ज्ञानावरणकी जघन्य वेदना किसके होती है ? ॥ ४८ ॥

यह आशंकासूत्र है । यहां एक संयोग आदिके क्रमसे पन्द्रह आशंकाविकल्पोंको उत्पन्न कराना चाहिये । उत्कृष्ट पदका प्रतिषेध करनेके लिये जघन्य पदका ग्रहण किया है । 'ज्ञानावरणीय' इस पदके निर्देशका फल शेष कर्मोंका प्रतिषेध करना है । 'द्रव्य' इस पदके निर्देशका फल क्षेत्रादिका प्रतिषेध करना है ।

जो जीव सूक्ष्म निगोदजीवोंमें पल्योपमका असंख्यातवां भाग कम कर्मस्थिति प्रमाण काल तक रहा है ॥ ४९ ॥

१ अ-आ-काप्रतिषु ' जावए दूरं ताव एदिण्णो ', ताप्रतौ ' जाव एतद्दूरं ताव प (ओ) दिण्णो' इति पाठः ।

२ अ-आप्रत्योः ' सगंतोखेत्तसंखाट्ठाण', ताप्रतौ सगंतोवखेत्तसंखाए ट्ठाण- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो एवंलक्खणविसिट्ठो सो जहण्णदव्वसामी होदि । पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणियं कम्मट्ठिदिं णिगोदजीवेसु अच्छिदो त्ति एदं तस्स एगं विसेसणं । किमट्ठमेदं विसेसणं कीरदे ? अण्णजीवेहि परिणममाणजोगादो एदेसिं जोगस्स असंखेज्जगुणहीणत्तादो । असंखेज्जगुणहीणजोगेण किमट्ठं हिंडाविज्जदे ? संगहणट्ठं । पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणिया कम्मट्ठिदी किमट्ठं कदा ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तकालं एइंदिएसु संचिदकम्मपदेसाणं गुणसेडीए गालणट्ठं । जदि एवं तो सव्विस्से कम्मट्ठिदीए कम्मपदेसाणं गुणसेडिणिज्जरा किण्ण कीरदे ? ण, पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तसम्मत्तकंडएहि परिणदसव्वजीवस्स णियमेण णिव्वाणगमणमुवलंभादो । पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तसम्मत्त-संजमासंजमकंडएहि परिणदजीवो णियमेण णिव्वाणमुवणमदि त्ति कुदो णव्वदे ?

जो जीव इस प्रकारके (उपर्युक्त सूत्रमें कहे गये) लक्षणसे युक्त है वह जघन्य द्रव्यका स्वामी होता है । ' पल्योपमका असंख्यातवां भाग कम कर्मस्थिति प्रमाण काल तक निगोदजीवोंमें रहा ' यह उसका एक विशेषण है ।

शंका—यह विशेषण किसलिये किया जाता है ?

समाधान—चूंकि अन्य जीवों द्वारा परिणमन किये जानेवाले योगकी अपेक्षा इनका योग असंख्यातगुणा हीन है, अतः उक्त विशेषण किया है ।

शंका—असंख्यातगुणे हीन योगके साथ किसलिये घुमाया जाता है ?

समाधान— संग्रह करनेके लिये असंख्यातगुणे हीन योगके साथ घुमाया है ।

शंका—पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन कर्मस्थिति किसलिये की गई है ?

समाधान—पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण काल तक एकेन्द्रियोंमें संचित हुए कर्मप्रदेशोंको गुणश्रेणि रूपसे गलानेके लिये उक्त कर्मस्थिति की गई है ।

शंका— यदि ऐसा है तो सब कर्मस्थितिके कर्मप्रदेशोंकी गुणश्रेणिनिर्जरा क्यों नहीं की जाती है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, जो जीव पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र सम्यक्त्वकाण्डकोंसे परिणत होते हैं उन सबका नियमसे निर्वाण गमन पाया जाता है ।

शंका— पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र सम्यक्त्वकाण्डक और संयमासंयमकाण्डकोंसे परिणत हुआ जीव नियमसे निर्वाणको प्राप्त होता है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' -मेत्तसमत्ते कदे एहि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण ऊणियमिदि णिद्देसण्णहाणुववत्तीदो। सुहुमणिगोदेसु अच्छंतस्स आवासयपदुप्पायणट्ठं उत्तरसुत्ताणि भणदि—

तत्थ य संसरमाणस्स बहवा अपज्जत्तभवा थोवा पज्जत्तभवा ॥ ५० ॥

एसो खविदकम्मंसिओ अपज्जत्तएसु खविद-गुणिद-घोलमाणेहिंतो बहुवारमुप्पज्जदि, पज्जत्तएसु थोववारमुप्पज्जदि । कुदो ? पज्जत्तजोगादो असंखेज्जगुणहीणेण अपज्जत्तजोगेण थोवाणं कम्मपदेसाणं संचयदंसणादो । खविदकम्मंसियपज्जत्तभवेहिंतो तस्सेव अपज्जत्तभवा बहुगा त्ति किण्ण उच्चदे ? ण, विगलिंदियपज्जत्तट्ठिदीए संखेज्जवाससहस्सत्तण्णहाणुववत्तीदो । तं जहा— बीइंदियअपज्जत्तएसु जदि जीवो णिरंतरं उप्पज्जदि तो उक्कस्सेण असीदिवारमुप्पज्जदि । तीइंदियअपज्जत्तएसु सट्ठिवारं, चदुरिंदियअपज्जत्तएसु चालीसवारं[1] पंचिंदियअपज्जत्तएसु चउवीसवारं[2] उप्पज्जदि |८०|६०|४०|२४|।

समाधान— क्योंकि, इसके विना 'पल्योपमके असंख्यातवें भागसे हीन' यह निर्देश घटित नहीं होता। अत एव इससे वह जाना जाता है।

सूक्ष्म निगोदजीवोंमें रहनेवाले उक्त जीवके आवासोंके प्ररूपणार्थ उत्तर सूत्रोंको कहते हैं—

वहां सूक्ष्म निगोदजीवोंमें परिभ्रमण करनेवाले उस जीवके अपर्याप्त भव बहुत होते हैं और पर्याप्त भव थोड़े होते हैं ॥ ५० ॥

यह क्षपितकर्मांशिक जीव अपर्याप्तकोंमें क्षपित गुणित घोलमान कर्मांशिक जीवोंकी अपेक्षा बहुत वार उत्पन्न होता है, और पर्याप्तकोंमें थोड़े वार उत्पन्न होता है; क्योंकि, पर्याप्त योगकी अपेक्षा असंख्यातगुणे हीन अपर्याप्त योग द्वारा स्तोक कर्मप्रदेशोंका संचय देखा जाता है।

शंका— क्षपितकर्मांशिकके पर्याप्त भवोंकी अपेक्षा उसीके अपर्याप्त भव बहुत हैं, ऐसा क्यों नहीं कहते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि विकलेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी स्थिति संख्यात हजार वर्ष प्रमाण अन्यथा बन नहीं सकती, इसलिये क्षपितकर्मांशिकके पर्याप्त भवोंकी अपेक्षा उसीके अपर्याप्त भव बहुत हैं, ऐसा नहीं कहा। आगे इसी बातको स्पष्ट करके बतलाते हैं— यदि जीव द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें निरन्तर उत्पन्न होता है तो उत्कृष्ट रूपसे अस्सी (८०) वार उत्पन्न होता है। त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें साठ (६०) वार, चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें चालीस (४०) वार और पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें चौबीस

१ ष. खं. पु. ४ पृ. ३९९. २ ष. खं. पु. ४ पृ. ४०१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पज्जत्ताणमाउअट्ठिदी पुण जहाकमेण बारस वासाणि, एगूणवण्णरादिंदियाणि, छम्मासा, तेत्तीससागरोवमाणि । तत्थ जदि बीइंदियपज्जत्ताणमसीदिउप्पज्जणवारा होंति तो बीइंदियभवट्ठिदी दसगुणछण्णउदिवासमेत्ता चेव होदि [९६०], तीइंदियाणमट्ठाणउदिमासा [९८], चउरिंदियाणं वीसवासाणि [२०]। ण च एवं, संखेज्जाणि वाससहस्साणि त्ति कालाणिओगद्दारे एदेसिं भवट्ठिदिपमाणपरूवणादो । तदो णव्वदे जधा अपज्जत्तएसु उप्पज्जणवारेहिंतो विगलिंदियपज्जत्तएसु उप्पज्जणवारा बहुगा त्ति, अण्णहा संखेज्जवाससहस्समेत्तभवट्ठिदीए अणुप्पत्तीदो । जधा विगलिंदिएसु उप्पज्जणवारा बहुवा तधा सुहुमेइंदियजीवेसु वि सगअपज्जत्तएसु उप्पज्जणवारेहिंतो पज्जत्तएसु उप्पज्जणवारा बहुवा चेव, जीवत्तं पडि विसेसाभावादो तिरिक्खत्तं पडि विसेसाभावादो वा । तम्हा सगपज्जत्तभवेहिंतो सगअपज्जत्तभवा बहुगा त्ति एसो अत्थो ण वत्तव्वो । एवं भवावासो सुहुमेइंदिएसु परूविदो ।

(२४) वार उत्पन्न होता है । किन्तु उक्त पर्याप्तकोंकी आयुस्थिति यथाक्रमसे बारह वर्ष, उनंचास रात्रिंदिवस, छह मास और तेतीस सागरोपम प्रमाण है । उसमें यदि द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंके उत्पन्न होनेके बार अस्सी हों तो द्वीन्द्रियोंकी भवस्थिति दसगुणे छयानबै अर्थात् नौ सौ साठ (वर्ष १२ × ८० = ९६०) वर्ष प्रमाण ही होती है । त्रीन्द्रियोंकी भवस्थिति अट्ठानबै (दिन ४९ × ६० = ९८) मास होती है और चतुरिन्द्रियोंकी बीस वर्ष (मास ६ × ४० = २० वर्ष) होती है । परन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि, कालानुयोगद्वारमें उक्त जीवोंकी उत्कृष्ट भवस्थिति संख्यात हजार वर्ष प्रमाण कही है । इससे जाना जाता है कि अपर्याप्तोंमें उत्पन्न होनेकी बारशलाकाओंसे विकलेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होनेकी बारशलाकायें बहुत हैं, अन्यथा उनकी संख्यात हजार वर्ष प्रमाण भवस्थिति नहीं बन सकती । और जिस प्रकार विकलेन्द्रियोंमें उत्पन्न होनेकी बारशलाकायें बहुत हैं उसी प्रकार सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें भी अपने अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न होनेकी बारशलाकाओंसे पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होनेकी बारशलाकायें बहुत ही हैं, क्योंकि, विकलत्रयोंसे एकेन्द्रियोंमें जीवत्वकी अपेक्षा अथवा तिर्यक्त्वकी अपेक्षा कोई विशेषता नहीं है; अर्थात् सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव जीवत्वकी अपेक्षा और तिर्यक्त्वकी अपेक्षा उक्त द्वीन्द्रियादिकोंके समान हैं । इस कारण अपने पर्याप्त भवोंसे अपने अपर्याप्त भव बहुत हैं, ऐसा अर्थ नहीं कहना चाहिये ।

इस प्रकार सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें भवावासकी प्ररूपणा की ।

१ कालाणु. १३०. २ प्रतिषु 'उप्पज्जमाण' इति पाठः । ३ अ-काप्रत्योः 'उप्पज्जमाण' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीहाओ अपज्जत्तद्धाओ रहस्साओ पज्जत्तद्धाओ ॥ ५१ ॥

खविद-गुणिद-घोलमाणअपज्जत्तद्धादिंतो खविदकम्मंसियअपज्जत्तद्धा दीहाओ, तेसिं पज्जत्तद्धादिंतो एदस्स पज्जत्तद्धाओ रहस्साओ त्ति घेत्तव्वं। किमट्ठमपज्जत्तएसु दीहाउएसु चेव उप्पाइज्जदे ? पज्जत्तजोगादो असंखेज्जगुणहीणेण अपज्जत्तजोगेण थोवकम्मपदेसग्गहणट्ठं। तत्थ वि एयंताणुवड्ढिजोगकालो बहुगो, परिणामजोगादो एयंताणुवड्ढिजोगस्स असंखेज्जगुणहीणत्तादो। सुहुमेइंदियपज्जत्ताणमाउअट्ठिदीदो तेसिं चेव अपज्जत्ताणमाउट्ठिदी बहुगा त्ति किण्ण उच्चदे ? ण, अपज्जत्ताणं आउट्ठिदीदो पज्जत्ताउअट्ठिदी बहुगा त्ति कालविहाणे उवदिट्ठत्तादो। एसो अद्धावासो परूविदो।

जदा जदा आउअं बंधदि तदा तदा तप्पाओग्गुक्कस्सजोगेण बंधदि ॥ ५२ ॥

किमट्ठमुक्कस्सजोगेण आउअं बज्झदे ? णाणावरणस्स आगच्छमाणसमयपबद्ध-

---

अपर्याप्तकाल बहुत और पर्याप्तकाल थोड़ा है ॥ ५१ ॥

क्षपित-गुणित-घोलमान अपर्याप्तके कालसे क्षपितकर्मांशिक अपर्याप्तका काल दीर्घ है और उनके पर्याप्तकालसे इसका पर्याप्तकाल थोड़ा है; ऐसा यहां ग्रहण करना चाहिये।

शंका— दीर्घ आयुवाले अपर्याप्तकोंमें ही किसलिये उत्पन्न कराया जाता है ?

समाधान— पर्याप्त योगसे असंख्यातगुणे हीन अपर्याप्त योगके द्वारा स्तोक कर्मप्रदेशोंका ग्रहण करानेके लिये दीर्घ आयुवाले अपर्याप्तकोंमें ही उत्पन्न कराया है ?

वहां भी एकान्तानुवृद्धि योगका काल बहुत है, क्योंकि, परिणाम योगसे एकान्तानुवृद्धि योग असंख्यातगुणा हीन है।

शंका— सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंकी आयुस्थितिसे उन्हींके अपर्याप्तकोंकी आयुस्थिति बहुत है, ऐसा यहां क्यों नहीं कहते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, कालानुयोगद्वारमें अपर्याप्तकोंकी आयुस्थितिसे पर्याप्तकोंकी आयुस्थिति बहुत है, ऐसा कहा है।

यह अद्धावासकी प्ररूपणा की।

जब जब आयुको बांधता है तब तब उसके योग्य उत्कृष्ट योगसे बांधता है ॥५२॥

शंका—उत्कृष्ट योगसे आयुको किसलिये बांधता है ?

समाधान—ज्ञानावरणके आनेवाले समयप्रबद्ध सम्बन्धी परमाणुओंको स्तोक करनेके लिये आयु कर्मको उत्कृष्ट योगसे बांधता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परमाणूणं थोवत्तविहाणट्ठं । एत्थ उक्कस्ससामित्तम्मि उत्तट्ठं संभरिय थोवत्तसाहणं[1] कायव्वं । एवमाउआवासो परूविदो ।

उवरिल्लीणं ठिदीणं णिसेयस्स जहण्णपदे हेट्ठिल्लीणं ठिदीणं णिसेयस्स उक्कस्सपदे ॥ ५३ ॥

खविद-गुणिद-घोलमाणओकड्डणादो खविदकम्मंसियओकड्डणा बहुगा । तेसिं चेव उक्कड्डणादो एदस्स उक्कड्डणा थोवा । किमट्ठं बहुदव्वोकड्डणा कीरदे ? हेट्ठिमगोवुच्छाओ थूलाओ काऊण बहुदव्वविणासणट्ठं । अधवा, एदस्स सुत्तस्स अण्णहा अत्थो उच्चदे । तं जहा— बंधोकड्डणाहि हेट्ठिल्लीणं ठिदीणं णिसेयस्स उक्कस्सपदं उवरिल्लीणं णिसेयस्स जहण्णपदं होदि त्ति घेत्तव्वं । भावत्थो— बंधोकड्डणाहि पदेसरचणं कुणमाणो सव्वजहण्ण-ट्ठिदीए बहुअं देदि । तत्तो उवरिमट्ठिदीए विसेसहीणं देदि । एवं णेदव्वं जाव चरिम-ट्ठिदि त्ति । एसो एदस्स अत्थो । एदेण णिसेगावासो परूविदो ।

यहां उत्कृष्ट स्वामित्वमें कहे हुए अर्थका स्मरण कर स्तोकताको सिद्ध करना चाहिये । इस प्रकार आयुआवासकी प्ररूपणा की ।

उपरिम स्थितियोंके निषेकका जघन्य पद और अधस्तन स्थितियोंके निषेकका उत्कृष्ट पद करता है ॥ ५३ ॥

क्षपित-गुणित-घोलमानके अपकर्षणसे क्षपितकर्मांशिकका अपकर्षण बहुत है, और उसीके उत्कर्षणसे इसका उत्कर्षण स्तोक है ।

शंका— बहुत द्रव्यका अपकर्षण किसलिये करता है ?

समाधान— अधस्तन गोपुच्छाओंको स्थूल करके बहुत द्रव्यका विनाश करनेके लिये बहुत द्रव्यका अपकर्षण करता है ।

अथवा, इस सूत्रका अन्य प्रकारसे अर्थ कहते हैं । यथा— बन्ध और अपकर्षणके द्वारा अधस्तन स्थितियोंके निषेकका उत्कृष्ट पद और उपरिम स्थितियोंके निषेकका जघन्य पद होता है, ऐसा यहां ग्रहण करना चाहिये । भावार्थ यह है कि बन्ध और अपकर्षण द्वारा प्रदेशरचनाको करता हुआ सर्वजघन्य स्थितिमें बहुत देता है । उससे उपरिम स्थितिमें एक चय कम देता है । इस प्रकार चरम स्थितिके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिये । यह इसका अर्थ है । इसके द्वारा निषेकावासकी प्ररूपणा की ।

विशेषार्थ— यहां निषेकावासका निर्देश करनेवाले सूत्रका अर्थ दो प्रकारसे बतलाया गया है । प्रथम अर्थ अपकर्षण और उत्कर्षणको ध्यानमें लेकर किया गया है

१ प्रतिषु ' सेसहिदि थोवत्तं साहणं ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' उवरिल्लीणं णिसेयस्स ' इति पाठः ।

छ. बे. १५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बहुसो बहुसो जहण्णाणि जोगट्ठाणाणि गच्छदि ॥ ५४ ॥

सुहुमणिगोद[1]पज्जत्तेसु जहण्णाणि उक्कस्साणि च जोगट्ठाणाणि अत्थि । तत्थ पाएण समयाविरोहेण जहण्णजोगट्ठाणेसु चेव परिणमिय बंधदि । तेसिमसंभवे सइ उक्कस्सजोगट्ठाणं पि गच्छदि । तं कधं णव्वदे ? 'बहुसो' इदि णिद्देसादो । किमट्ठं जहण्णजोगेण चेव बंधाविदो ? थोवकम्मपदेसाभमणट्ठं । थोवजोगेण कम्मागमत्थोवत्तं कधं णव्वदे ? दव्वविहाणे जोगट्ठाणपरूवणण्णहाणुववत्तीदो । ण चासंबद्धं भूदबलिभडारओ परूवेदि, महाकम्मपयडिपाहुड-

---

और दूसरा अर्थ निषेकरचनाकी मुख्यतासे । दोनोंका फलितार्थ एक ही है । प्रथम अर्थका भाव यह है कि क्षपित-गुणित-घोलमानके ज्ञानावरण कर्मका जितना अपकर्षण होता है उससे इस क्षपितकर्मांशिकके होनेवाला ज्ञानावरण कर्मका अपकर्षण बहुत होता है। यह हुई अपकर्षणकी बात, किन्तु उत्कर्षण इससे विपरीत होता है । इससे इस क्षपित-कर्मांशिक जीवके कर्मनिर्जरा अधिक होती जाती है और संचित द्रव्य उत्तरोत्तर कम रहता जाता है । आगे बन्ध और अपकर्षणके द्वारा जो निषेकरचनाका दूसरा प्रकार लिखा है उससे भी यही अर्थ फलित होता है । इसलिये इस कथनमें मात्र विवक्षाभेद है, अर्थभेद नहीं; ऐसा यहां समझना चाहिये ।

बहुत बहुत बार जघन्य योगस्थानोंको प्राप्त होता है ॥ ५४ ॥

सूक्ष्म निगोदजीवोंमें जघन्य और उत्कृष्ट दोनों प्रकारके योगस्थान हैं । उनमेंसे प्रायः आगममें जो विधि बतलाई है उसके अनुसार जघन्य योगस्थानोंमें ही रहकर ज्ञानावरण कर्म बांधता है । उनकी सम्भावना न होनेपर एक बार उत्कृष्ट योगस्थानको भी प्राप्त होता है ।

शंका— यह बात किस प्रमाणसे जानी जाती है ?

समाधान— सूत्रमें निर्दिष्ट 'बहुसो' पदसे जानी जाती है ।

शंका— जघन्य योगसे ही ज्ञानावरण कर्मको किसलिये बंधाया गया है ?

समाधान— स्तोक कर्मप्रदेशोंके आनेके लिये जघन्य योगसे ज्ञानावरण कर्मको बंधाया गया है ।

शंका— स्तोक योगसे थोड़े कर्म आते हैं, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान— चूंकि द्रव्यविधानमें योगस्थानोंकी प्ररूपणा अन्यथा बन नहीं सकती, इससे जाना जाता है कि स्तोक योगसे थोड़े कर्म आते हैं । यदि कहा जाय कि भूतबलि भट्टारक असम्बद्ध अर्थकी प्ररूपणा करते हैं, सो यह बात भी नहीं

---

१ अ-ताप्रत्योः ' परिणामिय ', काप्रतौ ' पारिणामिय ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अमियवाणेण ओसारिदासेसराग-दोस-मोहत्तादो । एवं जोगावासो सुहुमणिगोदेसु परूविदो ।

बहुसो बहुसो मंदसंकिलेसपरिणामो भवदि ॥ ५५ ॥

जाव सक्कदि ताव मंदसंकिलेसो चेव होदि । मंदसंकिलेससंभवाभावे उक्कस्स-संकिलेसं पि गच्छदि । कधमेदं णव्वदे ? ' बहुसो ' णिद्देसण्णहाणुववत्तीदो । किमट्ठं बहुसो मंदसंकिलेसं णीदो ? रहस्सट्ठिदिणिमित्तं । कसाओ ट्ठिदिबंधस्स कारणमिदि कधं णव्वदे ? कालविहाणे ट्ठिदिबंधकारणकसाउदयट्ठाणपरूवणादो । जहण्णट्ठिदीए एत्थ किं पओजणं ? ण, थोवट्ठिदीसु ट्ठिदथूलगोवुच्छाहिंतो बहुपदेसणिज्जरुवलंभादो । अधवा, बहुदव्वोकड्डणट्ठं[1]

है, क्योंकि, महाकर्मप्रकृतिप्राभृतरूपी अमृतके पानसे उनका समस्त राग, द्वेष और मोह दूर हो गया है । इसलिये वे असम्बद्ध अर्थकी प्ररूपणा नहीं कर सकते । इस प्रकार सूक्ष्म निगोदजीवोंमें योगावासकी प्ररूपणा की ।

बहुत बहुत बार मंद संक्लेश रूप परिणामोंसे युक्त होता है ॥ ५५ ॥

जब तक शक्य हो तब तक मंद संक्लेश रूप परिणामोंसे ही युक्त होता है । मंद संक्लेश रूप परिणामोंकी सम्भावना न होनेपर उत्कृष्ट संक्लेशको भी प्राप्त होता है ।

शंका — यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — अन्यथा सूत्रमें ' बहुसो ' पदका निर्देश नहीं बन सकता है, अतः इसीसे जाना जाता है कि मंद संक्लेशके सम्भव न होनेपर जीव उत्कृष्ट संक्लेशको भी प्राप्त होता है ।

शंका — यह जीव बहुत बार मंद संक्लेशको किसलिये प्राप्त कराया गया है ?

समाधान — ज्ञानावरण कर्मकी अल्प स्थिति प्राप्त करनेके लिये बहुत बार मंद संक्लेशको प्राप्त कराया गया है ।

शंका — कषाय स्थितिबन्धका कारण है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — चूंकि कालविधानमें स्थितिबन्धके कारणभूत कषायोदयस्थानोंकी प्ररूपणा की गई है, इससे जाना जाता है कि कषाय स्थितिबन्धका कारण है ।

शंका — जघन्य स्थितिका यहां क्या प्रयोजन है ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, स्थितियोंके स्तोक होनेपर गोपुच्छाएं स्थूल पाई जाती हैं, जिससे बहुत प्रदेशोंकी निर्जरा देखी जाती है । यही यहां जघन्य स्थिति कहनेका प्रयोजन है ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' दव्वोकरणट्ठं ', ताप्रतौ ' दव्वोकर (ड्ड) णट्ठं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मंदसंकिलेसं णीदो । एवं संकिलेसावासो परूविदो ।

एवं संसरिदूण बादरपुढविजीवपज्जत्तएसु उववण्णो ॥ ५६ ॥

एवं पुव्वुत्तछहि आवासएहिं सुहुमणिगोदेसु संसरिदूण बादरपुढविजीवपज्जत्तएसुववण्णो । सुहुमणिगोदेहिंतो णिग्गंतूण मणुस्सेसु चेव किण्ण उप्पण्णो ? ण, सुहुमणिगोदेहिंतो मणत्थ अणुप्पज्जिय मणुस्सेसु उप्पण्णस्स संजमासंजम-सम्मत्ताणं[1] चेव ग्गहणपाओग्गत्तुवलंभादो । जदि एवं तो सम्मत्त-संजमासंजमकंदयकरणणिमित्तं मणुस्सेसुप्पज्जमाणो बादरपुढविकाइएसु अणुप्पज्जिय मणुस्सेसु चेव किण्ण उप्पज्जदे ? ण, सुहुमणिगोदेहिंतो णिग्गयस्स सव्वलहुएण कालेण संजमासंजमग्गहणाभावादो । बादरपुढविपज्जत्तएसु चेव किमट्ठमुप्पाइदो ? ण, अपज्जत्तेहिंतो णिग्गयस्स सव्वलहुएण कालेण संजमासंजमग्गहणा-

अथवा, बहुत द्रव्यका अपकर्षण करानेके लिये मंद संक्लेशको [illegible] गया है । इस प्रकार संक्लेशावासकी प्ररूपणा की ।

विशेषार्थ— संक्लेश परिणामोंके मन्द होनेसे ज्ञानावरण कर्मका स्थितिबन्ध कम होता है और उपरितन स्थितिमें स्थित निषेकोंका अपकर्षण भी होता है । यही कारण है कि प्रकृतमें मंद संक्लेशके कथनके दो प्रयोजन बतलाये हैं ।

इस प्रकार परिभ्रमण कर बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीवोंमें उत्पन्न हुआ ।।५६।।

इस प्रकार पूर्वोक्त छह आवासोंके द्वारा सूक्ष्म निगोदजीवोंमें परिभ्रमण कर बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीवोंमें उत्पन्न हुआ ।

शंका— सूक्ष्म निगोदजीवोंमेंसे निकल कर मनुष्योंमें ही क्यों नहीं उत्पन्न हुआ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, सूक्ष्म निगोदजीवोंमेंसे अन्यत्र न उत्पन्न होकर मनुष्योंमें उत्पन्न हुए जीवके संयमासंयम और सम्यक्त्वके ही ग्रहणकी योग्यता पायी जाती है ।

शंका— यदि ऐसा है तो सम्यक्त्वकाण्डक और संयमासंयमकाण्डकोंको करनेके लिये मनुष्योंमें उत्पन्न होनेवाला जीव बादर पृथिवीकायिकोंमें उत्पन्न न होकर मनुष्योंमें ही क्यों नहीं उत्पन्न होता ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, सूक्ष्म निगोदोंमेंसे निकले हुए जीवके सर्वलघु काल द्वारा संयमासंयमका ग्रहण नहीं पाया जाता ।

शंका— बादर पृथिवीकायिक पर्याप्तकोंमें किसलिये उत्पन्न कराया है ?

समाधान — नहीं, क्योंकि, अपर्याप्तकोंमेंसे निकले हुए जीवके सर्वलघु काल द्वारा संयमासंयमके ग्रहणका अभाव है ।

१ अ-आ-काप्रतिषु ' समत्ताणं ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' समत्त- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावादो। बादरपुढविकाइएसु किमट्ठमुप्पाइदो? ण', आउकाइयपज्जत्तेहिंतो मणुस्सेसुप्पण्णस्स सव्वलहुएण कालेण संजमादिगहणाभावादो[2]।

अंतोमुहुत्तेण सव्वलहुं सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो ॥५७॥

पज्जत्तिसमाणकालो जहण्णओ वि एगसमयादिओ णत्थि, अंतोमुहुत्तमेत्तो चेवेत्ति जाणावणट्ठमंतोमुहुत्तग्गहणं। किमट्ठं सव्वलहुं पज्जत्तिं णीदो? सुहुमणिगोदजोगादो असंखेज्जगुणेण बादरपुढविकाइयापज्जत्तजोगेण संचियमाणदव्वाडिसेहट्ठं। सव्वलहुएण कालेण जो पुण पज्जत्तीओ ण समाणेदि तस्स एयंताणुवड्ढिजोगकालो महल्लो होदि। तेण तत्थ दव्वसंचओ वि बहुगो होदि। तप्पडिसेहट्ठं सव्वलहुं पज्जत्तिं गदो त्ति उत्तं होदि।

शंका — बादर पृथिवीकायिकोंमें किसलिये उत्पन्न कराया है?

समाधान — नहीं, क्योंकि, अप्कायिक पर्याप्तोंमेंसे मनुष्योंमें उत्पन्न हुए जीवके सर्वलघु कालके द्वारा संयमादिका ग्रहण सम्भव नहीं है।

विशेषार्थ — क्षपितकर्मांशिक अवस्था निकट संसारीके ही सम्भव है, यह तो स्पष्ट है। फिर भी वह जिस क्रमसे इस अवस्थाको प्राप्त होता है, उस क्रमका यहां निर्देश किया गया है। पहले यह जीव पल्यका असंख्यातवां भाग कम उत्कृष्ट कर्मस्थिति प्रमाण काल तक सूक्ष्म निगोद अवस्थामें परिभ्रमण करता रहता है। फिर वहांसे निकल कर यह बादर पृथिवीकायिक पर्याप्तक होता है। यह सीधा मनुष्य क्यों नहीं होता, इसका निर्देश टीकामें किया हा है।

अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा अति शीघ्र सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हुआ ॥ ५७ ॥

पर्याप्तियोंकी पूर्णताका काल जघन्य भी एक समय आदिक नहीं है, किन्तु अन्तर्मुहूर्त मात्र ही है; इस बातका ज्ञान करानेके लिये सूत्रमें अन्तर्मुहूर्त पदका ग्रहण किया है।

शंका — अति शीघ्र पर्याप्तिको क्यों पूर्ण कराया है?

समाधान — सूक्ष्म निगोदजीवोंके योगसे असंख्यातगुणे बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त जीवोंके योग द्वारा संचित होनेवाले द्रव्यका प्रतिषेध करनेके लिये सर्वलघु कालमें पर्याप्तिको पूर्ण कराया है। जो सर्वलघु काल द्वारा पर्याप्तियोंको पूर्ण नहीं करता है उसका एकान्तानुवृद्धियोगकाल महान् होता है और इसलिये वहां द्रव्यका संचय भी बहुत होता है। अतः इस बातका निषेध करनेके लिये सर्वलघु काल द्वारा पर्याप्तियोंको पूर्ण करता है, यह कहा है।

१ अ-आ-काप्रतिषु '-मुप्पाइदूण' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'संजमग्गहणाभावादो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतोमुहुत्तेण कालगदसमाणो पुव्वकोडाउएसु मणुसेसुववण्णो ॥ ५८ ॥

पज्जत्तीयो समाणिय जाव अंतोमुहुत्तमेत्तकालो विस्समणं परभवियाउअं बंधिय पुणो विस्समणादिकिरियाहि जाव ण गदो[3] ताव कालं ण करेदि त्ति अंतोमुहुत्तेण कालगदो त्ति भणिदं। बहुकालं संजमगुणसेडीए संचिदकम्मणिज्जरणट्ठं पुव्वकोडाउएसु मणुसेसुववण्णो त्ति भणिदं।

सव्वलहुं जोणिणिक्खमणजम्मणेण जादो अट्ठवस्सीओ ॥५९॥

गब्भम्मि पदिदपढमसमयप्पहुडि केवि सत्तमासे गब्भे अच्छिदूण गब्भादो णिस्सरंति, केवि अट्ठमासे, केवि णवमासे, केवि दसमासे अच्छिदूण गब्भादो णिप्फिडंति। तत्थ सव्वलहुं गब्भणिक्खमणजम्मणवयणण्णहाणुववत्तीदो सत्तमासे गब्भे अच्छिदो त्ति घेत्तव्वं। गब्भादो णिक्खमणं गब्भणिक्खमणं, गब्भणिक्खमणमेव जम्मणं गब्भणिक्खमणजम्मणं, तेण गब्भणिक्खमणजम्मणेण जादो अट्ठवस्सीओ। गब्भादो णिक्खंतपढमसमयप्पहुडि अट्ठवस्सेसु

अन्तर्मुहूर्त कालमें मृत्युको प्राप्त होकर पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ ॥ ५८ ॥

पर्याप्तियोंको पूर्ण कर अन्तर्मुहूर्त काल तक विश्राम करता है, तथा परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध कर जब तक पुनः विश्राम आदि क्रियाको नहीं प्राप्त होता तब तक मरणको प्राप्त नहीं होता, इसीलिये 'अन्तर्मुहूर्तमें मृत्युको प्राप्त होकर' ऐसा कहा है। बहुत काल तक संयमगुणश्रेणिके द्वारा संचित कर्मोंकी निर्जरा करानेके लिये 'पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्योंमें उत्पन्न हुआ' ऐसा कहा है।

सर्वलघु कालमें योनिसे निकलने रूप जन्मसे उत्पन्न हो कर आठ वर्षका हुआ ॥ ५९ ॥

गर्भमें आनेके प्रथम समयसे लेकर कोई सात मास गर्भमें रहकर उससे निकलते हैं, कोई आठ मास, कोई नौ मास और कोई दस मास रहकर गर्भसे निकलते हैं। उसमें चूंकि सर्वलघु कालमें गर्भसे निकलने रूप जन्मका कथन अन्य प्रकारसे बन नहीं सकता, अतः 'सात मास गर्भमें रहा' ऐसा ग्रहण करना चाहिये। गर्भसे निष्क्रमण गर्भनिष्क्रमण, गर्भनिष्क्रमण रूप जन्म गर्भनिष्क्रमणजन्म [इस प्रकार यहां तत्पुरुष और कर्मधारय समास हैं], उस गर्भनिष्क्रमण रूप जन्मसे उत्पन्न होकर आठ वर्षका

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'परभवियाउअं बंधेण पुणो', ताप्रतौ 'परभवियाउअबंधेण पुणो' इति पाठः।
२ अ-आ-काप्रतिषु 'विस्समणादि' इति पाठः। ३ अ-आ-ताप्रतिषु 'जावणवगदो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गदेसु संजमग्गहणपाओग्गो होदि, हेट्ठा ण होदि त्ति एसो भावत्थो । गब्भम्मि पदिदपढम-समयप्पहुडि अट्ठवस्सेसु गदेसु संजमग्गहणपाओग्गो होदि त्ति के वि भणंति । तण्ण घडदे, जोणिणिक्खमणजम्मणेणेत्ति वयणण्णहाणुववत्तीदो । जदि गब्भम्मि पदिदपढमसमयादो अट्ठवस्साणि घेप्पंति तो गब्भवदणजम्मणेण अट्ठवस्सीओ जादो त्ति सुत्तकारो भणेज्ज । ण च एवं, तम्हा सत्तमासाहियअट्ठहि वासेहि संजमं पडिवज्जदि त्ति एसो चेव अत्थो घेत्तव्वो; सव्वलहुणिद्देसण्णहाणुववत्तीदो ।

संजमं पडिवण्णो ॥ ६० ॥

जं सुहुमणिगोदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण कालेण कम्मसंचयं करेदि तं बादरपुढविकाइयपज्जत्तो एगसमएण संचिणदि । जं बादरपुढविकाइयपज्जत्तो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण कालेण कम्मसंचयं करेदि तं मणुसपज्जत्तो एगसमएण संचिणदि । तदो बादरपुढविकाइयपज्जत्तएसु[1] उप्पाइय कम्मसंचयं करिय पुणो मणुस्सेसु उप्पाइय अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि कम्मसंचयं करिय पुणो दसवाससहस्सियदेवेसु उप्पाइय कम्मसंचयं करिय

हुआ । गर्भसे निकलनेके प्रथम समयसे लेकर आठ वर्ष बीत जानेपर संयम ग्रहणके योग्य होता है, इसके पहिले संयम ग्रहणके योग्य नहीं होता, यह इसका भावार्थ है । गर्भमें आनेके प्रथम समयसे लेकर आठ वर्षोंके बीतनेपर संयम ग्रहणके योग्य होता है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं । किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि, ऐसा माननेपर योनिनिष्क्रमण रूप जन्मसे ' यह सूत्रवचन नहीं बन सकता । यदि गर्भमें आनेके प्रथम समयसे लेकर आठ वर्ष ग्रहण किये जाते हैं तो ' गर्भपतन रूप जन्मसे आठ वर्षका हुआ ' ऐसा सूत्रकार कहते । किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं कहा है । इसलिये सात मास अधिक आठ वर्षका होनेपर संयमको प्राप्त करता है, यही अर्थ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि, अन्यथा सूत्रमें ' सर्वलघु ' पदका निर्देश घटित नहीं होता ।

संयमको प्राप्त हुआ ॥ ६० ॥

शंका— सूक्ष्म निगोद जीव पल्योपमके असंख्यातवें भाग कालके द्वारा जितना कर्मका संचय करता है उसे बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीव एक समयमें संचित करता है । बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त जीव पल्योपमके असंख्यातवें भाग काल द्वारा जितना कर्मसंचय करता है उसे मनुष्य पर्याप्त एक समयमें संचित करता है । इसलिये बादर पृथिवीकायिक पर्याप्तकोंमें उत्पन्न कराकर कर्मसंचय कराके, पश्चात् मनुष्योंमें उत्पन्न कराकर कुछ अधिक आठ वर्षोंमें कर्मसंचय कराके, पश्चात् दस हजार वर्षकी आयुवाले देवोंमें उत्पन्न कराकर कर्मसंचय कराके सूक्ष्म निगोदजीवोंमें उत्पन्न करानेमें कोई लाभ नहीं है ?

१ अप्रतिषेधमेव । अ. आ. प्रत्योस्तु ' बादरपज्जत्तापज्जत्तएसु ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुमणिगोदेसु उप्पाइदे ण कोच्छि लाभो अत्थि त्ति[1] भणिदे एत्थ परिहारो उच्चदे - अत्थि लाभो, अण्णहा सुत्तस्स अणत्थयत्तप्पसंगादो। ण च सुत्तमणत्थयं होदि, वयणविसंवाद-कारणराग-दोस-मोहुम्मुक्कजिणवयणस्स अणत्थयत्तविरोहादो। कधमणत्थयं ण होदि? उच्चदे— पढमसम्मत्तं संजमं[3] च अक्कमेण गेण्हमाणो मिच्छाइट्ठी अधापवत्तकरण-अपुव्व-करणं अणियट्टिकरणाणि कादूण चेव गेण्हदि। तत्थ अधापवत्तकरणे णत्थि गुणसेडीए कम्मणिज्जरा गुणसंकमो च। किंतु अणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झमाणो चेव गच्छदि। तेण तत्थ कम्मसंचओ चेव, ण णिज्जरा। पुणो अपुव्वकरणपढमसमए आउअवज्जाणं सव्वकम्माणं उदयावलियबाहिरे[5] सव्वट्ठिदीसु ट्ठिदपदेसग्गमोकड्डुक्कड्डणभागहारेण जोग-गुणगारादो असंखेज्जगुणहीणेण खंडिय तत्थ एगखंडं पुध ट्ठविय पुणो तमसंखेज्जलोगेहि खंडिय तत्थ एगखंड घेत्तूण उदयावलियाए गोवुच्छागारेण संछुहिय पुणो सेसबहुभागेसु असंखेज्जपंचिंदियसमयपबद्धे उदयावलियबाहिरट्ठिदीए णिसिंचदि। पुणो तत्तो असंखेज्जगुणे समयपबद्धे घेत्तूण तदुवरिमट्ठिदीए णिसिंचदि। पुणो तत्तो असंखेज्जगुणे समयपबद्धे तत्थेव

समाधान— ऐसी शंका करनेपर यहां उसका परिहार करते हैं कि उसमें लाभ है, नहीं तो सूत्रके अनर्थक होनेका प्रसंग आता है। और सूत्र अनर्थक होता नहीं है, क्योंकि, वचनविसंवादके कारणभूत राग, द्वेष व मोहसे रहित जिन भगवान्‌के वचनके अनर्थक होनेका विरोध है।

शंका— सूत्र कैसे अनर्थक नहीं होता है?

समाधान— इसका उत्तर कहते हैं। प्रथम सम्यक्त्व और संयमको एक साथ ग्रहण करनेवाला मिथ्यादृष्टि अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणको करके ही ग्रहण करता है। उनमेंसे अधःप्रवृत्तकरणमें गुणश्रेणिकर्मनिर्जरा और गुणसंक्रमण नहीं है। किन्तु अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता हुआ ही जाता है। इस कारण अधःप्रवृत्तकरणमें कर्मसंचय ही है, निर्जरा नहीं है। पश्चात् अपूर्वकरणके प्रथम समयमें आयुको छोड़कर सब कर्मोंके उदयावलिबाह्य सब स्थितियोंमें स्थित प्रदेशाग्रको योगगुणकारसे असंख्यातगुणे हीन ऐसे अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारसे भाजित कर उसमेंसे एक भागको पृथक् स्थापित कर पश्चात् उसे असंख्यात लोकोंसे खण्डित कर उसमेंसे एक भागको ग्रहण कर उदयावलीमें गोपुच्छाकार अर्थात् चय हीन क्रमसे देकर पश्चात् शेष बहुभागोंमेंसे पंचेन्द्रिय सम्बन्धी असंख्यात समयप्रबद्धोंको उदयावलीके बाहर प्रथम स्थितिमें देता है। तथा उनसे असंख्यातगुणे समयप्रबद्धोंको ग्रहण कर उससे उपरिम स्थितिमें देता है। तथा उनसे असंख्यातगुणे समयप्रबद्धोंको वहींसे ग्रहण कर उससे उपरिम स्थितिमें देता है। इस

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'कोत्ति' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'लाभो [अत्थि] त्ति' इति पाठः। ३ प्रतिषु 'पढमसम्मत्तं सम्मत्तं संजमं' इति पाठः। ४ ताप्रतौ 'अपुव्वकरण' इत्येतत्पदं नोपलभ्यते। ५ अ-आप्रत्योः 'बाहिर' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घेत्तूण तदुवरिमट्ठिदीए णिसिंचदि । एवं ताव णिसिंचमाणो गच्छदि जाव अपुव्वकरणद्धादो [अणियट्टिकरणद्धादो] च विसेसाहिओ कालो गदो त्ति । तत्तो उवरिमाए ट्ठिदीए असंखेज्जगुणहीणपदेसे णिसिंचदि । तत्तो उवरि सव्वत्थ विसेसहीणं णिसिंचदि जाव अप्पप्पणो अइच्छावणावलियहेट्ठिमसमओ त्ति । एवमेसा अपुव्वकरणस्स पढमसमए कदा गुणसेडी । बिदियसमए पुण पढमसमयओकड्डिददव्वादो असंखेज्जगुणं दव्वमोकड्डिदूण उदयावलियबाहिरट्ठिदीए दिस्समाणादो असंखेज्जगुणमेत्ते समयपबद्धे णिसिंचदि । तत्तो असंखेज्जगुणे समयपबद्धे तदुवरिमट्ठिदीए णिसिंचदि । तत्तो जाव गलिदगुणसेडिसीसगं ति[1] । तत्तो उवरिमट्ठिदीए असंखेज्जगुणहीणं णिसिंचदि । उवरि सव्वत्थ विसेसहीणं जाव अप्पप्पणो अइच्छावणावलियहेट्ठिमसमओ त्ति । पुणो तदियसमए बिदियसमओकड्डिददव्वादो असंखेज्जगुणं दव्वमोकड्डिय पुव्वं व उदयावलियबाहिरट्ठिदिमादिं कादूण गलिदसेसं गुणसेडिं करेदि । एवं सव्वसमएसु असंखेज्जगुणमसंखेज्जगुणं दव्वमोकड्डिदूण सव्वकम्माणं गलिदसेसं गुणसेडिं करेदि जाव अणियट्टिकरणद्धाए

प्रकार निक्षेप करता हुआ अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे कुछ अधिक कालका जितना प्रमाण हो उतने निषेक बीतने तक जाता है। उससे उपरिम स्थितिमें असंख्यातगुणे हीन प्रदेशोंका निक्षेप करता है। इससे ऊपर सर्वत्र अपनी अपनी अतिस्थापनावलीके अधस्तन समयके प्राप्त होने तक विशेष हीन विशेष हीन देता है। इस प्रकार यह अपूर्वकरणके प्रथम समयमें की गई गुणश्रेणि है। फिर द्वितीय समयमें प्रथम समयमें अपकृष्ट द्रव्यसे असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण कर उदयावलीके बाहर प्रथम स्थितिमें दृश्यमान द्रव्यसे असंख्यातगुणे मात्र समयप्रबद्धोंको देता है। उनसे असंख्यातगुणे समयप्रबद्धोंको उससे उपरिम स्थितिमें देता है। उससे आगे गलित गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होने तक इसी क्रमसे देता है। फिर उससे उपरिम स्थितिमें असंख्यातगुणे हीन समयप्रबद्धोंको देता है। फिर ऊपर सर्वत्र अपनी अपनी अतिस्थापनावलीके अधस्तन समय तक विशेष हीन विशेष हीन देता है। पश्चात् तृतीय समयमें द्वितीय समयमें अपकृष्ट द्रव्यसे असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण कर पहिलेके समान उदयावलीके बाहर प्रथम स्थितिसे लेकर गलितशेष गुणश्रेणि करता है। इस प्रकार अनिवृत्तिकरणकालके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक सब समयोंमें असंख्यातगुणे असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण कर सब कर्मोंकी गलितशेष गुणश्रेणि करता है। इस

१ अ-आप्रत्योः ' जाव गलिदगुणसेडीसीसंगति ', काप्रतौ 'जाव गुणसेडीसीसयं गदे त्ति' इति पाठः ।
२ अ-आ-काप्रतिषु ' · वलियमेत्तबाहिर ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरिमसमओ त्ति । जेणेवं सम्मत्त-संजमाभिमुहमिच्छाइट्ठी असंखेज्जगुणाए सेडीए बादरेइंदिएसु पुव्वकोडाउअमणुसेसु दसवाससहस्सियदेवेसु च संचिददव्वादो असंखेज्जगुणं दव्वं णिज्जरेइ[1] तेण इमं लाहं दट्ठूण संजमं पडिवज्जाविदो[2] । एत्थ असंखेज्जगुणाए सेडीए कम्मणिज्जरा होदि त्ति कधं णव्वदे ?

सम्मत्तुप्पत्ती वि य सावय-विरदे अणंतकम्मंसे ।
दंसणमोहक्खवए कसायउवसामए य उवसंते ॥ १६ ॥
खवए य खीणमोहे जिणे य णियमा[3] भवे असंखेज्जा ।
तव्विवरीदो कालो संखेज्जगुणाए सेडीए ॥ १७ ॥

इदि गाहासुत्तादो णव्वदे । दोहि वि करणेहि णिज्जरिददव्वं बादरेइंदियादिसु संचिददव्वादो असंखेज्जगुणमिदि कधं णव्वदे ? संजमं पडिवज्जिय त्ति अभणिदूण

प्रकार चूंकि सम्यक्त्व और संयमके अभिमुख हुआ मिथ्यादृष्टि जीव बादर एकेन्द्रियों, पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्यों और दस हजार वर्षकी आयुवाले देवोंमें संचित किये गये द्रव्यसे असंख्यातगुणे द्रव्यकी निर्जरा करता है । अत एव इस लाभको देख कर संयमको प्राप्त कराया है ।

शंका — यहां असंख्यातगुणित श्रेणि रूपसे कर्मनिर्जरा होती है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — सम्यक्त्वोत्पत्ति अर्थात् प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति, श्रावक (देशविरत), विरत (महाव्रती), अनन्तकर्मांश अर्थात् अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन करनेवाला, दर्शनमोहका क्षय करनेवाला, चारित्रमोहका उपशम करनेवाला, उपशान्त-मोह, चारित्रमोहका क्षय करनेवाला, क्षीणमोह और जिन, इनके नियमसे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणि रूपसे कर्मनिर्जरा होती है । किन्तु निर्जराका काल उससे विपरीत संख्यातगुणित श्रेणि रूपसे है, अर्थात् उक्त निर्जराकाल जितना जिन भगवान्‌के है उससे संख्यातगुणा क्षीणमोहके है, उससे संख्यातगुणा चारित्रमोहक्षपकके है इत्यादि ॥ १६-१७ ॥ इन गाथासूत्रोंसे जाना जाता है कि यहां असंख्यातगुणित श्रेणि रूपसे कर्मनिर्जरा होती है ।

शंका — दोनों (अपूर्व व अनिवृत्ति) ही करणों द्वारा निर्जराको प्राप्त हुआ द्रव्य बादर एकेन्द्रियादिकोंमें संचित हुए द्रव्यसे असंख्यातगुणा है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' णिज्जरे ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु 'पडिवज्जाहे वि' इति पाठः । ३ अ आ-काप्रतिषु ' णियमो ' इति पाठः । ४ अपथ. अ. प. ३९७. गो. जी. ६६-६७. सम्यग्दृष्टि-श्रावक विरतानन्त-वियोजक-दर्शनमोहक्षपकोपशमकोपशान्त-मोहक्षपक क्षीणमोह-जिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः । त. सू. ९-४५. सम्मत्तुप्पा-सावय-विरए संजोजणा विणासे य । दंसणमोहक्खवगे कसायउवसामगुवसंते ॥ खवगे य खीणमोहे जिणे य दुविहे असंखगुणसेढी । उदओ तव्विवरीओ कालो संखेज्जगुणसेढी ॥ कर्मप्रकृति ६, ८-९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संजमं[1] पडिवण्णो इदि वयणादो णव्वदे । ण च फलेण विणा किरियापरिसमत्तिं भणंति आइरिया । तेण तस-थावरकाइएसु संचिददव्वादो असंखेज्जगुणं दव्वं णिज्जरिय संजमं पडिवण्णो त्ति घेत्तव्वं । गुणसेडिजहण्णट्ठिदीए पढमवारणिसित्तं दव्वमसंखेज्जावलिय-पबद्धेहि संजुत्तमिदि आइरियपरंपरागदुवदेसादो वा णव्वदे जहा संचयादो एत्थ णिज्जरिद-दव्वमसंखेज्जगुणमिदि ।

तत्थ य भवट्ठिदिं पुव्वकोडिं देसूणं संजममणुपालइत्ता थोवावसेसे जीविदव्वए त्ति मिच्छत्तं गदो ॥ ६१ ॥

तत्थ संजमगहिदपढमसमए चरिमसमयमिच्छाइट्ठिणा ओकड्डिददव्वादो असंखेज्ज-गुणं दव्वमोकड्डिदूण गलिदसेसमुदयावलियबाहिरे पुव्विल्लगुणसेडिआयामादो संखेज्जगुण-हीणं पदेसणिक्खेवेण असंखेज्जगुणं गुणसेडिं करेदि । बिदियसमए वि एवं चेव करेदि । णवरि पढमसमयओकड्डिददव्वादो बिदियसमए असंखेज्जगुणं दव्वमोकड्डिय गुणसेडिं करेदि त्ति वत्तव्वं । एवं समए समए असंखेज्जगुणाए सेडीए दव्वमोकड्डिदूण गुणसेडिं

समाधान— वह 'संयमको प्राप्त होकर' ऐसा न कहकर 'संयमको प्राप्त हुआ' ऐसे कहे गये सूत्रवचनसे जाना जाता है । कारण कि आचार्य प्रयोजनके विना क्रियाकी समाप्तिका निर्देश नहीं करते । इसलिये त्रस व स्थावर कायिकोंमें संचित हुए द्रव्यसे असंख्यातगुणे द्रव्यको निर्जीर्ण कर संयमको प्राप्त हुआ, ऐसा यहां ग्रहण करना चाहिये । अथवा, गुणश्रेणिकी जघन्य स्थितिमें प्रथम बार दिया हुआ द्रव्य असंख्यात आवलियोंके जितने समय हों उतने समयप्रबद्ध प्रमाण है, इस प्रकार आचार्यपरम्परागत उपदेशसे जाना जाता है कि संचयकी अपेक्षा यहां निर्जराको प्राप्त हुआ द्रव्य असंख्यातगुणा है ।

वहां कुछ कम पूर्वकोटि मात्र भवस्थिति काल तक संयमका पालन कर जीवितके थोड़ा शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ ॥ ६१ ॥

वहां संयम ग्रहण करनेके प्रथम समयमें चरमसमयवर्ती मिथ्यादृष्टि द्वारा अपकृष्ट द्रव्यसे असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण कर उदयावलीके बाहिर पूर्वोक्त गुण-श्रेणिके आयामसे संख्यातगुणे हीन आयामवाली व प्रदेशनिक्षेपकी अपेक्षा असंख्यात-गुणी गलितशेष गुणश्रेणि करता है । द्वितीय समयमें भी इसी प्रकार करता है । विशेष इतना है कि प्रथम समयमें अपकृष्ट द्रव्यकी अपेक्षा द्वितीय समयमें असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण करके गुणश्रेणि करता है, ऐसा कहना चाहिये । इस प्रकार समय समयमें असंख्यातगुणित श्रेणि रूपसे द्रव्यका अपकर्षण कर एकान्तवृद्धिके अन्तिम

---

१ ताप्रतौ नोपलभ्यते पदमिदम् ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करेदि जाव एयंतवड्ढीए[1] चरिमसमओ त्ति । तदो उवरि णियमेण हाणी होदि । तत्तो उवरि गुणसेढिदव्वं वड्ढदि हायदि अवट्ठायदि वा, संजमपरिणामाणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणणियमाभावादो । अणेण विहाणेण भवट्ठिदिं पुव्वकोडिं देसूणं संजममणुपालइत्ता अंतोमुहुत्तावसेसे मिच्छत्तं गदो । पुव्वकोडिचरिमसमओ त्ति गुणसेडिणिज्जरा किण्ण कदा ? ण, सम्मादिट्ठिस्स भवणवासियवाणवेंतर-जोइसिएसु उप्पत्तीए अभावादो, दिवड्ढपलिदोवमाउट्ठिदिएसु[2] सोहम्मदेवेसुप्पण्णस्स दिवड्ढगुणहाणिमेत्तपंचिंदियसमयपबद्धाणं संचयप्पसंगादो ।

सव्वत्थोवाए मिच्छत्तस्स असंजमद्धाए अच्छिदो ॥ ६२ ॥

एत्थ अप्पाबहुअं— सव्वत्थोवो देवगदिपाओग्गमिच्छत्तकालो । मणुसगदिपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । सण्णितिरिक्खपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । असण्णिपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । चउरिंदियउप्पत्तिपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । तेइंदियउप्पत्तिपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । बीइंदियउप्पत्तिपाओग्गमिच्छत्तद्धा संखेज्जगुणा । बादरे-

---

समय तक गुणश्रेणि करता है । उसके आगे नियमसे हानि होती है । पश्चात् उसके आगे गुणश्रेणिद्रव्य बढ़ता है, घटता है, अथवा अवस्थित भी रहता है; क्योंकि, यहां संयम-परिणामोंकी वृद्धि, हानि अथवा अवस्थानका कोई नियम नहीं है। इस विधानसे कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण भवस्थिति काल तक संयमको पालकर अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ ।

शंका— पूर्वकोटिके अन्तिम समय तक गुणश्रेणि निर्जरा क्यों नहीं की ?

समाधान— नहीं, क्योंकि सम्यग्दृष्टिकी भवनवासी, वानव्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें उत्पत्ति सम्भव नहीं है । यदि डेढ़ पल्यकी स्थितिवाले सौधर्म व ईशान कल्पके देवोंमें उत्पन्न होता है तो उसके डेढ़ गुणहानि मात्र पंचेन्द्रिय सम्बन्धी समयप्रबद्धोंके संचयका प्रसंग आता है ।

मिथ्यात्व सम्बन्धी सबसे स्तोक असंयमकालमें रहा ॥ ६२ ॥

यहां अल्पबहुत्व— देवगतिमें उत्पत्तिके योग्य मिथ्यात्वकाल सबसे स्तोक है । उससे मनुष्यगतिमें उत्पत्तिके योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे संज्ञी तिर्यंचोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे असंज्ञियोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे चतुरिन्द्रियोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे त्रीन्द्रियोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे द्वीन्द्रियोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे बादर एकेन्द्रियोंमें उत्पत्ति योग्य मिथ्यात्वकाल संख्यातगुणा है । उससे सूक्ष्म

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' एयंतवड्ढावड्ढीए ', ताप्रतौ ' एवंतवड्ढा (एयंताणु) वड्ढीए ' इति पाठः ।

२ काप्रतौ ' दिवड्ढगुणसेडीपलिदोवमाउ ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आवर्जित करणके अन्तिम समय सम्बन्धी गुणश्रेणिगोपुच्छको वहांके स्थितिकाण्डकके साथ धरकर स्थित हुआ दूसरा एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। यहांसे लेकर नीचे चूंकि स्थितिघात नहीं है, अतः एक एक गुणश्रेणिगोपुच्छ बढ़ाकर सयोगी केवलीके प्रथम समयके प्राप्त होने तक पूर्वकोटि प्रमाण सब काल उतारना चाहिये। पुनः वहां स्थापित कर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे एक गुणश्रेणिगोपुच्छा बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित हुआ जीव, तथा अन्तिम समयवर्ती क्षीणकषाय जीव, ये दोनों सदृश हैं। पुनः पूर्वोक्त जीवको छोड़कर अन्तिम समयवर्ती क्षीणकषाय जीवको एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे तदनन्तर अधस्तन गुणश्रेणिगोपुच्छाके बढ़ने तक बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित हुआ जीव, तथा वहांके स्थितिकाण्डकके साथ क्षीणकषायकी द्विचरम गुणश्रेणिगोपुच्छको धरकर स्थित हुआ दूसरा एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। इस प्रकार अन्तिम समयवर्ती क्षीणकषाय क्षपक तक उतारना चाहिये। पुनः सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके अन्तिम समयमें नवक बन्धसे रहित वेदनीयकी द्विचरम गुणश्रेणिगोपुच्छा बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित हुआ जीव, तथा सूक्ष्म साम्परायके द्विचरम समयमें स्थित हुआ दूसरा एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। इस प्रकार जानकर प्रथम समयवर्ती संयत तक उतारना चाहिये। पुनः यहां पूर्वोक्त विधानसे नारक द्रव्यके साथ साम्प्रतिक द्रव्यको उत्कृष्ट करके ग्रहण करना चाहिये।

इसी प्रकार गुणितकर्मांशिकके सत्त्वका भी आश्रय करके अजघन्य द्रव्यके

---

१ अ-आ काप्रतिषु ' वड्ढिदे त्ति ' इति पाठः।

ष. खे. ४२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुदाहारपरूवणाए णाणावरणभंगो ।

एवं णामा-गोदाणं ॥ ११० ॥

जहा वेदणीयस्स जहण्णाजहण्णदव्वस्स परूवणा कदा तधा णामा-गोदाणं पि कादव्वं, विसेसाभावादो ।

सामित्तेण जहण्णपदे आउगवेदणा दव्वदो जहण्णिया कस्स ? ॥ १११ ॥

सुगमं ।

जो जीवो पुव्वकोडाउओ अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइएसु आउअं बंधदि रहस्साए आउअबंधगद्धाए ॥ ११२ ॥

पुव्वकोडाउओ चेव किमट्ठं णिरयाउअं बंधाविदो ? ओलंबणाकरणेण बहुदव्वगालणट्ठं । किमवलंबणाकरणं[1] णाम ? परभविआउअउवरिमट्ठिदिदव्वस्स[2] ओकड्डणाए हेट्ठा

स्वामित्वको कहना चाहिये । यहां जीवसमुदाहारकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है ।

इसी प्रकार नाम व गोत्र कर्मके जघन्य एवं अजघन्य द्रव्यकी प्ररूपणा करना चाहिये ॥ ११० ॥

जिस प्रकार वेदनीय कर्मके जघन्य व अजघन्य द्रव्यकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार नाम और गोत्र कर्मकी भी करना चाहिये, क्योंकि, उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है ।

स्वामित्वकी अपेक्षा जघन्य पदमें आयु कर्मकी वेदना द्रव्यकी अपेक्षा जघन्य किसके होती है ? ॥ १११ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

जो पूर्वकोटिकी आयुवाला जीव नीचे सप्तम पृथिवीके नारकियोंमें थोड़े आयुबन्धककाल द्वारा आयुको बांधता है ॥ ११२ ॥

शंका—पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले जीवको ही किसलिये नारकायुका बन्ध कराया ?

समाधान—अवलम्बन करण द्वारा बहुत द्रव्यकी निर्जरा करानेके लिये पूर्वकोटि आयुवालेको नारकायुका बन्ध कराया है ।

शंका—अवलम्बना करण किसे कहते हैं ?

समाधान—परभव सम्बन्धी आयुकी उपरिम स्थितिमें स्थित द्रव्यका अपकर्षण

---

१ अ-आ-ताप्रतिषु ' किमुवलंबणा- ' इति पाठः । २ काप्रतौ ' उपरिमट्ठिद ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिवदणमवलंबणोकरणं णाम। एदस्स ओकड्डणसण्णा किण्ण कदा? ण, उदयाभावेण उदयावलियबाहिरे अणिवदमाणस्स ओकड्डणाववएसविरोहादो। पुव्वकोडित्तिभागे पारद्धाउअबंधस्स अट्ठ वि आगरिसाओ कालेण जहण्णाओ होंति, ण अण्णस्सेत्ति जाणावणट्ठं वा पुव्वकोडिगहणं कदं। दीवसिहादव्वस्स थोवत्तमिच्छिय अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइएसु तेत्तीससागरोवमाउअं बंधाविदो। अट्ठहि आगरिसाहि बंधदि त्ति जाणावणट्ठं रहस्साए आउअबंधगद्धाए त्ति उत्तं, अण्णत्थ आउअबंधगद्धाए जहण्णत्ताभावादो।

तप्पाओग्गजहण्णएण जोगेण बंधदि ॥ ११३ ॥

किमट्ठं जहण्णजोगेणेव आउअं बंधाविदं? थोवकम्मपदेसागमणट्ठं।

जोगजवमज्झस्स हेट्ठदो अंतोमुहुत्तद्धमच्छिदो ॥ ११४ ॥

जोगजवमज्झादो हेट्ठिमजोगा उवरिमजोगेहिंतो असंखेज्जगुणहीणा त्ति कट्टु जव-

---

द्वारा नीचे पतन करना अवलम्बना करण कहा जाता है।

शंका — इसकी अपकर्षण संज्ञा क्यों नहीं की?

समाधान — नहीं, क्योंकि, परभविक आयुका उदय नहीं होनेसे इसका उदयावलिके बाहर पतन नहीं होता, इसलिये इसकी अपकर्षण संज्ञा करनेका विरोध आता है।

[आशय यह है कि परभव सम्बन्धी आयुका अपकर्षण होनेपर भी उसका पतन आबाधाकालके भीतर न होकर आबाधासे ऊपर स्थित स्थितिनिषेकोंमें ही होता है, इसीसे इसे अपकर्षणसे जुदा बतलाया है।]

अथवा, पूर्वकोटिके त्रिभागमें प्रारम्भ किये गये आयुबन्धके आठों अपकर्ष कालकी अपेक्षा जघन्य होते हैं, अन्यके नहीं; इस बातके ज्ञापनार्थ सूत्रमें पूर्वकोटि पदका ग्रहण किया है। दीपशिखाद्रव्यके थोड़ेपनकी इच्छा कर नीचे सप्तम पृथिवीके नारकियोंमें तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुको बंधाया है। आठ अपकर्षों द्वारा बांधता है, इसके ज्ञापनार्थ सूत्रमें 'थोड़े आयुबन्धककालसे' यह कहा है, क्योंकि, अन्यत्र आयुबन्धककाल जघन्य नहीं है।

तत्प्रायोग्य जघन्य योगसे बांधता है ॥ ११३ ॥

शंका — जघन्य योगसे ही आयुको किसलिये बंधाया है?

समाधान — थोड़े कर्मप्रदेशोंके आस्रवके लिये जघन्य योगसे आयुको बंधाया है।

योगयवमध्यके नीचे अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा ॥ ११४ ॥

चूंकि योगयवमध्यसे नीचेके योग उपरिम योगोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणे हीन

---

१ प्रतिषु '-मुवलंबणा' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मज्झस्स हेट्ठा अंतोमुहुत्तद्धमच्छाविदो[1] ।

पढमे जीवगुणहाणिट्ठाणंतरे आवलियाए असंखेज्जदिभाग-मच्छिदो ॥ ११५ ॥

कुदो ? तत्थ असंखेज्जभागवड्ढिं मोत्तूण अण्णवड्ढीणमभावादो जहण्णजोगेण थोवदव्वागमादो वा ।

कमेण कालगदसमाणो अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइएसु उववण्णो ॥ ११६ ॥

बद्धपरभवियाउओ भुंजमाणाउअस्स कदलीघादं ण करेदि त्ति कट्टु अंतोमुहुत्तूण-पुव्वकोडित्तिभागमवलंबणाकरणं कादूण ओवट्टणाघादेण परभविआउअमघादिय णेरइएसु उप्पण्णो त्ति जाणावणट्ठं कमेण कालगदादिवयणं भणिदं ।

तेणेव पढमसमयआहारएण पढमसमयतब्भवत्थेण जहण्ण-जोगेण आहारिदो ॥ ११७ ॥

अण्णतरसमयपडिसेहट्ठं तेणेवेत्ति भणिदं । पढमसमयाहारविदिय-तदियसमय-

---

हैं, अतः यवमध्यके नीचे अन्तर्मुहूर्त काल तक ठहराया है ।

प्रथम जीवगुणहानिस्थानान्तरमें आवलीके असंख्यातवें भाग काल तक रहा ॥ ११५ ॥

क्योंकि, वहां असंख्यातभागवृद्धिको छोड़कर अन्य वृद्धियोंका अभाव है, अथवा जघन्य योगसे थोड़े द्रव्यका आगमन है ।

क्रमसे मृत्युको प्राप्त होकर नीचे सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें उत्पन्न हुआ ॥ ११६ ॥

जिसने परभविक आयुको बांध लिया है वह भुज्यमान आयुका कदलीघात नहीं करता है, ऐसा जान करके अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वकोटिके त्रिभागमें अवलम्बना करण करके अपवर्तनाघातसे परभव सम्बन्धी आयुका घात न करके नारकियोंमें उत्पन्न हुआ, इस बातके ज्ञापनार्थ सूत्रमें ' क्रमसे मृत्युको प्राप्त हुआ ' इत्यादि वाक्य कहा है ।

उस ही प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ जीवने जघन्य योग द्वारा आहार ग्रहण किया ॥ ११७ ॥

द्वितीयादि अन्य समयोंका प्रतिषेध करनेके लिये ' उस ही ने ' ऐसा कहा है। प्रथम

---

१ अ-आ काप्रतिषु ' -मज्झाविदो ' इति पाठः । २ अ आ काप्रतिषु ' पदमो ' इति पाठः । ३ अ-काप्रत्योः ' असंखेज्जदिभाग ' इति पाठः । ४ अ-आ-काप्रतिषु ' मंज- ' इति पाठः । ५ प्रतिषु ' -मुवलंबणा- ' इति पाठः । ६ प्रतिषु ' बुद्धो अणंतणय-- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समयतब्भवत्थस्स जहण्णुववादजोगो ण होदि त्ति जाणावणट्ठं पढमसमयआहारएण पढमसमयतब्भवत्थेण आहारिदो पोग्गलपिंडो, थोवपदेसग्गहणट्ठं जहण्णेण उववादजोगेण आहारिदो त्ति भणिदं ।

जहण्णियाए वड्ढीए वड्ढिदो[1] ॥ ११८ ॥

एयंताणुवड्ढिजोगाणं वड्ढी जहण्णा वि अत्थि उक्कस्सा वि अत्थि । तत्थ जहण्णाए वड्ढीए वड्ढिदो त्ति जाणावणट्ठमेदं भणिदं ।

अंतोमुहुत्तेण सव्वचिरेण कालेण सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तयदो ॥ ११९ ॥

दीहाए अपज्जत्तद्धाए जहण्णएगंताणुवड्ढिजोगेण थोवपोग्गलगहणट्ठं सव्वचिरेण कालेणेत्ति वुत्तं । किमट्ठमपज्जत्तकालो वड्ढाविदो ? पज्जत्तद्धाए आउअस्स ओकड्डणाकरणादो अपज्जत्तद्धाए ओकड्डणा जहण्णजोगेण बहुआ होदि त्ति जाणावणट्ठं ।

तत्थ य भवट्ठिदिं तेत्तीसं सागरोवमाणि आउअमणुपालयंतो[2] बहुसो[3] असादद्धाए वुत्तो[4] ॥ १२० ॥

समयवर्ती आहारक होकर भी द्वितीय व तृतीय समयवर्ती तद्भवस्थ जीवके जघन्य उपपाद योग नहीं होता है, इस बातके ज्ञापनार्थ ' प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ जीवने पुद्गलपिंडको आहार रूपसे ग्रहण किया, अर्थात् स्तोक प्रदेशोंको ग्रहण करनेके लिये जघन्य उपपाद योगसे आहारको प्राप्त हुआ' ऐसा कहा है ।

जघन्य वृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त हुआ ॥ ११८ ॥

एकान्तानुवृद्धि योगोंकी वृद्धि जघन्य भी है और उत्कृष्ट भी है । उनमें जघन्य वृद्धि द्वारा वृद्धिको प्राप्त हुआ, इस बातका परिज्ञान करानेके लिये यह सूत्र कहा है ।

अन्तर्मुहूर्तमें सर्वदीर्घ काल द्वारा सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हुआ ॥ ११९ ॥

दीर्घ अपर्याप्तकालके भीतर जघन्य एकान्तानुवृद्धि योगसे स्तोक पुद्गलोंका ग्रहण करनेके लिये ' सर्वदीर्घ काल द्वारा ' ऐसा कहा है ।

शंका— अपर्याप्तकाल किसलिये बढ़ाया है ?

समाधान — पर्याप्तकालमें जो आयुका अपकर्षण किया जाता है उसकी अपेक्षा अपर्याप्तकालमें जघन्य योगसे किया गया अपकर्षण बहुत होता है, इसके ज्ञापनार्थ अपर्याप्तकालको बढ़ाया है ।

वहां भवस्थिति तक तेतीस सागरोपम प्रमाण आयुका पालन करता हुआ बहुत वार असाताकाल (असातावेदनीयके बन्ध योग्य काल) से युक्त हुआ ॥ १२० ॥

१ अ-आ-काप्रतिषु ' जहण्णियाए वड्ढीदो ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' -मणुपालयं ' इति पाठः । ३ ताप्रतौ ' बहुसो बहुसो ' इति पाठः । ४ अ-आ-काप्रतिषु ' वुत्तो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किमट्ठमसादद्धाए बहुसो जोजिदो ? ओकड्डणाए बहुदव्वणिज्जरणट्ठं ।

थोवावसेसे जीविदव्वए त्ति से काले परभवियमाउअं बंधिहिदि त्ति तस्स आउववेदणा दव्वदो जहण्णा ॥ १२१ ॥

किमट्ठमाउअबंधपढमसमए जहण्णसामित्तं ण दिज्जदे ? ण, उदएण गलमाणगोवुच्छादो दुक्कमाणसमयपबद्धस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो । अजोगिचरिमसमए एक्किस्से ट्ठिदीए ट्ठिददव्वं घेत्तूण जहण्णसामित्तं किण्ण दिज्जदे ? ण, तत्थ जहण्णबंधगद्धोवट्टिदसादिरेयपुव्वकोडीए एगसमयपबद्धम्मि भागे हिदे एगभागमेत्तदव्वुवलंभादो, दीवसिहादव्वस्स पुण दीवसिहाजहण्णाउबंधगद्धोवट्टिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तभागहारुवलंभादो । एत्थ उवसंहारो वुच्चदे । तं जहा— जहण्णबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धे तेत्तीसणाणागुणहाणिसलागण्णोण्णब्भत्थरासिणा ओवट्टिदे चरिमगुणहाणिदव्वं होदि । पुणो दिवड्डगुणहाणीए ओवट्टिदे चरिमणिसेगदव्वं होदि । पुणो एदं भागहारं दीवसिहाए ओवट्टिय लद्धं विरलेदूण

शंका— बहुत बार असाताकालसे युक्त किसलिये कराया है ?

समाधान— अपकर्षण द्वारा बहुत द्रव्यकी निर्जरा करानेके लिये बहुत बार असाताकालसे युक्त कराया है ।

जीवितके स्तोक शेष रहनेपर जो अनन्तर कालमें परभविक आयुको बांधेगा, उसके आयुवेदना द्रव्यकी अपेक्षा जघन्य होती है ॥ १२१ ॥

शंका— आयुबन्धके प्रथम समयमें जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं दिया जाता है ?

समाधान — नहीं, क्योंकि उदयसे निर्जीर्ण होनेवाली गोपुच्छाकी अपेक्षा आनेवाला समयप्रबद्ध असंख्यातगुणा पाया जाता है ।

शंका— अयोगीके अन्तिम समयमें केवल एक स्थितिमें स्थित द्रव्यका ग्रहण कर जघन्य स्वामित्व क्यों नहीं दिया जाता है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, यहां जघन्य बन्धककालका साधिक पूर्वकोटिमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसका एक समयप्रबद्धमें भाग देनेपर एक भाग मात्र द्रव्य पाया जाता है, परन्तु दीपशिखाद्रव्यका भागहार दीपशिखा सम्बन्धी जघन्य आयुबन्धक कालसे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र पाया जाता है ।

यहां उपसंहार कहते हैं । यथा— जघन्य बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धको तेतीस नाना गुणहानिशलाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे अपवर्तित करनेपर अन्तिम गुणहानिका द्रव्य होता है । पुनः डेढ़ गुणहानिसे भाजित करनेपर अन्तिम निषेकका द्रव्य होता है । पुनः इस भागहारको दीपशिखासे अपवर्तित कर जो प्राप्त हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुव्वदव्वं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं पडि दीवसिहामेत्तचरिमणिसेगा पावेंति। पुणो हेट्ठा दीवसिहागुणिदरूवाहियगुणहाणिं रूवूणदीवसिहासंकलणाए ओवट्टिय विरलेदूण उवरिम-एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि इच्छिदविसेसा पावेंति। ते उवरि दादूण समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणं पमाणं उच्चदे। तं जहा—रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदमिच्छमोवट्टिय लद्धमुवरिमविरलणाए अवणिदे जहण्णदव्वभागहारो होदि। एदेण जहण्णबंधगद्धागुणिदसमयपबद्धे भागे हिदे एगसमयपबद्धस्स असंखेज्जदिभागो जहण्णदव्वं होदि। अधवा, एगसमयपबद्धस्स दीवसिहादव्वं पुव्वमेव अवणिय पच्छा तम्मि बंधगद्धाए गुणिदे दीवसिहादव्वमागच्छदि। तं जहा— णाणागुणहाणिसलागाण-मण्णोण्णब्भत्थरासिणा दिवड्ढगुणहाणिपदुप्पण्णेण एगसमयपबद्धे भागे हिदे चरिमणिसेगो आगच्छदि। पुणो एदं चेव भागहारं दीवसिहाए ओवट्टिय विरलेदूण एगसमयपबद्धं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं पडि दीवसिहामेत्तचरिमणिसेगा पावेंति। पुणो हेट्ठा रूवाहिय-गुणहाणिं दीवसिहागुणिदं विरलेदूण उवरिमएगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं

उसका विरलन कर पूर्व द्रव्यको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति दीप-शिखा मात्र अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं। पश्चात् उसके नीचे दीपशिखासे गुणित एक अधिक गुणहानिमें एक कम दीपशिखासंकलनाका भाग देनेपर जो प्राप्त हो उसका विरलन करके उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समान खण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति इच्छित विशेष प्राप्त होते हैं। उनको ऊपर देकर समीकरण करते समय परिहीन रूपोंका प्रमाण कहते हैं। यथा— एक अधिक अधस्तन विरलन मात्र स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि प्राप्त होती है तो उपरिम विरलनमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर जो प्राप्त हो उसे उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर जघन्य द्रव्यका भागहार होता है। इसका जघन्य बन्धककालसे गुणित समयप्रबद्धमें भाग देनेपर एक समय-प्रबद्धका असंख्यातवां भाग जघन्य द्रव्य होता है।

अथवा, एक समयप्रबद्धके दीपशिखाद्रव्यको पहिले ही कम करके पश्चात् उसे बन्धककालसे गुणित करनेपर दीपशिखाद्रव्य आता है। यथा— डेढ़ गुण-हानिसमुत्पन्न नानागुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिका एक समयप्रबद्धमें भाग देनेपर अन्तिम निषेक आता है। पुनः इसी भागहारको दीपशिखासे अप-वर्तित करनेपर जो प्राप्त हो उसका विरलन करके एक समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति दीपशिखा मात्र अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं। पुनः नीचे दीपशिखागुणित रूपाधिक गुणहानिका विरलन करके उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक एकके प्रति एक एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडि एगेगविसेसो पावदि। पुणो रूवूणदीवसिहासंकलणाए ओवट्टिय लद्धं विरलेदूण उवरिमविरलणाए एगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे विरलणरूवं पडि रूवूणदीवसिहासंकलणमेत्तगोवुच्छविसेसा पावेंति। पुणो एदे उवरिमविरलणरूवधरिदेसु समयाविरोहेण पक्खिविय समकरणे कदे परिहीणरूवाणं पमाणं वुच्चदे। तं जहा— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणाए किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि लब्भंति। एदाणि उवरिमविरलणाए अवणिय सेसेण एगसमयपबद्धे भागे हिदे एगसमयपबद्धदीवसिहाए पडिदव्वं होदि। पुणो एदं जहण्णबंधगद्धाए गुणिदे दीवसिहासव्वदव्वं आगच्छदि। एवमाउअस्स जहण्णसामित्तं समत्तं।

तव्वदिरित्तमजहण्णा ॥ १२२ ॥

जहण्णादो दीवसिहादव्वादो रूवाहियादिदव्वं तव्वदिरित्तं णाम। तं सव्वमजहण्णदव्ववेयणा। एदिस्से परूवणट्ठं बंधगद्धामेत्तसमयपबद्धाणं सव्वदव्वं सगलपक्खेवे कस्सामो। तं जहा— तत्थ ताव एगसमयपबद्धस्स भणिस्सामो त्ति। सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स

विशेष प्राप्त होता है। पुनः एक कम दीपशिखासंकलनासे अपवर्तित कर लब्धका विरलन करके उपरिम विरलनके प्रत्येक एकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर विरलन राशिके प्रत्येक एकके प्रति एक कम दीपशिखासंकलना मात्र गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं। फिर इनको उपरिम विरलन राशिके प्रत्येक अंकके प्रति प्राप्त राशिमें समयाविरोध पूर्वक मिलाकर समीकरण करनेपर परिहीन रूपोंका प्रमाण कहते हैं। यथा— एक अधिक अधस्तन विरलन मात्र स्थान जाकर यदि एक अंककी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलनमें कितने अंकोंकी हानि प्राप्त होगी, इस प्रकार प्रमाण राशिसे फलगुणित इच्छा राशिको अपवर्तित करनेपर परिहीन रूप प्राप्त होते हैं। इनको उपरिम विरलनमेंसे कम करके शेषका एक समयप्रबद्धमें भाग देनेपर एक समयप्रबद्ध सम्बन्धी दीपशिखाका प्रतिद्रव्य होता है। फिर इसको जघन्य बन्धककालसे गुणित करनेपर दीपशिखाका सब द्रव्य आता है। इस प्रकार आयु कर्मका जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ।

जघन्य द्रव्यसे भिन्न अजघन्य द्रव्यवेदना है ॥ १२२ ॥

जघन्य दीपशिखाद्रव्यसे एक परमाणु अधिक, दो परमाणु अधिक आदि द्रव्य तद्व्यतिरिक्त कहा जाता है। वह सब अजघन्य द्रव्यवेदना है। इस द्रव्यवेदनाके प्ररूपणार्थ बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंके सब द्रव्यको सकल प्रक्षेपमें करते हैं। यथा— उनमें पहिले एक समयप्रबद्धके द्रव्यको सकल प्रक्षेप रूपसे करके बतलाते हैं। सूक्ष्म निगोद

१ अ-आ-काप्रतिषु 'सव्वजहण्ण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णउववादजोगट्ठाणादो सण्णिपंचिंदियपज्जत्तयस्स घोलमाणजहण्णजोगो असंखेज्जगुणो। एदेण जोगेण जं बद्धं कम्मं तं सगलपक्खेवकरणट्ठं[1] सेडीए असंखेज्जदिभागं तट्ठाणेपक्खेवभागहारं विरलेदूण एगसमयपबद्धं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स सगलपक्खेवपमाणं पावदि। कधमेदस्स एगरूवधरिदकम्मपिंडस्स पक्खेवसण्णा[2]? जोगपक्खेवकारियत्तादो। पुणो एत्थ एगसगलपक्खेवं तेत्तीससागरोवमेसु णिसिंचमाणेण जमंगुलस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदूण एगखंडं णारगचरिमसमए णिसित्तं तस्स विगलपक्खेवो त्ति सण्णा। कुदो? ऊणीभूदसगलपक्खेवत्तादो। पुणो एगसमयपबद्धं णिसिंचमाणेण दीवसिहाचरिमसमए जं णिसित्तं तम्मि विगलपक्खेवपमाणेण कीरमाणे केवडिया विगलपक्खेवा होंति त्ति भणिदे एगसमयपबद्धस्स सगलपक्खेवभागहारमेत्ता होंति। पुणो एदे सगलपक्खेवे कस्सामो। तं जहा— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवे घेत्तूण जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवेसु किं लभामो त्ति पमाणेण

अपर्याप्तके जघन्य उपपाद योगस्थानसे संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकका घोलमान जघन्य योग असंख्यातगुणा है। इस योगसे जो कर्म बांधा है उसे सकल प्रक्षेप रूपसे करनेके लिये श्रेणिके असंख्यातवें भाग प्रमाण उस स्थानके प्रक्षेपभागहारका विरलन करके एक समयप्रबद्धको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति सकल प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है।

शंका — एक अंकके प्रति प्राप्त इस कर्मपिण्डकी प्रक्षेप संज्ञा कैसे है?

समाधान — चूंकि वह योगप्रक्षेपका कर्ता है, अतः उसकी प्रक्षेप संज्ञा उचित है।

यहां एक सकल प्रक्षेपका तेतीस सागरोपमोंमें प्रक्षेपण करनेवाले जीवके द्वारा अंगुलके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके जो एक खण्ड नारकके अन्तिम समयमें दिया गया है उसकी विकल प्रक्षेप संज्ञा है, क्योंकि, वह ऊनीभूत सकल प्रक्षेप है। पुनः एक समयप्रबद्धका प्रक्षेपण करनेवाले जीवने दीपशिखाके अन्तिम समयमें जिसे दिया है उसे विकल प्रक्षेपके प्रमाणसे करनेमें कितने विकल प्रक्षेप होते हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि वे एक समयप्रबद्धके सकल-प्रक्षेप-भागहार प्रमाण होते हैं।

अब इनको सकल प्रक्षेप रूपमें करते हैं। यथा— अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंको ग्रहण कर यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार फलगुणित

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु '-पक्खेवे करणट्ठं' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'तट्ठाणं-' इति पाठः। ३ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु 'सण्णाओ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सयलपक्खेवा आगच्छंति ।

संपहि दीवसिहाविगलपक्खेवं भणिस्सामो । तं जहा— दीवसिहोवट्टिदअंगुलस्सासंखेज्जदिभागं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे दीवसिहामेत्तचरिमणिसेगा रूवं पडि पावेंति । पुणो रूवूणदीवसिहोवट्टिददुरूवाहियणिसेगभागहारेण किरियं काऊण लद्धरूवेसु उवरिमविरलणाए सोहिदे सुद्धसेसं दीवसिहाविगलपक्खेवभागहारो होदि । पुणो एदेण विगलपक्खेवपमाणेण उवरिमविरलणरूवधरिदेसु सोहिदेसु सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता विगलपक्खेवा लब्भंति । पुणो एदे सगलपक्खेवे कस्सामो । तं जहा — अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवे रूवूणे[1] जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो सेडीए असंखेज्जदिभागउवरिमविरलणमेत्तविगलपक्खेवेसु केवडिए सगलपक्खेवे लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा लब्भंति ।

संपहि दीवसिहाचरिमगोवुच्छाए एगगोवुच्छविसेसे वि सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा होंति । तं जहा— रूवाहियगुणहाणीए अंगुलस्स असंखेज्जदिभागं

इच्छा राशिको प्रमाणसे अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप आते हैं ।

अब दीपशिखाके विकल प्रक्षेपको कहते हैं । यथा— दीपशिखासे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भागका विरलन करके सकलप्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर विरलन राशिके प्रत्येक एक अंकके प्रति दीपशिखा मात्र अन्तिम निषेक प्राप्त होते हैं । पुनः एक कम दीपशिखासे अपवर्तित ऐसे दो अधिक निषेकभागहारसे क्रिया करके जो अंक प्राप्त हों उनको उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर जो शेष रहे उतना दीपशिखाके विकल प्रक्षेपका भागहार होता है । पुनः इस विकल प्रक्षेपप्रमाणसे उपरिम विरलन रूप धरितोंमेंसे कम करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

अब इनके सकल प्रक्षेप करते हैं । यथा—एक कम अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो श्रेणिके असंख्यातवें भाग उपरिम विरलन मात्र विकल प्रक्षेपोंमें कितने सकल प्रक्षेप प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

अब दीपशिखाकी अन्तिम गोपुच्छाके एक गोपुच्छविशेषमें भी श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप होते हैं । यथा— एक अधिक गुणहानिसे अंगुलके

---

१ अप्रतौ ' विगलपक्खेवे सुत्तूण ', आ-काप्रत्योः ' विगलपक्खेवे रूवूण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणिय विरलेदूण एगसगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स एगेग-विसेसपमाणं पावदि । पुणो एदेण गोवुच्छविसेसपमाणेण उवरिमविरलणाए ओवट्टिदे[1] सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता गोवुच्छविसेसा पावेंति । पुणो एदे सगलपक्खेवे कस्सामो । तं जहा— रूवाहियगुणहाणिगुणिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तविसेसे घेत्तूण जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तगोवुच्छविसेसेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा लब्भंति ।

संपहि एगसमयपबद्धसगलपक्खेवभागहारं सेडीए असंखेज्जदिभागं जहण्णबंध-गद्धाए गुणिय विरलेदूण जहण्णबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धेसु समखंडं कादूण दिण्णेसु एक्केक्कस्स रूवस्स सगलपक्खेवपमाणं पावदि ।

संपहि बंधगद्धामेत्तसमयपबद्धाणं चरिमसमयणिसित्तदव्वं सगलपक्खेवे कस्सामो । तं जहा— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागेण सगलपक्खेवे भागे हिदे विगलपक्खेवो लब्भदि । एदेण पमाणेण उवरिमविरलणाए अवणिदे जहण्णबंधगद्धागुणिदघोलमाणजहण्णजोगट्ठाण-

असंख्यातवें भागको गुणित कर जो प्राप्त हो उसका विरलन करके एक सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति एक एक विशेषका प्रमाण प्राप्त होता है । फिर इस गोपुच्छविशेषके प्रमाणसे उपरिम विरलनको अपवर्तित कम करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र गोपुच्छविशेष प्राप्त होते हैं ।

पुनः इनके सकलप्रक्षेप करते हैं । यथा—एक अधिक गुणहानिसे गुणित अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विशेषोंको ग्रहण कर यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र गोपुच्छविशेषोंमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाके अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

अब एक समयप्रबद्ध सम्बन्धी सकलप्रक्षेपके भागहारको, जो कि श्रेणिके असंख्यावें भाग है, जघन्य बन्धककालसे गुणित करनेपर जो कुछ प्राप्त हो उसका विरलन करके जघन्य बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति सकल प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है ।

अब बन्धककाल मात्र समयप्रबद्धोंके अन्तिम समयमें निक्षिप्त द्रव्यको सकल प्रक्षेप रूपसे करते हैं । यथा— अंगुलके असंख्यातवें भागका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर विकल प्रक्षेप प्राप्त होता है । इस प्रमाणसे उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर जघन्य बन्धककालसे गुणित घोलमानयोगस्थान सम्बन्धी प्रक्षेपभागहार मात्र विकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

१ अप्रतौ ' उवरि विरलणाए अवणिदे ', आ-काप्रत्योः ' उवरि विरलणाए अवट्टिदे ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्खेवभागहारमेत्तविगलपक्खेवा लब्भंति । पुणो एदे सगलपक्खेवे कस्सामो— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेसु विगलपक्खेवेसु जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा लब्भंति ।

संपहि दीवसिहाविगलपक्खेवो वुच्चदे । तं जहा— दीवसिहाए ओवट्टिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स दीवसिहामेत्तसमाणगोवुच्छाओ पावेंति । पुणो हीणविसेसाणमागमणट्ठं रूवूणदीवसिहोवट्टिददुरूवाहियणिसेगभागहारेण किरियं काऊण उवरिमविरलणाए सोहिदे विगलपक्खेवभागहारो होदि । पुणो तेण सगलपक्खेवे भागे हिदे विगलपक्खेवो होदि । पुणो एदेण भागहारेण उवरिमविरलणाए ओवट्टिदाए लद्धमेत्ता सगलपक्खेवा आगच्छंति ।

एवं सगलविगलपक्खेवाणयणं परूविय संपहि आउअस्स अजहण्णदव्वपरूवणं कस्सामो । तं जहा— सण्णिपंचिंदियपज्जत्तयस्स जहण्णपरिणामजोगट्ठाणमादिं कादूण जाव उक्कस्सजोगट्ठाणे त्ति ताव एदेसिं जोगट्ठाणाणं रयणा कायव्वा । दीवसिहाजहण्णदव्वस्सुवरि परमाणुत्तरं वड्ढिदे सव्वजहण्णमजहण्णदव्वं होदि । दुपरमाणुत्तरं वड्ढिदे बिदियमजहण्णदव्वं

पुनः इनको सकल प्रक्षेप रूपसे करते हैं—अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो उपरिम विरलन मात्र विकल प्रक्षेपोंमें कितने प्राप्त होंगे, इस प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

अब दीपशिखाका विकल प्रक्षेप कहा जाता है । यथा— दीपशिखासे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भागका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक एक अंकके प्रति दीपशिखा मात्र समान गोपुच्छायें प्राप्त होती हैं । पुनः हीन विशेषोंके लानेके लिये एक कम दीपशिखासे अपवर्तित दो अंक अधिक निषेकभागहारके द्वारा क्रिया करके उपरिम विरलनमेंसे कम करनेपर विकल प्रक्षेपका भागहार होता है । उसका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर विकल प्रक्षेप होता है । फिर इस भागहारका उपरिम विरलनमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र सकल प्रक्षेप आते हैं ।

इस प्रकार सकल और विकल प्रक्षेपोंके लानेके विधानको कहकर अब आयु कर्मके अजघन्य द्रव्यकी प्ररूपणा करते हैं । वह इस प्रकार है—संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तके जघन्य परिणामयोगस्थानको आदि करके उत्कृष्ट योगस्थान तक इन योगस्थानोंकी रचना करना चाहिये । दीपशिखाके जघन्य द्रव्यके ऊपर एक परमाणु अधिक क्रमसे वृद्धिके होनेपर सर्वजघन्य अजघन्य द्रव्य होता है । दो परमाणु अधिक क्रमसे वृद्धिके होनेपर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होदि। एवं दोहि वड्ढीहि जहण्णदव्वस्सुवरि एगो विगलपक्खेवो वड्ढावेदव्वो। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, तदो अण्णो जीवो समऊणबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमएण पक्खेवउत्तरजोगेण बंधिय आगंतूण दीवसिहाए ट्ठिदो च, सरिसा। तं मोत्तूण इमं घेत्तूण परमाणुत्तरादिकमेण अजहण्णदव्वट्ठाणाणि उप्पादेदव्वाणि जाव एगो विगलपक्खेवो वड्ढिदो त्ति। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो समऊणबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमएण दुपक्खेवुत्तरजोगेण बंधिदूणागंतूण दीवसिहाए ट्ठिदो च, सरिसा। पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण परमाणुत्तरादिकमेण एगविगलपक्खेवो वड्ढावेदव्वो। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो समऊणबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमएण तिपक्खवुत्तरजोगेण बंधिदूण दीवसिहापढमसमए ट्ठिदो च, सरिसा। पुणो एदेण कमेण अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्ता विगलपक्खेवा वड्ढावेदव्वा। ताधे एगो सगलपक्खेवो वड्ढिदो होदि, अंगुलस्सासंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवेसु सगलपक्खेवुप्पत्तिदंसणादो। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, पुणो अण्णो समऊणजहण्णबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमएण विगलपक्खेवभागहारमेत्ताणं जोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण बंधिदूणागंतूण दीवसिहापढम-

अजघन्य द्रव्यका द्वितीय विकल्प होता है। इस प्रकार दो वृद्धियों द्वारा जघन्य द्रव्यके ऊपर एक विकल प्रक्षेप बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित जीव, तथा एक समय कम आयुबन्धककालमें जघन्य योगसे आयुको बांधकर पुनः एक समयमें एक प्रक्षेप-अधिक योगसे आयुको बांधकर आकरके दीपशिखापर स्थित हुआ उससे भिन्न एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। उसको छोड़कर और इसे ग्रहण करके एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेपकी वृद्धि होने तक अजघन्य द्रव्यके स्थानोंको उत्पन्न कराना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित जीव, तथा एक समय कम बन्धककालमें जघन्य योगसे बांधकर पुनः एक समयमें दो प्रक्षेप अधिक योगसे आयुको बांध करके आकर दीपशिखापर स्थित हुआ अन्य एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। पूर्व जीवको छोड़कर और इसे ग्रहण कर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित हुआ जीव, तथा एक समय कम बन्धककालमें जघन्य योगसे आयुको बांधकर पुनः एक समयमें तीन प्रक्षेप अधिक योगसे बांधकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ अन्य एक जीव, ये दोनों सदृश हैं। इस क्रमसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंको बढ़ाना चाहिये। तब एक सकल प्रक्षेप बढ़ता है, क्योंकि, अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें एक सकल प्रक्षेपकी उत्पत्ति देखी जाती है। इस प्रकार बढ़ाकर स्थित हुआ जीव, तथा एक समय कम जघन्य बन्धककालमें जघन्य योगसे आयु बांधकर पुनः एक समयमें विकल-प्रक्षेप-भागहार मात्र योगस्थानोंके अन्तिम योगस्थानसे आयुको बांध करके आकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित हुआ अन्य एक जीव,

१ प्रतिषु ' पक्खेवे उत्तर ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समए ट्ठिदो च, सरिसा। एत्थ विगलपक्खेवभागहारो सच्छेदो त्ति कट्टु संपुण्णजोगट्ठाणद्धाणं[1] च वड्ढावेदुं ण सक्कदे। तेण विरलणमेत्तविगलपक्खेवेहिंतो अब्भहियवड्ढी पुव्वं चेव कायव्वा। एवमणेण विहाणेण जोगट्ठाणाणि दव्वाणं सरिसकरणविहाणं च सोदाराणं जाणाविय वड्ढावेदव्वं जाव दीवसिहाहेट्ठिमगोवुच्छाए जेत्तिया सगलपक्खेवा-अत्थि तेत्तियमेत्ता वड्ढिदा त्ति।

संपहि एदिस्से दीवसिहाहेट्ठिमतदणंतरगोवुच्छाए सगलपक्खेवाणं पमाणाणुगमं कस्सामो। तं जहा— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागं विरलेऊण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे चरिमणिसेगो पावदि। पुणो इमादो चरिमणिसेगादो पयडणिसेगो[2] दीवसिहामेत्तगोवुच्छविसेसेहि अहिओ होदि त्ति। पुणो तेसिं पि आगमणे इच्छिज्जमाणे हेट्ठा रूवाहियगुणहाणिं विरलेदूण चरिमगोवुच्छं समखंडं काऊण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स एगेगविसेसो पावदि। पुणो दीवसिहामेत्तगोवुच्छविसेसे इच्छामो त्ति दीवसिहाए रूवाहियगुणहाणिमोवट्टिय विरलेऊण उवरिमेगरूवधरिदं दादूण समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणं पमाणं वुच्चदे। तं जहा— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूव-

ये दोनों सदृश हैं। यहां विकल प्रक्षेप-भागहार चूंकि सछेद है अतः सम्पूर्ण योगस्थानाध्वानको बढ़ाना शक्य नहीं है। इसलिये विरलनराशि मात्र विकल प्रक्षेपोंसे अधिक वृद्धि पहिले ही करना चाहिये। इस प्रकार इस विधानसे योगस्थानोंको और द्रव्योंके सदृश करनेके विधानको श्रोताओंके लिये जतलाकर दीपशिखाकी अधस्तन गोपुच्छामें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र वृद्धिको प्राप्त होने तक बढ़ाना चाहिये।

अब दीपशिखाकी अधस्तन इस तदनन्तर गोपुच्छाके सकल प्रक्षेपोंका प्रमाणानुगम करते हैं। वह इस प्रकार है— अंगुलके असंख्यातवें भागका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर अन्तिम निषेक प्राप्त होता है। पुनः इस अन्तिम निषेककी अपेक्षा प्रकृत निषेक दीपशिखा मात्र गोपुच्छविशेषोंसे अधिक है। पुनः उनके भी लानेकी इच्छा करनेपर नीचे एक अधिक गुणहानिका विरलन करके अन्तिम गोपुच्छको समखण्ड करके देनेपर एक एक रूपके प्रति एक एक विशेष प्राप्त होता है। फिर दीपशिखा मात्र गोपुच्छविशेषोंकी इच्छा कर दीपशिखासे एक अधिक गुणहानिको अपवर्तित कर जो प्राप्त हो उसका विरलन करके उपरिम एक रूपधरित राशिको देकर समीकरण करते समय परिहीन रूपोंका प्रमाण कहते हैं। वह इस प्रकार है—एक अधिक अधस्तन विरलन मात्र अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि

१ काप्रतौ ' संपुण्णद्धाणं ' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु ' पयडिणिसेगो ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिहाणी लब्भदि तो सयलम्मि अंगुलस्स असंखेज्जदिभागम्मि किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहाणिरूवाणि लब्भंति । एदाणि उवरिमविरलणाए सोहिय सेसेण सगलपक्खेवे भागे हिदे हेट्ठिमतदणंतरगोवुच्छा होदि । एसो एत्थ विगलपक्खेवो । एदेण पमाणेण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तसगलपक्खेवेहिंतो अवणिय पुध ट्ठविदे उवरिम-विरलणमेत्ता विगलपक्खेवा होंति । पुणो ते सगलपक्खेवे कस्सामो । तं जहा — किंचूण-अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवाणं जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो जहण्णाउअबंधगद्धाए गुणिदसेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा लब्भंति ।

संपहि एदिस्से दीवसिहादव्वगमणहेदुभूदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि लब्भंति तो अप्पिदगोवुच्छाए सयलपक्खेवाणं किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि लब्भंति । पुणो एत्तियाणं जोग-ट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण परिणमिय बंधिय दीवसिहाए पढमसमयट्ठिददव्वं [धरेदूण ट्ठिदो]

प्राप्त होती है तो सम्पूर्ण अंगुलके असंख्यातवें भागमें क्या प्राप्त होगा, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाके अपवर्तित करनेपर परिहीन रूपोंका प्रमाण प्राप्त होता है । इनको उपरिम विरलनमेंसे कम करके शेषका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर अधस्तन तदनन्तर गोपुच्छा होती है । यह यहां विकल प्रक्षेप है । इस प्रमाणसे श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेपोंमेंसे कम करके पृथक् स्थापित करनेपर उपरिम विरलन मात्र विकल प्रक्षेप होते हैं । उनके सकल प्रक्षेप करते हैं । वह इस प्रकारसे— कुछ कम अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंका यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो जघन्य आयुबन्धककालसे गुणित श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें कितने सकल प्रक्षेप प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाके अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप प्राप्त होते हैं ।

अब दीपशिखाकी तदनन्तर इस गोपुच्छाके योगस्थानोंका अनुगम करते हैं । वह इस प्रकार है— एक सकल प्रक्षेपकी दीपशिखाके द्रव्यके लानेमें कारणभूत अंगुलके असंख्यातें भाग मात्र योगस्थान यदि प्राप्त होते हैं तो विवक्षित गोपुच्छा सम्बन्धी सकल प्रक्षेपोंके कितने योगस्थान प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थान प्राप्त होते हैं । पुनः इतने योगस्थानोंके अन्तिम योगस्थानसे परिणत होकर आयुको बांधकर दीपशिखाके प्रथम समयमें स्थित द्रव्यको धरकर स्थित हुआ जीव, तथा जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च, जहण्णजोगेण जहण्णबंधगद्धाए च बंधिय आगंतूण दीवसिहाणंतरहेट्ठिमगोवुच्छं धरेदूण ट्ठिदो च, सरिसा। संपधि पुव्विल्लं गोत्तूण इमं घेत्तूण परमाणुत्तरादिकमेण वड्ढावेदव्वं जाव तदणंतरहेट्ठिमगोवुच्छाए जत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ता विगलपक्खेवसरूवेण वड्ढिदा[1] त्ति।

एत्थ ताव विगलपक्खेवाणयणं कस्सामो। तं जहा— चरिमणिसेगभागहारमंगुलस्स असंखेज्जदिभागं रूवाहियदीवसिहाए खंडिदूणेगखंडं विरलेदूण एगसगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवाहियदीवसिहामेत्तसमाणगोवुच्छाओ पावेंति।

संपहि गोवुच्छविसेसाणं पि आगमणट्ठं किरियं कस्सामो। तं जहा— रूवाहियगुणहाणिं रूवाहियदीवसिहाए गुणिय पुणो दीवसिहाए संकलणाए खंडिय तत्थ एगखंडेण रूवाहियेण रूवाहियदीवसिहाए ओवट्टिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागे भागे हिदे भागलद्धे तम्मि चेव सोहिदे सुद्धसेसं विगलपक्खेवभागहारो होदि। पुणो एदं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स विगलपक्खेवपमाणं पावदि। पुणो एदेण पमाणेण एक्क-दो-तिण्णि जाव पक्खेवभागहारमेत्तविगलपक्खेवेसु वड्ढिदेसु एगो

योगसे जघन्य बन्धककालमें आयुको बांध करके आकर दीपशिखाकी अनन्तर अधस्तन गोपुच्छाको धरकर स्थित हुआ जीव, ये दोनों सदृश हैं। अब पूर्व जीवको छोड़कर और इसको ग्रहण करके एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे तदनन्तर अधस्तन गोपुच्छामें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र विकल प्रक्षेप स्वरूपसे बढ़ने तक बढ़ाना चाहिये।

यहां पहिले विकल प्रक्षेपोंके लानेकी क्रिया करते हैं। वह इस प्रकार है— अंगुलके असंख्यातवें भाग स्वरूप अन्तिम निषेकके भागहारको रूप अधिक दीपशिखासे खण्डित कर एक खण्डका विरलन कर एक सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक एक रूपके प्रति रूप अधिक दीपशिखा प्रमाण समान गोपुच्छ प्राप्त होते हैं।

अब गोपुच्छविशेषोंके भी लानेके लिये क्रिया करते हैं। वह इस प्रकार है— रूप अधिक गुणहानिको रूप अधिक दीपशिखासे गुणित कर पुनः दीपशिखाकी संकलनासे खण्डित कर उनमेंसे रूप अधिक एक खण्डका रूप अधिक दीपशिखासे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भागमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसको उसीमेंसे कम करनेपर शेष रहा विकल प्रक्षेपका भागहार होता है। पुनः इसका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर एक एक रूपके प्रति विकल प्रक्षेपप्रमाण प्राप्त होता है। पुनः इस प्रमाणसे एक दो तीन आदिके क्रमसे प्रक्षेपभागहार मात्र

१ अ-आ-काप्रतिषु ' वड्ढिदेत्ति ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सगलपक्खेवो वड्ढिदो होदि । भागहारमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि चडिदो होदि । एदेण सरूवेण ताव वड्ढावेदव्वं जाव सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तसगलपक्खेवा वड्ढिदा त्ति । ते च केवडिया इदि भणिदे तदणंतरहेट्ठिमगोवुच्छाए जेत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि तेत्तियमेत्ता। तेसिं सगलपक्खेवाणं गवेसणा कीरदे । तं जहा— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागं विरलेदूण सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे चरिमणिसेगो आगच्छदि । पुणो इमादो चरिमणिसेयादो पयदणिसेयो रूवाहियदीवसिहामेत्तगोवुच्छविसेसेहि अहिओ होदि त्ति । पुणो तेसिं पि आगमणे इच्छिज्जमाणे रूवाहियदीवसिहाओवट्टिदरूवाहियगुणहाणिं हेट्ठा विरलिय उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि इच्छिदविसेसा पावेंति । पुणो ते उवरि दादूण समकरणे कीरमाणे परिहीणरूवाणमागमणं वुच्चदे । तं जहा— रूवाहियहेट्ठिमविरलणमेत्तद्धाणं गंतूण जदि एगरूवपरिहाणी लब्भदि तो उवरिमविरलणमेत्तद्धाणम्मि किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए परिहीणरूवाणि आगच्छंति । ताणि उवरिमविरलणम्मि अवणिय तेण सगलपक्खेवे भागे हिदे पयदगोवुच्छाए विगलपक्खेवो आगच्छदि। पुणो एदेण पमाणेण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तउवरिमविरलणरूवधरिदसगल-

---

विकल प्रक्षेपोंके बढ़नेपर एक सकल प्रक्षेप बढ़ता है। भागहार मात्र योगस्थान ऊपर चढ़ता है। इस रीतिसे श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेपोंके बढ़ने तक बढ़ाना चाहिये।

शंका— वे कितने हैं ?

समाधान— ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि वे उसके अनन्तर अधस्तन गोपुच्छमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र हैं।

उन सकल प्रक्षेपोंकी गवेषणा की जाती है। वह इस प्रकारसे— अंगुलके असंख्यातवें भागका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर अन्तिम निषेक आता है। पुनः इस अन्तिम निषेकसे प्रकृत निषेक एक अधिक दीपशिखा मात्र गोपुच्छविशेषोंसे अधिक होता है। पुनः उनके भी लानेकी इच्छासे रूप अधिक दीपशिखासे अपवर्तित रूपाधिक गुणहानिको नीचे विरलित कर ऊपरकी एक रूपधरित राशिको समखण्ड करके देनेपर रूपके प्रति इच्छित विशेष प्राप्त होते हैं। फिर उनको ऊपर देकर समीकरण करते हुए परिहीन रूपोंके लानेकी विधि कहते हैं। वह इस प्रकार है— रूप अधिक अधस्तन विरलन मात्र अध्वान जाकर यदि एक रूपकी हानि पायी जाती है तो उपरिम विरलन मात्र अध्वानमें कितनी हानि पायी जायगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर परिहीन रूप आते हैं। उनको उपरिम विरलनमेंसे कम करके जो शेष रहे उसका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर प्रकृत गोपुच्छका विकल प्रक्षेप आता है। फिर इस प्रमाणसे श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्खेवेसु अवणिय पुध ट्ठवेदव्वं। पुणो एदे पुधट्ठविदविगलपक्खेवे सगलपक्खेवपमाणेण कस्सामो। तं जहा— किंचूणअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवाणं जदि एगो सगलपक्खेवो लब्भदि तो सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तविगलपक्खेवेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ता सगलपक्खेवा पयदगोवुच्छाए लद्धा होंति। एत्तियमेत्तसगलपक्खेवे वड्ढिदे[1] चडिदजोगट्ठाणं वुच्चदे। तं जहा— एगसगलपक्खेवस्स जदि रूवाहियदीवसिहाए ओवट्टिय किंचूणीकदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि लब्भंति तो सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तसगलपक्खेवेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तसगलपक्खेवभागहारस्स[2] असंखेज्जदिभागमेत्तं जोगट्ठाणद्धाणं लद्धं होदि। जत्थ जत्थ सगलपक्खेवभागहारो त्ति वुच्चदि तत्थ तत्थ जहण्णाउअबंधगद्धाए गुणिदघोलमाणजहण्णजोगपक्खेवभागहारो घेत्तव्वो। संपहि पुव्विल्लजोगट्ठाणद्धाणादो संपहियजोगट्ठाणद्धाणं किंचूणं होदि, पुव्विल्लविगलपक्खेवभागहारादो संपधियविगलपक्खेवभागहारस्स किंचूणत्तुवलंभादो। पुणो एत्तियमेत्त-

---

उपरिम विरलन रूपोंपर रखे हुए सकल प्रक्षेपोंमेंसे कम कर पृथक् स्थापित करना चाहिये। पुनः इन पृथक् स्थापित विकल प्रक्षेपोंको सकल प्रक्षेपोंके प्रमाणसे करते हैं। यथा— कुछ कम अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें यदि एक सकल प्रक्षेप प्राप्त होता है तो जगश्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र विकल प्रक्षेपोंमें कितने सकल प्रक्षेप प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाके अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेप प्रकृत गोपुच्छमें प्राप्त होते हैं। इतने मात्र सकल प्रक्षेपोंके बढ़नेपर चढित योगस्थान नहीं कहा जाता है। वह इस प्रकारसे— यदि एक सकल प्रक्षेपमें रूपाधिक दीपशिखासे अपवर्तित कर कुछ कम किये गये अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थान प्राप्त होते हैं तो श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेपोंमें कितने योगस्थान प्राप्त होंगे, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल-प्रक्षेप-भागहारके असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थानाध्वान प्राप्त होता है। जहां जहां 'सकल-प्रक्षेप-भागहार' ऐसा कहा जावे वहां वहां जघन्य आयुबन्धककालसे गुणित घोलमान जीवके जघन्य योग सम्बन्धी प्रक्षेप भागहारको ग्रहण करना चाहिये। अब पूर्वोक्त योगस्थानाध्वानसे इस समयका योगस्थानाध्वान कुछ कम होता है, क्योंकि, पूर्वोक्त विकल प्रक्षेपके भागहारसे इस समयका विकल-प्रक्षेप-भागहार कुछ कम पाया जाता है। पुनः इतने मात्र योगस्थानोंमें अन्तिम योगस्थान स्वरूपसे एक समयमें

---

१ ताप्रतौ 'वड्ढिदेण' इति पाठः। २ प्रतिषु '-भागमेत्ता सगलपक्खेवाभागहारस्स' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोगट्ठाणाणं[1] चरिमजोगट्ठाणेण एगसमएण परिणमिय बंधिदूण रूवाहियदीवसिहाए ट्ठिद-दव्वेण जहण्णजोगेण जहण्णबंधगद्धाए च बंधिदूण दुरूवाहियदीवसिहाए ट्ठिददव्वं सरिसं होदि[2]। एदेण कमेण हेट्ठिम-हेट्ठिमगोवुच्छाणं[3] विगलपक्खेवबंधणविहाणं जोगट्ठाण-द्धाणविहाणं च जाणिदूण ओदारेदव्वं जाव दुगुणदीवसिहामेत्तद्धाणमोदिण्णे त्ति। पुणो तत्थ ठाइदूण[4] परमाणुत्तरादिकमेण एगविगलपक्खेवो वड्ढावेदव्वो।

एत्थ विगलपक्खेवभागहारो वुच्चदे। तं जहा — चरिमणिसेगभागहारमंगुलस्स असंखेज्जदिभागं दुगुणदीवसिहाए ओवट्टिय लद्धं विरलेदूण एगसगलपक्खेवं समखंडं करिय दिण्णे रूवं पडि दुगुणदीवसिहामेत्तसमाणगोवुच्छाओ पावेंति। पुणो रूवूणोदिण्ण-द्धाणसंकलणमेत्तगोवुच्छविसेसाणमागमणमिच्छामो त्ति रूवाहियगुणहाणिं दुगुणदीवसिहाए गुणिय दुगुणरूवूणदीवसिहाए संकलणाए खंडेदूण तत्थ रूवाहियएगखंडेण दुगुणदीव-सिहाए ओवट्टिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे भागलद्धं तत्थेव सोहिदे विगल-पक्खेवभागहारो होदि। एदेण सगलपक्खेवे भागे हिदे विगलपक्खेवो आगच्छदि।

परिणमन कर आयुको बांध रूपाधिक दीपशिखामें स्थित द्रव्यसे, जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे आयुको बांधकर दो रूपोंसे अधिक दीपशिखामें स्थित द्रव्य, सदृश होता है। इस क्रमसे अधस्तन अधस्तन गोपुच्छोंके विकल प्रक्षेप सम्बन्धी बन्धनविधान और योगस्थानाध्वानविधानको जानकर दुगुणित दीपशिखा मात्र अध्वान उतरने तक उतारना चाहिये। फिर वहां ठहर कर एक परमाणु अधिक क्रमसे एक विकल प्रक्षेपको बढ़ाना चाहिये।

यहां विकल प्रक्षेपका भागहार कहा जाता है। वह इस प्रकार है— अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र अन्तिम निषेकके भागहारको द्विगुणित दीपशिखासे अपवर्तित कर लब्धका विरलन करके एक सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर रूपके प्रति द्विगुणित दीपशिखा प्रमाण समान गोपुच्छ प्राप्त होते हैं। पुनः रूप कम अवतीर्ण अध्वानके संकलन मात्र गोपुच्छविशेषोंके लानेकी इच्छा कर रूपाधिक गुणहानिको द्विगुणित दीपशिखासे गुणित कर रूप कम द्विगुणित दीप-शिखाके संकलनसे खण्डित कर उसमें रूपाधिक एक खण्डका द्विगुणित दीपशिखासे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भागमें भाग देनेपर जो प्राप्त हो उसे उसीमेंसे कम करनेपर विकल प्रक्षेपका भागहार होता है। इसका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर विकल प्रक्षेप आता है। इतना मात्र बढ़कर स्थित हुआ जीव, तथा उत्तरोत्तर प्रक्षेप अधिक

---

१ अ-काप्रत्योः 'जोगद्धाणाणं' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'दुरूवाहिय' इति पाठः। ३ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु 'हेट्ठिमगोवुच्छाणं' इति पाठः। ४ अप्रतौ 'हाइदूण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्तियमेत्तं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, पक्खेवुत्तरजोगेण एगसमयं बंधिदूण आगदो च, सरिसा। एवं विगलपक्खेवभागहारमेत्तविगलपक्खेवेसु वड्ढिदेसु पुणो एगो सगलपक्खेवो वड्ढदि। भागहारमेत्तजोगट्ठाणाणि उवरि चडिदूण एगसमएण बंधिय अहियारट्ठिदीए ट्ठिददव्वं सरिसं होदि। एवं रूवाहियकमेण दुगुणदीवसिहाए हेट्ठिमगोवुच्छाए जत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि तत्तियमेत्ता सगलपक्खेवा वड्ढावेदव्वा।

संपहि हेट्ठिमगोवुच्छाए सगलपक्खेवाणं गवेसणा कीरदे। तं जहा— अंगुलस्स असंखेज्जदिभागं विरलिय सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे रूवं पडि एगेगचरिमणिसेगो पावदि। पुणो एदम्हादो पयदगोवुच्छा दुगुणदीवसिहामेत्तगोवुच्छाविसेसेहि अहिया होदि त्ति रूवाहियगुणहाणिं दुगुणदीवसिहाए खंडिय तत्थ एगखंडेण रूवाहिएण उवरिमविरलणमोवट्टिय लद्धं तम्हि चेव सोहिय सुद्धसेसेण सगलपक्खेवे भागे हिदे विगलपक्खेवो आगच्छदि। पुणो एदेण पमाणेण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तसगलपक्खेवेहिंतो अवणिय विगलपक्खेवभागहारेण सगलपक्खेवभागहारे भागे हिदे लद्धमेत्ता सगलपक्खेवा पयदगोवुच्छाए होंति।

एत्थ जोगट्ठाणद्धाणं पि जाणिदूण भाणिदव्वं। पुणो सेसअधिकारगोवुच्छाणं पि

योगसे एक समयमें आयुको बांधकर आया हुआ जीव, दोनों समान हैं। इस प्रकार विकल-प्रक्षेप-भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंके बढ़नेपर फिर एक सकल प्रक्षेप बढ़ता है। भागहार प्रमाण योगस्थान ऊपर चढ़कर एक समयमें आयुको बांध करके अधिकार स्थितिमें स्थित द्रव्य सदृश होता है। इस प्रकार रूप अधिक क्रमसे द्विगुणित दीपशिखाके अधस्तन गोपुच्छमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र सकल प्रक्षेप बढ़ाना चाहिये।

अब अधस्तन गोपुच्छके सकल प्रक्षेपोंकी गवेषणा की जाती है। वह इस प्रकार है— अंगुलके असंख्यातवें भागका विरलन कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर रूपके प्रति एक एक अन्तिम निषेक प्राप्त होता है। इससे प्रकृत गोपुच्छ चूंकि द्विगुणित दीपशिखा मात्र गोपुच्छविशेषोंसे अधिक है, अतः रूप अधिक गुणहानिको द्विगुणित दीपशिखासे खण्डित कर उसमें रूपाधिक एक खण्डसे उपरिम विरलनको अपवर्तित कर जो लब्ध हो उसे उसीमेंसे कम करके शेषका प्रक्षेपमें भाग देनेपर विकल प्रक्षेप आता है। पुनः इस प्रमाणसे श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र सकल प्रक्षेपोंमेंसे कम करके विकल प्रक्षेपके भागहारका सकल प्रक्षेपके भागहारमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र सकल प्रक्षेप प्रकृत गोपुच्छमें होते हैं।

यहां योगस्थानाध्वानको भी जानकर कहना चाहिये। पुनः शेष अधिकार गोपुच्छों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सयल-वियलपक्खेववंधणविहाणं जोगट्ठाणद्धाणपमाणं च जाणिदूण ओदोरेदव्वं जाव अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तो विगलपक्खेवभागहारो हायमाणो पलिदोवमपमाणं पत्तो त्ति ।

संपहि केत्तियमद्धाणमोदिण्णे पलिदोवमं भागहारो होदि त्ति वुत्ते वुच्चदे । तं जहा— आउट्ठिवड्ढकम्मट्ठिदिपलिदोवमसलागाहि तेत्तीससागरोवमाणं णाणागुणहाणिसलागाओ खंडिय तत्थेगखंडेण तेत्तीससागरोवमणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासिम्हि भागे हिदे लद्धं किंचूणमद्धाणं ओदरिय ट्ठिदस्स तदित्थविगलपक्खेवभागहारो पलिदोवमं होदि । पुणो एत्तो ओदिण्णद्धाणादो दुगुणमोदिण्णे पलिदोवमस्स अद्धं[2] भागहारो होदि, तिगुणमोदिण्णे तिभागो होदि । एदेण सरूवेण जहण्णपरित्तासंखेज्जगुणमेत्तद्धाणे ओदिण्णे पलिदोवमं जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदूण एगखंडं तदित्थभागहारो होदि । एत्तो पहुडि हेट्ठा विगलपक्खेवभागहारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो होदूण गच्छदि । एदेण रूवेण ओदारिज्जमाणे केत्तियमद्धाणमोदिण्णस्स सव्वे गोवुच्छविसेसा मिलिदूण एगचरिमगोवुच्छपमाणं होंति त्ति भणिदे पलिदोवमद्धाणादो असंखेज्जगुणमोदिण्णे चरिमणिसेयपमाणं

सम्बन्धी सकल व विकल प्रक्षेपोंके बन्धनविधान तथा योगस्थानाध्वानके प्रमाणको भी जानकर अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र विकल-प्रक्षेप-भागहारके हीन होते हुए पल्योपमप्रमाणको प्राप्त हो जाने तक उतारना चाहिये ।

अब कितना अध्वान उतरनेपर पल्योपम भागहार होता है, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं । वह इस प्रकार है— आयु कर्मकी स्थिति सम्बन्धी डेढ़ पल्योपमकी शलाकाओंसे तेतीस सागरोपमोंकी नानागुणहानिशलाकाओंको खण्डित कर उनमेंसे एक खण्डका तेतीस सागरोपमोंकी नानागुणहानि सम्बन्धी शलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उससे कुछ कम अध्वान उतर कर स्थित हुए जीवके यहांका विकल प्रक्षेपभागहार पल्योपम प्रमाण होता है । फिर इस अवतीर्ण अध्वानसे दुगुणा अध्वान उतरनेपर पल्योपमके अर्ध भाग प्रमाण भागहार होता है । पूर्वोक्त अध्वानसे तिगुणा उतरनेपर पल्योपमके तृतीय भाग प्रमाण भागहार होता है । इस स्वरूपसे जघन्य परीतासंख्यातगुणा मात्र अध्वान उतरनेपर पल्योपमको जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड प्रमाण वहांका भागहार होता है । यहांसे लेकर नीचे विकल-प्रक्षेप-भागहार पल्योपमका असंख्यातवां भाग होकर जाता है । इस रूपसे उतारते हुए कितना अध्वान उतरनेपर सब गोपुच्छविशेष मिलकर एक अन्तिम गोवुच्छ प्रमाण होते हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि पल्योपम प्रमाण अध्वानसे असंख्यातगुणा उतरनेपर सब गोपुच्छविशेष अन्तिम निषेक

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु 'गोवुच्छाणं सयल-' इति पाठः । २ ताप्रतौ ' पलिदोवमस्स असं० अद्धं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होदि । तं जहा— गुणहाणिअद्धवग्गमूलेण गुणहाणिम्हि भागे हिदे भागलद्धं भागहारादो दुगुणं होदि । तं रूवाहियं हेट्ठा ओदिण्णद्धाणं होदि । एत्थतणसव्वगोवुच्छविसेसा मिलिदूण एगचरिमणिसेयपमाणं होंति ।

एत्थ णाणावरणपढमरूवुप्पाइदविहाणं सव्वं चिंतिय वत्तव्वं । चरिमणिसेयभागहारमंगुलस्स असंखेज्जदिभागं हेट्ठा ओदिण्णद्धाणेण रूवाहिएण खंडिदे तत्थेगखंडमेत्तो एत्थतणविगलपक्खेवभागहारो होदि । संपहि रूवूणोदिण्णद्धाणेणं सह तदणंतरहेट्ठिमगोवुच्छाए विगलपक्खेवभागहारे इच्छिज्जमाणे चरिमणिसेगभागहारं अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमप्पणो ओदिण्णद्धाणेण रूवाहिएण खंडिदे तत्थ एगखंडं विरलिय सगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे रूवाहियओदिण्णद्धाणमेत्तचरिमगोवुच्छाओ रूवं पडि पावेंति । संपहि ओदिण्णद्धाणरूवूणमेत्तविसेसाणमागमणमिच्छिय रूवाहियगुणहाणिं रूवाहियओदिण्णद्धाणेण गुणिय विरलेदूण एगरूवधरिदं समखंडं करिय दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स एगेगविसेसपमाणं पावदि । संपहि रूवूणोदिण्णद्धाणमेत्ते गोवुच्छविसेसे[2] इच्छामो त्ति रूवूणोदिण्णद्धाणेण पुव्वविरलण-

---

प्रमाण होते हैं । यथा— गुणहानिके अर्ध भागके वर्गमूलका गुणहानिमें भाग देनेपर भागलब्ध भागहारसे दुगुणा होता है । वह एक अधिक होकर नीचेका अवतीर्ण अध्वान होता है । यहांके सब गोपुच्छविशेष मिलकर एक अन्तिम निषेक प्रमाण होते हैं ।

यहां ज्ञानावरण सम्बन्धी प्रथम अंकसे उत्पादित सब विधानको विचार कर कहना चाहिये । अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण अन्तिम निषेकके भागहारको नीचेके अवतीर्ण रूपाधिक अध्वानसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड प्रमाण यहांका विकल-प्रक्षेप-भागहार होता है । अब रूप कम अवतीर्ण अध्वानके साथ तदनन्तर अधस्तन गोपुच्छके विकल-प्रक्षेप-भागहारकी इच्छा करनेपर अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र अन्तिम निषेकभागहारको रूपाधिक अपने अवतीर्ण अध्वानसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डका विरलन करके सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर रूपके प्रति रूपाधिक अवतीर्ण अध्वान मात्र अन्तिम गोपुच्छ पाये जाते हैं । अब अवतीर्ण अध्वानके एक अंकसे हीन मात्र विशेषोंके लानेकी इच्छा कर रूपाधिक गुणहानिको रूपाधिक अवतीर्ण अध्वानसे गुणित कर विरलित करके एक रूपधरितको समखण्ड करके देनेपर एक एक रूपके प्रति एक एक विशेषका प्रमाण प्राप्त होता है । अब चूंकि रूप कम अवतीर्ण अध्वान मात्र गोपुच्छविशेषोंका लाना इष्ट है अत एव रूप कम अवतीर्ण अध्वानसे पूर्व विरलन राशिको अपवर्तित करनेपर जो लब्ध हो उसमें एक रूप

---

१ प्रतिषु ' रूवुप्पण्णद्धाणेण ' इति पाठः । २ अप्रतौ '-मेत्ते गोवुच्छविसेस-', आ-काप्रत्योः ' मेत्तगोवुच्छ-विसेस- ' ताप्रतौ ' मेत्तगोवुच्छविसेसं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओवट्टिय लद्धेण रूवाहिएण रूवाहियओदिण्णद्धाणोवट्टिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागे[1] भागे हिदे भागलद्धं तम्हि चेव सोहिदे सुद्धसेसो तदित्थविगलपक्खेवभागहारो होदि। एवं जाणिदूण ओदारेदव्वं जाव चरिमगुणहाणिमेत्तमोदिण्णो त्ति। पुणो तत्थ तेत्तीससागरोवमणाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासी रूवूणो विगलपक्खेवभागहारो होदि। चरिमगुणहाणिदव्वे चरिमणिसेगपभाणेण कदे किंचूणदिवड्ढगुणहाणिमेत्तचरिमणिसेया होंति। पुणो तेहि चरिमणिसेयभागहारे अंगुलस्स असंखेज्जदिभागे ओवट्टिदे गुणगार-भागहार-दिवड्ढगुणहाणीओ समाओ त्ति अवणिदासु रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिस्सेव अवट्ठाणादो। पुणो चरिमगुणहाणिपढमसमए ट्ठाइदूण परमाणुत्तरादिकमेण एगविगलपक्खेवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो पक्खेवुत्तरजोगेण बंधिदूणागदो च, सरिसा। एदेण कमेण रूवूणण्णोण्णब्भत्थरासिमेत्तविगलपक्खेवेसु पविट्ठेसु एगो सगलपक्खेवो पविट्ठो होदि। विगलपक्खेवभागहारमेत्ताणि चेव जोगट्ठाणाणि उवरि चडिदो होदि। एदेण कमेण ताव वड्ढावेदव्वं जाव दुचरिमगुणहाणिचरिमणिसेगो वड्ढिदो त्ति।

संपहि दुचरिमगुणहाणिचरिमणिसेगसगलपक्खेवाणं गवेसणा कीरदे। तं जहा —

मिलाकर रूपाधिक अवतीर्ण अध्वानसे अपवर्तित अंगुलके असंख्यातवें भागमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उसे उसीमेंसे कम करनेपर शुद्धशेष वहांके विकल प्रक्षेपका भागहार होता है। इस प्रकार जानकर अन्तिम गुणहानि मात्र उतरने तक उतारना चाहिये। परन्तु वहां तेतीस सागरोपमोंकी नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन कर दुगुणा करके परस्परमें गुणित करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसमेंसे एक कम करनेपर विकल-प्रक्षेप-भागहार होता है। अन्तिम गुणहानिके द्रव्यको अन्तिम निषेकके प्रमाणसे करनेपर कुछ कम डेढ़ गुणहानि मात्र अन्तिम निषेक होते हैं। फिर उनसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र अन्तिम निषेकके भागहारको अपवर्तित करनेपर गुणकार, भागहार व डेढ़ गुणहानियां समान होती हैं, क्योंकि, उनको कम करनेपर एक कम अन्योन्याभ्यस्त राशि ही अवस्थित रहती है। पुनः अन्तिम गुणहानिके प्रथम समयमें स्थित होकर एक परमाणु अधिक इत्यादि क्रमसे एक विकल प्रक्षेपको बढ़ाकर स्थित हुआ, तथा प्रक्षेप अधिक योगके क्रमसे बांधकर आया हुआ दूसरा एक जीव, ये दोनों जीव सदृश हैं। इस क्रमसे रूप कम अन्योन्याभ्यस्त राशि मात्र विकल प्रक्षेपोंके प्रविष्ट हो जानेपर एक सकल प्रक्षेप प्रविष्ट होता है। विकल प्रक्षेपके भागहार प्रमाण ही योगस्थान ऊपर चढ़ता है। इस क्रमसे द्विचरम गुणहानि सम्बन्धी अन्तिम निषेकके बढ़ने तक बढ़ाना चाहिये।

स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं। पूर्व द्रव्यको छोड़कर और इस कदलीघात द्रव्यको ग्रहण करके बन्धककाल व योगका आश्रय करके बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़ाते समय द्रव्यके अनन्तभागवृद्धि असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुण-वृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धि, ये पांच वृद्धियां होती हैं। किन्तु योगके असंख्यात-भागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणवृद्धि, ये चार ही वृद्धियां होती हैं। बन्धककालके असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि और संख्यात-गुणवृद्धि, ये तीन वृद्धियां होती हैं।

शंका — वह कैसे बढ़ाया जाता है ?

समाधान — इसका उत्तर कहते हैं—अब यहां द्रव्यके ऊपर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप बढ़ाना चाहिये।

शंका — यहां विकल प्रक्षेपका भागहार क्या होता है ?

समाधान — उसका भागहार एक रूप और एक रूपका संख्यातवां भाग होता है। यथा— कुछ कम पूर्वकोटिका विरलन करके एक सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर प्रथम निषेकका प्रमाण प्राप्त होता है। फिर कदलीघातके अधस्तन समयसे लेकर प्रथम समय तकके अन्तर्मुहूर्त कालसे पूर्वोक्त भागहारको अपवर्तित करके विरलित कर सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्रथम निषेक प्राप्त होते हैं। फिर नीचे निषेकभागहारको पूर्वोक्त अन्तर्मुहूर्तसे गुणित कर फिर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुहुत्तसंकलणाए खंडिदं विरलिय उवरिमएगरूवधरिदपमाणं समखंडं करिय दादूण उवरिमरूवधरिदेसु सव्वत्थ अवणिदे पगदिसरूवेण गलिददव्वमवसिट्ठं होदि। पुणो अवणिददव्वं पि तप्पमाणेण कादूण भागहारो वड्ढावेदव्वो। तेसिं पक्खेवरूवाणमाणयणं वुच्चदे। तं जहा— रूवूणहेट्ठिमविरलणमेत्तेसु जदि एगा पक्खेवसलागा लब्भदि तो उवरिमविरलणसंखेज्जरूवेसु किं लभामो त्ति पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए लद्धमेगरूवस्स असंखेज्जदिभागो। तं उवरिमविरलणसंखेज्जरूवेसु पक्खिविय तेण सगलपक्खेवे भागे हिदे पगदिसरूवेण णट्ठदव्वं[1] होदि। एदं[2] पुध ट्ठविय पुणो विगिदिसरूवेण गलिददव्वं भणिस्सामो। तं जहा— संखेज्जरूवेहि ओवट्टिदपुव्वकोडिम्हि[3] अंतोमुहुत्तूणणिसेगभागहारेण संखेज्जरूवगुणिदेण अंतोमुहुत्तादिउत्तरसंखेज्जरूवगच्छसंकलणोवट्टिदेण रूवूणेण संखेज्जरूवोवट्टिदपुव्वकोडिं खंडिय तत्थेगखंडे पक्खित्ते पढमविगिदिगोवुच्छभागहारो होदि। पुणो एदं रूवूणजहण्णाउअबंधगद्धाए ओवट्टिय विरलेदूण एगसगलपक्खेवं समखंडं कादूण दिण्णे

उसे एक कम अन्तर्मुहूर्तकी संकलनासे खण्डित कर लब्धका विरलन करके उपरिम विरलन राशिके एक अंकके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देकर सर्वत्र उपरिम विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त राशियोंमेंसे कम करनेपर शेष रहा प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्य होता है। फिर घटाये गये द्रव्यको भी उसके प्रमाणसे करके भागहारको बढ़ाना चाहिये।

उन प्रक्षेप अंकोंके लानेके विधानको कहते हैं। यथा — एक रूप कम अधस्तन विरलन मात्र रूपोंमें यदि एक प्रक्षेपशलाका पायी जाती है तो उपरिम विरलनके संख्यात रूपोंमें कितनी प्रक्षेपशलाकायें प्राप्त होंगी, इस प्रकार प्रमाणसे फलगुणित इच्छाको अपवर्तित करनेपर एक रूपका असंख्यातवां भाग लब्ध होता है। उसको उपरिम विरलनके संख्यात रूपोंमें मिलाकर उसका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर लब्ध प्रकृति स्वरूपसे नष्ट द्रव्य होता है। इसको पृथक् स्थापित कर फिर विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यका कथन करते हैं। वह इस प्रकार है—

संख्यात रूपोंसे अपवर्तित पूर्वकोटिमें, संख्यात रूपोंसे गुणित व अन्तर्मुहूर्त आदि उत्तर संख्यात रूप गच्छसंकलनासे अपवर्तित ऐसे अन्तर्मुहूर्त कम निषेकभागहारमेंसे एक कम करनेपर जो शेष रहे उसका संख्यात रूपोंसे अपवर्तित पूर्वकोटिमें भाग देकर जो एक भाग प्राप्त हो, उसको मिला देनेपर प्रथम विकृतिगोपुच्छका भागहार होता है। फिर इसको रूप कम जघन्य आयुके बन्धककालसे अपवर्तित करके विरलित कर एक सकल प्रक्षेपको समखण्ड करके देनेपर विरलन अंकके प्रति एक रूप

१ प्रतिषु 'सरूवेणट्ठदव्वं' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'एवं' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'पुव्वकोडीहि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरलणरूवं पडि रूवूणबंधगद्धामेत्ताओ पढमविगिदिगोवुच्छाओ पावेंति। पुणो अधिग-विसेसा जहा णस्सिदूण आगच्छंति तहा वत्तइस्सामो। तं जहा— अंतोमुहुत्तूणणिसेगभाग-हारं संखेज्जरूवगुणिदं पुणो अवणिदसंखेज्जपुव्वकोडिं[1] रूवूणाउअबंधगद्धागुणिदं हेट्ठा विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे एगेगविसेसो पावदि। पुणो संखेज्जादि-संखेज्जुत्तरदुरूवूणाउअबंधगद्धासंकलणाए ओवट्टिय विरलेदूण उवरिमेगरूवधरिदं समखंडं कादूण दिण्णे इच्छिदविसेसा पावेंति। पुणो रूवूणहेट्ठिमविरलणाए उवरिमविरलणसंखेज्ज-रूवाणि खंडिदूण लद्धं तत्थेव पक्खिविय तेहि एगसगलपक्खेवे भागे हिदे विगिदिसरूवेण गलिददव्वमागच्छदि। पुणो पगदिसरूवेण गलिददव्वस्स विगिदिसरूवेण गलिददव्वेण सह आगमणमिच्छामो त्ति पगदिसरूवेण गलिददव्वेण विगिदिसरूवेण गलिददव्वम्मि भागे हिदे संखेज्जरूवाणि लब्भंति। पुणो तेहि रूवाहिएहि विगिदिभागहारमोवट्टिय लद्धं तम्हि चेव अवणिदे पगदि-विगिदिसरूवेण गलिददव्वभागहारो होदि। पुणो एदेण सगलपक्खेवे भागे हिदे पगदि-विगिदिसरूवेण गलिददव्वं होदि। एदम्मि रूवूणभागहारेण गुणिदे विगल-

कम बन्धककाल मात्र प्रथम विकृतिगोपुच्छायें प्राप्त होती हैं। अब अधिक विशेष जिस प्रकार नष्ट होकर आते हैं वैसा कथन करते हैं। यथा— अन्तर्मुहूर्त कम निषेकभागहारको संख्यात रूपोंसे गुणित कर फिर संख्यात पूर्वकोटियोंका अपनयन करके शेषको एक कम आयुबन्धककालसे गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उसका नीचे विरलन करके उपरिम एक रूपके प्रति प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर एक एक विशेष प्राप्त होता है। फिर संख्यातको आदि लेकर संख्यात उत्तर दो रूपोंसे कम आयुबन्धक-कालकी संकलनासे अपवर्तित करके विरलित कर उपरिम विरलनके एक अंकके प्राप्त राशिको समखण्ड करके देनेपर इच्छित विशेष प्राप्त होते हैं। फिर रूप कम अधस्तन विरलन द्वारा उपरिम विरलनके संख्यात रूपोंको खण्डित कर लब्धको उसीमें मिलाकर उनका एक सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण हुआ द्रव्य आता है।

अब चूंकि विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यके साथ प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यका लाना अभीष्ट है, अतः प्रकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यका विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यमें भाग देनेपर संख्यात रूप प्राप्त होते हैं। फिर एक रूपसे अधिक उनके द्वारा विकृतिभागहारको अपवर्तित कर लब्धको उसीमेंसे कम करनेपर प्रकृति व विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यका भागहार होता है। फिर इसका सकल प्रक्षेपमें भाग देनेपर प्रकृति व विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्य होता है। इसको रूप कम भागहारसे गुणित करनेपर विकल प्रक्षेप होता है। इसलिये विकल

१ प्रतिषु ' पुव्वकोडि- ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पक्खेवो होदि । तेण विगलपक्खेवभागहारो एगरूवमेगरूवस्स संखेज्जदिभागो च होदि त्ति भणिदं । एवंविहमेगविगलपक्खेवं दोहि वड्ढीहि वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो तिरिक्खाउअं बंधमाणो समऊणबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमयं पक्खेवुत्तरजोगेण बंधिदूणागदो च, सरिसा । पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण परमाणुत्तरादिकमेण दोहि वड्ढीहि एगविगलपक्खेवो वड्ढावेदव्वो । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो समऊणजहण्णबंधगद्धाए जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमयं दुपक्खेवुत्तरजोगेण बंधिदूणागदो च, सरिसा । एदेण कमेण विगलपक्खेवभागहारमेत्तविगलपक्खेवेसु वड्ढिदेसु रूवूणभागहारमेत्तसयलपक्खेवा वड्ढंति । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय पुणो कदलीघादं कादूण समऊणजहण्णबंधगद्धाए णिरयाउअं जहण्णजोगेण बंधिय पुणो एगसमयं रूवूणभागहारमेत्तजोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण बंधिदूण ट्ठिदो च, सरिसा । पुणो एदं घेत्तूण तिरिक्खाउअदव्वस्सुवरि भागहारमेत्तो विगलपक्खेवा वड्ढावेदव्वा । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, पुणो णिरयाउअं बंधमाणो पुव्विल्लजोगस्सुवरि एगसमयं रूवूणभागहार-

प्रक्षेपका भागहार एक रूप और एक रूपका संख्यातवां भाग होता है, ऐसा कहा गया है ।

इस प्रकारके विकल प्रक्षेपको दो वृद्धियों द्वारा बढ़ाकर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव तिर्यंच आयुको बांधता हुआ एक समय कम बन्धककाल और जघन्य योगसे बांधकर पुनः एक समयमें एक प्रक्षेप अधिक योगसे बांधकर आया हुआ, दोनों सदृश हैं ।

अब पूर्वको छोड़कर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे दो वृद्धियों द्वारा एक विकल प्रक्षेपको बढ़ाना चाहिये । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव समय कम जघन्य बन्धककाल व जघन्य योगसे आयुको बांधकर फिर एक समयमें दो प्रक्षेपोंसे अधिक योगसे बांधकर आया हुआ, ये दोनों सदृश हैं ।

इस क्रमसे विकल-प्रक्षेप-भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंकी वृद्धि हो जानेपर रूप कम भागहार मात्र सकल प्रक्षेप बढ़ते हैं । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांध कर फिर कदलीघात करके एक समय कम जघन्य बन्धककाल व जघन्य योगसे नारक आयुको बांधकर फिर एक समयमें रूप कम भागहार मात्र योगस्थानोंमें अन्तिम योगस्थानसे आयुको बांधकर स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं ।

अब इसको ग्रहण करके तिर्यंच आयुके द्रव्यके ऊपर भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंको बढ़ाना चाहिये । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा नारक आयुको

१ आ-काप्रत्योः ' मेत्ताणि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेत्तजोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण बंधिदूण ट्ठिदो च, सरिसा। पुणो एदेण कमेण तिरिक्खाउअदव्वस्सुवरि भागहारमेत्ता विगलपक्खेवा वड्ढावेदव्वा। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय पुणो णिरयाउअं बंधमाणो एगसमयं पुव्विल्लजोगट्ठाणादो रूवूणभागहारमेत्तजोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण बंधिदूण ट्ठिदो च, सरिसा। एवं कमेण वड्ढावेदव्वं जाव जहण्णजोगट्ठाणपक्खेवभागहारम्मि जेत्तिया सगलपक्खेवा अत्थि तेत्तियमेत्ता[1] वड्ढिदा त्ति। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, पुणो अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय पुणो जलचरेसुप्पज्जिय समऊणजहण्ण-बंधगद्धाए जहण्णजोगेण णिरयाउअं बंधिय पुणो दोसमयं जहण्णजोगेण चेव बंधिदूण ट्ठिदो च, सरिसा।

संपहि इमं घेत्तूण तिरिक्खाउअजहण्णदव्वस्सुवरि परमाणुत्तरादिकमेण भागहारमेत्त-विगलपक्खेवा वड्ढावेदव्वा। एवं कदे रूवूणभागहारमेत्ता सगलपक्खेवा वड्ढिदा होंति। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि[2] तिरिक्खाउअं बंधिय

बांधता हुआ पूर्व योगके ऊपर एक समयमें रूप कम भागहार मात्र योगस्थानोंमें अन्तिम योगस्थानसे बांधकर स्थित हुआ, दोनों सदृश हैं।

अब इस क्रमसे तिर्यंच आयुके द्रव्यके ऊपर भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंको बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर फिर नारक आयुको बांधता हुआ एक समयमें पूर्व योगस्थानसे रूप कम भागहार मात्र योगस्थानोंमें अन्तिम योगस्थानसे बांधकर स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं।

इस प्रकार क्रमसे जघन्य योगस्थानप्रक्षेपभागहारमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र बढ़ जाने तक बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर फिर जलचरोंमें उत्पन्न होकर एक समय कम जघन्य बन्धककालमें जघन्य योगसे नारक आयुको बांधकर फिर दो समयमें जघन्य योगसे ही बांधकर स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं।

अब इसको ग्रहण कर तिर्यंच आयुके जघन्य द्रव्यके ऊपर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे भागहार प्रमाण विकल प्रक्षेपोंको बढ़ाना चाहिये। ऐसा करनेपर रूप कम भागहार प्रमाण सकल प्रक्षेप बढ़ जाते हैं। इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'तत्तियमेत्ता' इति पाठः। २ प्रतिषु 'अण्णेगो जहण्णबंधगद्धाहि' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं कादूण जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय पुणो एगसमयं जहण्णजोगस्सुवरि रूवूणभागहारमेत्ताणं जोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणेण बंधिदूण ट्ठिदो च, सरिसा। पुणो इमं घेत्तूण पुव्वविहाणेण वड्ढाविय सरिसं करिय तत्थ पच्छिल्लजीवदव्वं घेत्तूण पुणो वि वड्ढावेदव्वं। एवं णेदव्वं जाव सो एगो समओ दुगुणजोगं पत्तो त्ति। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो जहण्णजोग जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय पुणो एगसमयं दुगुणजोगेण बंधिय ट्ठिदो च, अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय जलचरेसु उप्पज्जिय पुणो दुसमयाहियजहण्णबंधगद्धाए जहण्णजोगेण च णिरयाउअं बंधिय ट्ठिदो च, तिण्णि वि सरिसा।

पुणो पुव्वुत्तदोजीवे मोत्तूण इमं घेत्तूण जहण्णजोगं दुगुणजोगं च अस्सिदूण णिरयाउअबंधगद्धा समउत्तरादिकमेण वड्ढावेदव्वा जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जेण खंडिदेगखंडं वड्ढिदं त्ति। एवं वड्ढिदूण ट्ठिदे णिरयाउअजहण्णबंधगद्धाए असंखेज्जभागवड्ढी[2] चेव।

जलचरोंमें उत्पन्न हो कदलीघात करके जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे नारक आयुको बांधकर फिर एक समयमें जघन्य योगके ऊपर रूप कम भागहार मात्र योगस्थानोंमें अन्तिम योगस्थानसे बांधकर स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं।

अब इसको ग्रहण करके पूर्व विधिसे बढ़ाकर सदृश करके उनमें पिछले जीवके द्रव्यको ग्रहण कर फिरसे भी बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार जब तक वह एक समय दुगुने योगको प्राप्त न हो जावे तब तक ले जाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न हो जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे नारक आयुको बांधकर फिर एक समयमें दुगुने योगसे बांधकर स्थित हुआ, तथा अन्य एक जीव जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न हो फिर दो समयोंसे अधिक जघन्य बन्धककाल व जघन्य योगसे नारक आयुको बांधकर स्थित हुआ, ये तीनों ही जीव सदृश हैं।

अब पूर्वोक्त दो जीवोंको छोड़ कर और इसको ग्रहण कर जघन्य योग व दुगुणित योगका आश्रय कर नारक आयुके बन्धककालको एक समय अधिकताके क्रमसे जघन्य परीतासंख्यातसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण वृद्धि हो चुकने तक बढ़ाना चाहिये। इस प्रकार बढ़कर स्थित होनेपर नारक आयुके जघन्य बन्धककालमें असंख्यातभागवृद्धि ही होती है। विशेष इतना है कि कदलीघात द्रव्य,

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' करिय तत्थ पच्छिल्लजीवदव्वं घेत्तूण पुव्वविहाणेण वड्ढाविय सरिसं करिय तत्थ पच्छिल्लं (मप्रतावतोऽग्रे ' जीवदव्वं घेत्तूण ' इत्यधिकः पाठः) पुणो ', ताप्रतौ ' करिय पुव्विल्लजीवदव्वं घेत्तूण पुणो ' इति पाठः।

२ अ-आ-काप्रतिषु ' असंखेज्जदिभागवड्ढी ', ताप्रतौ ' असंखे० भागवड्ढी ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवरि कदलीघादद्दव्वं तब्बंधगद्धा दोण्णं[1] जोगे च जहण्णा चेव । पुणो णिरयाउअजहण्ण-बंधगद्धं उक्कस्ससंखेज्जेण खंडिदूण पुणो तत्थ एगखंडे जहण्णबंधगद्धाए वड्ढिदे संखेज्ज-भागवड्ढीए आदी असंखेज्जभागवड्ढीए परिसमत्ती च जादा[2] । एदेण कमेण बंधगद्धा वड्ढा-वेदव्वा जाव जहण्णादो बंधगद्धादो उक्कस्सिया संखेज्जगुणा जादा त्ति ।

एत्थ चरिमवियप्पो वुच्चदे । तं जहा — जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खा-उअं बंधिय जलचरेसुप्पज्जिय कदलीघादं काऊण जहण्णजोगेण दुसमऊणुक्कस्सबंध-गद्धाए च णिरयाउअं बंधिय पुणो एगसमयं दुगुणजोगेण बंधिय ट्ठिदो च, पुणो अण्णो जीवो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि जलचरेसु आउअं बंधिय पुणो जहण्णजोगेण उक्कस्स-बंधगद्धाए च णिरयाउअं बंधिय ट्ठिदो च, सरिसा । णवरि सव्वत्थ णिरयाउअबंधगद्धा समउत्तरा चेव होदूण वड्ढदि, अट्ठागरिसबंधगद्धादो सत्तागरिसबंधगद्धाए जहण्णियाए वि संखेज्जगुणत्तादो । संपधि णिरयाउअबंधगद्धा उक्कस्सा जादा । णवरि तज्जोगो जहण्णो चेव । इमं घेत्तूण पुव्वविहाणेण परमाणुत्तरादिकमेण दव्वं वड्ढाविय जोगो वड्ढावेदव्वो जाव तप्पाओग्गमसंखेज्जगुणजोगं पत्तो त्ति ।

नारकायुका बन्धककाल और दोनोंके योग जघन्य ही हैं । फिर नारकायुके जघन्य बन्धककालको उत्कृष्ट संख्यातसे खण्डित कर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण जघन्य बन्धककालमें वृद्धि हो चुकनेपर संख्यातभागवृद्धिका प्रारम्भ और असंख्यातभाग-वृद्धिकी समाप्ति होती है । इस क्रमसे उत्कृष्ट कालके जघन्य बन्धककालसे संख्यातगुणे हो जाने तक बन्धककालको बढ़ाना चाहिये ।

यहां अन्तिम विकल्पको कहते हैं । वह इस प्रकार है— जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न हो कदलीघात करके जघन्य योग और दो समय कम उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर फिर एक समयमें दुगुणित योगसे बांधकर स्थित हुआ, तथा दूसरा जीव जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे जलचरोंमें आयुको बांधकर पुनः जघन्य योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर स्थित हुआ, ये दोनों सदृश हैं । विशेषता केवल इतनी है कि सब जगह नारकायुका बन्धककाल एक एक समय अधिक होकर ही बढ़ता है, क्योंकि, आठ अपकर्ष रूप बन्धककालसे सात अपकर्ष रूप बन्धककाल जघन्य भी संख्यातगुणा है । अब नारकायुका बन्धककाल उत्कृष्ट हो जाता है । विशेष इतना है कि उसका योग जघन्य ही है । इसको ग्रहण करके पूर्वोक्त विधिसे एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे द्रव्यको बढ़ाकर तत्प्रायोग्य असंख्यातगुणे योगके प्राप्त होने तक योगको बढ़ाना चाहिये ।

---

१ काप्रतौ ' तब्बंधगद्धामेत्तदोण्णं ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' जादो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सो जोगो किंविधो[1] त्ति भणिदे एगो तिरिक्खाउअं जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि बंधिय कदलीघादं कादूण समऊणुक्कस्सबंधगद्धाए जहण्णजोगेण णिरयाउअं बंधिय पुणो एगसमयं जत्तियमेत्ताणि जोगट्ठाणाणि चडिदुं सक्कदि तत्तियमेत्ताणं जोगट्ठाणाणं चरिमजोगट्ठाणमेत्तं गहिदं । एवं उक्कस्सबंधगद्धाए एगो समओ तप्पाओग्गमसंखेज्जगुणं जोगं पत्तो । जहा एसो एगसमओ[2] तप्पाओग्गमसंखेज्जगुणं जोगं णीदो एवं सेसेगेगसमया वि तप्पाओग्गमसंखेज्जगुणजोगस्स णेदव्वा जावुक्कस्साणिरयाउअबंधगद्धाए सव्वे समया तप्पाओग्गमसंखेज्जगुणं जोगट्ठाणं पत्ता त्ति । एवमणेण विहिणा संखेज्जवारमुक्कस्सबंधगद्धा उवरि उवरि चढाविय णीदे उक्कस्सजोगं पावदि ।

एवं णीदे एत्थ चरिमवियप्पो[4] वुच्चदे । तं जहा— जलचरेसु जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय कदलीघादं कादूण उक्कस्सजोग-उक्कस्सबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधाविदे चरिमवियप्पो होदि । एवं तिरिक्खजलचरआउअदव्वमस्सिदूण णिर-

---

शंका— वह योग किस प्रकारका है ?

समाधान— ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि एक जीव जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर कदलीघात करके एक समय कम उत्कृष्ट बन्धककालमें जघन्य योगसे नारकायुको बांधकर फिर एक समयमें जितने मात्र योगस्थान चढ़ सकता है उतने मात्र योगस्थानों सम्बन्धी अन्तिम योगस्थान मात्र यहां ग्रहण किया गया है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट बन्धककालका एक समय तत्प्रायोग्य असंख्यातगुणे योगको प्राप्त हो जाता है । जिस प्रकार यह एक समय तत्प्रायोग्य असंख्यातगुणित योगको प्राप्त कराया गया है इसी प्रकार शेष एक एक समयोंको भी तत्प्रायोग्य असंख्यातगुणे योगको प्राप्त कराना चाहिये जब तक कि उत्कृष्ट नारकायु सम्बन्धी बन्धककालके सब समय तत्प्रायोग्य असंख्यातगुणे योगस्थानको प्राप्त नहीं हो जाते । इस प्रकार इस विधिसे संख्यात वार ऊपर ऊपर चढ़ाकर ले जानेपर उत्कृष्ट बन्धककाल उत्कृष्ट योगको प्राप्त होता है ।

इस प्रकार ले जानेपर यहां अन्तिम विकल्प कहा जाता है । वह इस प्रकार है— जलचरोंमें जघन्य योग और जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर कदलीघात करके उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बंधानेपर अन्तिम विकल्प होता है । इस प्रकार तिर्यंच जलचरके आयु द्रव्यका आश्रय कर

---

१ प्रतिषु ' किंविद्धो ' इति पाठः । २ अ-आप्रत्योः ' एसो समओ ', का-ताप्रत्योः ' एसो ससमओ ' इति पाठः । ३ मप्रतिपाठोऽयम् । अप्रतौ ' सेसेगेए ', आप्रतौ ' सेसेएग ', काप्रतौ ' सेसेएगेग ', ताप्रतौ ' सेसेगे [ए] ग ' इति पाठः । ४ अ-आप्रत्योः ' वियप्पा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

याउअमप्पणो जहण्णदव्वप्पहुडि जावुक्कस्सदव्वेत्ति ताव परमाणुत्तरादिकमेण णिरंतरं गंतूण उक्कस्सं जादं ।

संपहि जोग-बंधगद्धादिं[1] अस्सिदूण तिरिक्खाउअदव्वं उक्कस्सं कीरदे । तं जहा— जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि जलचरेसु पुव्वकोडाउअं बंधिय कदलीघादं कादूण उक्कस्स-जोगुक्कस्सबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय ट्ठिदस्स भुंजमाणाउअम्मि परमाणुत्तरादिकमेण एगो विगलपक्खेवो वड्ढावेदव्वो । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो पक्खेवुत्तरजोगेण बंधि-दूणागदो च, सरिसा । एवं जाणिदूण वड्ढावेदव्वं जाव जोगो तिरिक्खाउअं बंधगद्धा च उक्कस्सत्तं पत्ताओ त्ति । एवं दो वि आउआणि उक्कस्साणि जादाणि । एवमणंतेहि वियप्पेहि आउअस्स अजहण्णपदपरूवणं कदं ।

आउअस्स एवं वा अजहण्णपदपरूवणा कायव्वा । तं जहा— जाव णेरइयबिदिय-समओ त्ति ताव पुव्वविधाणेण ओदारिय पुणो तम्हि चेव ठविय तीहि वड्ढीहि बंधगद्धं वड्ढाविय चदुहि वड्ढीहि जोगं वड्ढाविय णिरयाउअदव्वं पंचहि वड्ढीहि उक्कस्सं कायव्वं । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदबिदियसमयणेरइयो च, पढमणिसेगेणूणउक्कस्सदव्वं बंधिदूणागदपढम-

---

नारकायु अपने जघन्य द्रव्यको लेकर उत्कृष्ट द्रव्य तक एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे निरन्तर जाकर उत्कृष्ट हो जाता है ।

अब योग व बन्धककाल आदिका आश्रय कर तिर्यंच आयुके द्रव्यको उत्कृष्ट करते हैं । वह इस प्रकारसे—जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे जलचरोंमें पूर्वकोटि प्रमाण आयुको बांधकर कदलीघात करके उत्कृष्ट योग व उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर स्थित जीवकी भुज्यमान आयुमें एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे एक विकल प्रक्षेप बढ़ाना चाहिये । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव प्रक्षेप अधिक योगसे आयुको बांधकर आया हुआ, दोनों सदृश हैं । इस प्रकार जानकर योग, तिर्यगायु व बन्धककालके उत्कृष्टताको प्राप्त होने तक बढ़ाना चाहिये । इस प्रकार दोनों ही आयु उत्कृष्ट हो जाती हैं । इस प्रकार अनन्त विकल्पों द्वारा आयु कर्मके अजघन्य पदकी प्ररूपणा की गई है ।

अथवा, आयु कर्मके अजघन्य पदकी प्ररूपणा इस प्रकार करना चाहिये । यथा—नारकके द्वितीय समय तक पूर्व विधानसे उतार कर और वहां ही स्थापित कर तीन वृद्धियोंसे बन्धककालको बढ़ाकर व चार वृद्धियोंसे योगको बढ़ाकर नारकायुके द्रव्यको पांच वृद्धियों द्वारा उत्कृष्ट करना चाहिये । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ द्वितीय समयवर्ती नारकी, तथा प्रथम निषेकसे हीन उत्कृष्ट द्रव्यको बांधकर आया हुआ प्रथम समयवर्ती नारकी, दोनों सदृश हैं ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' जोगं बंधगादि ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समयणेरइयो च, सरिसा। संपहि पढमणिसेगपरिहाणिणिमित्तं केत्तियाणि जोगट्ठाणाणि ओदारिदो ? पढमणिसेगे जेत्तिया[1] सयलपक्खेवा अत्थि तेत्तियमेत्ताणि[2]।

णारगपढमगोवुच्छाए सयलपक्खेवपमाणं वुच्चदे। तं जहा— आउअबंधगद्धाए दिवड्ढगुणहाणिमोवट्टिय पुणो तप्पाओग्गउक्कस्सजोगट्ठाणभागहारे भागे हिदे लद्धमेत्ता सगलपक्खेवा होंति।

संपहि चरिमसमयतिरिक्खदव्वं बिदियसमयणारगदव्वेण सरिसं कीरदे। तं जहा— णेरइयपढमगोवुच्छाए तिरिक्खचरिमगोवुच्छाए च ऊणं णिरयाउअं बंधिदूण तिरिक्खचरिमसमए ट्ठिदो च, णेरइयबिदियसमए ट्ठिदो च, पुव्विल्लविहिणा णेरइयपढमसमयट्ठिदो च, सरिसा। संपहि पढमसमयणेरइयदव्वस्सुवरि वड्ढाविज्जमाणे पक्खेवुत्तरकमेण सांतरट्ठाणाणि होंति त्ति कट्टु पढमसमयणेरइयं मोत्तूण चरिमसमयतिरिक्खदव्वस्सुवरि परमाणुत्तरादिकमेण पुव्वकोडिमेत्तविगलपक्खेवेसु वड्ढिदेसु एगो सगलपक्खेवो वड्ढदि। आउअबंधगद्धाए ओवट्टिददिवड्ढगुणहाणीए तप्पाओग्गजोगट्ठाणभागहारे भागे हिदे भागलद्धमेत्तेसु सयलपक्खेवेसु

शंका— प्रथम निषेककी हानि निमित्त कितने योगस्थान उतारा गया है ?

समाधान—प्रथम निषेकमें जितने सकल प्रक्षेप हैं उतने मात्र योगस्थान उतारा गया है।

नारक सम्बन्धी प्रथम गोपुच्छमें सकल प्रक्षेपोंका प्रमाण कहा जाता है। वह इस प्रकार है— आयुबन्धककालसे डेढ़ गुणहानिको अपवर्तित कर फिर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट योगस्थानके भागहारमें भाग देनेपर जो लब्ध हो उतने मात्र उसमें सकल प्रक्षेप होते हैं।

अब अन्तिम समय सम्बन्धी तिर्यंचके द्रव्यको द्वितीय समयवर्ती नारकीके द्रव्यके सदृश करते हैं। वह इस प्रकारसे— नारकीकी प्रथम गोपुच्छासे और तिर्यंचकी अन्तिम गोपुच्छासे हीन नारकायुको बांधकर तिर्यंच भवके अन्तिम समयमें स्थित, नारक भवके द्वितीय समयमें स्थित, तथा पूर्वोक्त विधिसे नारक भवके प्रथम समयमें स्थित, ये तीनों सदृश हैं। अब चूंकि प्रथम समय सम्बन्धी नारक द्रव्यके ऊपर बढ़ानेपर प्रक्षेप अधिकताके क्रमसे सान्तर स्थान होते हैं, अत एव प्रथम समयवर्ती नारकीको छोड़कर अन्तिम समय सम्बन्धी तिर्यंचके द्रव्यके ऊपर एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे पूर्वकोटि प्रमाण विकल प्रक्षेपोंके बढ़नेपर एक सकल प्रक्षेप बढ़ता है। आयुबन्धककालसे अपवर्तित डेढ़ गुणहानिका तत्प्रायोग्य योगस्थानके भागहारमें भाग देनेपर जो लब्ध हो

---

१ काप्रतौ ' जत्तिया ' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु ' तत्तियमेत्ताणि ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्खचरिमसमए वड्ढिदेसु णेरइयपढमगोवुच्छा वड्ढिदा होदि । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो उक्कस्सजोगुक्कस्सबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय णेरइयपढमसमए ट्ठिदो च, सरिसा । संपहि तेसिं परभवियाउअं[1] सव्वं परमाणुत्तरादिकमेण णिरंतरं वड्ढिय उक्कस्सं जादं । पुणो णेरइयउक्कस्सपढमगोवुच्छं वड्ढिदूण ट्ठिदचरिमसमयतिरिक्खदव्वस्सुवरि तिरिक्खचरिमजहण्णगोवुच्छमेत्तं वड्ढावेदव्वं । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदचरिमसमयतिरिक्खो च, अण्णेगो जहण्णजोग-जहण्णबंधगद्धाहि तिरिक्खाउअं बंधिय तिरिक्खेसुप्पज्जिय उक्कस्सजोग-उक्कस्सबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय तिरिक्खचरिमसमयट्ठिदो च, सरिसा । पुणो पुव्विल्लं मोत्तूण इमं घेत्तूण तिरिक्खचरिमसमयजहण्णगोवुच्छा परमाणुत्तरादिकमेण वड्ढावेदव्वा जाव चरिमसमयतिरिक्खस्स चरिमगोवुच्छा उक्कस्सा जादेत्ति । पुणो दुचरिमगोवुच्छणिमित्तं सादिरेयदुभागं तिचरिमगोवुच्छणिमित्तं[2] सादिरेयतिभागूणं कद उक्कस्सजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए च आणेदूण वड्ढाविय ओदारेदव्वं जाव पुव्वकोडितिभागबंधगद्धाचरिमसमओ त्ति । पुणो भुंजमाणाउअस्स वड्ढी णत्थि, उक्कस्सजोगुक्कस्सबंधगद्धाहि भुंजमाण-

---

उतने मात्र सकल प्रक्षेपोंकी तिर्यंचके अन्तिम समयमें वृद्धि हो चुकनेपर नारकीकी प्रथम गोपुच्छा वृद्धिंगत होती है । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर नारक भवके प्रथम समयमें स्थित हुआ, दोनों सदृश हैं । अब उनकी समस्त परभविक आयु एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे निरन्तर बढ़कर उत्कृष्ट हो जाती है । फिर नारकीकी उत्कृष्ट प्रथम गोपुच्छा बढ़कर स्थित चरम समय सम्बन्धी तिर्यंच द्रव्यके ऊपर तिर्यंचकी अन्तिम जघन्य गोपुच्छा मात्र बढ़ाना चाहिये । इस प्रकार बढ़कर स्थित चरम समयवर्ती तिर्यंच, तथा दूसरा एक जघन्य योग व जघन्य बन्धककालसे तिर्यंच आयुको बांधकर तिर्यंचोंमें उत्पन्न हो उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर तिर्यंच भवके अन्तिम समयमें स्थित हुआ, दोनों सदृश हैं । अब पूर्वोक्त जीवको छोड़ कर और इसको ग्रहण कर तिर्यंचकी अन्तिम समय सम्बन्धी जघन्य गोपुच्छाको एक परमाणु अधिक आदिके क्रमसे चरम समयवर्ती तिर्यंचकी अन्तिम गोपुच्छाके उत्कृष्ट होने तक बढ़ाना चाहिये । पुनः द्विचरम गोपुच्छाके निमित्त साधिक द्विभागको व त्रिचरम गोपुच्छाके निमित्त साधिक त्रिभागको न्यून करके उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट कालके द्वारा ला कर और बढ़ाकर पूर्वकोटिके त्रिभाग रूप बन्धककालके अन्तिम समय तक उतारना चाहिये । पुनः भुज्यमान आयुके वृद्धि नहीं है, क्योंकि, उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे भुज्यमान

---

१ प्रतिषु ' तेत्तीस परभवियाउअं ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' गोवुच्छाणिमित्तं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्खदव्वस्स उक्कस्सत्तुवलंभादो । एवं वड्ढिदूण ट्ठिदो च, अण्णेगो पगदि-विगदिसरूवेण गलिददव्वेणब्भहियकिंचूणपुव्वकोडितिभागमेत्तदव्वं तप्पाओग्गजोगेण उक्कस्सबंधगद्धाए च तिरिक्खाउअं बंधिदूण जलचरेसुप्पज्जिय अंतोमुहुत्ते गदे एगसमएण कदलीघादं कादूण पुणो उक्कस्सजोगुक्कस्सबंधगद्धाहि णिरयाउअं बंधिय ट्ठिदो च, सरिसा । पुणो एदं जलचरदव्वं जोगोकड्डुक्कड्डणबंधगद्धाओ अस्सिदूण वड्ढावेदव्वं[1] जाव भुंजमाणाउअदव्वमुक्कस्सं पत्तं ति । अधवा, दीवसिहापढमसमए चेव ओक्कड्डुक्कड्डण-जोग-बंधगद्धाहि दव्वमुक्कस्सं काऊण पुणो गुणिदकम्मंसियणाणावरणीयविहाणेण ओदरेदव्वं जाव तिरिक्खजलचरउक्कस्सदव्वं पत्तं ति । एत्थ एदेसिं पदेसट्ठाणाणं जे सामिणो जीवा तेसिं परूवणा पमाणं अप्पाबहुगेत्ति तीहि अणिओगद्दारेहि पण्णवणा कायव्वा । सा च सुगमा, णाणावरणीयपरूवणाए समाणत्तादो । णवरि आउअस्स जहण्णए उक्कस्सए वि ट्ठाणे जीवा असंखेज्जा । एवमंतोकदसंखा-ट्ठाण-जीवसमुदाहारमजहण्णसामित्तं समत्तं ।

तिर्यंच द्रव्यके उत्कृष्टता पायी जाती है । इस प्रकार बढ़कर स्थित हुआ, तथा दूसरा एक जीव प्रकृति व विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्यसे अधिक कुछ कम पूर्वकोटिके तृतीय भाग प्रमाण द्रव्य युक्त तिर्यंच आयुको तत्प्रायोग्य योग व उत्कृष्ट बन्धक-कालसे बांधकर जलचरोंमें उत्पन्न हो अन्तर्मुहूर्तके बीतनेपर एक समयमें कदलीघात करके फिर उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट बन्धककालसे नारकायुको बांधकर स्थित हुआ, दोनों सदृश हैं । फिर भुज्यमान आयु द्रव्यके उत्कृष्टताको प्राप्त होने तक इस जलचर द्रव्यको योग, अपकर्षण, उत्कर्षण व बन्धककालका आश्रय करके बढ़ाना चाहिये । अथवा, दीपशिखाके प्रथम समयमें ही अपकर्षण, उत्कर्षण, योग व बन्धककाल द्वारा द्रव्यको उत्कृष्ट करके फिर गुणितकर्मांशिक सम्बन्धी ज्ञानावरणीयके विधानसे तिर्यंच जलचर जीवका उत्कृष्ट द्रव्य प्राप्त होने तक उतारना चाहिये ।

यहां इन प्रदेशस्थानोंके जो जीव स्वामी हैं उनकी प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व, इन तीन अनुयोगद्वारोंके द्वारा प्रज्ञापना करना चाहिये । वह सुगम है, क्योंकि, वह ज्ञानावरणीयकी प्ररूपणाके समान है । विशेष केवल इतना है कि आयुके जघन्य व उत्कृष्ट स्थानमें भी जीव असंख्यात हैं । इस प्रकार संख्या स्थान, व जीवसमुदाहारागर्भित अजघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

---

१ ताप्रतौ ' बंधावेदव्वं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्पाबहुए त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि जहण्णपदे उक्कस्सपदे जहण्णुक्कस्सपदे ॥ १२३ ॥

अप्पाबहुए त्ति एत्थं जो इदि-सद्दो [सो] अप्पाबहुअस्स सरूवपयत्थत्त-जाणावणणिमित्तं पउत्तो, इदरेहि अणियोगद्दारेहिंतो ववच्छेदट्ठं वा । तत्थ तिण्णि अणियोगद्दाराणि जहण्ण-उक्कस्स-जहण्णुक्कस्सपदप्पाबहुगभेदेण । तत्थ अट्ठण्णं कम्माणं जहण्ण-दव्वविसयमप्पाबहुगं जहण्ण [पद] प्पाबहुगं णाम । उक्कस्सदव्वविसयमुक्कस्सपदप्पाबहुगं णाम । तदुभयदव्वविसयं जहण्णुक्कस्सपदप्पाबहुगं णाम । ण च चउत्थभंगो अत्थि, अणुवलंभादो ।

जहण्णपदेण सव्वत्थोवा आयुगवेयणा दव्वदो[2] जहण्णिया ॥ १२४ ॥

णाणावरणीयादिकम्मपडिसेहट्ठो आउअणिद्देसो । खेत्तादिपडिसेहफलो [दव्वणिद्देसो ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणामें जघन्य पद, उत्कृष्ट पद और जघन्योत्कृष्ट पद, इस प्रकार तीन अनुयोगद्वार हैं ॥ १२३ ॥

'अप्पाबहुए त्ति' यहां जो 'इति' शब्द है वह अल्पबहुत्व एक स्वतन्त्र अधिकार है, यह जतलानेके लिये अथवा दूसरे अनुयोगद्वारोंसे उसे अलग करनेके लिये प्रयुक्त हुआ है । इसके जघन्य, उत्कृष्ट व जघन्योत्कृष्टके भेदसे तीन अनुयोगद्वार हैं । उनमें आठ कर्मोंके जघन्य द्रव्य विषयक अल्पबहुत्वका नाम जघन्य-पद-अल्पबहुत्व है । उनके उत्कृष्ट द्रव्य विषयक अल्पबहुत्वको उत्कृष्ट-पद-अल्पबहुत्व कहते हैं । जघन्य व उत्कृष्ट द्रव्यको विषय करनेवाला अल्पबहुत्व जघन्योत्कृष्ट-पद-अल्पबहुत्व कहलाता है । इन तीनके अतिरिक्त और कोई चतुर्थ भंग नहीं है, क्योंकि, वह पाया नहीं जाता ।

जघन्य-पद-अल्पबहुत्वकी अपेक्षा द्रव्यसे जघन्य आयु कर्मकी वेदना सबसे स्तोक है ॥ १२४ ॥

ज्ञानावरणीय आदि अन्य कर्मोंका प्रतिषेध करनेके लिये 'आयु' पदका निर्देश किया है । क्षेत्रादिकका प्रतिषेध करनेके लिये [द्रव्य पदका निर्देश किया है । उत्कृष्ट

---

१ आप्रतौ 'तत्थ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु 'दव्वादो' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सादिपडिसेहफलो] जहण्णणिद्देसो[1] । उवरि वुच्चमाणजहण्णदव्वेहिंतो एदमाउअ-दव्वं थोवमिदि जाणावणट्ठं सव्वत्थोवेत्ति वुत्तं । कधं सव्वत्थोवत्तं ? अंगुलस्स असंखेज्जदि-भागेण दीवसिहाए ओवट्टिय[2] किंचूणीकदेण पुणो जहण्णाउअबंधगद्धाए ओवट्टिदेण एगसमयपबद्धे भागे हिदे तत्थ एगभागमेत्तत्तादो ।

णामा-गोदवेदणाओ दव्वदो जहण्णियाओ दो वि तुल्लाओ असंखेज्जगुणाओ ॥ १२५ ॥

को गुणगारो ? अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जाओ ओसप्पिणी-उस्सप्पिणीओ। कुदो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदअंगुलस्स असंखेज्जदिभागत्तादो । अजोगि-चरिमसमए जहण्णदव्वम्मि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तसमयपबद्धा णामा-गोदाणमत्थि त्ति कधं णव्वदे ? खविदकम्मंसियस्स दिवड्ढगुणहाणिमेत्ता एइंदियसमयपबद्धा अत्थि त्ति

आदिका प्रतिषेध करनेके लिये] जघन्य पदका निर्देश किया है । आगे कहे जानेवाले कर्मोंके जघन्य द्रव्यकी अपेक्षा यह आयु कर्मका द्रव्य स्तोक है, इसके ज्ञापनार्थ ' सबसे स्तोक है ' ऐसा कहा है ।

शंका — वह सबसे स्तोक कैसे है ।

समाधान — कारण यह कि आयु कर्मका जघन्य द्रव्य, दीपशिखासे अपवर्तित कर कुछ कम करके फिर जघन्य आयुबन्धककालसे अपवर्तित किये गये ऐसे अंगुलके असंख्यातवें भागका एक समयप्रबद्धमें भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध होता है, उतना मात्र है ।

द्रव्यसे जघन्य नाम व गोत्रकी वेदनायें दोनों ही आपसमें तुल्य होकर उससे असंख्यातगुणी हैं ॥ १२५ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार अंगुलका असंख्यातवां भाग है जो असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियोंके समयोंके बराबर हैं, क्योंकि, वह पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

शंका — अयोगीके अन्तिम समयमें जो जघन्य द्रव्य होता है उसमें नाम व गोत्रके समयप्रबद्ध पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र हैं, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान — क्षपितकर्मांशिकके डेढ़ गुणहानि मात्र एकेन्द्रिय सम्बन्धी समय-प्रबद्ध हैं, इस प्रकारके गुरुके उपदेशसे वह जाना जाता है ।

---

१ ताप्रतौ ' खेत्तादिपडिसेहफलो जहण्ण (दव्व) णिद्देसो ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' ओवट्टिया ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुरूवदेसादो । संजमादिगुणसेडीहि तण्णट्ठमिदि वोत्तुं ण सक्किज्जदे, तदसंखेज्जदिभागस्सेव णट्ठत्तादो । किमट्ठं णामा-गोदाणं तुल्लत्तं ?

आउवभागो थोवो णामा-गोदे समो तदो अहिओ ।
आवरणमंतराए भागो मोहे वि अहिओ दु ॥ १८ ॥
सव्वुवरि वेयणीए[1] भागो अहिओ दु कारणं किंतु ।
सुह-दुक्खकारणत्ता ट्ठिदिविसेसेण सेसाणं ॥ १९ ॥

इच्चेदेण णाएण तुल्लायव्वयत्तादो[2] ।

णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयवेयणाओ दव्वदो जहण्णियाओ तिण्णि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥ १२६ ॥

एत्थ विसेसाहियपमाणं णामा-गोददव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेग-

---

शंका — संयमादि गुणश्रेणियों द्वारा उक्त द्रव्य चूंकि नष्ट हो चुका है अत एव उसकी वहां सभावना नहीं है ?

समाधान — ऐसा कहना शक्य नहीं है, क्योंकि, संयमादि गुणश्रेणियों द्वारा उसका असंख्यातवां भाग ही नष्ट हुआ है ।

शंका — नाम व गोत्रके द्रव्यकी समानता किसलिये है ?

समाधान — " आयुका भाग सबसे स्तोक है, नाम व गोत्रमें समान होकर वह आयुकी अपेक्षा अधिक है, उससे अधिक भाग आवरण अर्थात् ज्ञानावरण, दर्शनावरण व अन्तरायका है, इससे अधिक भाग मोहनीयमें है । सबसे अधिक भाग वेदनीयमें है, इसका कारण उसका सुख-दुखमें निमित्त होना है । शेष कर्मोंके भागकी अधिकता उनकी अधिक स्थिति होनेके कारण है ॥ १८-१९ ॥ इस न्यायसे नाम व गोत्रका द्रव्य तुल्य आय-व्ययके कारण समान है ।

द्रव्यसे जघन्य ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय व अन्तरायकी वेदनायें तीनों ही आपसमें तुल्य होकर नाम व गोत्रकी वेदनासे विशेष अधिक हैं ॥ १२६ ॥

यहां विशेष अधिकताका प्रमाण नाम-गोत्रके द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड प्रमाण है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । एक

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' सम्मवरि वेयणीए ', ताप्रतौ ' सम्म (व्वु) वरि वेयणीए ' इति पाठः । २ आउगभागो थोवो णामा-गोदे समो तदो अहियो । घादितिये वि य तत्तो मोहे तत्तो तदो तदिये । सुह-दुक्खणिमित्तादो बहुणिज्जरगो त्ति वेयणीयस्स । सव्वेहिंतो बहुगं दव्वं होदि त्ति णिद्दिट्ठं ॥ गो. क. १९२-१९३. ३ अ-आ-काप्रतिषु ' तुल्लावयत्तादो ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खंडपमाणं होदि । कुदो ? सामावियादो । एगसमयपबद्धादो आउअसरूवेण थोवदव्वं परिणमदि । तमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थेगखंडेण अहियं होदूण णामा-गोदसरूवेण परिणमदि । णामदव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थेगखंडेण [अहियं होदूण णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं सरूवेण परिणमदि । णाणावरणभाग-मावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थेगखंडेण] तत्तो अहियं होदूण मोहणीय-सरूवेण परिणमदि । मोहभागमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थेगखंडेण तत्तो अहियं होदूण वेयणीयसरूवेण परिणमदि त्ति एस सहाओ । तदो आवलियाए असं-खेज्जदिभागेण णामदव्वसंचए खंडिदे तत्थेगखंडेण तत्तो अहियं तिण्हं घादिकम्माणं जहण्णदव्वं होदि । सजोगिगुणसेडीए णामा-गोददव्वाणं[2] जा णिज्जरा देसूणपुव्वकोडिं[3] जादा सा अप्पहाणा, णामा-गोददव्वं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडस्सेव गुणसेडिणिज्जराए णट्ठत्तादो ।

मोहणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया ॥ १२७ ॥

समयप्रबद्धमेंसे आयु स्वरूपसे स्तोक द्रव्य परिणमता है । उसको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डसे अधिक होकर वह नाम-गोत्र स्वरूपसे परिणमता है । नामकर्मके द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डसे [अधिक होकर वह ज्ञानावरण, दर्शनावरण व अन्तराय स्वरूपसे परिणमता है । ज्ञानावरणके भागको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डसे] अधिक होकर मोहनीय स्वरूपसे परिणमता है । मोहनीयके भागको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डसे अधिक होकर वेदनीय स्वरूपसे परिणमता है । यह इस प्रकारका स्वभाव है । इसलिये नामकर्म सम्बन्धी द्रव्यके संचयको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्डसे अधिक उक्त द्रव्य तीन घातिया कर्मोंका जघन्य द्रव्य होता है । सयोगी जिनके गुणश्रेणि द्वारा जो नाम-गोत्र सम्बन्धी द्रव्यकी कुछ कम पूर्वकोटि तक निर्जरा हुई है वह गौण है, क्योंकि, नाम व गोत्र कर्मके द्रव्यको पल्योपमके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड ही गुणश्रेणि द्वारा नष्ट हुआ है ।

द्रव्यकी अपेक्षा जघन्य मोहनीयकी वेदना उक्त तीन घातिया कर्मोंकी वेदनासे विशेष अधिक है ॥ १२७ ॥

१ कोष्ठकस्थोऽयं पाठो नोपलभ्यते ताप्रतौ । २ ताप्रतौ ' णामागोदाणं दव्वाणं ' इति पाठः । ३ ताप्रतौ ' पुव्वकोडी ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एत्थ विसेसपमाणं णाणावरणदव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तं । कुदो ? सामावियादो । हेट्ठिमगुणसेडीहिंतो असंखेज्जगुणाए खीणकसायगुणसेडीए तिण्णं घादिकम्माणं जादणिज्जरा अप्पहाणा, सग-सगदव्वं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडस्सेव णट्ठत्तादो ।

वेयणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया ॥ १२८ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? मोहदव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो । कुदो ? सामावियादो । कसाय-णोकसायदव्वं सव्वं पडिच्छिय ट्ठिदलोभ-संजलणदव्वं सुहुमसांपराइयचरिमसमए जेण मोहणीयस्स जहण्णं जादं, वेदणीयस्स पुणो[2] अजोगिस्स दुचरिमसमए वोच्छिण्णअसादावेदणीयसंतस्स चरिमसमए सादावेदणीयदव्वमेक्कं चेव घेत्तूण जहण्णं जादं, तेण वेयणीयजहण्णदव्वादो मोहणीयजहण्णदव्वेण संखेज्जगुणेण होदव्वमिदि ? ण, असादावेदणीयस्स गुणसेडिचरिमगोवुच्छाए उदयाभावेण थिवुक्कसंकमेण[3]

यहां विशेषका प्रमाण ज्ञानावरणके द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्ड मात्र है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। अधस्तन गुणश्रेणियोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणी ऐसी क्षीणकषाय गुणश्रेणिके द्वारा हुई तीन घातिया कर्मोंकी निर्जरा गौण है, क्योंकि, अपने अपने द्रव्यको पल्योपमके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड ही उसके द्वारा नष्ट हुआ है।

द्रव्यसे जघन्य वेदनीयकी वेदना विशेष अधिक है ॥ १२८ ॥

विशेषका प्रमाण कितना है ? मोहनीयके द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्ड मात्र है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है।

शंका— कषाय और नोकषाय रूप सब द्रव्यको ग्रहण कर स्थित संज्वलन-लोभका द्रव्य चूंकि सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समयमें मोहनीयका जघन्य द्रव्य हुआ है, किन्तु वेदनीय कर्मका द्रव्य अयोगीके द्विचरम समयमें असातावेदनीयके सत्त्वकी व्युच्छित्ति हो जानेपर उसके चरम समयमें केवल एक सातावेदनीयके ही द्रव्यको ग्रहण कर जघन्य हुआ है; इसीलिये वेदनीयके जघन्य द्रव्यकी अपेक्षा मोहनीयका जघन्य द्रव्य संख्यातगुणा होना चाहिये ?

समाधान —ऐसा नहीं है, क्योंकि, उदयका अभाव होनेसे स्तिवुक संक्रमणके द्वारा सातावेदनीय स्वरूपसे परिणत हुई असातावेदनीयकी गुणश्रेणि रूप अन्तिम गोपुच्छाके

१ अ-आ-काप्रतिषु ' विसेसपमाणणाणावरण ' इति पाठः । २ अ-आप्रत्योः ' मोहणीयस्स जहण्णं जादं वेदणीय पुणो', काप्रतौ 'मोहणीयस्स जादं वेदणीयं जहण्णं पुणो' इति पाठः । ३ अ-काप्रत्योः ' विउक्कस्सकमेण', आप्रतौ ' विवुक्कस्सकमेण ', ताप्रतौ, वि उक्कस्सं (स्सस्सं) कमेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादावेदणीयसरूवेण परिणदाए सह सादावेदणीयचरिमगोवुच्छाए जहण्णत्तब्भुवगमादो। ण च सादावेदणीयचरिमगोवुच्छाए चेव वेदणीयजहण्णसामित्तं होदि त्ति णियमो, असादावेदणीयचरिमगोवुच्छाए वि जहण्णसामित्ते संते विरोहाभावादो। सजोगिगुणसेडिणिज्जराए गलिददव्वमप्पहाणं, अजोगिचरिमसमयगुणसेडिगोवुच्छदव्वे असंखेज्जपलिदोवमपढमवग्गमूलेहि खंडिदे तत्थ एगखंडपमाणत्तादो।

उक्कस्सपदेण सव्वत्थोवा आउववेयणा दव्वदो[1] उक्कस्सिया ॥ १२९ ॥

कुदो ? उक्कस्साउअबंधगद्धामेत्तसमयपबद्धपमाणत्तादो। पगदि-विगदिसरूवेण णट्ठदव्वमप्पहाणं, आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तसमयपबद्धपमाणत्तादो।

णामा-गोदवेदणाओ दव्वदो उक्कस्सियाओ [दो वि तुल्लाओ] असंखेज्जगुणाओ ॥ १३० ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो ? संखेज्जावलियमेत्त-

---

साथ सातावेदनीयकी चरम गोपुच्छाके द्रव्यको जघन्य स्वीकार किया गया है। दूसरे, सातावेदनीयकी चरम गोपुच्छाके ही वेदनीयका जघन्य स्वामित्व होता है, ऐसा नियम भी नहीं है, क्योंकि, असातावेदनीयकी चरम गोपुच्छामें भी जघन्य स्वामित्वके होनेमें कोई विरोध नहीं है।

सयोग केवली सम्बन्धी गुणश्रेणिनिर्जरा द्वारा नष्ट हुआ द्रव्य यहां गौण है, क्योंकि, अयोग केवलीके चरम समय सम्बन्धी गुणश्रेणिगोपुच्छाके द्रव्यको पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलों द्वारा खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्ड प्रमाण है।

उत्कृष्ट पदकी अपेक्षा द्रव्यसे उत्कृष्ट आयुकी वेदना सबसे स्तोक है ॥ १२९ ॥

इसका कारण यह है कि वह उत्कृष्ट आयुबन्धककालके जितने समय हैं उतने मात्र समयप्रबद्ध प्रमाण है। प्रकृति व विकृति स्वरूपसे निर्जीर्ण द्रव्य यहां अप्रधान है, क्योंकि, वह आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र समयप्रबद्धोंके बराबर है।

द्रव्यसे उत्कृष्ट नाम व गोत्रकी वेदनायें दोनों ही समान होकर असंख्यातगुणी हैं ॥ १३० ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, संख्यात आवलियोंके बराबर आयु सम्बन्धी समयप्रबद्धोंसे नाम व गोत्रके डेढ़

---

१ अ-आप्रत्योः ' दव्वादो ' इति पाठः। २ का-ताप्रत्योः ' कुदो दोउक्कस्साउअ ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[समयपबद्धेहि आउअसंबंधएहि णामस्स गोदस्स वा दिवड्ढगुणहाणिमेत्त] समयपबद्धेसु ओवट्टिदेसु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागुवलंभादो ।

णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयवेयणाओ दव्वदो उक्कस्सियाओ तिण्णि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥ १३१ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? हेट्ठिमदव्वे आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो । कुदो ? साभावियादो । तिण्णं घादिकम्माणं पदेसस्स किमट्ठं तुल्लदा[1] ? ण, तुल्लायव्वयत्तादो । तं पि कुदो ? साभावियादो ।

मोहणीयवेयणा दव्वदो उक्कस्सिया विसेसाहिया ॥ १३२ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? हेट्ठिमदव्वे आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो । कुदो ? साभावियादो । तीससागरोवमकोडाकोडीसु ट्ठिदीसु ट्ठिदपदेसपिंडादो उवरिमदससागरोवमकोडाकोडीसु ट्ठिदपदेसपिंडो अप्पहाणो, तीसकोडाकोडीसु सागरोवमेसु[3]

गुणहानि मात्र समयप्रबद्धोंको अपवर्तित करनेपर पल्योपमका असंख्यातवां भाग पाया जाता है ।

द्रव्यसे उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय व अन्तराय कर्मोंकी वेदनायें तीनों ही आपसमें तुल्य होकर उनसे विशेष अधिक हैं ॥ १३१ ॥

विशेष कितना है ? अधस्तन द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्ड मात्र है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

शंका— तीन घातियां कर्मोंके प्रदेशकी तुल्यता किसलिये है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, इन तीनोंके प्रदेशोंका आय व व्यय समान है ।

शंका— वह भी क्यों है ?

समाधान— क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

द्रव्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट मोहनीयकी वेदना उनसे विशेष अधिक है ॥ १३२ ॥

विशेषका प्रमाण कितना है ? विशेषका प्रमाण अधस्तन द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड मात्र है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है । तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम स्थितियोंमें स्थित प्रदेशपिण्डसे ऊपर दस कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंमें स्थित प्रदेशपिण्ड अप्रधान है, क्योंकि, तीस

---

१ कोष्ठकस्थोऽयं पाठः सर्वास्वेव प्रतिषु द्विर्वारमुपलभ्यते । २ अ-आ-काप्रतिषु 'तुल्लादो' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' कोडाकोडीसु ट्ठिदपदेसपिंडो सागरोवमेसु ' , ताप्रतौ ' कोडाकोडीसु [ट्ठिदपदेसपिंडो (१)] सागरोवमेसु ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पदिददव्वं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडपमाणत्तादो ।

वेदणीयवेयणा दव्वदो उक्कसिया विसेसाहिया ॥ १३३ ॥

केत्तियमेत्तो विसेसो ? हेट्ठिमदव्वमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदे तत्थ एगखंडमेत्तो । कुदो ? साभावियादो ।

जहण्णुक्कस्सपदेण सव्वत्थोवा आउववेयणा दव्वदो जहण्णिया ॥ १३४ ॥

कुदो ? अंगुलस्स असंखेज्जदिभागेण दीवसिहाए ओवट्टिय किंचूणं करिय जहण्णाउअबंधगद्धाए ओवट्टिदेण एगसमयपबद्धे भागे हिदे तत्थ एगभागत्तादो ।

सा चेव उक्कसिया असंखेज्जगुणा ॥ १३५ ॥

को गुणगारो ? अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? दीवसिहासरूवेण ट्ठिद-जहण्णदव्वेण एगसमयपबद्धमंगुलस्स असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगखंडमेत्तेण संखेज्जावलिय-गुणिदसमयपबद्धमेत्तुक्कस्सदव्वे भागे हिदे अंगुलस्स असंखेज्जदिभागुवलंभादो ।

कोड़ाकोड़ि सागरोपमोंमें पतित द्रव्यको पल्योपमके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्डके बराबर है ।

द्रव्यकी अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनीयकी वेदना उससे विशेष अधिक है ॥ १३३ ॥

विशेषका प्रमाण कितना है ? अधस्तन द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमेंसे वह एक खण्ड प्रमाण है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है ।

जघन्योत्कृष्ट पदसे द्रव्यकी अपेक्षा जघन्य आयु कर्मकी वेदना सबसे स्तोक है ॥ १३४ ॥

कारण यह कि वह दीपशिखासे अपवर्तित करके कुछ कम कर फिर जघन्य आयुबन्धककालसे अपवर्तित किये गये ऐसे अंगुलके असंख्यातवें भागका एक समय-प्रबद्धमें भाग देनेपर उसमेंसे एक भाग प्रमाण है ।

उसकी ही उत्कृष्ट वेदना उससे असंख्यातगुणी है ॥ १३५ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार अंगुलका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, एक समयप्रबद्धको अंगुलके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर उसमें एक खण्ड मात्र जो दीपशिखा स्वरूपसे स्थित जघन्य द्रव्य है उसका संख्यात आवलियोंसे गुणित समयप्रबद्ध मात्र उसके ही उत्कृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर अंगुलका असंख्यातवां भाग उपलब्ध होता है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णामा-गोदवेदणाओ दव्वदो जहण्णियाओ [दो वि तुल्लाओ] असंखेज्जगुणाओ ॥ १३६ ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कुदो ? आउअस्स उक्कस्सदव्वेण किंचूणदुगुणुक्कस्सबंधगद्धाए जोगगुणगारेण च गुणिदेगसमयपबद्धमेत्तेण दिवड्ढगुणहाणि-गुणिदेगसमयपबद्धमेत्तणामा-गोदजहण्णदव्वे भागे हिदे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागुवलंभादो ।

णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयवेदणाओ दव्वदो जहण्णियाओ तिण्णि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥ १३७ ॥

कारणं सुगमं ।

मोहणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया ॥ १३८ ॥

सुगममेदं ।

वेदणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया ॥ १३९ ॥

एदं पि सुगमं[1] ।

द्रव्यसे जघन्य नाम व गोत्र कर्मकी वेदनायें दोनों ही तुल्य होकर उससे असंख्यातगुणी हैं ॥ १३६ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, कुछ कम दुगुने उत्कृष्ट बन्धककाल और योगगुणकारसे गुणित एक समयप्रबद्ध मात्र आयु कर्मके उत्कृष्ट द्रव्यका डेढ़ गुणहानिगुणित एक समयप्रबद्ध मात्र नाम व गोत्र कर्मके जघन्य द्रव्यमें भाग देनेपर पल्योपमका असंख्यातवां भाग पाया जाता है ।

द्रव्यसे जघन्य ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तरायकी वेदनायें तीनों ही तुल्य व उनसे विशेष अधिक हैं ॥ १३७ ॥

इसका कारण सुगम है ।

द्रव्यसे जघन्य मोहनीयकी वेदना उनसे विशेष अधिक है ॥ १३८ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

द्रव्यसे जघन्य वेदनीयकी वेदना उससे विशेष अधिक है ॥ १३९ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

---

१ ताप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु ' कारणं सुगमं वेदणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया सुगममेदं मोहणीयवेयणा दव्वदो जहण्णिया विसेसाहिया एदं पि सुगमं इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णामा-गोदवेदणाओ दव्वदो उक्कस्सियाओ दो वि तुल्लाओ असंखेज्जगुणाओ ॥ १४० ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? वेदणीयदव्वेण दिवड्ढ-गुणहाणिगुणिदेगेइंदियसमयपबद्धमेत्तेण जोगगुणगारगुणिददिवड्ढगुणहाणीए गुणिदेगेइंदिय-समयपबद्धमेत्ते[1] णामा-गोदुक्कस्सदव्वे भागे हिदे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागुवलंभादो ।

णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयवेयणाओ दव्वदो उक्क-स्सियाओ तिण्णि वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ॥ १४१ ॥

सुगममेदं ।

मोहणीयवेयणा दव्वदो उक्कस्सिया विसेसाहिया ॥ १४२ ॥

एदं पि सुगमं ।

वेयणीयवेयणा दव्वदो उक्कस्सिया विसेसाहिया ॥ १४३ ॥

[एदं पि सुगमं ।]

एवमप्पाबहुअं सगंतोखित्तगुणगाराणियोगद्दारं समत्तं ।

द्रव्यसे उत्कृष्ट नाम व गोत्रकी वेदनायें दोनों ही तुल्य होकर उससे असंख्यातगुणी हैं ॥ १४० ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि डेढ़ गुणहानिगुणित एकेन्द्रियके समयप्रबद्ध मात्र वेदनीयके द्रव्यका योगगुण-कारसे गुणित डेढ़ गुणहानि द्वारा एकेन्द्रियके समयप्रबद्धको गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उतने मात्र नाम व गोत्रके उत्कृष्ट द्रव्यमें भाग देनेपर पल्योपमका असंख्यातवां भाग पाया जाता है ।

द्रव्यसे उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तरायकी वेदनायें तीनों ही तुल्य व उनसे विशेष अधिक हैं ॥ १४१ ॥

यह सूत्र सुगम है ।

द्रव्यसे उत्कृष्ट मोहनीयकी वेदना उनसे विशेष अधिक है ॥ १४२ ॥

यह सूत्र भी सुगम है ।

द्रव्यसे उत्कृष्ट वेदनीयकी वेदना उससे विशेष अधिक है ॥ १४३ ॥

[यह सूत्र भी सुगम है ।]

इस प्रकार गुणकारानुयोगद्वारगर्भित अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' -मेत्तेण ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चूलिया

एत्तो जं भणिदं 'बहुसो बहुसो उक्कस्साणि जोगट्ठाणाणि गच्छदि जहण्णाणि च' एत्थ अप्पाबहुगं दुविहं जोगप्पाबहुगं पदेस-अप्पाबहुगं चेव ॥ १४४ ॥

तीहि अणियोगद्दारेहि वेयणादव्वविहाणे वित्थारेण परूविय समत्ते संते किमट्ठ-मुवरिमो गंथो[1] वुच्चदे ? ण, उक्कस्ससामित्तं भण्णमाणे 'बहुसो बहुसो उक्कस्साणि जोगट्ठाणाणि गच्छदि' त्ति भणिदं; जहण्णसामित्ते वि भण्णमाणे 'बहुसो बहुसो जहण्णाणि जोगट्ठाणाणि गच्छदि' त्ति भणिदं। एदेसिं दोण्हं पि सुत्ताणमत्थो ण सम्ममवगदो। तदो दोसु वि सुत्तेसु सिस्साणं णिच्छयजणणट्ठमिमा अप्पाबहुगादिपरूवणा जोगविसया कीरदे। वेयणादव्वविहाणस्स चूलियापरूवणट्ठं उवरिमो गंथो आगदो त्ति वुत्तं होदि। का चूलिया ? सुत्तसूइदत्थपयासणं चूलिया णाम। एत्थ जोगस्स थोव-बहुत्ते

इससे पूर्वमें जो यह कहा गया है कि " बहुत बहुत वार उत्कृष्ट योगस्थानोंको प्राप्त होता है और बहुत बहुत वार जघन्य योगस्थानोंको भी प्राप्त होता है" यहां अल्प-बहुत्व दो प्रकार है— योगअल्पबहुत्व और प्रदेशअल्पबहुत्व ॥ १४४ ॥

शंका— तीन अनुयोगद्वारोंसे वेदनाद्रव्यविधानकी विस्तारसे प्ररूपणा करके उसके समाप्त हो जानेपर फिर आगेका ग्रन्थ किसलिये कहा जाता है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन करते समय 'बहुत बहुत वार उत्कृष्ट योगस्थानोंको प्राप्त होता है' ऐसा कहा है; जघन्य स्वामित्वका भी कथन करते हुए 'बहुत बहुत वार जघन्य योगस्थानोंको प्राप्त होता है' ऐसा कहा गया है; इन दोनों ही सूत्रोंका अर्थ भली भांति नहीं जाना गया है, इसलिये दोनों ही सूत्रोंके विषयमें शिष्योंको निश्चय करानेके लिये यह योगविषयक अल्पबहुत्व आदिकी प्ररूपणा की जाती है। अभिप्राय यह कि वेदनाद्रव्यविधानकी चूलिकाके प्ररूपणार्थ आगेके ग्रन्थका अवतार हुआ है।

शंका— चूलिका किसे कहते हैं ?

समाधान— सूत्रसूचित अर्थके प्रकाशित करनेका नाम चूलिका है।

यहां योगविषयक अल्पबहुत्वके ज्ञात हो जानेपर क्षपितकर्मांशिक और गुणित-

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'उवरिथो' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवगदे खविद-गुणिदकम्मंसियाणं जोगधारासंचारो णादुं सक्किज्जदि त्ति जीवसमासाओ अस्सिदूण जोगप्पाबहुगं वुच्चदे । कारणप्पाबहुगाणुसारी चेव कारियअप्पाबहुगमिदि जाणावणट्ठं पदेसप्पाबहुगं वुच्चदे । कारणपुव्वं कज्जमिदि णायादो ताव कारणप्पाबहुगं भणिस्सामो—

सव्वत्थोवो सुहुमेइंदियअपज्जत्तयस्स जहण्णओ जोगो ॥

एवं उत्ते सुहुमेइंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स पढमसमयतब्भवत्थस्स विग्गहगदीए वट्टमाणस्स जहण्णओ उववादजोगो घेत्तव्वो । पढमसमयआहारय-पढमसमयतब्भवत्थस्स सुहुमेइंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स जहण्णओ उववादजोगो किण्ण गहिदो ? ण, णोकम्मसहकारिकारणबलेण जोगे उड्डिमागदे तत्थ जोगस्स जहण्णत्तसंभवाभावादो ।

बादरेइंदियअपज्जत्तयस्स जहण्णओ जोगो असंखेज्जगुणो ॥ १४६ ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । कुदो ? बादरेइंदियलद्धिअपज्जत्तयस्स पढमसमयतब्भवत्थस्स विग्गहगदीए वट्टमाणस्स जहण्णउववादजोगादो हेट्ठिमसुहु-

---

कर्मांशिककी योगधाराके संचारको जानना शक्य हो जाता है, अतः जीवसमासोंका आश्रय कर योगअल्पबहुत्वका कथन करते हैं । कारणअल्पबहुत्वके अनुसार ही कार्यअल्पबहुत्व होता है, इस बातको जतलानेके लिये प्रदेशअल्पबहुत्वका कथन करते हैं । कारणपूर्वक कार्य होता है, इस न्यायसे पहिले कारणअल्पबहुत्वको कहते हैं—

सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्तकका जघन्य योग सबसे स्तोक है ॥ १४५ ॥

ऐसा कहनेपर उस भवके प्रथम समयमें स्थित हुआ व विग्रहगतिमें वर्तमान ऐसे सूक्ष्म एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके जघन्य उपपादयोगको ग्रहण करना चाहिये ।

शंका— आहारक होनेके प्रथम समयमें रहनेवाले व उस भवके प्रथम समयमें स्थित हुए सूक्ष्म एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके जघन्य उपपादयोगको क्यों नहीं ग्रहण करते ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, नोकर्म सहकारी कारणके बलसे योगके वृद्धिको प्राप्त होनेपर वहां योगकी जघन्यता सम्भव नहीं है ।

बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तकका जघन्य योग उससे असंख्यातगुणा है ॥ १४६ ॥

गुणकार क्या है ? गुणकार पल्योपमका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, उस भवके प्रथम समयमें स्थित व विग्रहगतिमें वर्तमान ऐसे बादर एकेन्द्रिय लब्ध्य-

---

१ आ-काप्रत्योः ' णादुः ' इति पाठः । २ ताप्रतौ ' तत्थ जहण्णत्त- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेइंदियलद्धिअपज्जत्तउववादजोगट्ठाणेसु असंखेज्जजोगगुणहाणीणं संभवादो। तत्थतणणाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगुणिय अण्णोण्णब्भत्थे कदे गुणगाररासी होदि त्ति वुत्तं होदि।

बीइंदियअपज्जत्तयस्स जहण्णओ जोगो असंखेज्जगुणो ॥

को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। कारणं पुव्वं व परूवेदव्वं। सव्वत्थ लद्धिअपज्जत्तयस्स पढमसमयंतब्भवत्थस्स विग्गहगदीए वट्टमाणस्स जहण्णओ उववादजोगो घेत्तव्वो।

तीइंदियअपज्जत्तयस्स जहण्णओ जोगो असंखेज्जगुणो ॥

को गुणगारो ? हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय विगुणिय अण्णोण्णब्भत्थरासी।

चउरिंदियअपज्जत्तयस्स जहण्णओ जोगो असंखेज्जगुणो ॥ १४९

को गुणगारो ? जोगगुणगारो।

पर्याप्तकके जघन्य उपपादयोगसे अधस्तन सूक्ष्म एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तके उपपादयोगस्थानोंमें असंख्यात योगगुणहानियोंकी सम्भावना है। वहांकी नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन करके दुगुणा कर परस्पर गुणा करनेपर गुणकार राशि होती है, यह अभिप्राय है।

उससे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकका जघन्य योग असंख्यातगुणा है ॥ १४७ ॥

एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे द्वीन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे त्रीन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे चतुरिन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे असंज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग असंख्यातगुणा है । उससे आगे श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र योगस्थानोंका अन्तर होकर द्वीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका जघन्य परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे त्रीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका जघन्य परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे चतुरिन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका जघन्य परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे असंज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका जघन्य परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका जघन्य परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे द्वीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका उत्कृष्ट परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे त्रीन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका उत्कृष्ट परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे चतुरिन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका उत्कृष्ट परिणामयोग असंख्यातगुणा है । उससे असंज्ञी पंचेन्द्रिय

---

१ ताप्रतौ ' लद्धिअपज्ज० ' इति पाठः । २ अ-का-ताप्रतिषु ' जोगट्ठाणे ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेज्जगुणो। असण्णिपंचिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सओ परिणामजोगो असंखेज्जगुणो। सण्णिपंचिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तयस्स उक्कस्सओ परिणामजोगो असंखेज्जगुणो। गुणगारो सव्वत्थ पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो होंतो वि अप्पणो इच्छिदजोगादो हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ विरलेदूण विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थरासिमेत्तो होदि[1]। एसो गुणगारो चदुण्णं पि वीणापदाणं[2] वत्तव्वो। एवं जहण्णुक्कस्सा वीणा[3] समत्ता।

उववादजोगो णाम कत्थ होदि? उप्पण्णपढमसमए चेव[4]। केवडिओ तस्स कालो? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ[5]। उप्पण्णविदियसमयप्पहुडि जाव सरीरपज्जत्तीए अपज्जत्तयदचरिमसमओ ताव एगंताणुवड्ढिजोगो होदि[6]। णवरि लद्धिअपज्जत्ताणमाउअबंधपाओग्गकाले सगजीविदतिभागे परिणामजोगो होदि। हेट्ठा एगंताणुवड्ढिजोगो चेव। लद्धिअपज्जत्ताणमाउअबंधकाले चेव परिणामजोगो होदि त्ति के वि भणंति। तण्ण घडदे, परिणामजोगे

निर्वृत्तिपर्याप्तकका उत्कृष्ट परिणामयोग असंख्यातगुणा है। उससे संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तकका उत्कृष्ट परिणामयोग असंख्यातगुणा है। गुणकार सब जगह पल्योपमका असंख्यातवां भाग होकर भी वह अपने इच्छित योगसे नीचेकी नानागुणहानिशलाकाओंका विरलन कर दुगुणा करके उनकी अन्योन्याभ्यस्त राशि प्रमाण होता है। यह गुणकार चारों ही वीणापदोंके कहना चाहिये। इस प्रकार जघन्योत्कृष्ट वीणा समाप्त हुई।

शंका— उपपादयोग कहांपर होता है?

समाधान— वह उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें ही होता है।

शंका— उसका काल कितना है?

समाधान—उसका जघन्य व उत्कृष्ट काल एक समय मात्र है।

उत्पन्न होनेके द्वितीय समयसे लेकर शरीरपर्याप्तिसे अपर्याप्त रहनेके अन्तिम समय तक एकान्तानुवृद्धियोग होता है। विशेष इतना है कि लब्ध्यपर्याप्तकोंके आयुबन्धके योग्य कालमें अपने जीवितके त्रिभागमें परिणामयोग होता है। उससे नीचे एकान्तानुवृद्धियोग ही होता है।

लब्ध्यपर्याप्तकोंके आयुबंन्धकालमें ही परिणामयोग होता है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। किन्तु वह घटित नहीं होता, क्योंकि, इस प्रकारसे जो जीव परिणामयोगमें स्थित है व उपपादयोगको नहीं प्राप्त हुआ है उसके एकान्तानुवृद्धियोगके साथ

---

१ एदेसिं ठाणाओ पल्लासंखेज्जभागगुणिदकमा। हेट्ठिमगुणहाणिसला अण्णोण्णब्भत्थमेत्तं तु ॥ गो. क. २४१.


२ प्रतिषु 'पधाणं' इति पाठः। ३ आप्रतौ 'वीणालावा' इति पाठः। ४ उववादजोगठाणा भवादिसमयट्ठियस्स अवर-वरा। विग्गह-इजुगइगमणे जीवसमासे मुणेयव्वा ॥ गो. क. २१९.

५ अवरुक्कस्सेण हवे उववादेयंतवड्ढिठाणाणं। एक्कसमयं हवे पुण इदरेसिं जाव अट्ठो त्ति ॥ गो. क. २४२.

६ एयंतवड्ढिठाणा उभयट्ठाणाणमंतरे होंति। अवर-वरट्ठाणाओ सगकालादिम्हि अंतम्हि ॥ गो. क. २२२.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठिदस्स अपत्तुववादजोगस्स एयंताणुवड्ढिजोगेण परिणामविरोहादो। एयंताणुवड्ढिजोगकालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। पज्जत्तपढमसमयप्पहुडि उवरि सव्वत्थ परिणामजोगो चेव। णिव्वत्तिअपज्जत्ताणं णत्थि परिणामजोगो। एवं जोगअप्पाबहुगं समत्तं। संपहि चउण्णमप्पाबहुगाणमेदाओ संदिट्ठीओ—



एदेसु सुहुमणिगोदादिसण्णिपंचिंदिया त्ति[2] लद्धिअपज्जत्ताणं जहण्णउववादजोगा। सो जहण्णउववादजोगो[3] कस्स होदि? पढमसमयतब्भवत्थस्स विग्गहगदीए वट्टमाणस्स। सो केवचिरं कालादो होदि? जहण्णेण उक्कस्सेण य एगसमइओ[4]। बिंदियादिसु समएसु एगंताणुवड्ढिजोगपउत्तीदो। सरीरगहिदे[5] जोगो वड्ढदि त्ति विग्गहगदीए सामित्तं दिण्णं जहण्णयं।

परिणामके होनेमें विरोध आता है। एकान्तानुवृद्धियोगका जघन्य व उत्कृष्ट काल एक समय मात्र है। पर्याप्त होनेके प्रथम समयसे लेकर आगे सब जगह परिणामयोग ही होता है। निर्वृत्त्यपर्याप्तकोंके परिणामयोग नहीं होता। इस प्रकार योगअल्पबहुत्व समाप्त हुआ। अब चार अल्पबहुत्वोंकी ये संदृष्टियां हैं— (मूलमें देखिये)।

इनमें सूक्ष्म निगोदको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्यन्त लब्ध्यपर्याप्तकोंके जघन्य उपपादयोग होते हैं।

शंका— वह जघन्य उपपादयोग किसके होता है?

समाधान— विग्रहगतिमें वर्तमान जीवके तद्भवस्थ होनेके प्रथम समयमें जघन्य उपपादयोग होता है।

शंका— वह कितने काल होता है?

समाधान— वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय रहता है, क्योंकि, द्वितीयादि समयोंमें एकान्तानुवृद्धियोग प्रवृत्त होता है।

शरीर ग्रहण कर लेनेपर चूंकि योग वृद्धिको प्राप्त होता है, अत एव विग्रह-

---

१ परिणामजोगठाणा सरीरपज्जत्तगादु चरिमो त्ति। लद्धिअपज्जत्ताणं चरिमतिभागम्हि बोद्धव्वा ॥ गो. क.२२०.

२ प्रतिषु ' पंचिंदियादि ' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु '-उववादजोगो अजहण्णउववादजोगो ' इति पाठः। ४ तापतौ ' उक्कस्सेण एगसमइओ ' इति पाठः। ५ प्रतिषु ' गहिदो ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुम-बादराणं णिव्वत्तिपज्जत्तयाणमेदे जहण्णया परिणामजोगा[1]। सो जहण्णपरिणामजोगो तेसिं कत्थ होदि ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स पढमसमए चेव होदि। केवचिरं कालादो ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारि समया। तस्सुवरि तेसिं चेव उक्कस्सिया परिणामजोगा। सो कस्स होदि। परंपरपज्जत्तीए पजत्तयदस्स। सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बे समया। तदुवरि सुहुम-बादराणं लद्धिअपज्जत्तयाणमुक्कस्सया परिणामजोगा। ते कत्थ होंति ? आउअबंधपाओग्गपढमसमयादो जाव भवट्ठिदीए चरिमसमओ त्ति एत्थुद्देसे होंति। आउअबंधपाओग्गकालो[2] केत्तिओ ? सगजीविदतिभागस्स पढमसमयप्पहुडि जाव विस्समणकालअणंतर-

---

गतिमें जघन्य स्वामित्व दिया गया है। सूक्ष्म व बादर निर्वृत्तिपर्याप्तकोंके ये जघन्य परिणामयोग हैं।

शंका— वह जघन्य परिणामयोग उनके कहांपर होता है ?

समाधान— वह शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके प्रथम समयमें ही होता है।

शंका— वह कितने काल रहता है ?

समाधान— वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय रहता है।

उससे आगे उनके ही उत्कृष्ट परिणामयोग होते हैं।

शंका— वह किसके होता है ?

समाधान— वह परम्परापर्याप्तिसे पर्याप्त हुए जीवके होता है।

शंका— वह कितने काल होता है।

समाधान— वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होता है।

उसके आगे सूक्ष्म व बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंके उत्कृष्ट परिणामयोग होते हैं।

शंका— वे कहां होते हैं।

समाधान— वे आयुबन्धके योग्य प्रथम समयसे लेकर भवस्थितिके अन्तिम समय तक इस उद्देशमें होते हैं।

शंका— आयुबन्धके योग्य काल कितना है ?

समाधान— अपने जीवितके तृतीय भागके प्रथम समयसे लेकर विश्रमणकालके अनन्तर अधस्तन समय तक आयुबन्धके योग्य काल माना गया है।

---

१ ताप्रतौ ' परिणामजोगा ..... ।' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु '-काले' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेट्ठिमसमओ त्ति । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बे समया । बेइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदियणिव्वत्तिपज्जत्तओ त्ति एदेसिं जहण्णपरिणामजोगा एदे— ∴∴∴ । सो[1] कत्थ होदि ? पढमसमयपज्जत्तयदम्मि । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण ∴∴ एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमओ होदि ।

[2]बीइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदियो त्ति एदेसिं णिव्वत्तिअपज्जत्तयाणमेदे उक्कस्सया एगंताणुवड्ढिजोगा । सो एयंताणुवड्ढिजोगो उक्कस्सओ कत्थ घेप्पदि ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदो होहदि त्ति द्विदम्मि घेप्पइ । केवचिरं कालादो एयंताणुवड्ढिजोगो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगो समओ । बेइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदियणिव्वत्तिपज्जओ त्ति एदेसि-

---

शंका—उक्त योग कितने काल होता है ?

समाधान— वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होता है ।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तक तक इनके ये जघन्य परिणामयोग होते हैं (संदृष्टि मूलमें देखिये) ।

शंका— वह कहांपर होता है ?

समाधान— वह पर्याप्त होनेके प्रथम समयमें होता है ।

शंका—वह कितने काल होता है ?

समाधान —वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होता है ।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक इन निर्वृत्यपर्याप्तकोंके ये उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग होते हैं ।

शंका— वह उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग कहांपर ग्रहण किया जाता है ?

समाधान— वह शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होगा, इस प्रकार स्थित जीवमें ग्रहण किया जाता है ।

शंका— एकान्तानुवृद्धियोग कितने काल होता है ?


समाधान— वह जघन्य व उकर्षसे एक समय होता है ।


द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्तिपर्याप्तक तक इनके ये उत्कृष्ट

---

१ काप्रतौ ' एदेसिं णिव्वत्तिअपज्जत्तयाणमेदे उक्कस्स-जहण्णपरिणामजोगा । सो ' इति पाठः । २ अतः प्राक् अ-आ-काप्रतिषु ' नमो वीतरागाय शान्तये ' इत्येतद् वाक्यमुपलभ्यते । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' घेप्पदि काले सरीर- ', ताप्रतौ ' घेप्पदि [कालो] सरीर- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेदे उक्कस्सपरिणामजोगो[1]—  । सो कस्स होदि ? परंपरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स[2] । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बे समया[3] । एसा मूलवीणा णाम ।

सुहुमादिसण्णिपंचिंदिओ त्ति लद्धिअपज्जत्ताणं जहण्णया उववादजोगा एदे—  । सो कस्स होदि ? पढमसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगस्स । केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण उक्कस्सेण य एगसमओ[4] । सुहुमादिसण्णिपंचिंदियणिव्वत्ति-

---

परिणामयोग होते हैं । (संदृष्टि मूलमें देखिये) ।

शंका— वह किसके होता है ?

समाधान— वह परम्परापर्याप्तिसे पर्याप्त हुए जीवके होता है ।

शंका— वह कितने काल होता है ?

समाधान— वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होता है ।

यह मूलवीणा कहलाती है ।

सूक्ष्मसे लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक लब्ध्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य उपपादयोग होते हैं (संदृष्टि मूलमें देखिये) ।

शंका— वह किसके होता है ?

समाधान— वह तद्भवस्थ हुए जघन्य योगवाले जीवके प्रथम समयमें होता है ।

शंका— वह कितने काल होता है ?

समाधान— वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।


सूक्ष्मको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय निर्वृत्त्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य उपपाद-

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'जोगो' इति पाठः । २ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-का-ताप्रतिषु 'परंपरपज्जत्तयदस्स' इति पाठः । ३ अ-काप्रत्योः 'वेसमओ' इति पाठः । ४ ताप्रतौ 'जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपज्जत्ताणं एदे जहण्णया उववादजोगा—



एदे कस्स होंति ? पढमसमयतब्भवत्थस्स विग्गहगईए वट्टमाणस्स । केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ ।

सुहुम-बादराणं लद्धिअपज्जत्तयाणमेदे जहण्णया एयंताणुवड्ढिजोगा •▽ △* । सो कस्स होदि ? बिदियसमयतब्भवस्थस्स जहण्णजोगिस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण उक्कस्सेण य एगसमओ भवदि[1] ।

सुहुम-बादराणं णिव्वत्तिअपज्जत्तयाणमेदे जहण्णया एयंताणुवड्ढिजोगा •▽ △* । सो कस्स होदि ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगिस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुकस्सेण एगसमओ ।

योग हैं (संदृष्टि मूलमें देखिये) ।

शंका— ये किसके होते हैं ?

समाधान— ये विग्रहगतिमें वर्तमान जीवके तद्भवस्थ होनेके प्रथम समयमें होते हैं ।

शंका— ये कितने काल होते हैं ?

समाधान— ये जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होते हैं ।

सूक्ष्म व बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग हैं (मूलमें) ।

शंका— वह किसके होता है ?

समाधान— वह तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें जघन्य योगवालेके होता है ।

शंका— वह कितने काल होता है ?

समाधान— जघन्य व उत्कर्षसे वह एक समय होता है ।

सूक्ष्म व बादर निर्वृत्त्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग हैं (मूलमें) । वह किसके होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें वर्तमान जघन्य योगवालेके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

---


१ अ-आ-का-ताप्रतिष्वनुपलभ्यमानमेतत् पदं मप्रतितोऽत्र योजितम् ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुम-बादराणं लद्धिअपज्जत्तयाणमेदे जहण्णया परिणामजोगा °▽ △*। ते कस्स[1] होंति ? परभवियाउअबंधपाओग्गपढमसमयप्पहुडि उवरिमभवट्ठिदीए वट्टमाणस्स। ते केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमया हवंति।

सुहुम-बादराणं णिव्वत्तिअपज्जत्तयाणमेदे जहण्णपरिणामजोगा °▽ △*। ते कस्स होंति ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स पढमसमए वट्टमाणस्स। ते[2] केवचिरं कालादो होंति[3] ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमया।

बीइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदिओ त्ति एदेसिं लद्धिअपज्जत्तयाणं जहण्णएगंताणुवड्ढिजोगा एदे। सो[4] कस्स ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगिस्स। सो[5] केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ ।



बीइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदिओ त्ति एदेसिं णिव्वत्तिअपज्जत्तयाणं जहण्णया एयंताणुवड्ढिजोगा। सो कस्स ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगिस्स। सो केवचिरं

सूक्ष्म व बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य परिणामयोग हैं (मूलमें)। वे किसके होते हैं ? वे परभविक आयुके बन्ध योग्य प्रथम समयसे लेकर उपरिम भवस्थितिमें वर्तमान जीवके होते हैं। वे कितने काल होते हैं। वे जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होते हैं।

सूक्ष्म व बादर निर्वृत्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य परिणामयोग हैं (मूलमें)। वे किसके होते हैं ? वे शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके प्रथम समयमें रहनेवालेके होते हैं। वे कितने काल होते हैं ? वे जघन्यसे एक समय वे उत्कर्षसे चार समय होते हैं।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक इन लब्ध्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग हैं। वह किसके होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें वर्तमान जघन्य योगवालेके होता है। वह कितने काल होता है। वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है (संदृष्टि मूलमें देखिये)।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक इन निर्वृत्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग हैं। वह किसके होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें वर्त-

---


१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु '-परिणामजोगा कस्स' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'सो' इति पाठः। ३ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु ' होदि ' इति पाठः। ४ ताप्रतौ ' जहण्णिया एगंताणुवड्ढिजोगा सो ' इति पाठः। ५ आ-का-ताप्रतिषु ' सो ' इत्येतत् पदं नोपलभ्यते।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेणेगसमओ ।



बीइंदियादि जाव सण्णिपंचिंदिया त्ति एदेसिं लद्धिअपज्जत्ताणमेदे जहण्णपरिणामजोगा—



सो कस्स ? आउगबंधपाओग्गपढमसमयप्पहुडि तदियभागे वट्टमाणस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण चत्तारिसमया ।

बेइंदियादिसण्णिपंचिंदिया त्ति एदेसिं णिव्वत्तिपज्जत्तयाणं एदे जहण्णया परिणामजोगा । सो कस्स ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स पढमसमए वट्टमाणस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमया । एसा जहण्णवीणा परूविदा । उक्कस्सवीणा वि एवं[1] चेव परूवेदव्वा । णवरि जम्हि उक्कस्सेण चत्तारिसमया तम्हि बेसमया वत्तव्वा ।

मान जघन्य योगवालेके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है (संदृष्टि मूलमें देखिये) ।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक इन लब्ध्यपर्याप्तकोंके ये जघन्य परिणामयोग हैं (संदृष्टि मूलमें देखिये) । वह किसके होता है ? वह आयुबन्धके योग्य प्रथम समयसे लेकर तृतीय भागमें वर्तमान जीवके होता है । वह कितने काल होता है । वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होता है ।


द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक इन निर्वृत्तिपर्याप्तकोंके ये जघन्य परिणामयोग होते हैं । वह किसके होता है ? वह शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके प्रथम समयमें रहनेवालेके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होता है । यह जघन्य वीणाकी प्ररूपणा की गई है । उत्कृष्ट वीणाकी भी प्ररूपणा इसी प्रकार ही करना चाहिये । विशेषता केवल इतनी है कि वहांपर जहां उत्कर्षसे चार समय कहे गये हैं वहां यहांपर दो समय कहना चाहिये ।

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अप्रतौ ' उक्कस्सेण वीणा एवं ', आ-काप्रत्योः ' उक्कस्सवीणा एवं ', ताप्रतौ ' उक्कस्सवीणाए एवं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुहुमादिसण्णि त्ति लद्धिअपज्जत्ताणं जहाकमेण जहण्णुक्कस्सउववादजोगा—



सो कस्स ? पढमसमयतब्भवत्थस्स जहण्णजोगिस्स उक्कस्सउववादजोगिस्स । केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ ।

सुहुमादिसण्णि त्ति णिव्वत्तिअपज्जत्ताणं[1] जहाकमेण जहण्णुक्कस्सउववादजोगा— सो कस्स ? पढमसमयतब्भवत्थस्स जहण्णुक्कस्सउववादजोगे वट्टमाणस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ ०▽ ०▽ ।

सुहुम-बादराणं लद्धिअपज्जत्ताणं जहाकमेण एदे जहण्णुक्कस्सएयंताणुवड्ढिजोगा— सो कस्स ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स एयंताणुवड्ढिकालचरिमसमए वट्टमाणस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । सुहुम-बादराणं णिव्वत्तिअपज्जत्ताणं जहाकमेण

सूक्ष्मको आदि लेकर संज्ञी पंचेन्द्रिय तक लब्ध्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे जघन्य व उत्कृष्ट उपपादयोग ये हैं (संदृष्टि मूलमें देखिये) । वह किसके होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके प्रथम समयमें वर्तमान जघन्य व उत्कृष्ट योगवालेके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

सूक्ष्मको आदि लेकर संज्ञी तक निर्वृत्त्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे जघन्य व उत्कृष्ट उपपादयोग ये हैं । वह किससे होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके प्रथम समयमें वर्तमान जघन्य व उत्कृष्ट योगमें रहनेवाले जीवके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

सूक्ष्म व बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे ये जघन्य व उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग हैं । वह किसके होता है ? वह एकान्तानुवृद्धियोगकालके अन्तिम समयमें वर्तमान जीवके तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

सूक्ष्म व बादर निर्वृत्त्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे जघन्य व उत्कृष्ट एकान्तानु-

---

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु ' -सण्णित्ति अपज्जत्ताणं ', ताप्रतौ ' सण्णित्ति णि लद्धिअपज्जताणं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहण्णुक्कस्सएयंताणुवड्ढिजोगा एदे ०▽ ०▽ । सो कस्स ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स चरिमसमयअपज्जत्तस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । तदुवरि सुहुम-बादरलद्धिअपज्जत्ताणं जहाकमेण एदे जहण्णुक्कस्सपरिणामजोगा । सो कस्स ? आउअबंधपाओग्गकाले जहण्णुक्कस्सेण परिणामजोगेसु वट्टमाणस्स । केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण जहाकमेण चत्तारिसमया बेसमया । तदुवरि सुहुम-बादरणिव्वत्तिअपज्जत्ताणं जहाकमेण जहण्णुक्कस्सपरिणामजोगा ०▽ ०▽ । तत्थ जहण्णपरिणामजोगो सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स पढमसमए होदि । ण च एसो णियमो, उवरि वि जहण्णपरिणामजोगसंभवादो । उक्कस्सपरिणामजोगो परंपरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स होदि । जहण्णपरिणामजोगो जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमइओ । उक्कस्सजोगो जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बेसमया ।

बेइंदियादिसण्णिलद्धिअपज्जत्ताणं जहाकमेण एदे जहण्णएयंताणुवड्ढिजोगा ०▽ ०▽ १६६९ । सो कस्स ? बिदियसमयतब्भवत्थस्स जहण्णएगंताणुवड्ढिजोगे वट्टमाणस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । तदुवरि तेसिं चेव जहाकमेण

वृद्धियोग ये हैं (मूलमें देखिये) । वह किसके होता है ? वह तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें वर्तमान चरमसमयवर्ती अपर्याप्तके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

इसके आगे सूक्ष्म व बादर लब्ध्यपर्याप्तोंके यथाक्रमसे ये जघन्य व उत्कृष्ट परिणामयोग हैं । वह किसके होता है ? वह आयुबन्धकके योग्य कालमें जघन्य व उत्कर्षसे परिणामयोगोंमें रहनेवाले जीवके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे क्रमशः चार व दो समय होता है ।


इसके आगे सूक्ष्म व बादर निर्वृत्यपर्याप्तोंके यथाक्रमसे जघन्य व उत्कृष्ट परिणामयोग ये हैं । उनमें जघन्य परिणामयोग शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके प्रथम समयमें होता है । परन्तु यह नियम नहीं है, क्योंकि, आगे भी जघन्य परिणामयोग सम्भव है । उत्कृष्ट परिणामयोग परम्परापर्याप्तिसे पर्याप्त हुए जीवके होता है । जघन्य परिणामयोग जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होता है । उत्कृष्ट परिणामयोग जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होता है ।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी लब्ध्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे ये जघन्य एकान्तानुवृद्धियोग होते हैं (मूलमें देखिये) । वह किसके होता है ? वह जघन्य एकान्तानुवृद्धियोगमें वर्तमान जीवके तद्भवस्थ होनेके द्वितीय समयमें होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है ।

उसके आगे उक्त जीवोंके ही यथाक्रमसे उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग ये हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कस्सएगंताणुवड्ढिजोगा। सो कस्स ? अंतोमुहुत्तुववण्णस्स से काले आउअं बंधिहिदि त्ति ट्ठिदस्स। सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ।



एदेसिं छण्णं पि अंतराणं पमाणं सेडीए असंखेज्जदिभागो। कुदो ? एगवारेण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तजोगपक्खेवप्पवेसादो। तं पि कुदो णव्वदे ? हेट्ठिमजोगट्ठाणं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदे उवरिमजोगट्ठाणुप्पत्तीदो[1]।

बेइंदियादिसण्णि त्ति लद्धिअपज्जत्ताणं जहाकमेण एदे जहण्णपरिणामजोगा। सो कस्स ? सगभवट्ठिदीए तदियतिभागे वट्टमाणस्स। तदुवरि तेसिं चेव उक्कस्सपरिणामजोगा।

वह किसके होता है ? वह उत्पन्न होनेके अन्तर्मुहूर्त पश्चात् अनन्तर समयमें आयुको बांधनेके अभिमुख हुए जीवके होता है। वह कितने काल होता है। वह जघन्य व उत्कर्षसे एक समय होता है।

इन छहों अन्तरालोंका (संदृष्टि मूलमें देखिये) प्रमाण श्रेणिका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, एक वारमें श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र योगप्रक्षेपोंका प्रवेश है।

शंका— वह भी कहांसे जाना जाता है ?

समाधान— चूंकि अधस्तन योगस्थानको पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित करनेपर उपरिम योगस्थान उत्पन्न होता है, अतः इसी हेतुसे वह जाना जाता है।

द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी तक लब्ध्यपर्याप्तकोंके यथाक्रमसे ये जघन्य परिणामयोग हैं। वह किसके होता है ? वह अपनी भवस्थितिके तृतीय भागमें वर्तमान जीवके होता है। उसके आगे उन्हींके उत्कृष्ट परिणामयोग हैं। वे किसके होते हैं ? वे

---

१ अप्रतौ ' जोगट्ठाणुववत्तीदो ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ते कस्स ? सगजीविदतिभागे वट्टमाणस्स । ते दो वि केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारि-बेसमया । तदुवरि बीइंदियादिसण्णि त्ति णिव्वत्तिअपज्जत्ताणं जहण्णुक्कस्सएगंताणुवड्ढिजोगा— जहण्णओ बिंदियसमयतब्भवत्थस्स, उक्कस्सओ चरिमसमयअपज्जत्तयस्स । जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । तदुवरि तेसिं चेव णिव्वत्तिअपज्जत्ताणं जहण्णपरिणामजोगा । सो कस्स ? सरीरपज्जत्तीए पज्जत्तयदपढमसमयप्पहुडि उवरि वट्टमाणस्स होदि । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण चत्तारिसमया । तदुवरि तेसिं चेव जहाकमेण उक्कस्सपरिणामजोगट्ठाणाणि । सो कस्स ? परंपरपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स । सो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ, उक्कस्सेण बेसमया । एवं जहण्णुक्कस्सवीणाए सव्वपरत्थाणप्पाबहुगं समत्तं ।

पदेसअप्पाबहुए त्ति जहा जोगअप्पाबहुगं णीदं तधा णेदव्वं । णवरि पदेसा अप्पाए त्ति भाणिदव्वं ॥ १७४ ॥

एदस्सत्थो वुच्चदे— जहा जोगस्स सत्थाण-परत्थाण-सव्वपरत्थाणभेदेण जहण्णु-

---

अपने जीवितके तृतीय भागमें वर्तमान जीवके होते हैं । वे दोनों ही कितने काल होते हैं ? वे जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे क्रमशः चार व दो समय होते हैं ।

उसके आगे द्वीन्द्रियको आदि लेकर संज्ञी तक निर्वृत्त्यपर्याप्तोंके जघन्य व उत्कृष्ट एकान्तानुवृद्धियोग होते हैं । इनमें जघन्य तो द्वितीय समय तद्भवस्थके और उत्कृष्ट चरमसमयवर्ती अपर्याप्तके होता है । इनका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय है ।

इसके आगे उन्हीं निर्वृत्त्यपर्याप्तोंके जघन्य परिणामयोग होते हैं । वह किसके होता है ? वह शरीरपर्याप्तिसे पर्याप्त होनेके प्रथम समयसे लेकर आगेके कालमें रहनेवाले जीवके होता है । वह कितने काल होता है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे चार समय होता है ।

इसके आगे उन्हींके यथाक्रमसे उत्कृष्ट परिणामयोगस्थान होते हैं । वह किसके होता है ? वह परम्परापर्याप्तिसे पर्याप्त हुए जीवके होता है । वह कितने काल होता है । वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय होता है । इस प्रकार जघन्योत्कृष्ट वीणामें सर्वपरस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

जिस प्रकार योगअल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार प्रदेशअल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करना चाहिये । विशेष इतना है कि योगके स्थानमें यहां 'प्रदेश' ऐसा कहना चाहिये ॥ १७४ ॥

इस सूत्रका अर्थ कहते हैं— जिस प्रकार योग अर्थात् स्वस्थान, परस्थान और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्कस्सजोगाणमप्पाबहुगं परूविदं तहा जोगकारणेण जीवेस्स दुक्कमाणकम्मपदेसाणं पि अप्पाबहुगं परूविदव्वं, सव्वत्थ कारणाणुसारिकज्जुवलंभादो। जदि कारणाणुसारी चेव कज्जं होदि तो समयं पडि जोगवसेण दुक्कमाणकम्मपदेसेहि असंखेज्जेहि होदव्वं, जोगम्मि असंखेज्जाणं अविभागपडिच्छेदाणमुवलंभादो त्ति वुत्ते — ण, एगजोगाविभागपडिच्छेदे[1] वि अणंतकम्मपदेसायड्ढणसत्तिदंसणादो। जोगादो कम्मपदेसाणमागमो होदि त्ति कधं णव्वदे? एदम्हादो चेव पदेसअप्पाबहुगसुत्तादो णव्वदे। ण च पमाणंतरमवेक्खदे, अणवत्थापसंगादो। तेण गुणिदकम्मंसिओ तप्पाओग्गउक्कस्सजोगेहि चेव हिंडावेदव्वो, अण्णहा बहुपदेससंचयाणुववत्तीदो। खविदकम्मंसिओ वि तप्पाओग्गजहण्णजोगपंतीए खग्गधारसरिसीए पयट्टावेदव्वो, अण्णहा कम्म-णोकम्मपदेसाणं थोवत्ताणुववत्तीदो।

जोगट्ठाणपरूवणदाए तत्थ इमाणि दस अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति ॥ १७५ ॥

एत्थ जोगो चउव्विहो — णामजोगो ठवणजोगो दव्वजोगो भावजोगो चेदि णाम-

---

सर्वपरस्थानके भेदसे जघन्य व उत्कृष्ट योगोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार योगके निमित्तसे जीवके आनेवाले कर्मप्रदेशोंके भी अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करना चाहिये, क्योंकि, सब जगह कारणके अनुसार ही कार्य पाया जाता है।

शंका — यदि कार्य कारणका अनुसरण करनेवाला ही होता है तो प्रतिसमय योगके वशसे आनेवाले कर्मप्रदेश असंख्यात होने चाहिये, क्योंकि, योगमें असंख्यात अविभागप्रतिच्छेद पाये जाते हैं?

समाधान — नहीं, क्योंकि, योगके एक अविभागप्रतिच्छेदमें भी अनन्त कर्मप्रदेशोंके आकर्षणकी शक्ति देखी जाती है?

शंका — योगसे कर्मप्रदेशोंका आगमन होता है, यह कैसे जाना जाता है?

समाधान — वह इसी प्रदेशाल्पबहुत्वसूत्रसे जाना जाता है, किसी अन्य प्रमाणकी अपेक्षा नहीं करता; क्योंकि, वैसा होनेपर अनवस्था दोषका प्रसंग आता है।

इसी कारण गुणितकर्मांशिकको तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट योगोंसे ही घुमाना चाहिये, क्योंकि, इसके विना उसके बहुत प्रदेशोंका संचय घटित नहीं होता। क्षपितकर्मांशिकको भी खड्गधारा सदृश तत्प्रायोग्य जघन्य योगोंकी पंक्तिसे प्रवर्ताना चाहिये, क्योंकि, अन्य प्रकारसे कर्म और नोकर्मके प्रदेशोंकी अल्पता नहीं बनती।

योगस्थानोंकी प्ररूपणामें ये दस अनुयोगद्वार जानने योग्य हैं ॥ १७५ ॥

यहां योग चार प्रकार है — नामयोग, स्थापनायोग, द्रव्ययोग और भावयोग।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'पडिच्छेदो' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'पदेसायद्दण', ताप्रतौ 'पदेसायदण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ट्ठवणजोगा सुगमा त्ति ण तेसिमत्थो वुच्चदे। दव्वजोगो दुविहो आगमदव्वजोगो णोआगमदव्वजोगो चेदि। तत्थ आगमदव्वजोगो णाम जोगपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो। णोआगमदव्वजोगो तिविहो जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तदव्वजोगो चेदि। जाणुगसरीर-भवियदव्वजोगा सुगमा। तव्वदिरित्तदव्वजोगो अणेयविहो। तं जहा — सूर-णक्खत्तजोगो चंद-णक्खत्तजोगो गह-णक्खत्तजोगो कोणंगारजोगो चुण्णजोगो मंतजोगो इच्चेवमादओ। तत्थ भावजोगो दुविहो आगमभावजोगो णोआगमभावजोगो चेदि। तत्थ आगमभावजोगो जोगपाहुडजाणओ उवजुत्तो। णोआगमभावजोगो तिविहो गुणजोगो संभवजोगो जुंजणजोगो चेदि। तत्थ गुणजोगो दुविहो सच्चित्तगुणजोगो अच्चित्तगुणजोगो चेदि। तत्थ अच्चित्तगुणजोगो जहा रूव-रस गंध-फासादीहि पोग्गलदव्वजोगो, आगासादीणमप्पप्पणो गुणेहि सह जोगो वा। तत्थ सच्चित्तगुणजोगो पंचविहो — ओदइओ ओवसमिओ खइओ खओवसमिओ पारिणामिओ चेदि। तत्थ गदि-लिंग-कसायादीहि जीवस्स जोगो ओदइयगुणजोगो। ओवसमियसम्मत्त-संजमेहि जीवस्स जोगो ओवसमियगुणजोगो। केवलणाण-दंसण-जहाक्खादसंजमादीहि जीवस्स जोगो खइयगुणजोगो णाम। ओहि-मणपज्जवादीहि जीवस्स जोगो खओवसमिय-

---

नाम और स्थापना योग चूंकि सुगम हैं, अतः उनका अर्थ नहीं कहते हैं। द्रव्ययोग दो प्रकार है — आगमद्रव्ययोग और नोआगमद्रव्ययोग। उनमें योगप्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्ययोग कहलाता है। नोआगमद्रव्ययोग तीन प्रकार है— ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्ययोग। ज्ञायकशरीर और भावी नोआगमद्रव्ययोग सुगम हैं। तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्ययोग अनेक प्रकार है। यथा— सूर्य-नक्षत्रयोग, चन्द्र-नक्षत्रयोग, ग्रह-नक्षत्रयोग, कोण-अंगारयोग, चूर्णयोग व मन्त्रयोग इत्यादि। भावयोग दो प्रकारका है— आगमभावयोग और नोआगमभाव-योग। उनमेंसे योगप्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावयोग कहा जाता है। नोआगमभावयोग तीन प्रकार है— गुणयोग, सम्भवयोग और योजनायोग। उनमेंसे गुणयोग दो प्रकारका है— सचित्तगुणयोग और अचित्तगुणयोग। उनमेंसे अचित्तगुणयोग— जैसे रूप, रस, गन्ध और स्पर्श आदि गुणोंसे पुद्गलद्रव्यका योग; अथवा आकाश आदि द्रव्योंका अपने अपने गुणोंके साथ योग। उनमेंसे सचित्तगुण-योग पांच प्रकारका है— औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारि-णामिक। उनमेंसे गति, लिंग और कषाय आदिकोंसे जो जीवका योग होता है वह औदयिक सचित्तगुणयोग है। औपशमिक सम्यक्त्व और संयमसे जो जीवका योग होता है वह औपशमिक सचित्तगुणयोग कहा जाता है। केवलज्ञान, केवलदर्शन एवं यथाख्यातसंयम आदिकोंसे होनेवाला जीवका योग क्षायिक सचित्तगुणयोग कहा जाता है। अवधि व मनः-पर्यय आदिकोंके साथ होनेवाले जीवके योगको क्षायोपशमिक सचित्तगुणयोग कहते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणजोगो णाम । जीव-भवियत्तादीहि जोगो पारिणामियगुणजोगो णाम । इंदो मेरुं चालइदुं समत्थो त्ति एसो संभवजोगो णाम । जो सो जुंजणजोगो सो तिविहो— उववादजोगो एगंताणुवड्ढिजोगो परिणामजोगो चेदि । एदेसु जोगेसु जुंजणजोगेण अहियारो, सेसजोगेहिंतो कम्मपदेसाणमागमणाभावादो ।

णाम-ट्ठवण-दव्व-भावभेदेण ट्ठाणं चदुव्विहं । णाम-ट्ठवणट्ठाणाणि सुगमाणि त्ति तेसिमत्थो ण वुच्चदे । दव्वट्ठाणं दुविहं आगम-णोआगमदव्वट्ठाणभेदेण[1] । तत्थ आगमदो दव्वट्ठाणं ट्ठाणपाहुडजाणओ अणुवजुत्तो[2] । णोआगमदव्वट्ठाणं तिविहं जाणुगसरीर-भवियतव्वदिरित्तट्ठाणभेएण । तत्थ जाणुगसरीर-भवियट्ठाणाणि सुगमाणि । तव्वदिरित्तदव्वट्ठाणं तिविहं[3]— सच्चित्त-अच्चित्त-मिस्सणोआगमदव्वट्ठाणं चेदि । जं तं सच्चित्तणोआगमदव्वट्ठाणं तं दुविहं बाहिरमब्भंतरं चेदि । जं तं बाहिरं तं दुविहं धुवमद्धुवं चेदि । जं तं धुवं तं सिद्धाणमोगाहणट्ठाणं । कुदो ? तेसिमोगाहणाए वड्ढि-हाणीणमभावेण थिरसरूवेण अवट्ठाणादो । जं तमद्धुवं सच्चित्तट्ठाणं तं संसारत्थाण जीवाणमोगाहणा । कुदो ? तत्थ वड्ढि-हाणीणमुवलंभादो । जं तमब्भंतरं सच्चित्तट्ठाणं तं दुविहं संकोच-विकोचणप्पयं तव्विहीणं चेदि ।

जीवत्व व भव्यत्व आदिके साथ होनेवाला योग पारिणामिक सचित्तगुणयोग कहलाता है । इन्द्र मेरु पर्वतको चलानेके लिये समर्थ है, इस प्रकारका जो शक्तिका योग है वह सम्भवयोग कहा जाता है । जो योजना–(मन, वचन व कायका व्यापार) योग है वह तीन प्रकारका है— उपपादयोग, एकान्तानुवृद्धियोग और परिणामयोग । इन योगोंमें यहां योजनायोगका अधिकार है, क्योंकि, शेष योगोंसे कर्मप्रदेशोंका आगमन सम्भव नहीं है ।

नाम, स्थापना, द्रव्य और भावके भेदसे स्थान चार प्रकार है । इनमें नाम व स्थापना स्थान सुगम हैं, अत एव उनका अर्थ नहीं कहते । द्रव्य स्थान दो प्रकार है— आगमद्रव्यस्थान और नोआगमद्रव्यस्थान । उनमें स्थानप्राभृतका जानकार उपयोग रहित जीव आगमद्रव्यस्थान कहा जाता है । नोआगमद्रव्यस्थान ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त स्थानके भेदसे तीन प्रकार है । उनमें ज्ञायकशरीर और भावी स्थान सुगम हैं । तद्व्यतिरिक्त द्रव्यस्थान तीन प्रकार है— सचित्त, अचित्त और मिश्र नोआगमद्रव्यस्थान । जो सचित्त नोआगमद्रव्यस्थान है वह दो प्रकार है— बाह्य और अभ्यन्तर । इनमें जो बाह्य है वह दो प्रकार है— ध्रुव और अध्रुव । जो ध्रुव है वह सिद्धोंका अवगाहनास्थान है, क्योंकि, वृद्धि और हानिका अभाव होनेसे उनकी अवगाहना स्थिर स्वरूपसे अवस्थित है । जो अध्रुव सचित्तस्थान है वह संसारी जीवोंकी अवगाहना है, क्योंकि, उसमें वृद्धि और हानि पायी जाती है । जो अभ्यन्तर सचित्तस्थान है वह दो प्रकार है— संकोच-विकोचात्मक और तद्विहीन । इनमें जो

---

१ अ-आप्रत्योः ' ट्ठवणभेदेण ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' णुवजुत्तो ' इति पाठः । ३ आप्रतौ ' दव्वट्ठाणं तव्वदिरित्तं तिविहं ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जं तं संकोच-विकोचणप्पयमब्भंतरसचित्तट्ठाणं तं सव्वेसिं सजोगीजीवाणं[1] जीवदव्वं। जं तं तव्विहीणमब्भंतरं सचित्तट्ठाणं तं केवलणाण-दंसणहराणं अमोक्खट्ठिदिबंधपरिणयाणं[2] सिद्धाणं अजोगिकेवलीणं वा जीवदव्वं। कधं[3] जीवदव्वस्स जीवदव्वमभिण्णट्ठाणं होदि? ण, सदो[4] वदिरित्तदव्वाणमण्णदव्वट्ठाणहेदुत्ताभावादो[5] सगतिकोडिपरिणामभेदणाभेदणत्तणेण सव्वदव्वाणमवट्ठाणुवलंभादो। जं तमचित्तदव्वट्ठाणं तं दुविहं रूवि-यचित्तदव्वट्ठाणमरूवि-यचित्तदव्वट्ठाणं चेदि। जं तं रूविअचित्तदव्वट्ठाणं तं दुविहं अब्भंतरं बाहिरं चेदि। जं तमब्भंतरं [तं] दुविहं जहवुत्ति-अजहवुत्तियं चेदि। जं तं जहवुत्तिअब्भंतरट्ठाणं तं किण्ह-णील-रुहिर-हालिद्द-सुक्किल-सुरहि-दुरहिगंध-तित्त-कडुअ-कसायंबिल-महुर-णिद्ध-लुक्ख-सीदुसुणादिभेदेण अणेयविहं। जं तमजहवुत्तिरूविअचित्तट्ठाणं तं पोग्गलमुत्ति-वण्ण-गंध-रस-फास-अणुवजोगत्तादिभेदेण अणेयविहं। जं तं बाहिररूविअचित्तदव्वट्ठाणं तमेगागासपदेसादिभेदेण असंखेज्जवियप्पं।

संकोच-विकोचात्मक अभ्यन्तर सचित्तस्थान है वह योग युक्त सब जीवोंका जीवद्रव्य है। जो तद्विहीन अभ्यन्तर सचित्तस्थान है वह केवलज्ञान व केवलदर्शनको धारण करनेवाले एवं मोक्ष व स्थितिबन्धसे अपरिणत ऐसे सिद्धोंका अथवा अयोग केवलियोंका जीवद्रव्य है।

शंका— जीवद्रव्यका जीवद्रव्य अभिन्न स्थान कैसे हो सकता है?

समाधान— नहीं, क्योंकि, अपनेसे भिन्न द्रव्योंके अन्य द्रव्यस्थानका हेतुत्व न होनेसे अपने त्रिकोटि (उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य) स्वरूप परिणामके कथंचित् भेदाभेद रूपसे सब द्रव्योंका अवस्थान पाया जाता है।

जो अचित्त द्रव्यस्थान है वह दो प्रकार है— रूपी अचित्तद्रव्यस्थान और अरूपी अचित्तद्रव्यस्थान। इनमें जो रूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह दो प्रकार है— अभ्यन्तर और बाह्य। जो अभ्यन्तर रूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह दो प्रकार है— जहद्वृत्तिक और अजहद्वृत्तिक। जो जहद्वृत्तिक अभ्यन्तर रूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह कृष्ण, नील, रुधिर, हारिद्र, शुक्ल, सुरभिगन्ध, दुरभिगन्ध, तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल, मधुर, स्निग्ध, रुक्ष, शीत व उष्ण आदिके भेदसे अनेक प्रकार है। जो अजहद्वृत्तिक अभ्यन्तर रूपी अचित्त द्रव्यस्थान है वह पुद्गलका मूर्त्तित्व, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श व उपयोगहीनता आदिके भेदसे अनेक प्रकार है। जो बाह्य रूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह एक आकाशप्रदेश आदिके भेदसे असंख्यात भेद रूप है।

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'संजोग' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'परिणमाणं', ताप्रतौ 'परिणामाणं' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु 'जीवदव्वं दव्वं कदं', ताप्रतौ 'जीवदव्वं [दव्वं] । कदं (धं)' इति पाठः। ४ आ-काप्रत्योः 'सद्दो' इति पाठः। ५ ताप्रतौ '-मण्णट्ठाणहेदुत्ताभावादो' इति पाठः। ६ अ-आ-काप्रतिषु 'सीदुसुणादिभेदेण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जं तमरूवि-यचित्तदव्वट्ठाणं तं दुविहं अब्भंतरं बाहिरं चेदि । जं तमब्भंतरमरूवि-अचित्तदव्वट्ठाणं तं धम्मत्थिय-अधम्मत्थिय-आगासत्थिय-कालदव्वाणमप्पणो सरूवावट्ठाण-हेदुपरिणामा । जं तं बाहिरमरूविअचित्तदव्वट्ठाणं तं धम्मत्थिय-अधम्मत्थिय-कालदव्वेहि ओट्ठद्धागासपदेसा । आगासत्थियस्स णत्थि बाहिरट्ठाणं, आगासावगाहिणो[1] अण्णस्स दव्वस्स अभावादो । जं तं मिस्सदव्वट्ठाणं तं लोगागासो ।

भावट्ठाणं दुविहं आगम-णोआगमभावट्ठाणभेदेण । तत्थ आगमभावट्ठाणं णाम ट्ठाणपाहुडजाणओ उवजुत्तो । णोआगमभावट्ठाणमोदइयादिभेदेण पंचविहं । एत्थ ओदइय-भावट्ठाणेण अहियारो, अघादिकम्माणमुदएण तप्पाओग्गेण जोगुप्पत्तीदो । जोगो खओव-समिओ त्ति के वि भणंति । तं कधं घडदे ? वीरियंतराइयक्खओवसमेण कत्थ वि जोगस्स वड्ढिमुवलक्खियं[2] खओवसमियत्तप्पदुप्पायणादो घडदे ।

जोगस्स ट्ठाणं जोगट्ठाणं, जोगट्ठाणस्स परूवणदा जोगट्ठाणपरूवणदा[3], तीए

जो अरूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह दो प्रकार है— अभ्यन्तर अरूपी अचित्त-द्रव्यस्थान और बाह्य अरूपी अचित्तद्रव्यस्थान। जो अभ्यन्तर अरूपी अचित्तद्रव्यस्थान है वह धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय और काल द्रव्योंके अपने स्वरूपमें अवस्थानके हेतुभूत परिणामों स्वरूप है। जो बाह्य अरूपी अचित्त द्रव्यस्थान है वह धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय व काल द्रव्यसे अवरुद्ध आकाशप्रदेशों स्वरूप है। आकाशास्तिकायका बाह्य स्थान नहीं है, क्योंकि, आकाशको स्थान देनेवाले दूसरे द्रव्यका अभाव है। जो मिश्रद्रव्यस्थान है वह लोकाकाश है।

भावस्थान आगम और नोआगम भावस्थानके भेदसे दो प्रकार है। उनमें स्थानप्राभृतका जानकार उपयोग युक्त जीव आगमभावस्थान है। नोआगमभाव-स्थान औदयिक आदिके भेदसे पांच प्रकार है। यहां औदयिक भावस्थानका अधिकार है, क्योंकि, योगकी उत्पत्ति तत्प्रायोग्य अघातिया कर्मोंके उदयसे है।

शंका— योग क्षायोपशमिक है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। वह कैसे घटित होता है ?

समाधान— कहींपर वीर्यान्तरायके क्षयोपशमसे योगकी वृद्धिको पाकर चूंकि उसे क्षायोपशमिक प्रतिपादन किया गया है, अतएव वह भी घटित होता है।

योगका स्थान योगस्थान, योगस्थानकी प्ररूपणता योगस्थनप्ररूपणता, उस

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु ' ओट्ठद्धागासपदेसा आगासावगाहिणो ', ताप्रतौ ' ओट्ठद्धागासपदेस-त्थियस्स णत्थि बाहिरट्ठाणं, आगासावगाहिणो ' इति पाठः। २ मप्रतौ ' वड्ढिमुवलंबिय ' इति पाठः। ३ अ-आ-काप्रतिषु ' जोगट्ठाणदा ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोगट्ठाणपरूवणदाए दस अणिओगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति । किमत्थमेत्थ जोगट्ठाणपरूवणा कीरदे ? पुव्विल्लम्मि अप्पाबहुगम्मि सव्वजीवसमासाणं जहण्णुक्कस्सजोगट्ठाणाणं थोवबहुत्तं चेव जाणाविदं । केत्तिएहि अविभागपडिच्छेदेहि फद्दएहि वग्गणाहि वा जहण्णुक्कस्सजोगट्ठाणाणि होंति त्ति ण वुत्तं । जोगट्ठाणाणं छच्चेव अंतराणि अप्पाबहुगम्मि-परूविदाणि । तदो तेसिमण्णत्थ णिरंतरं वड्ढी होदि त्ति णव्वदे । सा च वड्ढी सव्वत्थ किमवट्ठिदा किमणवट्ठिदा[1] किं वा वड्ढीए पमाणमिदि एदं पि तत्थ ण परूविदं । तदो एदेसिं अपरूविदअत्थाणं परूवणट्ठं जोगट्ठाणपरूवणा कीरदे । किं जोगो णाम ? जीवपदेसाणं परिप्फंदो संकोच-विकोचब्भमणसरूवओ । ण जीवगमणं जोगो, अजोगिस्स अघादिकम्मक्खएण उड्ढं गच्छंतस्स वि सजोगत्तप्पसंगादो । सो च जोगो मण-वचि-कायजोगभेदेण तिविहो । तत्थ बज्झत्थचिंतावावदमणादो समुप्पण्णजीवपदेसपरिप्फंदो मणजोगो णाम । भासावग्गणक्खंधे भासारूवेण परिणामेंतस्स जीवपदेसाणं परिप्फंदो वचिजोगो णाम । वात-पित्त-

---

योगस्थानप्ररूपणतामें दस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं ।

शंका — यहां योगप्ररूपणा किसलिये की जाती है ?

समाधान — पूर्वोक्त अल्पबहुत्वमें सब जीवसमासोंके जघन्य व उत्कृष्ट योगस्थानोंका अल्पबहुत्व ही बतलाया गया है । किन्तु कितने अविभागप्रतिच्छेदों, स्पर्द्धकों अथवा वर्गणाओंसे जघन्य व उत्कृष्ट योगस्थान होते हैं, यह वहां नहीं कहा गया है । योगस्थानोंके छह ही अन्तर अल्पबहुत्वमें कहे गये हैं । इससे दूसरी जगह उनके निरन्तर वृद्धि होती है, ऐसा जाना जाता है । परन्तु वह वृद्धि सब जगह क्या अवस्थित होती है या अनवस्थित, तथा वृद्धिका प्रमाण क्या है; यह भी वहां नहीं कहा गया है । इसलिये इन अप्ररूपित अर्थोंके प्ररूपणार्थ योगस्थानप्ररूपणा की जाती है ।

शंका — योग किसे कहते हैं ?

समाधान — जीवप्रदेशोंका जो संकोच-विकोच व परिभ्रमण रूप परिष्पन्दन होता है वह योग कहलाता है । जीवके गमनको योग नहीं कहा जा सकता, क्योंकि, ऐसा माननेपर अघातिया कर्मोंके क्षयसे ऊर्ध्व गमन करनेवाले अयोगकेवलीके सयोगत्वका प्रसंग आवेगा ।

वह योग मन, वचन व कायके भेदसे तीन प्रकार है । उनमें बाह्य पदार्थके चिन्तनमें प्रवृत्त हुए मनसे उत्पन्न जीवप्रदेशोंके परिष्पन्दको मनयोग कहते हैं । भाषावर्गणाके स्कन्धोंको भाषा स्वरूपसे परिणमानेवाले व्यक्तिके जो जीवप्रदेशोंका परिष्पन्द

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' किमवट्ठिदा किं वट्ठिदा ', ताप्रतौ ' किमवड्ढिदा, किं वड्ढिदा ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेंभादीहि जणिदपरिस्समेण जादजीवपरिप्फंदो कायजोगो णाम । जदि एवं तो तिण्णं पि जोगाणमक्कमेण वुत्ती पावदि त्ति भणिदे— ण एस दोसो, जदट्ठं जीवपदेसाणं पढमं परिप्फंदो जादो अण्णम्मि जीवपदेसपरिप्फंदसहकारिकारणे जादे वि तस्सेव पहाणत्तदंसणेण तस्स तव्ववएसविरोहाभावादो । तम्हा जोगट्ठाणपरूवणा संबद्धा चेव, णासंबद्धा त्ति सिद्धं । दसण्हमणिओगद्दाराणं णामणिद्देसट्ठमुवरिमं सुत्तमागदं —

अविभागपडिच्छेदपरूवणा वग्गणपरूवणा[3] फद्दयपरूवणा अंतरपरूवणा ठाणपरूवणा अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा समयपरूवणा वड्ढिपरूवणा अप्पाबहुए त्ति[4] ॥ १७६ ॥

एत्थ दससु अणिओगद्दारेसु अविभागपडिच्छेदपरूवणा चेव किमट्ठं पुव्वं परूविदा ? ण, अणवगएसु अविभागपडिच्छेदेसु उवरिमअधियाराणं परूवणोवायाभावादो । तदणंतरं

होता है वह वचनयोग कहलाता है । वात, पित्त व कफ आदिके द्वारा उत्पन्न परिश्रमसे जो जीवप्रदेशोंका परिष्पन्द होता है वह काययोग कहा जाता है ।

शंका— यदि ऐसा है तो तीनों ही योगोंका एक साथ अस्तित्व प्राप्त होता है ?

समाधान— ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, जीवप्रदेशपरिष्पन्दके अन्य सहकारी कारणके होते हुए भी जिसके लिये जीवप्रदेशोंका प्रथम परिष्पन्द हुआ है उसकी ही प्रधानता देखी जानेसे उसकी उक्त संज्ञा होनेमें कोई विरोध नहीं है ।

इस कारण योगस्थानप्ररूपणा सम्बद्ध ही है, असम्बद्ध नहीं है; यह सिद्ध है । उन दस अनुयोगद्वारोंके नामनिर्देशके लिये आगेका सूत्र प्राप्त होता है—

अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा, वर्गणाप्ररूपणा, स्पर्द्धकप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, समयप्ररूपणा, वृद्धिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व, ये उक्त दस अनुयोगद्वार हैं ॥ १७६ ॥

शंका— यहां दस अनुयोगद्वारोंमें पहिले अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणाका ही निर्देश किसलिये किया गया है ?

समाधान— नहीं, क्योंकि, अविभागप्रतिच्छेदोंके अज्ञात होनेपर आगेके अधिकारोंकी प्ररूपणाका कोई अन्य उपाय सम्भव नहीं है ।

१ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु ' तस्सव तव्ववएस ', ताप्रतौ ' तस्सेव तव्ववएस ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' तं जहा जोग ', ताप्रतौ ' तं जहाजोग- ' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' वग्गपरूपणा ' इति पाठः । ४ अविभाग-वग्ग-फड्डग-अंतर-ठाणं अणंतरोवणिहा । जोगे परंपरा-वुड्ढि-समय-जीवप्पबहुगं च ॥ क. प्र. १, ५.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वग्गणपरूवणा किमट्ठं परूविदा ? ण एस दोसो, अणवगयासु वग्गणासु फद्दयपरूवणाणुववत्तीदो। फद्दएसु अणवगएसु अंतरपरूवणादीणमुवायाभावादो सेसाणियोगद्दारेसु फद्दयपरूवणा पुव्वं चेव कदा। फद्दयबहुत्तणिबंधणअंतरे अणवगए बहुफद्दयाहिट्ठिदट्ठाणादीणं परूवणोवायाभावादो सेसाणिओगद्दारेहिंतो पुव्वमेव अंतरपरूवणा कदा। ठाणेसु अणवगएसु अणंतरोवणिधादीणमवगमोवायाभावादो पुव्वं ट्ठाणपरूवणा कदा। अणंतरोवणिधाए अणवगदाए परंपरोवणिधावगंतु ण सक्किज्जदि त्ति पुव्वमणंतरोवणिधा परूविदा। परंपरोवणिधाए अणवगदाए समय-वड्ढि-अप्पाबहुगाणमवगमोवायाभावादो परंपरोवणिधा परूविदा। समएसु अणवगएसु उवरिमअहियाराणमुत्थाणाभावादो समयपरूवणा पुव्वं परूविदा। वड्ढिपरूवणाए अणवगयाए तत्थावट्ठाणकालावगमोवायाभावादो अप्पाबहुवादो पुव्वं वड्ढिपरूवणा कदा। एवं परूविदाणं सव्वेसिं थोवबहुत्तजाणावणट्ठमप्पाबहुगपरूवणा कदा।

अविभागपडिच्छेदपरूवणाए एक्केक्कम्हि जीवपदेसे[2] केवडिया जोगाविभागपडिच्छेदा ? ॥ १७७ ॥

शंका — उसके पश्चात् वर्गणाप्ररूपणाकी प्ररूपणा किसलिये की गई है ?

समाधान — यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, वर्गणाओंके अज्ञात होनेपर स्पर्द्धकोंकी प्ररूपणा नहीं बन सकती।

स्पर्द्धकोंके अज्ञात होनेपर अन्तरप्ररूपणा आदिकोंके जाननेका कोई उपाय न होनेसे शेष अनुयोगद्वारोंमें स्पर्द्धकप्ररूपणा पहिले ही की गई है। स्पर्द्धकबहुत्वके कारणभूत अन्तरके अज्ञात होनेपर बहुत स्पर्द्धकोंसे अधिष्ठित स्थान आदि अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणाका कोई उपाय न होनेसे शेष अनुयोगद्वारोंसे पहिले ही अन्तरप्ररूपणा की गई है। स्थानोंके अज्ञात होनेपर अनन्तरोपनिधा आदिकोंके जाननेका कोई उपाय न होनेसे पहिले स्थानप्ररूपणा की गई है। अनन्तरोपनिधाके अज्ञात होनेपर परम्परोपनिधाका जानना शक्य नहीं है, अतः उससे पहिले अनन्तरोपनिधाकी प्ररूपणा की गई है। परम्परोपनिधाके अज्ञात होनेपर समय, वृद्धि और अल्पबहुत्वके जाननेका कोई उपाय न होनेसे परम्परोपनिधाकी प्ररूपणा की गई है। समयोंके अज्ञात होनेपर आगेके अधिकारोंका उत्थान नहीं बनता, अतएव पहिले समयप्ररूपणा कही गई है। वृद्धिप्ररूपणाके अज्ञात होनेपर वहां अवस्थानकालके जाननेका कोई उपाय नहीं है, अतः अल्पबहुत्वसे पहिले वृद्धिप्ररूपणा की गई है। इस क्रमसे प्ररूपित सब अधिकारोंके अल्पबहुत्वको जतलानेके लिये अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की गई है।

अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणाके अनुसार एक एक जीवप्रदेशमें कितने योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं ? ॥ १७७ ॥

---

१ प्रतिषु ' अंतरोवणिधादीण- ' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु ' पदेस ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एदमासंकासुत्तं जोगाविभागपडिच्छेदसंखाविसयं । एक्केक्कम्हि जीवपदेसे जोगाविभागपडिच्छेदा किं संखेज्जा किमसंखेज्जा किमणंता होंति त्ति एत्थ तिविहा आसंका होदि । एदस्स णिण्णयत्थमुत्तरसुत्तमागदं—

असंखेज्जा लोगा जोगाविभागपडिच्छेदा[1] ॥ १७८ ॥

जोगाविभागपडिच्छेदो णाम किं ? एक्कम्हि जीवपदेसे जोगस्स जा जहण्णिया वड्ढी सो जोगाविभागपडिच्छेदो[2] । तेण पमाणेण एगजीवपदेसट्ठिदजहण्णजोगे पण्णाए छिज्जमाणे असंखेज्जलोगमेत्ता जोगाविभागपडिच्छेदा होंति । एगजीवपदेसट्ठिदउक्कस्सजोगे वि एदेण पमाणेण छिज्जमाणे असंखेज्जलोगमेत्ता चेव अविभागपडिच्छेदा होंति, एगजीवपदेसट्ठिदजहण्णजोगादो एगजीवपदेसट्ठिदउक्कस्सजोगस्स असंखेज्जगुणत्तुवलंभादो । एगजीवपदेसट्ठिदजहण्णजोगे असंखेज्जलोगेहि खंडिदे तत्थ एगखण्डमविभागपडिच्छेदो णाम ।

यह योगाविभागप्रतिच्छेदविषयक आशंकासूत्र है । एक एक जीवप्रदेशमें योगाविभागप्रतिच्छेद क्या संख्यात हैं, क्या असंख्यात हैं और क्या अनन्त हैं; इस प्रकार यहां तीन प्रकारकी आशंका होती है । इसके निर्णयार्थ उत्तर सूत्र प्राप्त हुआ है—

एक एक जीवप्रदेशमें असंख्यात लोक प्रमाण योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं ॥ १७८ ॥

शंका— योगाविभागप्रतिच्छेद किसे कहते हैं ?

समाधान — एक जीवप्रदेशमें योगकी जो जघन्य वृद्धि है उसे योगाविभागप्रतिच्छेद कहते हैं ।

उस प्रमाणसे एक जीवप्रदेशमें स्थित जघन्य योगको बुद्धिसे छेदनेपर असंख्यात लोक प्रमाण योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं । एक जीवप्रदेशमें स्थित उत्कृष्ट योगको भी इसी प्रमाणसे छेदनेपर असंख्यात लोक प्रमाण ही अविभागप्रतिच्छेद होते हैं, क्योंकि, एक जीवप्रदेशमें स्थित जघन्य योगकी अपेक्षा एक जीवप्रदेशमें स्थित उत्कृष्ट योग असंख्यातगुणा पाया जाता है । एक जीवप्रदेशमें स्थित जघन्य योगको असंख्यात लोकोंसे खण्डित करनेपर उनमेंसे एक खण्ड अविभागप्रतिच्छेद कहलाता

---

१ पण्णाछेयणछिन्ना लोगासंखेज्जगप्पएससमा । अविभागा एक्केक्के होंति पएसे जहन्नेणं ॥ क. प्र. १, ६.

२ कोऽविभागप्रतिच्छेदः ? जीवप्रदेशस्य कर्मादानशक्तौ जघन्यवृद्धिः, योगस्याधिकृतत्वात् । गो. क. जी. प्र. २२८. तत्र यस्यांशस्य प्रज्ञाच्छेदनकेन विभागः कर्तुं न शक्यते सोंऽशोऽविभाग उच्यते । किमुक्तं भवति ? इह जीवस्य वीर्यं केवलिप्रज्ञाच्छेदनकेन छिद्यमानं छिद्यमानं यदा विभागं न प्रयच्छति तदा सोऽन्तिमोंऽशोऽविभाग इति । क. प्र. (मलय.) ४, ५.

३ ताप्रतौ ' होंति । एगजीवपदेसट्ठिदजहण्णजोगो परिणामए (पण्णाए) छिज्जमाणे असंखेज्जलोगमेत्ता जोगाविभागपडिच्छेदा होंति । एग- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेण पमाणेण एक्केक्कम्हि जीवपदेसे असंखेज्जलोगमेत्ता जोगाविभागपडिच्छेदा होंति त्ति वुत्तं होदि। जहा कम्मपदेसेसु सगजहण्णगुणस्स अणंतिमभागो अविभागपडिच्छेदसण्णिदो जादो तहा एत्थ वि एगजीवपदेसजहण्णजोगस्स अणंतिमभागो अविभागपडिच्छेदो किण्ण जायदे ? ण एस दोसो, कम्मगुणस्सेव जोगस्स अणंतिमभागवड्ढीए अभावादो। जोगे पण्णाए छिज्जमाणे जो अंसो विभागं ण गच्छदि सो अविभागपडिच्छेदो त्ति के वि भणंति। तण्ण घडदे, पुव्वमविभागपडिच्छेदे अणवगए पण्णच्छेदाणुववत्तीदो। उववत्तीए वा कम्माविभागपडिच्छेदा इव अणंता जोगाविभागपडिच्छेदा होज्ज। ण च एवं, असंखेज्जा लोगा जोगाविभागपडिच्छेदा इदि सुत्तेण सह विरोहादो। एदेण सुत्तेण वग्गपरूवणा कदा, एगजीवपदेसाविभागपडिच्छेदाणं वग्गववएसादो।

एवदिया जोगाविभागपडिच्छेदा ॥ १७९ ॥

एक्केक्कहि जीवपदेसे जोगाविभागपडिच्छेदा असंखेज्जलोगमेत्ता होंति त्ति कट्टु लोगमेत्ते जीवपदेसे ठवेदूण तप्पाओग्गअसंखेज्जलोगेहि गहिदकरणुप्पाइदेहि गुणिदे एवदिया

है। उस प्रमाणसे एक एक जीवप्रदेशमें असंख्यात लोक प्रमाण योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं, यह अभिप्राय है।

शंका— जिस प्रकार कर्मप्रदेशोंमें अपने जघन्य गुणके अनन्तवें भागकी अविभागप्रतिच्छेद संज्ञा होती है उसी प्रकार यहां भी एक जीवप्रदेश सम्बन्धी जघन्य योगके अनन्तवें भागकी अविभागप्रतिच्छेद संज्ञा क्यों नहीं होती ?

समाधान— यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, जिस प्रकार कर्मगुणके अनन्तभागवृद्धि पायी जाती है वैसे वह यहां सम्भव नहीं है।

योगको बुद्धिसे छेदनेपर जो अंश विभागको नहीं प्राप्त होता है वह अविभागप्रतिच्छेद है, ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं। वह घटित नहीं होता, क्योंकि, पहिले अविभागप्रतिच्छेदके अज्ञात होनेपर बुद्धिसे छेद करना घटित नहीं होता। अथवा यदि वह घटित होता है, ऐसा स्वीकार किया जाय तो जैसे कर्मके अविभागप्रतिच्छेद अनन्त होते हैं वैसे ही योगके अविभागप्रतिच्छेद भी अनन्त होना चाहिये। परन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि, वैसा होनेपर 'असंख्यात लोक प्रमाण योगके अविभागप्रतिच्छेद होते हैं' इस सूत्रसे विरोध होगा। इस सूत्र द्वारा वर्गोंकी प्ररूपणा की गई है, क्योंकि, एक जीवप्रदेशके अविभागप्रतिच्छेदोंकी वर्ग यह संज्ञा है।

एक योगस्थानमें इतने मात्र योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं ॥ १७९ ॥

एक एक जीवप्रदेशमें योगाविभागप्रतिच्छेद असंख्यात लोक मात्र होते हैं, ऐसा करके लोक मात्र जीवप्रदेशोंको स्थापित कर गृहीत करणके द्वारा उत्पादित तत्प्रायोग्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोगाविभागपडिच्छेदा एक्केक्कम्हि जोगट्ठाणे हवंति । अणुभागट्ठाणं व अणंतेहि अविभागपडिच्छेदेहि जोगट्ठाणं ण होदि, किंतु असंखेज्जेहि जोगाविभागपडिच्छेदेहि होंति त्ति जाणाविय[1] । समत्ता अविभागपडिच्छेदपरूवणा ।

वग्गणपरूवणदाए असंखेज्जलोगजोगाविभागपडिच्छेदाणमेया वग्गणा भवदि[2] ॥ १८० ॥

किमट्ठमेसा वग्गणपरूवणा आगदा ? किं सव्वे जीवपदेसा जोगाविभागपडिच्छेदेहि सरिसा आहो विसरिसा त्ति पुच्छिदे सरिसा अत्थि विसरिसा वि अत्थि त्ति जाणावणट्ठं वग्गणपरूवणा आगदा । असंखेज्जलोगमेत्तजोगाविभागपडिच्छेदाणमेया वग्गणा होदि त्ति भणिदे जोगाविभागपडिच्छेदेहि सरिसधणियसव्वजीवपदेसाणं जोगाविभागपडिच्छेदासंभवादो असंखेज्जलोगमेत्ताविभागपडिच्छेदपमाणा[3] एया वग्गणा होदि त्ति घेत्तव्वं[4] । एवं सव्ववग्गणाणं

असंख्यात लोकोंसे गुणित करनेपर इतने मात्र योगाविभागप्रतिच्छेद एक एक योगस्थानमें होते हैं । अनुभागस्थानके समान योगस्थान अनन्त अविभागप्रतिच्छेदोंसे नहीं होता, किन्तु वह असंख्यात योगाविभागप्रतिच्छेदोंसे होता है; यह जतलाया गया है । अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा समाप्त हुई है ।

वर्गणाप्ररूपणाके अनुसार असंख्यात लोक मात्र योगाविभागप्रतिच्छेदोंकी एक वर्गणा होती है ॥ १८० ॥

शंका — वर्गणाप्ररूपणाका अवतार किसलिये हुआ है ?

समाधान — क्या सब जीवप्रदेश योगाविभागप्रतिच्छेदोंकी अपेक्षा सदृश हैं या विसदृश हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तरमें 'वे सदृश भी हैं और विसदृश भी हैं' इस बातके ज्ञापनार्थ वर्गणाप्ररूपणाका अवतार हुआ है ।

असंख्यात लोक मात्र योगाविभागप्रतिच्छेदोंकी एक वर्गणा होती है, ऐसा कहनेपर योगाविभागप्रतिच्छेदोंकी अपेक्षा समान धनवाले सब जीवप्रदेशोंके योगाविभागप्रतिच्छेद असम्भव होनेसे असंख्यात लोक मात्र अविभागप्रतिच्छेदोंके बराबर एक वर्गणा होती है, ऐसा ग्रहण करना चाहिये । इसी प्रकार सब वर्गणाओंमें प्रत्येक

---

१ अ-आ-काप्रतिषु ' जाणाविय ' इति पाठः । २ जेसिं पएसाण समा अविभागा सव्वतो य थोवतमा । ते वग्गणा जहन्ना अविभागहिया परंपरओ ॥ क. प्र. १, ७. ३ अ-आ-काप्रतिषु ' पडिच्छेदापमाणो ' इति पाठः । ४ येषां जीवप्रदेशानां समास्तुल्यसंख्या वीर्याविभागा भवन्ति, सर्वतश्च सर्वेभ्योऽपि चान्येभ्योऽपि जीवप्रदेशगतवीर्याविभागेभ्यः स्तोकतमाः, ते जीवप्रदेशा घनीकृतलोकासंख्येयभागवर्त्यसंख्येयप्रतरगतप्रदेशराशिप्रमाणाः समुदिता एका वर्गणा । क. प्र. (मलय.) १. ७.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पत्तेयं पमाणपरूवणं कायव्वं, विसेसाभावादो ।

एवमसंखेज्जाओ वग्गणाओ सेढीए असंखेज्जदिभागमेत्ताओ ॥

है— जघन्य स्पर्धक सम्बन्धी प्रथम वर्गणाके आयामको प्रथम वर्गणाके वर्गसे गुणित कर फिर उसे एक स्पर्धककी जितनी वर्गणाशलाकायें हैं उनमेंसे एक गुणहानिकी चौगुणी स्पर्धकशलाकाओंको कम कर देनेपर जितनी शेष रहें उनसे गुणित करनेपर प्रथम स्पर्धकका प्रमाण आता है। वह इस प्रकारसे— प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके आयामको प्रथम वर्गसे गुणित करनेपर प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा होती है। आगे प्रथम वर्गणासे द्वितीयादिक वर्गणायें विशेष हीन हैं। कितने मात्रसे वे हीन हैं? अपनी अपनी अधस्तन वर्गणाके आयामसे रहित गोपुच्छाविशेषसे गुणित अपने अपने वर्गोंका जितना प्रमाण हो उतने मात्रसे वे हीन हैं। इस कारण पूर्वमें लायी हुई प्रथम वर्गणाको एक स्पर्धककी वर्गणाशलाकाओंसे गुणित करनेपर साधिक स्पर्धकका प्रमाण आता है। कितने मात्रसे साधिक? जघन्य वर्गसे गुणित वर्गणाविशेषादि उत्तर एक कम वर्गणाशलाकाओंकी गच्छसंकलनासे वह साधिक है। इसको कम करके फिर इसमें गोपुच्छविशेषादि उत्तर दो रूपोंसे कम वर्गणाशलाकाओंके गच्छकी दुगुणी संकलना-संकलनासे हीन ऐसी द्वितीय निषेकादि उत्तर एक कम वर्गणाशलाकाओं-की संकलनाको मिला देनेपर जघन्य स्पर्धकका प्रमाण आता है। इस प्रकार अन्तिम गुणहानिके अन्तिम स्पर्धक तक सब स्पर्धकोंके प्रमाणको ले आना चाहिये।

यहां पहले प्रथम गुणहानिके स्पर्धकोंके] योगाविभागप्रतिच्छेदोंके मिलानेके विधानको कहते हैं। वह इस प्रकार है— जघन्य स्पर्धकसे लेकर] आगेकी गुणहानि

१ प्रतिषु 'गुणिदे दव्वय' इति पाठः। २ ताप्रतौ 'गोवुच्छगुणिदविसेससग-' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गच्छसंकलणाए आणिदाए एत्तियं होदि $\left|\begin{array}{c}0\\१६\end{array}\right|\left|१६\right|\left|८\right|\left|४\right|\left|\begin{array}{c}९९\\२\end{array}\right|$। पुणो एत्थ अहियाविभागपडिच्छेदाणमवणयणं[1] वुच्चदे। तं जहा— जहण्णवग्गगुणएगवग्गणविसेसादिउत्तररूवूणफद्दयवग्गणसलागगच्छसंकलणा[2] पढमफद्दयम्मि अवणिज्जमाणजोगाविभागपडिच्छेदा होंति[3]। तेसिं पमाणमेदं $\left|\begin{array}{c}८\\१६\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}३\\१\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}४\\२\end{array}\right|$[4]। पुणो बिदियफद्दयम्मि ऊणपमाणाणयणं वुच्चदे। तं जहा— एगफद्दयवग्गण-सलागवग्गमेत्तवग्गणविसेसेहि[5] दोजहण्णवग्गे गुणिय पुध ट्ठविदे एत्तियं होदि $\left|\begin{array}{c}८\\२\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}०\\१६\end{array}\right|\left|४४\right|$। पुणो एगवग्गणविसेसादिउत्तररूवूणफद्दयवग्गणसलागगच्छसंकलणमेत्तविसेसेहि दोजहण्णवग्गे गुणिय पुध ट्ठवेदव्वं। तस्स पमाणमेदं $\left|\begin{array}{c}८\\२\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}०\\१६\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}३\\४\\२\end{array}\right|$[6]। पुव्विल्लरासिस्स पस्से एदं पि ठवेदव्वं। बिदियफद्दयम्मि अवणिज्जमाणअविभागपडिच्छेदा होंति[7]।

सम्बन्धी स्पर्धकशलाकाओंकी गच्छसंकलनाके लानेपर वह इतनी होती है (मूलमें देखिये)। अब यहां अधिक अविभागप्रतिच्छेदोंके अपनयनका विधान कहा जाता है। वह इस प्रकार है— जघन्य वर्गसे गुणित एक वर्गणाविशेषादि-उत्तर रूप कम स्पर्धकवर्गणाशलाका स्वरूप गच्छके संकलन प्रमाण प्रथम स्पर्धकमें कम किये जानेवाले योगाविभागप्रतिच्छेद होते हैं। उनका प्रमाण यह है (मूलमें देखिये)।

अब द्वितीय स्पर्धकमें कम किये जानेवाले योगाविभागप्रतिच्छेदोंके प्रमाणके लानेका विधान कहा जाता है। यथा— एक स्पर्धककी वर्गणाशलाकाओंके वर्ग मात्र वर्गणाविशेषोंसे दो जघन्य वर्गोंको गुणित करके पृथक् स्थापित करनेपर इतना होता है (मूलमें देखिये)। अब एक वर्गणाविशेषादि उत्तर एक कम स्पर्धककी वर्गणाशलाका रूप गच्छकी संकलनाका जितना प्रमाण हो उतने मात्र विशेषोंसे दो जघन्य वर्गोंको गुणित करके पृथक् स्थापित करना चाहिये। उसका प्रमाण यह है (मूलमें देखिये)। पूर्व राशिके पासमें इसको भी स्थापित करना चाहिये। द्वितीय स्पर्धकमें कम किये जानेवाले अविभागप्रतिच्छेद होते हैं।

१ प्रतिषु '-माणयणं' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'उत्तरूवूण' इति पाठः। ३ ताप्रतौ 'संकलण' इति पाठः। ४ जघन्यवर्गगुणैकविशेषाद्युत्तररूपोनैकस्पर्धकवर्गणाशलाकगच्छसंकलनं प्रथमस्पर्धककृणं भवति। गो. क. (जी. प्र.) २२९. ५ अप्रतौ $\left|\begin{array}{c}८\\१६\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}३\\३\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}४\\४\end{array}\right|$, आ-काप्रत्योः $\left|\begin{array}{c}८\\१६\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}३\\३\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}४\\४\\२\end{array}\right|$, ताप्रतौ $\left|८\right|\left|०\right|\left|१६\right|\left|३\right|\left|४४\right|$ एवंविधात्र संदृष्टिरस्ति। ६ अप्रतौ 'सलागमेत्तवग्गण' इति पाठः। ७ ताप्रतौ $\left|\begin{array}{c}८\\२\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}०\\१६\end{array}\right|\left|\begin{array}{c}०\\३४\\२\end{array}\right|$ एवं- विधात्र संदृष्टिः। ८ इदानीं द्वितीयस्पर्धककृणमानीयते— जघन्यवर्गगुणितविशेषा- द्युत्तररूपोनस्पर्धकवर्गणाशलाकागच्छ- संकलनं·····आनीय द्विगुणितं व त्रि $\frac{३}{३}$। $\frac{४}{४}$। २ पुनः जघन्यवर्ग- मात्रविशेषः एक स्पर्धकवर्गणाशलाका- वर्गेण रूपोनस्पर्धकसंख्या $\frac{३}{३}$ गच्छसंकलनेन $\frac{३}{३}$। $\frac{४}{४}$ द्विगुणेन च १। २ गुणितः व त्रि ४। ४। १। २ एतद्राशिद्वयं द्वितीयस्पर्धककृणम्। गो. क. (जी. प्र.) २२९.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपहि तदियफद्दयम्मि अवणिज्जमाणअविभागपडिच्छेद भणिस्सामो। तं जहा— फद्दयवग्गणसलागवग्गमेत्तदोवग्गणविसेसेहि तिण्णिजहण्णवग्गे गुणिय पुध ठवेदव्वं | ८ | ३ | ० १६ | ४४ | २ |। पुणो रूवूणफद्दयवग्गणसलागसंकलणमेत्तवग्गणविसेसेहि तिण्णिजहण्णवग्गे गुणिय पुव्विल्लरासिस्स पस्से ठवेदव्वं | ८ | ३ | ० १६ | ३ | ४ २ |। एदासिं दोण्हं रासीणं समूहो तदियफद्दयम्मि अवणिज्जमाण-अविभागपडिच्छेदाणं पमाणं होदि[1]। एवं पढमगुणहाणीए फद्दयं पडि इच्छिदफद्दयादो हेट्ठिमफद्दयसलागाहि फद्दयवग्गणवग्गगुणिदमेत्तवग्गणविसेसेहि य फद्दयसलागमेत्तजहण्णवग्गा गुणिदा[2], पुणो अण्णे वि रूवूणवग्गणसलागसंकलणमेत्तवग्गण-विसेसेहि गुणिदफद्दयसलागमेत्तजहण्णवग्गा च, एदाहि दोहि रासीहि ऊणा सव्वफद्दयाण-मविभागपडिच्छेदा होंति। पुणो एदाओ दो वि पंतीओ पुध पुध मेलाविदे पढमगुणहाणि-पढमपंतीए ऊणअवसेसाविभागपडिच्छेदाणं समासो एत्तिओ होदि | ८ | ० १६ | ४४ | ९ | ९ | ९ ३ |। कुदो? गुणहाणिफद्दयसलागाणं रूवूणाणं दुगुणसंकलणासंकलण-

अब तृतीय स्पर्धकमें कम किये जानेवाले अविभागप्रतिच्छेदोंको कहते हैं। यथा— स्पर्धककी वर्गणाशलाकाओंके वर्ग मात्र दो वर्गणाविशेषोंसे तीन जघन्य वर्गोंको गुणित कर पृथक् स्थापित करना चाहिये (मूलमें देखिये)। फिर एक कम स्पर्धक-वर्गणाशलाकासंकलनका जितना प्रमाण हो उतने मात्र वर्गणा-विशेषोंसे तीन जघन्य वर्गोंको गुणित कर पूर्व राशिके पासमें स्थापित करना चाहिये (मूलमें देखिये)। इन दोनों राशियोंका समूह तृतीय स्पर्धकमें कम किये जानेवाले योगाविभागप्रतिच्छेदोंका प्रमाण होता है। इस प्रकार प्रथम गुणहानिके प्रत्येक स्पर्धकमें, विवक्षित स्पर्धकके नीचेकी स्पर्धकशलाकाओंके द्वारा तथा स्पर्धक सम्बन्धी वर्गणाओंके वर्गके द्वारा गुणित वर्गणाविशेषोंका जितना प्रमाण हो उतने वर्गणाविशेषोंसे स्पर्धकशालाका मात्र जघन्य वर्गोंको गुणित करे, फिर एक कम वर्गणाशलाकासंकलनाका जितना प्रमाण हो उतने वर्गणाविशेषोंसे स्पर्धक-शलाका मात्र अन्य भी जघन्य वर्गोंको गुणित करे, इन दोनों राशियोंसे रहित समस्त स्पर्धकोंके अविभागप्रतिच्छेद होते हैं। फिर इन दोनों ही पंक्तियोंको पृथक् पृथक् मिलानेपर प्रथम गुणहानिकी प्रथम पंक्तिसे हीन शेष अवि-भागप्रतिच्छेदोंका जोड़ इतना होता है (मूलमें देखिये)। कारण कि वे एक कम गुणहानिस्पर्धकशलाकाओंकी दूनी संकलनासंकलनासे गुणित स्पर्धकवर्गणाशलाकाओंके

१ पुनः जघन्यवर्गमात्रविशेषाणां ··· ··· रूपोनैकस्पर्धकवर्गणाशलाकागच्छसंकलनं त्रिगुणितं व वि ३/२। ४/१। २ पुनर्जघन्यवर्गमात्रविशेषः—एकस्पर्धकवर्गणाशलाकावर्गेण रूपोनगच्छसंकलनेन ३/२। ३/१ द्विगुणेन च ३/२। ३/१। २ गुणितः व वि ४। ४। ३। २ एतौ द्वौ राशी तृतीयस्पर्धकक्षपणम्। गो. क. (जी. प्र.) २२९.

२ मप्रतिपाठोऽयम्। अप्रतौ त्रुटितोऽत्र पाठः, आ-काप्रत्योः ' -सलागमेत्तं जहण्णवग्गं गुणिदा ', ताप्रतौ ' सलागमेत्तं जहण्णवग्गं गुणिदं ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणिदफद्दयवग्गणसलागवग्गगुणवग्गणविसेसमेत्तजहण्णवग्गपमाणत्तादो। पुणो[1] अवरो वि एत्तिओ होदि $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c|c}८ & ० & ३ & ४ & ९ & ९ \\ & १६ & & २ & & २\end{array}\right|$। कुदो ? फद्दयसलागसंकलणाए रूवूण-वग्गणसलाग- $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c|c}८ & ० & ३ & ४ & ९ & ९ \\ & १६ & & २ & & २\end{array}\right|$ संकलणगुणिदवग्गणविसेसमेत्तजहण्णवग्ग-पमाणत्तादो। एदस्स अणंतरभणिदरासिस्स मेलावणट्ठं पुव्विल्लरासिअंतिमगुणगारम्मि एग-रूवस्स संखेज्जदिभागो पक्खिविदव्वो। एगेगुत्तरकमेण ट्ठिदअविभागपडिच्छेदा वि एग-जहण्णवग्गस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता। ते वि जाणिदूणाणिय अभावदव्वम्मि अवणिय पुणो तं अभावदव्वं एदम्मि पढमगुणहाणिदव्वम्मि $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c|c}८ & ० & १६ & ४ & ९ & ९ \\ & १६ & & & & २\end{array}\right|$ सोहिज्जमाणे वग्गणविसेसस्स गुणगारसरूवेण ट्ठिददोगुण- हाणीयो विसि-लेसिय तत्थतणदोरूवाणि अंते- ठवेदव्वाणि $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c|c|c|c}८ & ० & ४ & ४ & ९ & ९ & ९ & २ \\ & १६ & & & & २ & & \end{array}\right|$। पुणो एदम्मि सरिसच्छेदं कादूण अवणिदे अवसेसं एत्तियं होदि $\left|\begin{array}{c|c|c|c|c|c|c|c}८ & ० & ४ & ४ & ९ & ९ & ९ & ४ \\ & १६ & & & & & & ६\end{array}\right|$। एदं ताव पुध ट्ठवेदव्वं।

संपहि बिदियगुणहाणिफद्दयाणमाणयणक्कमो वुच्चदे। तं जहा— पढमगुणहाणि-पढमफद्दयद्धं ठविय बिदियगुणहाणिपढमादिफद्दयाणमुप्पायणट्ठं रूवाहिय-दुरूवाहियादीहि

वर्गसे वर्गणाविशेषको गुणित करनेपर जो राशि प्राप्त हो उतने मात्र जघन्य वर्गोंके बराबर हैं। दूसरा भी इतना है (मूलमें देखिये)। कारण कि स्पर्धकशलाकासंकलना रूप कम वर्गणाशलाकासंकलनासे गुणित वर्गणाविशेषका जितना प्रमाण हो उतने मात्र जघन्य वर्गोंके बराबर है। अनन्तर कही गई इस राशिके मिलानेके लिये पूर्व राशिके अन्तिम गुणकारमें एक रूपके संख्यातवें भागको मिलाना चाहिये। एक एक अधिक क्रमसे स्थित अविभागप्रतिच्छेद भी एक जघन्य वर्गके असंख्यातवें भाग मात्र होते हैं। उनको भी जान करके लाकर अभावद्रव्यमेंसे कम करके फिर उक्त अभावद्रव्यको इस प्रथम गुणहानिके द्रव्यमेंसे (मूलमें देखिये) कम करते समय वर्गणाविशेषके गुणकार स्वरूपसे स्थित दो गुणहानियोंको विश्लेषित करके वहांके दो रूपोंको अन्तमें स्थापित करना चाहिये (मूलमें देखिये)। फिर इसको समान खण्ड करके घटा देनेपर शेष इतना रहता है (मूलमें देखिये)। इसको पृथक् स्थापित करना चाहिये।

अब द्वितीय गुणहानिके स्पर्धकोंके लानेका क्रम कहा जाता है। वह इस प्रकार है— प्रथम गुणहानि सम्बन्धी प्रथम स्पर्धकके अर्ध भागको स्थापित करके द्वितीय गुणहानिके प्रथम-द्वितीयादि स्पर्धकोंको उत्पन्न करानेके लिये एक रूप अधिक,

---

१ ताप्रतौ ' कुदो ' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु $\left|\begin{array}{c|c}८ & \\ & २\end{array}\right|$ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणहाणिफद्दयसलागाहि गुणिदे थोरुच्चएण बिदियगुणहाणिदव्वं होदि। पुणो एदासिं फद्दयाणं मेलावणविहाणं कस्सामो। तं जहा— फद्दयसलागासु अहियरूवे अवणिय पुध ट्ठविदे एगादिएगुत्तरकमेण जहण्णफद्दयद्धस्स गुणगारो[1] होदूण चेट्ठंति। अवसेसं पि गुणहाणिफद्दयसलागाहि गुणिदमेत्तं होदूण चेट्ठदि। पुणो फद्दयसलागगुणिदजहण्णफद्दयद्धं बिदियगुणहाणिसव्वफद्दयसलागाहि गुणिदे आदिमपंतिदव्वं होदि। पुणो फद्दयसलागसंकलणगुणिदजहण्णफद्दयद्धे ट्ठविदे बिदियपंती मिलिदूणागच्छदि[2]। तेसिं दोण्णं पि दव्वाणं संदिट्ठीए अंकट्ठवणा एसा | ८ | ० १६ | २ | १६ | ४ | ९ | ९ | ८ | ० १६ | २ | १६ | ४ | ९ | ९ २ |[3]। एत्थतणरूवाहियत्तमप्पहाणं कादूण दो वि दव्वाणि सरिसच्छेदं कादूण मेलाविदे थोरुच्चएण बिदियगुणहाणिदव्वं मिलिदं होदि। तं च एदं | ८ | ० १६ | १६ | ४ | ९ | ९ | ३ ४ |।

एत्थ अहियाविभागपडिच्छेदाणमाणयणकमो वुच्चदे। तं जहा—पढमगुणहाणिवग्गणविसेसद्धं चदुसु ट्ठाणेसु चत्तारिपंतीओ पढम-बिदियाओ रूवूणेगगुणहाणिफद्दय-

---

दो रूप अधिक इत्यादि गुणहानिस्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर संक्षेपसे द्वितीय गुणहानिका द्रव्य होता है। अब इन स्पर्धकोंके मिलानेके विधानको कहते हैं। वह इस प्रकार है— स्पर्धकशलाकाओंमेंसे अधिक रूपोंको कम करके पृथक् स्थापित करनेपर एकको आदि लेकर एक अधिक क्रमसे जघन्य स्पर्धकके अर्ध भागके गुणकार होकर स्थित होते हैं। शेष भी गुणहानिकी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर जितना प्रमाण प्राप्त हो उतना मात्र होकर स्थित होता है। फिर स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित जघन्य स्पर्धकके अर्ध भागको द्वितीय गुणहानिकी समस्त स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर प्रथम पंक्तिका द्रव्य होता है। पुनः स्पर्धकशलाकाओंकी संकलनासे गुणित जघन्य स्पर्धकके अर्ध भागको स्थापित करनेपर द्वितीय पंक्तिका द्रव्य मिलकर आता है। उन दोनों ही द्रव्योंकी अंकस्थापना संदृष्टिमें यह है (मूलमें देखिये)। यहांकी रूपाधिकताको गौण करके दोनों ही द्रव्योंको समान खण्ड करके मिलानेपर संक्षेपसे द्वितीय गुणहानिका सम्मिलित द्रव्य होता है। वह यह है (मूलमें देखिये)।

यहां अधिक अविभागप्रतिच्छेदोंके लानेका क्रम कहते हैं। वह इस प्रकार है— प्रथम गुणहानि सम्बन्धी वर्गणाविशेषके अर्ध भागकी चार स्थानोंमें चार रचित पंक्तियोंमेंसे प्रथम व द्वितीय पंक्ति एक कम एक गुणहानिकी स्पर्धकशलाओंके बराबर आयत

---

१ प्रतिषु ' गुणगारो ' इति पाठः। २ ताप्रतौ ' मिलिदूण गच्छदि ' इति पाठः।
३ मप्रतिपाठोऽयम्। अप्रतौ | ० १६ | १६ | ४ | ९ | ९ २ | ३ ४ |, आ-का-ताप्रतिषु | ० १६ | ४ | ९ | ९ २ | इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सलागायामाओ तदियचउत्थाओ संपुण्णायामाओ उड्ढायारेण ठविय तत्थ पढमपंती एगादि-एगुत्तरएगफद्दयवग्गणसलागवग्गगुणहाणिफद्दयसलागाहि गुणेयव्वा। बिदियपंती एगादि-एगुत्तरदुगुणसंकलणागुणिदएगफद्दयवग्गणवग्गेण गुणेदव्वा। तदियपंती वि फद्दयसलाग-गुणरूवूणवग्गणसलागसंकलणाए गुणेयव्वा। चउत्थपंती वि एगादिएगुत्तररूवेहि गुणरूवूण-वग्गणसलागसंकलणाए गुणेयव्वा। अंतिमदोपंतीसु पढमट्ठाणट्ठिददव्वं बिदियगुणहाणिपढम-फद्दयम्मि अहियं होदि। चदुसु वि पंतीसु बिदियादिठाणट्ठिददव्वं बिदियादिफद्दएसु अहियं होदि। पुणो एदासिं चदुण्णं पंतीणं मेलावणविहाणं कस्सामो। तं जहा— रूवूणफद्दयसलाग-संकलणाए पढमपंतिपढमट्ठाणट्ठिददव्वे गुणिदे पढमपंतिदव्वमागच्छदि। तस्स पमाणमेदं | ८ | ० / १६ | २ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ / २ |। पुणो रूवूणफद्दयसलागसंकलणासंकलणाए दुगुणाए बिदियपंतिपढमट्ठाणट्ठिददव्वे गुणिदे बिदियपंतीए सव्वदव्वं पिंडिदूणागच्छदि। तं च एदं | ८ | ० / १६ | २ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ / ६ | २ |। पुणो तदियपंतीए पढमदव्वे फद्दयसलागाहि गुणिदे तदियपंतिदव्वं सव्वमागच्छदि। तस्स

तथा तृतीय व चतुर्थ पंक्ति सम्पूर्ण आयत, इस प्रकार चार पंक्तियोंको ऊर्ध्वाकारसे स्थापित कर उनमेंसे प्रथम पंक्तिको एकको आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक एक स्पर्धककी वर्गणाशलाकाओं, वर्गों व गुणहानिकी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करना चाहिये। द्वितीय पंक्तिको एकको आदि लेकर एक अधिक दुगुणी संकलनासे गुणित एक स्पर्धककी वर्गणाके वर्गसे गुणित करना चाहिये। तृतीय पंक्तिको भी स्पर्धकशलाका-ओंसे गुणित एक कम वर्गणाशलाकासंकलनासे गुणा करना चाहिये। चतुर्थ पंक्तिको भी एकको आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक रूपोंसे गुणित एक कम वर्गणाशलाका-संकलनासे गुणित करना चाहिये। अन्तिम दो पंक्तियोंमें प्रथम स्थानमें स्थित द्रव्य द्वितीय गुणहानिके प्रथम स्पर्धकमें अधिक होता है। चारों ही पंक्तियोंमें द्वितीयादि स्थानोंमें स्थित द्रव्य प्रथम गुणहानिके द्वितीयादि स्पर्धकोंमें अधिक होता है।

अब इन चार पंक्तियोंके मिलानेके विधानको कहते हैं। वह इस प्रकार है— एक कम स्पर्धकशलाकासंकलनासे प्रथम पंक्तिके प्रथम स्थानमें स्थित द्रव्यको गुणित करनेपर प्रथम पंक्तिका द्रव्य आता है। उसका प्रमाण यह है (मूलमें देखिये) फिर एक कम स्पर्धकशलाकासंकलना-संकलनाको दूना करके उससे द्वितीय पंक्तिके प्रथम स्थानमें स्थित द्रव्यको गुणित करनेपर द्वितीय पंक्तिका सब द्रव्य एकत्रित होकर आता है। वह यह है (मूलमें देखिये)। फिर तृतीय पंक्तिके प्रथम स्थानमें स्थित द्रव्यको स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर तृतीय पंक्तिका सब द्रव्य आता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संदिट्ठी एसा पढमदव्वे गुणिदे | ८ | ० १६ | २ | ३ | ४ २ | ९ | ९ |। फद्दयसलागसंकलणाए चउत्थपंतितप्पंतीए सव्वदव्वमागच्छदि। तस्स ठवणा दव्वाणि पहाणाणि | ८ | ० १६ | २ | ३ | ४ २ | ९ | ९ २ |। पुणो एदेसु पढम-बिदियपंतीणं णाणि, इदरदोपंतीणं दव्वाणि अप्पहाणाणि। तदो आदिमदोपंतीणं दव्वाणि मेलाविय एगरूवासंखेज्जभागं पक्खिविय फद्दयविसेसस्स हेट्ठिमदोरूवेहि अंतिमच्छेदं गुणिय ट्ठवेदव्वं। तं च एदं | ८ | ० १६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ १२ | ५ |। पुणो पुव्विल्लबिदियगुणहाणिदव्वम्मि गुणगारं होदूण ट्ठिददोगुणहाणीयो पुव्वं व विसिलेसं कादूण दोरूवेहि[1] अंतिमअंसं[2] गुणिय सरिसच्छेदं कादूण पुव्विल्लअहियदव्वं अवणिय पढमगुणहाणिदव्वस्स पस्से ठवेदव्वं। तं च एदं | ८ | ० १६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ १२ | १३ |। पुणो तदियगुणहाणिदव्वे अणिज्जमाणे पढमगुणहाणीए आदिफद्दयचदुब्भागं दुप्पडिरासिं कादूण तत्थेगरासिं गुणहाणिफद्दयसलागवग्गदुगुणेण गुणिय अवरं पि तस्स चेव संकलणाए गुणिय

है। उसकी संदृष्टि यह है (मूलमें देखिये)। स्पर्धकशलाकासंकलनासे चतुर्थ पंक्तिके प्रथम द्रव्यको गुणित करनेपर उस पंक्तिका सब द्रव्य आता है। उसकी स्थापना (मूलमें देखिये)। अब इनमें प्रथम व द्वितीय पंक्तिके द्रव्य प्रधान हैं, अन्य दो पंक्तियोंके द्रव्य अप्रधान हैं। इसलिये प्रथम दो पक्तियोंके द्रव्योंको मिलाकर एक रूपके असंख्यातवें भागको मिलाकर स्पर्धकविशेषके अधस्तन दो रूपों द्वारा अन्तिम खण्डको गुणित कर स्थापित करना चाहिये। वह यह है (मूलमें देखिये)। पुनः पूर्वोक्त द्वितीय गुणहानिके द्रव्यमें गुणकार होकर स्थित दो गुणहानियोंको पूर्वके समान विश्लेषित करके दो रूपोंके द्वारा अन्तिम भागको गुणित कर व समानखण्ड करके उसमेंसे पूर्वके अधिक द्रव्यको घटाकर प्रथम गुणहानि सम्बन्धी द्रव्यके पासमें स्थापित करना चाहिये। वह यह है (मूलमें देखिये)। फिर तृतीय गुणहानिके द्रव्यको लाते समय प्रथम गुणहानिके प्रथम स्पर्धकके चतुर्थ भागकी दो प्रतिराशियां करके उनमें एक राशिको दूने गुणहानिस्पर्धकशलाकावर्गसे गुणित करके तथा दूसरी राशिको भी उसीका संकलनासे गुणित करके स्थापित करनेपर संक्षेपसे तृतीय गुणहानिका द्रव्य होता

---

१ अप्रतौ ' दोहि रूवेहि ' इति पाठः। २ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-काप्रतिषु ' अंतिमसंगुणिय ', ताप्रतौ ' अंतिमं संगुणिय ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठविदे[1] थोरुच्चएण तदियगुणहाणिदव्वं होदि। तं च एदं | ८ | ० | १६ | ४ | ९ | ९ | - | २ | ८ | ० | १६ | ४ | ९ | ९ | २ | । एदाणि दो वि मेलाविदे | ८ | ० | १६ | ४ | ९ | ९ | एत्तियं होदि | ८ | ० | १६ | ४ | ५ | २ | । पुणो एत्थ अहियाविभागपडिछेदाणयणं कस्सामो। तं जहा— आदिगुणहाणि-वग्गणविसेसचउब्भागस्स चत्तारिपंतीओ पुव्वं व ठवेदूण तत्थ पढमपंती दुगुणफद्दयसलाग-गुणएगादिएगुत्तरवग्गणवग्गेण गुणेदव्वा। बिदियपंती वि एगादिएगुत्तरदुगुणसंकलणागुण-वग्गणावग्गेण गुणेयव्वा। तदियपंती वि दुगुणफद्दयसलागगुणरूवूणवग्गणसंकलणाए गुणे-यव्वा। चउत्थपंती एगादिएगुत्तररूवगुणरूवूणवग्गणसलागसंकलणगुणिदमेत्ता। एदासिं चदुण्णं पंतीणं आदिदव्वाणि जहाकमेण रूवूणफद्दयसलागसंकलणाए च तस्सेवं दुगुण-संकलणासंकलणाए गुणहाणिफद्दयसलागाहि य तेसिं चेव संकलणाए गुणेदव्वाणि[3]। पुणो वग्गणविसेसस्स हेट्ठिमभागहारचदुहि रूवेहि अंतिमच्छेदं गुणिय ठवेदव्वा। ते च एदे

है। वह यह है (मूलमें देखिये)। इन दोनोंको मिलानेपर इतना होता है (मूलमें देखिये)। अब यहां अधिक अविभागप्रतिच्छेदोंके लानेका विधान कहते हैं। वह इस प्रकार है— प्रथम गुणहानि सम्बन्धी वर्गणाविशेषके चतुर्थ भागकी पहिलेके ही समान चार पंक्तियोंको स्थापित करके उनमेंसे प्रथम पंक्तिको दूनी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित एकको आदि लेकर एक-एक अधिक वर्गणावर्गसे गुणित करना चाहिये। द्वितीय पंक्तिको भी एकको आदि लेकर एक-एक अधिक दूनी संकलनासे गुणित वर्गणावर्गसे गुणित करना चाहिये। तृतीय पंक्तिको भी दूनी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित एक कम वर्गणासंकलनासे गुणित करना चाहिये। चतुर्थ पंक्ति एकको आदि लेकर एक-एक अधिक रूपोंसे गुणित एक कम वर्गणाशलाकसंकलनासे गुणित करनेपर जो राशि प्राप्त हो उतनी मात्र है। इन चारों पंक्तियोंके प्रथम द्रव्योंको यथाक्रमसे एक कम स्पर्धक-शलाकसंकलनासे, उसकी ही दुगुणित संकलनासंकलनासे, गुणहानिकी स्पर्धक-शलाकाओंसे, तथा उनकी ही संकलनासे गुणित करना चाहिये। फिर वर्गणाविशेषके अधस्तन भागहारभूत चार रूपोंसे अंतिम भागको गुणित करके स्थापित करना चाहिये। वे ये हैं (मूलमें देखिये)। फिर आदिके दो द्रव्योंको समान खण्ड करके

---

१ ताप्रतौ ' पि चेव तस्स संकलणाए गुणिय वड्ढाविदे ' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु ' तस्स चेव ' इति पाठः। ३ ताप्रतौ ' तस्सेव दुगुणसंकलणासंकलणाए च गुणहाणिफद्दयसलागाहिय-तेसिं चेव संकलणाए च गुणेदव्वाणि ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| ८ | ०/१६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | २/८ | ८ | ०/१६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | २/२४ | ८ | ०/१६ | ३ | – ४/२ | ९ | ९ | २/४ | ८ | ०/१६ | ३ | ४/२ | ११/८ | । पुणो आदिल्लदोदव्वाणि सरिसच्छेदाणि कादूण मेलाविय एगरूवासंखेज्जदिभागं पक्खिविय ठवेदव्वं | ८ | ०/१६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | ८/२४ | । पुणो एदं पुव्विल्लदव्वम्मि पुव्वं व अवणिय दोगुणहाणिदव्वाणं पस्से ठवेदव्वं | ८ | ०/१६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | २२/२४ | । पुणो चउत्थगुणहाणिदव्वे आणिज्जमाणे पढमफद्दयस्स अट्ठमभागं दोसु ट्ठाणेसु ठविय तत्थेगं फद्दयसलागतिगुणवग्गेण गुणिय अवरं पि तेसिं चेव संकलणाए गुणिय ठवेदव्वं[1] | ८ | ०/१६ | १६/८ | ४ | ९ | ९ | ३ | । अवरं पि एदं | ८ | ०/१६ | १६/८ | ४ | ९ | ९[2]/२ | । एदाणि दो वि मेलाविदे थूलत्थेण चउत्थगुणहाणिदव्वं होदि। तं च एदं | ८ | १६ | ४ | ९ | ९ | ७/१६ | ।

पुणो एत्थ अहियदव्वाणयणं वुच्चदे। तं जहा— पढमगुणहाणिवग्गणविसेसअट्ठमभागं चउसुं[3] ट्ठाणेसु चदुपंतिआयारेण रचेदूण तत्थादिमपंती आदिप्पहुडि तिगुणफद्दयसलागाहि गुणएगादिएँ[4]गुत्तरवग्गणवग्गेण गुणेयव्वा। बिदिया वि एगादिरूवाणं दुगुण-

---

मिलाकर उसमें एक रूपके असंख्यातवें भागका प्रक्षेप कर स्थापित करना चाहिये (मूलमें देखिये)। फिर इसको पूर्वके द्रव्यमेंसे पहिलेके ही समान कम करके दो गुणहानियोंके द्रव्योंके पासमें स्थापित करना चाहिये (मूलमें देखिये)। फिर चतुर्थ गुणहानिके द्रव्यको लाते समय प्रथम स्पर्धकके आठवें भागको दो स्थानोंमें स्थापित कर उनमेंसे एकको स्पर्धकशलाकाओंके तिगुणे वर्गसे गुणित कर तथा दूसरेको भी उनकी ही संकलनासे गुणित कर स्थापित करना चाहिये। इन दोनोंको मिलानेपर स्थूल रूपसे चतुर्थ गुणहानिका द्रव्य होता है। वह यह है (मूलमें देखिये)।

अब यहां अधिक द्रव्यके लानेका विधान कहते हैं। वह इस प्रकार है— प्रथम गुणहानिके वर्गणाविशेषके आठवें भागको चार स्थानोंमें चार पंक्तियोंके आकारसे रचकर उनमेंसे प्रथम पंक्तिको आदिसे लेकर तिगुणी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित एकको आदि लेकर एक-एक अधिक वर्गणावर्गसे गुणित करना चाहिये। दूसरी

---

१ ताप्रतावतोऽग्रे ' तं च एदं ' इत्यधिकः पाठोऽस्ति। २ मप्रतिपाठोऽयम्। प्रतिषु | १/२ | इति पाठः। ३ ताप्रतौ ' अट्ठमभागचउसु ' इति पाठः। ४ आ-ताप्रत्योः ' गुणे एगादि ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकलणागुणवग्गणवग्गेण गुणेयव्वा। तदिया वि तिगुणफद्दयसलागगुणरूवूणवग्गणसंकलणाए गुणेयव्वा। चउत्था वि ताए चेव संकलणाए एगादिएगुत्तररूवगुणिदाए गुणेयव्वा। पुणो एदेसिं पंतिआयारेण ट्ठिददव्वाणं मेलावणे कीरमाणे पंतीणं आदिदव्वाणि जहाकमेण रूवूण-फद्दयसलागसंकलणाए च तस्स दुगुणसंकलणासंकलणाए च फद्दयसलागाहि च तासिं संकलणाए च गुणेयव्वाणि। वग्गणविसेसस्स हेट्ठिमअट्ठरूवेहि अंतिमच्छेदं गुणियं[1] मेलाविदे सव्वपिंडमेदं कादूण पुव्व- | ८ | ० / १६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | ११ / ४८ | । पुव्विल्लदव्वम्मि सरिसच्छेदं विहाणेणवणिदे[2] सेसमेत्तियं होदि | ८ | ० / १६ | ४ | ४ | ९ | ९ | ९ | ३१ / ४८ | । संपहि उवरिमगुणहाणीणं दव्वे उप्पाइज्जमाणे तासिं तासिं हेट्ठिमगुणहाणिसलागअण्णोण्ण-ब्भत्थरासिणा पढमगुणहाणिआदिफद्दयं खंडिय तत्थ एगखंडं गुणहाणिफद्दयसलागवग्गेण गुणिय पुणो तप्पहुडिहेट्ठिमगुणहाणिसलागदुगुणरूवूणद्धेण च गुणिय पुध ट्ठविय पुणो अहियदव्वे आणिज्जमाणे आदिगुणहाणिवग्गणविसेसं इच्छिदगुणहाणिहेट्ठिमअण्णोण्णब्भत्थ-रासिणा खंडिय पुणो तप्पहुडिहेट्ठिमगुणहाणिसलागतिगुणरूवूणछब्भागगुणहाणिफद्दयसलाग-

---

पंक्तिको भी एक आदिक रूपोंकी दुगुणी संकलनासे गुणित वर्गणाके वर्गसे गुणित करना चाहिये। तृतीय पंक्तिको भी तिगुणी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित एक कम वर्गणाके संकलनसे गुणित करना चाहिये। चतुर्थ पंक्तिको भी एकको आदि लेकर एक-एक अधिक रूपोंसे गुणित उक्त संकलनासे ही गुणित करना चाहिये। फिर पंक्तिके आकारसे स्थित इन द्रव्योंको मिलाते समय पंक्तियोंके प्रथम द्रव्योंको क्रमशः एक कम स्पर्धकशलाकाओंकी संकलना, उसकी दूनी संकलनसंकलना, स्पर्धकशलाकाओं तथा उनकी संकलनासे गुणित करना चाहिये। वर्गणाविशेषके अधस्तन आठ रूपोंसे अन्तिम अंशको गुणित करके मिलानेपर समस्त पिण्डप्रमाण यह होता है (मूलमें देखिये)। इसे पहिलेके द्रव्यमेंसे समान खण्ड करके पूर्व रीतिसे कम करनेपर शेष इतना रहता है (मूलमें देखिये)।

अब उपरिम गुणहानियोंके द्रव्यको उत्पन्न कराते समय उन उनकी अधस्तन गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशिका प्रथम गुणहानिके प्रथम स्पर्धकमें भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध हो उसको गुणहानिस्पर्धकशलाकाओंके वर्गसे गुणित करके फिरसे उसको आदि लेकर अधस्तन गुणहानिशलाकाओंके दूने रूपोंसे हीन अर्ध भागसे गुणित करके पृथक् स्थापित करना चाहिये। फिर अधिक द्रव्यको लाते समय प्रथम गुणहानिके वर्गणाविशेषको विवक्षित गुणहानिसे अधस्तन गुणहानिकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे खण्डित कर फिर उसको आदि लेकर अधस्तन गुणहानिशलाकाओंके तिगुने रूपोंसे कम छठे भाग मात्र गुणहानिस्पर्धकशलाकाओंके घनसे गुणित वर्गणाके वर्गसे

---

१ ताप्रतौ ' दुगुणिय ' इति पाठः। २ प्रतिषु 'विहाणेणवणिद' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घणगुणिदवग्गणवग्गेण गुणिदे तम्मि तम्मि गुणहाणिम्मि अहियदव्वपमाणं होदि । पुणो एदं अहियदव्वं पुव्विल्लथूलत्तेणाणिदसव्वगुणहाणिदव्वेसु अवणिज्जमाणे गुणगारं होदूण ट्ठिददो-गुणहाणीयो[2] विसिलेसिय तत्थतणदोरूवेहि अंतिमअंसं गुणिय सरिसच्छेदं कादूणवणिय हेट्ठिम-गुणण्णोण्णब्भत्थरासिणा[3] अंतिमच्छेदे गुणिदे पढमादि जाव चरिमगुणहाणि त्ति ताव दव्वपमा-णाणि होंति । ताणि सव्वगुणहाणीसु गुणहाणिफद्दयसलागघणगुणवग्गणवग्गेण[4] गुणिदवग्गण-विसेसमेत्ताणि सव्वत्थ सरिसाणि होंति । पुणो एदेसिं गुणगारूवाणि पढमगुणहाणिप्पहुडि जाव चरिमगुणहाणि त्ति ताव चत्तारिरूवादिणवोत्तरकमगदंसाणि छरूवादिदुगुणं[5]-दुगुणकमगदच्छेदाणि

भवंति	८	०	४	४	९	९	। एदं पढमगुणहाणिप्पहुडि जाव चरिमगुणहाणि त्ति					
ताव		१६					गुणिज्जमाणं (पुणो एदस्स गुणगारूवाणि एदाणि					
४	१३	२२[6]	३१	४०	४९	५८	६७	७६	८५	९४	१०३	।
६	१२	२४	४८	९६	१९२	३८४	७६८	१५३६	३०७२	६१४४	१२२८८	

पुणो एदेसिं मेलावणट्ठं दोसुत्तगाहा । तं जहा —

गुणित करनेपर उस उस गुणहानिमें अधिक द्रव्यका प्रमाण होता है। फिर इस अधिक द्रव्यको पहिले स्थूल रूपसे निकाले हुए सब गुणहानियोंके द्रव्योंमेंसे कम करते समय गुणकार होकर स्थित दो गुणहानियोंको विश्लेषित कर वहांके दो रूपोंसे अन्तिम अंशको गुणित करके व समान खण्ड करके उसे कम कर अधस्तन गुणकारकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे अन्तिम अंशको गुणित करनेपर प्रथम गुणहानिसे लेकर अन्तिम गुणहानि पर्यन्त द्रव्योंके प्रमाण प्राप्त होते हैं। वे सब द्रव्यप्रमाण समस्त गुणहानियोंमें गुणहानि-स्पर्धकशलाकाओंके घनसे गुणित वर्गणाके वर्गसे वर्गणाविशेषको गुणित करनेपर जो प्राप्त हो उतने मात्र होकर सर्वत्र समान होते हैं।

पुनः इनके गुणकारभूत अंक प्रथम गुणहानिसे लेकर अन्तिम गुणहानि तक चार रूपोंको आदि लेकर नौ-नौ अधिक क्रमसे जाते हुए अंश तथा छहको आदि लेकर दूने दूने क्रमसे जाते हुए हार स्वरूप होते हैं। प्रथम गुणहानिको लेकर अन्तिम गुणहानि तक यह (मूलमें देखिये) गुणिज्य-मान राशि है। इसके गुणकार अंक ये हैं— $\frac{४}{६}, \frac{१३}{१२}, \frac{२२}{२४}, \frac{३१}{४८}, \frac{४०}{९६}, \frac{४९}{१९२}, \frac{५८}{३८४}, \frac{६७}{७६८}, \frac{७६}{१५३६}, \frac{८५}{३०७२}, \frac{९४}{६१४४}, \frac{१०३}{१२२८८}$ । इनको मिलानेके लिये ये दो सूत्र गाथायें इस प्रकार हैं—

---

१ ताप्रतौ ' तम्मि तम्मि २ गुण- ' इति पाठः । २ अ-आ-काप्रतिषु ' ट्ठिदथोवगुणहाणीयो ' इति पाठः । ३ अ-आ-काप्रतिषु ' गुणोण्ण- ' इति पाठः । ४ ताप्रतौ 'सलागपु (घ) ण' इति पाठः । ५ प्रतिषु 'छरूवाणि दुगुण' इति पाठः । ६ ताप्रतौ $\frac{२२}{४४}$ इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विरलिदइच्छं विगुणिय अण्णोण्णगुणं पुणो दुपडिरासिं ।
कादूण एक्करासिं उत्तरजुदआदिणा गुणिय ॥ २५ ॥
उत्तरगुणिदं इच्छं उत्तर-आदीय संजुदं[1] अवणे ।
सेसं हरेज्ज पदिणो आदिमछेदद्धगुणिदेण ॥ २६ ॥

इच्छिदादिउत्तरंसइच्छिदादिदुगुण-दुगुणछेदसरूवेण गदरासीणं आणयणे पडिबद्धाओ एदाओ दोसुत्तगाहाओ । ताव एत्थतणसच्छेदरूवाणमाणयणे कीरमाणे ताव गाहाणमत्थो वुच्चदे । तं जहा— ' विरलिदइच्छं विगुणिय अण्णोण्णगुणं ' त्ति वुत्ते सव्वाओ गुणहाणिसलागाओ विरलिय विगं करिय अण्णोण्णब्भत्थं कादूणुप्पण्णरासिं ' पुणो दुप्पडिरासिं कादूणे' त्ति वुत्ते दोसु ट्ठाणेसु ठविय ' एक्करासिं उत्तरजुदआदिणा गुणिदे ' त्ति वुत्ते तत्थ एक्करासिं[3] उत्तरं णव, आदी चत्तारि रूवाणि, ताणि मेलाविय गुणिय 'उत्तरगुणिदं इच्छं ' णवहि गुणहाणिसलागाओ गुणिय पुणो तम्मि ' उत्तर-आदीय संजुदं ' त्ति वुत्ते उत्तरं आदिं च मेलाविय 'अवणे' त्ति वुत्ते पुव्विल्लरासिम्हि अवणिय 'सेसं हरेज्जे' त्ति वुत्ते अवणिदसेसं

विरलित इच्छा राशिको दूना करके परस्पर गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उसकी दो प्रतिराशियां करके उनमेंसे एक राशिको चय युक्त आदिसे गुणित करके उसमेंसे चयगुणित इच्छाको चय युक्त आदिसे संयुक्त करके घटा देना चाहिये । ऐसा करनेपर जो शेष रहे उसमें प्रथम हारके अर्ध भागसे गुणित प्रतिराशिका भाग देना चाहिये ॥ २५-२६ ॥

ये दो सूत्रगाथायें इच्छित आदि उत्तर अंश व इच्छित आदि दूने दूने हार स्वरूपसे जाती हुई राशियोंको लानेसे सम्बन्ध रखती हैं । अब पहिले यहांके सछेद रूपोंको लानेकी क्रिया करते हुए उन गाथाओंका अर्थ कहते हैं । वह इस प्रकार है— ' विरलिदइच्छं विगुणिय अण्णोण्णगुणं ' ऐसा कहनेपर इच्छा रूप सब गुणहानिशलाकाओंका विरलन करके दूना कर परस्पर गुणा करनेपर उत्पन्न हुई राशिको ' पुणो दुप्पडिरासिं कादूण ' ऐसा कहनेपर दो स्थानोंमें स्थापित करके ' एक्करासिं उत्तरजुदआदिणा गुणिदे ' ऐसा कहनेपर उनमेंसे एक राशिको उत्तर नौ और आदि चार अंक इनको मिलाकर उससे गुणित करके ' उत्तरगुणिदं इच्छं ' अर्थात् नौसे गुणहानिशलाकाओंको गुणित कर फिर उसमें ' उत्तरआदीय संजुदं ' अर्थात् उत्तर और आदिको मिलाकर ' अवणे ' अर्थात् पूर्वकी राशिमेंसे कम करके ' सेसं हरेज्ज ' अर्थात् घटानेसे शेष रही राशिको भाजित करे । ' केण ' अर्थात् किससे भाजित

---

१ ताप्रतौ 'संजुदे' इति पाठः । २ मप्रतिपाठोऽयम् । अ-आ-काप्रतिषु ' पदिणे ', ताप्रतौ ' पडिणे ' इति पाठः । ३ प्रतिषु ' रासि- ' इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागं हरेज्ज[1]। केण ? पडिणा— पुव्विल्लपडिरासिठविदरासिणा। किंविसिट्ठेण ? आदिमच्छेदद्ध-गुणिदेणेत्ति वुत्ते[2] आदिमच्छेदं छरूवाणि, तस्सद्धं तिण्णि, तेहि गुणिय भागे गहिदे सरिसमवणिय लद्धं किंचूणसत्तिभागचत्तारिरूवाणि ताणि पुव्विल्लदव्वस्स गुणगारं ठविदे सव्व-गुणहाणीणं दव्वं मिलिदूणागच्छदि। पुणो एदं तेरासियकमेण जहण्णफद्दय[3]पमाणेण कदे किंचूणछब्भागब्भहियफद्दयसलागदोवग्गमेत्तं होदि। तं च एदं |९|९|१३/६|। अहवा अण्णेण[4] लहुकरणविहाणेण जहासरूवमाणिज्जदे। तं |९|९|१३/६| जहा— पढमगुणहाणिदव्वं पुव्वुत्तविहिणा जहासरूवेणाणिदे एत्तियं होदि |८|०/१६|४|४|९|९|९|२/३|। पुणो एत्थतणदोरूवाणि एगगुणहाणिफद्दयसलागाओ एगफद्दय-वग्गणसलागाओ च अण्णोण्णं गुणिदे दोगुणहाणीयो होंति। ताओ वग्गणविसेसस्स गुणगारं[6] ठविदे एत्तियं होदि |८|०/१६|१६|४|९|९/३|। पुणो बिदियगुणहाणिपढमादि-फद्दयाणमुप्पायणट्ठं पढमगुण- हाणिपढमफद्दयद्धस्स ठविदगुण-गाररूवाहियादिफद्दयसलागासु एगादिएगुत्तररूवाणि अवणिय गुणहाणिसलागगच्छसंकलण-

करे ? ' पडिणा ' अर्थात् पूर्वकी प्रतिराशि रूपसे स्थापित राशिसे। कैसी प्रतिराशिसे ? ' आदिमछेदद्धगुणिदेण ' अर्थात् आदिम छेद छह अंक, उसके आधे तीन, उनसे गुणित करके भाग देनेपर समान राशिको कम करके कुछ कम तृतीय भाग सहित जो चार रूप प्राप्त होते हैं उनको पूर्व द्रव्यका गुणकार स्थापित करनेपर समस्त गुणहानियोंका द्रव्य मिलकर आता है। अब इसको त्रैराशिक क्रमसे जघन्य स्पर्धकके प्रमाणसे करनेपर वह कुछ कम छठे भागसे अधिक स्पर्धकशलाकाके दो वर्ग प्रमाण होता है। वह यह है (मूलमें देखिये)।

अथवा, इस लघुकरणविधानसे स्वरूपानुसार गुणहानिद्रव्यको निकालते हैं। वह इस प्रकार है— पूर्वोक्त विधिसे प्रथम गुणहानिके द्रव्यको स्वरूपानुसार निकालनेपर वह इतना होता है (मूलमें देखिये)। फिर यहांके दो रूपों, एक गुणहानिकी स्पर्धकशलाकाओं, तथा एक स्पर्धककी वर्गणाशलाकाओंको परस्पर गुणित करनेपर दो गुणहानियां होती हैं। उनको वर्गणाविशेषका गुणकार स्थापित करनेपर इतना होता है (मूलमें देखिये)। पुनः द्वितीय गुणहानिके प्रथमादिक स्पर्धकोंको उत्पन्न करानेके लिये प्रथम गुणहानि सम्बन्धी प्रथम स्पर्धकके अर्ध भागके स्थापित गुणकार स्वरूप एक रूप अधिक दो रूप अधिक इत्यादि क्रमसे जानेवाली स्पर्धकशलाकाओंमेंसे एकको आदि लेकर उत्तरोत्तर एक एक अधिक रूपोंको घटा करके और गुणहानिशलाकाओंकी गच्छसंकलनाको

१ मप्रतिपाठोऽयम्। प्रतिषु ' हारेज्ज ' इति पाठः। २ अ-आ-काप्रतिषु 'वुत्तं' इति पाठः। ३ ताप्रतौ ' जहण्णत्तफड्डय ' इति पाठः। ४ अ-ताप्रत्योः ' अण्णेण ' इति पाठः। ५ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु |४|९|९|२/३| इति पाठः। ६ ताप्रतौ ' गुणहाणिं ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माणिय पुणो एदम्मि पढमगुणहाणिअभावदव्वस्सद्धमवणिदे पढमगुणहाणिदव्वस्सद्धं होदि। तं च एदं | ८ | ० १६ | १६ | ४ | ९ | ९ ६ | । पुणो अवसेसं पि आणिज्जमाणे तग्गुणहाणिपढमवग्गण- जीवपदेसपमाणेण कदे सादिरेगगुणहाणितिण्णिचदुब्भागपमाणं होदि। पुणो गुणहाणिफद्दयसलागाहि गुणिदे एत्तियं होदि | ८ | ० ६ | १६ २ | २५ ४ | ९ | । पुणो पणुवीसरूवेसु एगरूवमवणिय पुध ताव ठवेदव्वं। पुणो विसिलेसं करिय पुव्विल्लदव्वेण सह सरिसच्छेदं कादूण मेलाविदे बिदियगुणहाणिसव्वदव्वमेत्तियं होदि | ८ | ० १६ | १६ | ४ | ९ | ९ | १३ २४ | ।

पुणो तदियगुणहाणिदव्वे आणिज्जमाणे तदियगुणहाणिपढमादिफद्दयाणमुप्पायणट्ठं पढमगुणहाणिपढमफद्दयचउब्भागस्स दुविदगुणगारगुणहाणिफद्दयसलागदुगुणरूवाहियादिसु एगादिएगुत्तररूवाणि अवणिय पुणो एदासिं गुणहाणिफद्दयसलागगच्छसंकलणमाणिय पढमगुणहाणिअभावदव्वस्स चउब्भागमवणिदे अवसेसं पढमगुणहाणिदव्वस्स चउब्भागो होदि। तं च एदं | ८ | ० १६ | १६ | ४ | ९ | ९ १२ | । अवसेसदव्वं पि आणिज्जमाणे तग्गुणहाणिपढमवग्गण- जीवपदेसपमाणेण उवरिमजीवपदेसेसु कदेसु गुणहाणितिण्णिचदुब्भागसादिरेयपमाणं होदि। पुणो दुगुणफद्दयसलागाहि गुणिदे एत्तियं

लाकर फिर इसमेंसे प्रथम गुणहानि सम्बन्धी अभावद्रव्यके अर्ध भागको घटा देनेपर प्रथम गुणहानिके द्रव्यका अर्ध भाग होता है। वह यह है— (मूलमें देखिये)। फिर शेषको भी निकालते समय उस गुणहानिकी प्रथम वर्गणाके जीवप्रदेशोंके प्रमाणसे करनेपर वह साधिक एक गुणहानिके तीन चतुर्थ भाग ($\frac{3}{4}$) प्रमाण होता है। फिर उसे गुणहानिकी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर इतना होता है (मूलमें देखिये)। पुनः पच्चीस रूपोंमेंसे एक रूपको कम करके पृथक् स्थापित करना चाहिये। फिर उसको विश्लेषित करके पहिलेके द्रव्यके साथ समानखण्ड करके मिलानेपर द्वितीय गुणहानिका सब द्रव्य इतना होता है (मूलमें देखिये)।

अब तृतीय गुणहानिके द्रव्यको लाते समय तृतीय गुणहानिके प्रथमादिक स्पर्धकोंको उत्पन्न करानेके लिये प्रथम गुणहानि सम्बन्धी प्रथम स्पर्धकके चतुर्थ भागके स्थापित गुणकार स्वरूप दूने दूने रूपोंसे अधिक आदि क्रमसे जानेवाली गुणहानिस्पर्धकशलाकाओंमेंसे एकको आदि लेकर एक एक अधिक रूपोंको कम करके फिर इनकी गुणहानिस्पर्धकशलाकाओं सम्बन्धी गच्छसंकलनाको लाकर प्रथम गुणहानि सम्बन्धी अभावद्रव्यके चतुर्थ भागको कम करनेपर शेष रहा प्रथम गुणहानिके द्रव्यका चतुर्थ भाग होता है। वह यह है (मूलमें देखिये)। शेष द्रव्यको भी निकालते समय उस गुणहानि सम्बन्धी प्रथम वर्गणाके जीवप्रदेशोंके प्रमाणसे उपरिम जीवप्रदेशोंके करनेपर गुणहानिके तीन चतुर्थ भागसे कुछ अधिक होता है। फिर उसको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होदि | ८ | ० / १६ | १६ | २५ / ४ | ९ | २ |। पुणो एत्थ पणुवीसरूवे रूवमवणिय पुध ट्ठविय अवसेसं विसिलेसं करिय तीहि रूवेहि अंतिमदो-रूवाणि गुणिय पुव्विल्लदव्वेण सरिसछेदं कादूण मेलाविदे तदियगुणहाणिसव्वदव्वपमाणं होदि। तं च एदं | ८ | ० / १६ | १६ | ४ | ९ | ९ | २२ / ४८ |।

पुणो एदेण बीजपदेण जाव चरिमगुणहाणि त्ति ताव सव्वगुणहाणीणं दव्वपमाणं पुध पुध आणिज्जमाणे सव्वगुणहाणीणं गुणिज्जमाण गुणहाणि[1]फद्दयसलागवग्गगुणिदपढम-गुणहाणिजहण्णफद्दयपमाणं। एदस्स गुणगारस्वाणि णवोत्तरंसाणि दुगुणछेदाणि होदूण गच्छंति। पुणो सव्वगुणहाणिगुणगारे मेलाविज्जमाणे पढमगुणहाणिगुणगारतिभागरूवं हेट्ठुवरि चदुहि गुणिय तप्पहुडिसव्वगुणगारा ठवेदव्वा। ते च एदे | ४ / १२ | १३ / २४ | २२ / ४८ | ३१ / ९६ | ४० / १९२ | ४९ / ३८४ | ५८ / ७६८ | ६७[2] / १५३६ |। पुणो एदे[3] गुणगारे पुव्विल्लदोसुत्तगाहाहि मेलाविदे किंचूणछब्भागब्भहिय-दोरूवाणि आगच्छंति। पुणो फद्दयसलागवग्गगुणिदजहण्णफद्दयस्स गुणगारं ठविय पुव्व-

---

दुगुणी स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित करनेपर इतना होता है (मूलमें देखिये)। पुनः यहां पच्चीस रूपोंमेंसे एक रूपको कम करके पृथक् स्थापित कर और शेषको विश्लेषित करके तीन रूपोंसे अन्तिम दो रूपोंको गुणित कर पहिलेके द्रव्यके समान खण्ड करके मिलानेपर तृतीय गुणहानिके सब द्रव्यका प्रमाण होता है। वह यह है (मूलमें देखिये)।

अब इस बीज पदसे अन्तिम गुणहानि पर्यन्त सब गुणहानियोंके द्रव्यप्रमाणको पृथक् पृथक् निकालते समय सब गुणहानियोंकी गुणिज्यमान राशि गुणहानिकी स्पर्धकशलाकाओंके वर्गसे गुणित प्रथम गुणहानिके जघन्य स्पर्धक प्रमाण है। इसके गुणकार रूप उत्तरोत्तर नौ नौ अधिक अंश व दुगुणे हार होकर जाते हैं। फिर सब गुणहानियोंके गुणकारको मिलाते समय प्रथम गुणहानि सम्बन्धी गुणकारभूत त्रिभाग रूपको नीचे ऊपर चारसे गुणित कर उसको आदि लेकर सब गुणकारोंको स्थापित करना चाहिये। वे ये हैं— $\frac{४}{१२}, \frac{१३}{२४}, \frac{२२}{४८}; \frac{३१}{९६}, \frac{४०}{१९२}, \frac{४९}{३८४}, \frac{५८}{७६८}, \frac{६७}{१५३६}$। अब इन गुणकारोंको पूर्वोक्त दो मूल गाथाओं द्वारा मिलानेपर कुछ कम छठे भागसे अधिक दो रूप आते हैं। पश्चात् स्पर्धकशलाकाओंके वर्गसे गुणित जघन्य स्पर्धकके गुणकारको

---

१ अ-आ-काप्रतिषु 'गुणिज्जमाणं गुणहाणि' इति पाठः। २ ताप्रतौ | ६७ / १५३५ |। ३ ताप्रतौ 'एदेण' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवणिददव्वाणि मेलाविय पक्खित्ते वि किंचूणछब्भागब्भहियाणि चेव दोरूवाणि गुणगारं होंति । एवं पमाणपरूवणा समत्ता ।

संपहि अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— सव्वत्थोवा पढमाए वग्गणाए अविभागपडिच्छेदा । चरिमाए वग्गणाए अविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? सेडीए असंखेज्जदिभागो । अधवा फद्दयसलागाणमसंखेज्जदिभागो । तं जहा— पढमवग्गणायामं ठविय एगवग्गेण गुणिदे पढमवग्गणा होदि । पुणो पढमवग्गणायामं किंचूणण्णोण्णब्भत्थरासिणा खंडिदे तत्थेगखंडं चरिमवग्गणायामं होदि । तम्मि फद्दयसलागगुणिदजहण्णवग्गेण गुणिदे चरिमवग्गणा होदि । ताए पढमवग्गणाए भागे हिदाए किंचूणण्णोण्णब्भत्थरासिणा ओवट्टिदफद्दयसलागाओ आगच्छंति । अपढम-अचरिमासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? सेडीए असंखेज्जदिभागो । कुदो ? पढमगुणहाणिफद्दयाणमविभागपडिच्छेदेहिंतो चउत्थादिगुणहाणिफद्दयाविभागपडिच्छेदाणं संखेज्जभागहाणि-संखेज्जगुणहाणि-असंखेज्जगुणहाणिसरूवेण अवट्ठाणाणुवलंभादो । अचरिमासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया । केत्तियमेत्तेण ? पढमवग्गणमेत्तेण । अपढमासु वग्गणासु अविभाग-

---

स्थापित कर उसमें पहिलेके घटाये हुए द्रव्योंको मिलाकर प्रक्षिप्त करनेपर भी कुछ कम छठे भागसे अधिक दो रूप ही गुणकार होते हैं । इस प्रकार प्ररूपणा समाप्त हुई ।

अब अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं— प्रथम वर्गणामें अविभागप्रतिच्छेद सबसे स्तोक हैं । अन्तिम वर्गणामें उनसे असंख्यातगुणे अविभागप्रतिच्छेद हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार जगश्रेणिका असंख्यातवां भाग है । अथवा, वह स्पर्धकशलाकाओंके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । यथा— प्रथम वर्गणाके आयामको स्थापित कर उसे एक वर्गसे गुणित करनेपर प्रथम वर्गणा होती है । फिर प्रथम वर्गणाके आयामको कुछ कम अन्योन्याभ्यस्त राशिसे खण्डित करनेपर उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण अन्तिम वर्गणाका आयाम होता है । उसे स्पर्धकशलाकाओंसे गुणित जघन्य वर्गसे गुणा करनेपर अन्तिम वर्गणा होती है । उसमें प्रथम वर्गणाका भाग देनेपर कुछ कम अन्योन्याभ्यस्त राशिसे अपवर्तित स्पर्धकशलाकायें आती हैं । अप्रथम-अचरम वर्गणाओंमें चरम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंसे असंख्यातगुणे अविभागप्रतिच्छेद होते हैं । गुणकार क्या है ? गुणकार जगश्रेणिका असंख्यातवां भाग है, क्योंकि, प्रथम गुणहानि सम्बन्धी स्पर्धकोंके अविभागप्रतिच्छेदोंकी अपेक्षा चतुर्थादि गुणहानियों सम्बन्धी स्पर्धकोंके अविभागप्रतिच्छेदोंका संख्यात भागहानि, संख्यातगुणहानि और असंख्यातगुणहानि रूपसे अवस्थान पाया जाता है । उनसे अचरम वर्गणाओंमें अविभागप्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं । कितने मात्रसे वे अधिक हैं । प्रथम वर्गणाके प्रमाणसे वे अधिक हैं । अप्रथम वर्गणाओंमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पडिच्छेदा विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण? पढमवग्गणाए ऊणचरिमवग्गणमेत्तेण। सव्वासु वग्गणासु अविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। केत्तियमेत्तेण? पढमवग्गणमेत्तेण।

सव्वत्थोवा पढमफद्दयस्स जोगाविभागपडिच्छेदा। चरिमफद्दयजोगाविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा। अपढम-अचरिमफद्दयाणं जोगाविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा। अचरिम-फद्दएसु जोगाविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। अपढमफद्दयाणं जोगाविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। सव्वफद्दयाणं जोगाविभागपडिच्छेदा विसेसाहिया। एवं सुहुमणिगोदस्स जहण्ण-मुववादट्ठाणं[1] परूविदं।

एवमसंखेज्जाणि जोगट्ठाणाणि सेडीए असंखेज्जदिभाग-मेत्ताणि ॥ १८७ ॥

उववादजोगट्ठाणाणि चोद्दसण्णं जीवसमासाणं पुध पुध सेडीए असंखेज्जदिभाग-मेत्ताणि। तेसिं चेव एयंताणुवड्ढिजोगट्ठाणाणि च सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ताणि। परिणामजोग-ट्ठाणाणि सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्ताणि त्ति परूविदं होदि। एवं ठाणसंखापरूवणा समत्ता।

अणंतरोवणिधाए जहण्णए जोगट्ठाणे फद्दयाणि थोवाणि ॥

अविभागप्रतिच्छेद उनसे विशेष अधिक हैं। कितने प्रमाणसे अधिक हैं? चरम वर्गणामेंसे प्रथम वर्गणाको कम करनेपर जो शेष रहे उतने मात्रसे वे अधिक हैं। उनसे सब वर्गणाओंमें अविभागप्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं। कितने मात्रसे अधिक हैं? प्रथम वर्गणाके प्रमाणसे वे अधिक हैं।

प्रथम स्पर्धकके योगविभागप्रतिच्छेद सबमें स्तोक हैं। उनसे चरम स्पर्धकके योगाविभागप्रतिच्छेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे अप्रथम-अचरम स्पर्धकोंके योगाविभाग-प्रतिच्छेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे अचरम स्पर्धकोंमें योगाविभागप्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं। उनसे अप्रथम स्पर्धकोंके योगाविभागप्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं। उनसे सब स्पर्धकोंके योगाविभागप्रतिच्छेद विशेष अधिक हैं। इस प्रकार सूक्ष्म निगोद जीवके जघन्य उपपादस्थानकी प्ररूपणा की है।

इस प्रकार वे योगस्थान असंख्यात हैं जो श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र हैं ॥१८७॥

चौदह जीवसमासोंके उपपादयोगस्थान पृथक् पृथक् श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र हैं, उनके ही एकान्तानुवृद्धियोगस्थान भी श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र हैं, परिणामयोगस्थान भी श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र हैं; यह भी इसीसे प्ररूपित होता है। इस प्रकार स्थानसंख्याप्ररूपणा समाप्त हुई।

अनन्तरोपनिधाके अनुसार जघन्य योगस्थानमें स्पर्धक स्तोक हैं ॥ १८८ ॥

---

१ का-ताप्रत्योः '-मुववादं ट्ठाणं' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एसा अणंतरोवणिधा किमट्ठमागदा ? एदाणि सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तजोगट्ठाणाणि किं विसेसाहियकमेण ट्ठिदाणि किं संखेज्जगुणकमेण किमसंखेज्जगुणकमेण किमणंतगुणकमेण ट्ठिदाणि त्ति पुच्छिदे एदेण कमेण ट्ठिदाणि त्ति जाणावणट्ठं अणंतरोवणिधा आगदा। जहण्णए जोगट्ठाणे फद्दयाणि थोवाणि त्ति भणिदे एत्थ फद्दयसंखा किं चरिमफद्दयपमाणेण किं ठाणस्स दुचरिमफद्दयपमाणेण एवं गंतूण किं ट्ठाणस्स जहण्णफद्दयपमाणेण किं जहासरूवेण ट्ठिदफद्दयपमाणेण घेप्पदि त्ति ? ण ताव चरिमफद्दयपमाणेण दुचरिमादिफद्दयपमाणेण च जहासरूवेण ट्ठिदफद्दयपमाणेण च फद्दयसंखा घेप्पदे, किंतु जहण्णजोगट्ठाणजहण्णफद्दयपमाणेण फद्दयसंखा घेत्तव्वा। कधमेदं णव्वदे ? जहण्णट्ठाणफद्दएहिंतो बिदियजोगट्ठाणफद्दयाणमण्णहा विसेसाहियत्ताणुववत्तीदो। जहण्णट्ठाणचरिमफद्दयपमाणेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेसु फद्दएसु जहण्णट्ठाणम्मि वड्ढिदेसु बिदियजोगट्ठाणं उप्पज्जदि त्ति किण्ण

शंका— यह अनन्तरोपनिधा किसलिये प्राप्त हुई है ?

समाधान— श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र ये योगस्थान क्या विशेषाधिक क्रमसे स्थित हैं, क्या संख्यातगुणे क्रमसे स्थित हैं, क्या असंख्यातगुणे क्रमसे और क्या अनन्तगुणे क्रमसे स्थित हैं; ऐसा पूछनेपर— वे इस क्रमसे स्थित हैं, इसके ज्ञापनार्थ अनन्तरोपनिधा प्राप्त हुई है।

शंका— जघन्य योगस्थानमें स्पर्धक स्तोक हैं, ऐसा कहनेपर यहां स्पर्धकसंख्या क्या स्थान सम्बन्धी चरम स्पर्धकके प्रमाणसे, क्या द्विचरम स्पर्धकके प्रमाणसे, इस प्रकार जाकर क्या स्थान सम्बन्धी जघन्य स्पर्धकके प्रमाणसे और क्या यथास्वरूपसे स्थित स्पर्धकके प्रमाणसे ग्रहण की जाती है ?

समाधान— उक्त स्पर्धकसंख्या न चरम स्पर्धकके प्रमाणसे, न द्विचरम स्पर्धकके प्रमाणसे और न यथास्वरूपसे स्थित स्पर्धकके प्रमाणसे ही ग्रहण की जाती है; किन्तु वह जघन्य योगस्थान सम्बन्धी जघन्य स्पर्धकके प्रमाणसे ग्रहण की जाती है।

शंका— यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान— चूंकि, जघन्य स्थान सम्बन्धी स्पर्धकोंकी अपेक्षा द्वितीय योगस्थान सम्बन्धी स्पर्धकोंके विशेषाधिकपना अन्यथा बन नहीं सकता, अतः इसीसे जाना जाता है कि उक्त स्पर्धकसंख्या जघन्य योगस्थान सम्बन्धी जघन्य स्पर्धकके प्रमाणसे ग्रहण की गई है।

शंका— जघन्य स्थान सम्बन्धी चरम स्पर्धकके प्रमाणसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र स्पर्धकोंके जघन्य स्थानमें बढ़ जानेपर द्वितीय योगस्थान उत्पन्न होता है, ऐसा क्यों नहीं ग्रहण करते ?

---

१ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-आ-का-ताप्रतिषु ' -फद्दयपरूवणेण ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घेप्पदे ? ण, जोगट्ठाणम्मि जहण्णेण उक्कड्डिज्जमाणे चरिमफद्दयादो असंखेज्जदिभागमेत्ताणि अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजहण्णजोगट्ठाणजहण्णफद्दयाणि होंति त्ति गुरूवएसादो णव्वदे[1]। बिदियजोगट्ठाणम्मि फद्दयविण्णासवड्ढी णत्थि दोसु वि ट्ठाणेसु फद्दयाणि सरिसाणि त्ति। तदो जहण्णजोगट्ठाणफद्दयाणि थोवाणि त्ति भणिदे जहण्णजोगट्ठाणं जहण्णफद्दयमाणेण कदे उवरिमजोगट्ठाणजहण्णफद्दएहिंतो थोवाणि फद्दयाणि होंति त्ति भणिदं होदि। जहण्णफद्दयाविभागपडिच्छेदेहि जहण्णजोगट्ठाणअविभागपडिच्छेदेसु भागे हिदेसु णिरग्गं होदूण सिज्झदि त्ति कधं णव्वदे ? जहण्णफद्दय-जहण्णजोगट्ठाणाविभागपडिच्छेदाणं कदजुम्मत्तदंसणादो। कधं तेसिं कदजुम्मत्तं णव्वदे ? अप्पाबहुगदंडयादो। तं जहा— सव्वत्थोवा तेउकाइयाणमण्णोण्णगुणगारसलागाओ। तेउकाइयवग्गसलागाओ असंखेज्जगुणाओ। तेसिमद्धछेदणयसलागाओ संखेज्जगुणाओ। तेउकाइएसु जहण्णेण पवेसया जहण्णेण तत्तो णिग्गच्छमाणा च जीवा दो वि तुल्ला असंखेज्जगुणा। उक्कस्सिया पवेसणा उक्कस्सिया

समाधान— नहीं, क्योंकि, योगस्थानमें जघन्यसे उत्कर्षण होनेपर चरम स्पर्धककी अपेक्षा असंख्यातवें भाग मात्र होकर भी अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र जघन्य योगस्थान सम्बन्धी जघन्य स्पर्धक होते हैं, इस प्रकार गुरुके उपदेशसे जाना जाता है कि द्वितीय योगस्थानमें स्पर्धकविन्यासकी वृद्धि नहीं है, किन्तु दोनों ही स्थानोंमें स्पर्धक समान हैं। इसीलिये जघन्य योगस्थान सम्बन्धी स्पर्धक स्तोक हैं, ऐसा कहनेपर जघन्य योगस्थानको जघन्य स्पर्धकके प्रमाणसे करनेपर उपरिम योगस्थानोंके जघन्य स्पर्धकोंकी अपेक्षा वे स्तोक हैं, यह अभिप्राय है।

शंका— जघन्य स्पर्धक सम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेदोंका जघन्य योगस्थानके अविभागप्रतिच्छेदोंमें भाग देनेपर निरग्र होकर सिद्ध होता है, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान— क्योंकि, जघन्य स्पर्धक और जघन्य योगस्थान सम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेदोंके कृतयुग्मपना देखा जाता है। अतः इसीसे वह जाना जाता है।

शंका— उनका कृतयुग्मपना कैसे जाना जाता है ?

समाधान— वह अल्पबहुत्वदण्डकसे जाना जाता है। यथा— तेजकायिक जीवोंकी अन्योन्यगुणकारशलाकायें सबमें स्तोक हैं। उनसे तेजकायिक जीवोंकी वर्गशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उनकी अर्धच्छेदशलाकायें संख्यातगुणी हैं। तेजकायिक जीवोंमें जघन्यसे प्रविष्ट होनेवाले व उनमेंसे निकलनेवाले जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। उत्कर्षसे प्रवेश करनेवाले व उत्कर्षसे निकलनेवाले दोनों ही तुल्य होकर उनसे

१ अ-आप्रत्योः ' णव्वदे ', क-मप्रत्योः ' णज्जदे ', ताप्रतौ ' णव्व (घेप्प) दे ' इति पाठः २ अ-आ-कप्रतिषु ' जोगट्ठाणिविभाग ' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिग्गमा दो वि तुल्ला संखेज्जगुणा। जहण्णिया तेउक्काइयरासी असंखेज्जगुणा। सा चेव उक्कस्सिया विसेसाहिया। तेउक्काइयाणं कायट्ठिदी असंखेज्जगुणा। ओहिणिबद्धक्खेत्तस्स अण्णोण्णगुणगारसलागाओ असंखेज्जगुणाओ। तस्सेव वग्गसलागा[1] असंखेज्जगुणा। तस्सेव अद्धछेदणया असंखेज्जगुणा। ओहिणाणस्स भेदा असंखेज्जगुणा। अज्झवसाणाणं गुणगारसलागाओ असंखेज्जगुणाओ। तेसिं चेव वग्गसलागा[2] असंखेज्जगुणा। तेसिं चेव छेदणा असंखेज्जगुणा। अज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। णिगोदसरीराणमण्णोण्णगुणगारसलागाओ असंखेज्जगुणाओ। तेसिं वग्गसलागाओ असंखेज्जगुणाओ। तेसिं छेदणा असंखेज्जगुणा। तदो णिगोदसरीराणि असंखेज्जगुणाणि। णिगोदकायट्ठिदी असंखेज्जगुणा। अणुभागबंधज्झवसायट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। जोगाविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा। एदे जोगाविभागपडिच्छेदा च परियम्मे वग्गसमुट्ठिदा त्ति परूविदा, एदेसु जोगाविभागपडिच्छेदेसु जोगगुणगारेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेणोवट्टिदेसु जहण्णजोगट्ठाणाविभागपडिच्छेदा होंति। ते वि कदजुम्मा। कुदो? जोगगुणगारस्स कदजुम्मत्तादो। जोगट्ठाणफद्दयसलागाओ वि कदजुम्माओ, अण्णहा जोगट्ठाणफद्दयाविभागपडिच्छेदाणं वग्ग-

संख्यातगुणे हैं। उनसे जघन्य तेजकायिकराशि असंख्यातगुणी है। उससे वही उत्कृष्ट विशेष अधिक है। उससे तेजकायिकोंकी कायस्थिति असंख्यातगुणी है। उससे अवधिज्ञानके विषयभूत क्षेत्रकी अन्योन्यगुणकारशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उसकी ही वर्गशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उसके ही अर्धच्छेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे अवधिज्ञानके भेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे अध्यवसानोंकी गुणकारशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उनकी ही वर्गशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उनके ही अर्धच्छेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे अध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। उनसे निगोदशरीरोंकी अन्योन्यगुणकारशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उनकी वर्गशलाकायें असंख्यातगुणी हैं। उनसे उनके अर्धच्छेद असंख्यातगुणे हैं। उनसे निगोदशरीर असंख्यातगुणे हैं। उनसे निगोदोंकी कायस्थिति असंख्यातगुणी है। उससे अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान असंख्यातगुणे हैं। उनसे योगाविभागप्रतिच्छेद असंख्यातगुणे हैं। ये योगाविभागप्रतिच्छेद परिकर्ममें वर्गसमुत्थित बतलाये गये हैं। इन योगाविभागप्रतिच्छेदोंको पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र योगगुणकारसे अपवर्तित करनेपर जघन्य योगस्थानके अविभागप्रतिच्छेद होते हैं। वे भी कृतयुग्म हैं, क्योंकि, योगगुणकार कृतयुग्म है। योगस्थानकी स्पर्धकशलाकायें भी कृतयुग्म हैं, क्योंकि, इसके विना योगस्थान सम्बन्धी स्पर्धकोंके अविभागप्रतिच्छेद वर्गसमुत्थित नहीं बन सकते।

१ अ-आ-काप्रतिषु 'वग्गपसंगा', ताप्रतौ 'वग्गप्पसंगा' इति पाठः। २ अ-आप्रत्योः 'वग्गपसंगा', का-ताप्रत्योः 'वग्गप्पसंगा' इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुट्ठिदत्ताणुववत्तीदो त्ति । एत्थ किं जोगट्ठाणाणि बहुवाणि आहो एगफद्दयवग्गणाओ त्ति पुच्छिदे जोगट्ठाणाणि थोवाणि । एयफद्दयवग्गणाओ असंखेज्जगुणाओ । कधमेदं णव्वदे ? अप्पाबहुगवयणादो । तं जहा— सव्वत्थोवाणि जोगट्ठाणाणि । एयफद्दयवग्गणाओ असंखेज्जगुणाओ । अंतर-णिरंतरट्ठाणं[1] असंखेज्जगुणं । फद्दयाणि विसेसाहियाणि एगरूवेण । णाणाफद्दयवग्गणाओ असंखेज्जगुणाओ । जीवपदेसा असंखेज्जगुणा । अविभागपडिच्छेदा असंखेज्जगुणा त्ति ।

बिदिए जोगट्ठाणे फद्दयाणि विसेसाहियाणि ॥ १८९ ॥

जहण्णजोगट्ठाणपक्खेवभागहारेण सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तेण कदजुम्मेण जहण्णजोगट्ठाणजहण्णफद्दएसु ओवट्टिदेसु एगो जोगपक्खेवो अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजहण्णफद्दयपमाणो वड्ढिहाणीणमभावेण अवट्ठिदो आगच्छदि । एदम्हि पक्खेवे जहण्णट्ठाणं पडिरासिय पक्खित्ते बिदियजोगट्ठाणं होदि । तेण पढमजोगट्ठाणफद्दएहिंतो बिदियजोगट्ठाणफद्दयाणि विसेसाहियाणि त्ति वुत्तं । एदेहि अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तजहण्णफद्दएहि चरिमफद्दयादो उवरि अण्णमपुव्वं फद्दयं[2] ण उप्पज्जदि, चरिमफद्दयाविभागपडिच्छेदेहिंतो

यहां क्या योगस्थान बहुत हैं या एक स्पर्धककी वर्गणायें बहुत हैं, ऐसा पूछनेपर उत्तर देते हैं कि योगस्थान स्तोक हैं । उनसे एक स्पर्धककी वर्गणायें असंख्यातगुणी हैं ।

शंका— यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान— वह अल्पबहुत्वके कथनसे जाना जाता है । यथा— योगस्थान सबसे स्तोक हैं । उनसे एक स्पर्धककी वर्गणायें असंख्यातगुणी हैं । उनसे अन्तर-निरन्तरध्वान असंख्यातगुणा है । उनसे स्पर्धक एक संख्यासे विशेष अधिक हैं । उनसे नाना-स्पर्धकवर्गणायें असंख्यातगुणी हैं । उनसे जीवप्रदेश असंख्यातगुणे हैं । उनसे अविभागप्रतिच्छेद असंख्यातगुणे हैं ।

दूसरे योगस्थानमें स्पर्धक विशेष अधिक हैं ॥ १८९ ॥

